फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 23 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -58, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

श्रीलंका ने चीन के तीन प्रोजेक्ट भारत को सौंपे 16

आदित्य से रिश्तों को लेकर रानी ने किया खुलासा 15

मदरसा शिक्षा एक्ट असंवैधानिक घोषित

- हाईकोर्ट ने कहा-यह अधिनियम संविधान के पंथ निरपेक्षता के सिद्धांत के विपरीत
- सरकार को निर्देश-मदरसा छात्रों को प्राइमरी माध्यमिक बोर्ड के स्कूलों में दें प्रवेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को असंवैधानिक घोषित कर दिया है। कोर्ट ने अधिनियम को संविधान के पंथ निरपेक्षता के मूल सिद्धांतों, संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता, अनुच्छेद 21 के तहत जीवन व अनुच्छेद 21-ए के तहत शिक्षा के मौलिक अधिकारों के विपरीत करार दिया है। साथ ही यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन एक्ट की धारा 22 के भी विरुद्ध पाया है। कोर्ट ने राज्य को यह आदेश भी दिया है कि मदरसा अधिनियम के समाप्त होने के बाद प्रदेश में बड़ी संख्या में मौजूद मदरसों में पढ़ने वाले छात्र प्रभावित होंगे लिहाजा उन्हें प्राइमरी, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड्स से सम्बद्ध स्कूलों में समायोजित किया जाए। कहा कि सरकार पर्याप्त संख्या में सीटें बढ़ाए और आवश्यकता हो तो नए स्कूल खोले। सरकार सुनिश्चित करे कि 6 से 14 साल का कोई बच्चा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में दाखिले से न छूट जाए।

यह निर्णय न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने अधिवक्ता अंशुमान सिंह राठौर की याचिका पर पारित किया। उक्त याचिका के साथ न्यायालय ने एकल पीठों द्वारा भेजी गई उन याचिकाओं पर भी सुनवाई जिनमें मदरसा बोर्ड अधिनियम की संवैधानिकता का प्रश्न उठाते हुए, बड़ी बेंच को मामले भेजे गए थे। याचिकाओं पर न्यायालय ने 8 फरवरी 2024 को ही सुनवाई पूरी कर निर्णय सुरक्षित कर लिया था।

2004 में बनाया गया यूपी मदरसा एजुकेशन एक्ट

न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि स्वतंत्रता के पश्चात निजी मदरसों का संचालन प्रदेश में होता रहा। ये मदरसे राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं थे। वर्ष 1969 में पहली बार अरबी व फारसी मदरसा मान्यता विनियम लाया गया। इसके तहत मदरसों के पंजीकरण की व्यवस्था शुरू हुई। वर्ष 1987 में यूपी अशासकीय अरबी तथा फारसी मदरसों की मान्यता नियमावली लाई गई। 12 अगस्त 1995 के शासनादेश के द्वारा प्रदेश में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का गठन हुआ, उक्त विभाग के तहत मदरसों के लिए आने वाली योजनाएं व अन्य क्रिया कलाप किए जाने लगे। वर्ष 2004 में यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट बनाया गया।

पारंपरिक शिक्षा के लिए नियम बना सकती है सरकार

राज्य सरकार व मदरसा बोर्ड की ओर से दलील दी गई कि सरकार को पारम्परिक शिक्षा प्रदान करने के लिए नियम बनाने की शक्ति है। इस पर कोर्ट ने कहा कि सरकार के पास यह शक्ति जरूर है लेकिन दी जाने वाली शिक्षा पंथ निरपेक्ष प्रकृति की होनी चाहिए, सरकार के पास ऐसी कोई शक्ति नहीं है जिसके तहत वह धार्मिक शिक्षा के लिए बोर्ड का गठन कर दे। एमिकस क्यूरी ने भी दलील दी कि शिक्षा के अधिकार के तहत सरकार 6 से 14 वर्ष के बच्चों को ऐसी शिक्षा दे सकती है जो यूनिवर्सल हो।

अलग मजहब के बच्चों में अंतर नहीं कर सकते

याचिका में मदरसा अधिनियम को संविधान के पंथ निरपेक्ष ढांचे के विपरीत बताया गया। कहा गया कि अधिनियम में यह स्पष्ट ही नहीं है कि एक विशेष धर्म की शिक्षा के लिए अलग से सरकारी बोर्ड बनाने की आवश्यकता क्यों पड़ी। कोर्ट ने कहा कि शिक्षा के मौलिक अधिकार के तहत राज्य का दायित्व है कि वह 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों को अनिवार्य शिक्षा दे, वह अलग-अलग मजहब के बच्चों के बीच अंतर नहीं कर सकती। राज्य यह नहीं कर सकता कि किसी विशेष धर्म के बच्चे को बाकियों से अलग शिक्षा दे। धार्मिक आधार पर समाज को बांटने वाली राज्य की नीति संवैधानिक सिद्धांतों के विपरीत होती है।

मदरसों में अरबी, उर्दू के साथ दी जाती है इस्लामिक शिक्षा

न्यायालय ने कहा कि उक्त अधिनियम की धारा 2 एफ के तहत 'संस्थान' से आशय राजकीय ओरिएंटल कॉलेज रामपुर, मदरसा व वे ओरिएंटल कॉलेज जो मुस्लिम द्वारा स्थापित किए गए हों और मदरसा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त हों। धारा 2 एच में मदरसा शिक्षा के तहत अरबी, उर्दू आदि के साथ इस्लामिक शिक्षा भी आती है। बोर्ड की स्थापना के प्रावधानों के तहत बोर्ड का अध्यक्ष मुस्लिम शिक्षाविद होगा। सदस्यों में राजकीय ओरिएंटल कॉलेज, रामपुर का प्रिंसिपल, सुन्नी मुस्लिम विधायक, शिया मुस्लिम विधायक, सुन्नी मुस्लिम द्वारा स्थापित संस्थान के दो प्रमुख व दो अध्यापक, शिया मुस्लिम द्वारा स्थापित संस्थान का एक प्रमुख व एक अध्यापक होंगे।

गिरफ्तारी के बाद ईडी ने मांगी थी 10 दिन की रिमांड

केजरीवाल को 28 तक ईडी की हिरासत में भेजा

- ईडी ने कहा-शराब नीति मामले में केजरीवाल मुख्य साजिशकर्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

शराब नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में गिरफ्तारी के एक दिन बाद शुक्रवार को यहां की एक कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया।

राउज एवेन्यू अदालत में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कहा कि केजरीवाल को 28 मार्च को दोपहर दो बजे अदालत में पेश किया जाएगा। अदालत ने मामले में 10 दिन की हिरासत का अनुरोध करने वाले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अर्जी पर आदेश पारित किया। रिमांड पर दिन भर दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने कुछ देर के लिए फैसला सुरक्षित कर लिया था, देर शाम ईडी को केजरीवाल की रिमांड दे दी। ईडी ने शुक्रवार को एक निचली अदालत से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की 10 दिन की हिरासत का अनुरोध करते हुए कहा कि वह शराब घोटाले के मामले में अन्य मंत्रियों और आम आदमी पार्टी के नेताओं के साथ मुख्य साजिशकर्ता थे। ईडी ने कहा कि केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति 2021-22 बनाने और उसे लागू करने के लिए 'साउथ ग्रुप' से रिश्वत के तौर पर कई करोड़ रुपये प्राप्त हुए। एजेंसी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू ने कहा कि केजरीवाल ने पंजाब चुनाव लड़ने के लिए 'साउथ ग्रुप' के कुछ आरोपियों से 100 करोड़ रुपये मांगे थे। गोवा चुनाव में इस्तेमाल की गई 45 करोड़ रुपये की 'रिश्वत' चार हवाला मार्गों से आई थी।

गिरफ्तारी जरूरी नहीं थी : सिंघवी

केजरीवाल का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि भारत के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी मौजूदा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी की शक्ति, गिरफ्तारी की आवश्यकता के समतुल्य नहीं है और केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने की आवश्यकता नहीं थी।

आप व्यक्ति नहीं बल्कि कंपनी : राजू

आम आदमी पार्टी संयोजक को कड़ी सुरक्षा के बीच अपराह्न करीब दो बजे अदालत के समक्ष पेश किया गया। इसके बाद एएसजी राजू ने अदालत से कहा कि हमने 10 दिन की रिमांड के लिए आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि 'आप' एक व्यक्ति नहीं बल्कि 'कंपनी' है और कंपनी के आचरण के लिए जिम्मेदार हर व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

एक नजर

सीबीआई और यूरोपोल के बीच हुआ समझौता

कोलकाता। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और यूरोपीय संघ एजेंसी फॉर लॉ एन्फोर्समेंट ऑपरेशन (यूरोपोल) के बीच सहयोगात्मक संबंध स्थापित करने के लिए एक कार्य व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए गए हैं। सीबीआई ने बयान जारी करके यह जानकारी दी। इस समझौता पर 21 मार्च (गुरुवार) को यूरोपोल के कार्यकारी निदेशक कैथरीन डी बोले और सीबीआई के निदेशक प्रवीण सूद ने हस्ताक्षर किए।

बीआरएस नेता कविता को जमानत देने से इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को जमानत देने से इनकार कर दिया जिन्हें दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कविता से निचली अदालत में जाने को कहा। पीठ ने कहा कि यह एक प्रक्रिया है जिसका यह अदालत पालन कर रही है और वह प्रोटोकॉल को नजरअंदाज नहीं कर सकती।

बिहार में निर्माणाधीन पुल का हिस्सा ढहा, एक श्रमिक की मौत

सुपौल/पटना। बिहार के सुपौल जिले में शुक्रवार तड़के एक निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ढह जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सुपौल और मधुबनी जिले के भेजा-बकौर के बीच कोसी नदी पर निर्माणाधीन पुल के एक हिस्से के गिरने की सूचना मिली है। प्रशासन को घायलों की मदद करने और समुचित मुआवजा देने का निर्देश दिया गया है। सिन्हा ने कहा कि पुल गिरने की जांच कराई जाएगी और दोषी अभियंताओं और कार्यरत कंपनी के विरुद्ध नियम अनुसार जांच की जाएगी।

बंगाल में मंत्री के घर ईडी का छापा

- स्कूल भर्ती घोटाला मामले में केंद्रीय एजेंसी ने की कार्रवाई

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में कथित स्कूल भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल ने शुक्रवार को राज्य के मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के बीरभूम जिले के बोलपुर स्थित आवास पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि ईडी की टीम केंद्रीय बलों की एक टुकड़ी के साथ सुबह करीब सवा नौ बजे सिन्हा के आवास पर पहुंची और इसने तलाशी अभियान शुरू किया। ममता बनर्जी सरकार में एमएसएमई और कपड़ा मंत्रालय का प्रभार संभालने वाले सिन्हा उस समय करीब 90 किलोमीटर दूर मुरारई में अपने पैतृक घर पर थे।

बोलपुर से जाते समय मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि वे जांच एजेंसी के साथ सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। जब तक मैं वहां पहुंचकर अधिकारियों से बात नहीं करूंगा, मैं नहीं बता पाऊंगा कि क्या हो रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि स्कूल भर्ती घोटाले में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में मंत्री के आवास पर तलाशी ली गई।

हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया

कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को आदेश दिया कि स्कूल भर्ती घोटाले में कुछ आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने में देरी को लेकर पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को नोटिस जारी किया जाए। इस मामले में पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी समेत कई लोग गिरफ्तार किए गए हैं। पूर्व लोकसेवकों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए अदालत ने मुख्य सचिव को एक समयसीमा के भीतर उसके समक्ष एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, जिसमें यह बताया जाए कि वह मामले पर स्वतंत्र रूप से निर्णय ले रहे हैं। न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि मुकदमा चलाने की मंजूरी पर निर्णय लेने में देरी गंभीर खेद का विषय है।

एएसआई ने शुरू किया भोजशाला परिसर का सर्वेक्षण

धार (मप्र)। एएसआई के एक दल ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल धार जिले में स्थित विवादास्पद भोजशाला/कमाल मौला मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण शुरू किया। दल में 10 से अधिक सदस्य शामिल हैं। एएसआई का यह दल सुबह परिसर में पहुंचा, पुलिस और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी थे। मामले में याचिकाकर्ताओं में से एक आशीष गोयल एएसआई के दल के साथ मौजूद थे।

41 कंपनियों ने भाजपा को दिए 2,471 करोड़

- इनमें से 1,698 करोड़ एजेंसियों के छापों के बाद दिए गए
- 30 फर्जी कंपनियों ने 143 करोड़ से अधिक के चुनावी बॉण्ड खरीदे

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग (आईटी) की जांच का सामना कर रही 41 कंपनियों ने चुनावी बॉण्ड के माध्यम से भाजपा को 2,471 करोड़ रुपये दिए और इनमें से 1,698 करोड़ रुपये इन एजेंसियों के छापों के बाद दिए गए। सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बॉण्ड योजना को चुनौती देने वाले कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को यह दावा किया।

निर्वाचन आयोग द्वारा चुनावी बॉण्ड के नए आंकड़े सार्वजनिक करने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए याचिकाकर्ताओं के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि कम से कम 30 फर्जी कंपनियों ने 143 करोड़ रुपये से अधिक के चुनावी बॉण्ड खरीदे।

उन्होंने कहा कि सरकार से 172 प्रमुख अनुबंध और परियोजना हासिल करने वाले 33 समूहों ने भी चुनावी बॉण्ड के माध्यम से दान दिया है। आरोप लगाया कि भाजपा को चुनावी बॉण्ड के माध्यम से 1,751 करोड़ रुपये का चंदा देने के बदले में उन कंपनियों को परियोजनाओं और अनुबंधों में कुल 3.7 लाख करोड़ रुपये मिले हैं। भूषण ने दावा किया कि कल्पतरु समूह ने पिछले साल तीन अगस्त को आईटी विभाग की छापेमारी के तीन महीने के भीतर भाजपा को 5.5 करोड़ रुपये दिए थे।

चार श्रेणियों में किया गया भ्रष्टाचार

भूषण ने चुनावी बॉण्ड योजना को स्वतंत्र भारत का सबसे बड़ा घोटाला बताते हुए आरोप लगाया कि इसके जरिये चार श्रेणियों में भ्रष्टाचार किया गया। पहला है- चंदा दो, धंधा लो। दूसरा है- हफ्ता-वसूली, तीसरा है ठेका लो, रिश्वत दो और चौथा है- फर्जी कंपनी। याचिकाकर्ता आरटीआई कार्यकर्ता अंजलि भारद्वाज ने भी मामले की स्वतंत्र जांच की मांग की। उन्होंने कहा, ''जांचकर्ता की जांच कौन करेगा? चुनावी बॉण्ड के माध्यम से किये गये भ्रष्टाचार की जांच के लिए एक स्वतंत्र एसआईटी का गठन किया जाना चाहिए।

पुलिस से भिड़े ग्रामीण, पथराव

भीरा/भानपुर (खीरी)। कच्ची शराब बनाने के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस पर उसके परिजनों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर हमला कर दिया। सिपाहियों के साथ हाथापाई की। पत्थरबाजी कर जीप के शीशे तोड़ दिए। इसके बाद हाईवे पर जाम लगा दिया। कई अन्य वाहनों में भी तोड़फोड़ की। तीन सिपाही मामूली रूप से चोटिल हुए हैं। एसपी खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

घटना शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे की है। भीरा-पलिया हाईवे के किनारे महावत समुदाय के लोग रहते हैं। यहीं का शिव कुमार कच्ची शराब बनाने के मामले में फरार चल रहा था।

मकसद अधूरा | राशन कार्ड से वंचित परिवारों के बनने हैं फैमिली आईडी

एक परिवार-एक पहचान से भी वंचित परिवार

- लखनऊ, मिर्जापुर, आजमगढ़, कन्नौज समेत कई जिलों की प्रगति खराब

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में राशन कार्ड से वंचित परिवारों को फैमिली आईडी देकर एक परिवार-एक पहचान देने के प्रयास तो पूरे हैं, लेकिन मकसद अधूरा है। जिलों पर पहचान को मोहताज कुल 2,30,857 परिवारों ने ऑनलाइन आवेदन तो किए लेकिन, 95,192 ही स्वीकृत हो पाए। आवेदनों का निस्तारण व फैमिली आईडी बनाकर देने की प्रगति बेहद कम है। इस वजह से ज्यादातर जिलों में वंचित परिवारों को समय से फैमिली आईडी नहीं मिल पाई है। सबसे खराब प्रगति लखनऊ, मिर्जापुर, आजमगढ़, सहारनपुर, सोनभद्र, महोबा व कन्नौज समेत अन्य जिलों की है। जिस पर शासन ने चिंता जताई है और प्रमुख सचिव नियोजन विभाग आलोक कुमार ने सभी जिलाधिकारी को प्राप्त आवेदनों का सत्यापन करने के साथ नियमित समीक्षा के निर्देश दिए हैं। जो विभिन्न स्तरों से लंबित आवेदनों का रियल टाइम स्टेट्स प्राप्त करेंगे।

एक विशिष्ट पहचान पत्र देने की कवायद : दरअसल, अध्यासित परिवारों के राशन कार्ड ही संख्या ही उनकी फैमिली आईडी है। ऐसे कई परिवार हैं, जिनके राशन कार्ड नहीं है। इनको फैमिली आईडी देकर पहचान देना है। इसके लिए पोर्टल विकसित किया गया है। मकसद पहचान देने के साथ-साथ परिवारों लाभार्थीपरक योजना का लाभ देना है।

इन जिलों में भी इतने आवेदन लंबित

मुरादाबाद 2608, कानपुर नगर 654, बरेली 446, बदायूं 301, फर्रुखाबाद 324, फतेहपुर 516, अयोध्या 462, पीलीभीत 208, रामपुर 97

ये प्रदेश की प्रगति

कुल आवेदन :	2,30,857
स्वीकृत आवेदन :	95,192
अस्वीकृत आवेदन :	91,935
कुल लंबित आवेदन :	43,730

इन जिलों में सबसे ज्यादा आवेदन लंबित

जिला	कुल	लंबित
लखनऊ	5472	3002
आजमगढ़	5942	3302
मिर्जापुर	2553	2152
सहारनपुर	4176	1073
सोनभद्र	1063	756
महोबा	1451	791
कन्नौज	1651	684



एक नजर

मोहनलालगंज से बसपा ने उतारा राजेश कुमार जाटव को

अमृत विचार, लखनऊ: लोकसभा चुनावों में बसपा ने मोहनलाल गंज सीट पर राजेश कुमार जाटव उर्फ़ मनोज प्रधान को प्रत्याशी बनाया है। प्रभारी भीम राव आंबेडकर ने बताया कि बसपा से ज़िला पंचायत का चुनाव लड़ चुके हैं पूर्व प्रधान राजेश कुमार की क्षेत्र में खासी पकड़ है। मायावती की सहमति के बाद उनके नाम की घोषणा की गई है। मालूम हो कि मंडल स्तर पर बसपा ने अब तक 14 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा हो चुकी है। इनमें पांच मुस्लिम, चार ब्राह्मण जबकि एक-एक जाट, गुर्जर, ओबीसी क्षत्रिय और दलित है। इनमें कानपुर से कुलदीप भदौरिया उर्फ सचिन, अकबरपुर से राजेश द्विवेदी, बागपत से प्रवीण बैंसला और मेरठ से देवव्रत त्यागी को अपना उम्मीदवार बनाया है।

मुख्यमंत्री के प्रयासों से मेघालय में अपहरणकर्ताओं से मुक्त हुआ लखनऊ का अखिलेश

पत्नी और बेटे ने योगी से मिलकर जताया आभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मेघालय में अपहृत लखनऊ निवासी अखिलेश सिंह चौहान के सकुशल मुक्त हो जाने के बाद अखिलेश की पत्नी शीला सिंह चौहान और पुत्र सूरज चौहान ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करके आभार जताया। मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर मिलने आए अखिलेश के परिजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया है।

बता दें कि लखनऊ के कुर्सी रोड स्थित बेनीगंज के निवासी अखिलेश सिंह चौहान (मैकेनिक एवं सुपरवाइजर) मेघालय के साउथ गारो हिल्स में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत हैं। अपराधियों ने उनका अपहरण करके 50 लाख की फिरौती मांगी थी।

मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात के दौरान पुत्र सूरज के साथ शीला। अमृत विचार

योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लेते हुए गुरुवार शाम मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा से बात की और अखिलेश को मुक्त कराने का आग्रह किया।

- योगी आदित्यनाथ ने मेघालय के मुख्यमंत्री से गुरुवार को की थी बात

इसके बाद हरकत में आई मेघालय पुलिस ने दक्षिण गारो हिल्स (बाघमारा) जिले के जंगल से अखिलेश को सकुशल बरामद करते हुए दो अपहरणकर्ताओं को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किये गये दोनों अपहरणकर्ता पुल निर्माण कंपनी से अखिलेश की रिहाई के बदले 50 लाख रुपए वसूलना चाहते थे।

दो घूंट पानी, बिस्कुट के सहारे गुजरे दो दिन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

- आंखों पर पट्टी बांध जंगल में टहलाया, फिरौती की मांग को लेकर पीटा
- बाघमारा पुलिस ने सकुशल बरामद कर दो उग्रवादियों को किया गिरफ्तार

अमृत विचार : मेघालय में उग्रवादियों के चंगुल से मुक्त अखिलेश सिंह चौहान ने खौफ में बीते दो दिनों का मंजर बयां किया। उग्रवादी आंखों पर पट्टी बांध उन्हें दो दिन जंगल में इधर-उधर टहलाते रहे। खाने के लिए बिस्कुट और दो-दो घूंट पानी दिया और फिरौती के लिए पीटते रहे। उनसे कहा, गरीब आदमी हूं, मेरे पास रुपये नहीं हैं, मुझे जाने दो लेकिन उन्हें हिंदी समझ में ही नहीं आती थी।

अखिलेश ने बताया कि मंगलवार देर रात टेंट में सोये थे। किसी ने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खोलते ही देशी हथियारों से लैस दो लोग टूट पड़े। बाइक की तरफ खींचा और अंधेर में बंदूक के बल पर जंगल ले गये। रास्ते में अपहरणकर्ताओं से कहा, मेरे पास रुपये नहीं हैं, लेकिन उनको हिंदी समझ नहीं आ रही थी। घने जंगल में ले जाकर पीट कर पेड़ से बांधकर ठेकेदार से 50 लाख रुपये फिरौती मांगने के लिए कहा। मांग पूरी नहीं होने पर जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र बामनिया ने बताया कि बाघमारा की पुलिस ने जंगल में अभियान चलाकर अखिलेश को सकुशल छुड़ा लिया। अपहरण करने वाले दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। उनकी पहचान विल्बन एम संगमा और विथमिल एस मराक के रूप में हुई है। दोनों पर अपहरण कर फिरौती मांगने की रिपोर्ट दर्ज की गई। अपहरण में शामिल दो अन्य आरोपियों की जंगल व आसपास के इलाके में तलाश मेकी जा रही है।

चुनाव संग बजट खर्च पर भी पसीना बहा रहे अधिकारी

राजनीतिज्ञों से कम नहीं है मार्च महीने में चुनौतियां

- आचार संहिता के बाद औद्योगिक परिदृश्य बदलने को दिए गए 1050 करोड़ रुपये
- लोक निर्माण विभाग से 49 शासनादेश जारी, सभी जिलों को भजे गए अरबों रुपये

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: चुनाव आचार संहिता के बाद शासन-प्रशासन की चुनौतियां राजनीतिज्ञों से कम नहीं है। वित्तीय साल का आखिरी माह होने से उनपर दोहरी जिम्मेदारी है। स्वीकृत बजट में अव्वल नहीं आए तो, चुनाव बाद मुख्यमंत्री की समीक्षाएं कार्रवाई का सबब बन सकती हैं, जबकि चुनाव दौरान आचार संहिता और व्यवस्थाओं में ढिलाई होने पर चुनाव आयोग नहीं छोड़ेगा।

शासन की ओर से रोजाना जारी हो रहे शासनादेशों पर गौर करें तो, पहले की तुलना में कार्य की गति तेज ही दिखेगी। औद्योगिक विभाग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता में है, 16 मार्च को चुनाव की तिथियों के एलान से अबतक सात शासनादेशों के जरिए 1050 करोड़ से अधिक धनराशि जारी हो चुकी है।

करीब 300 करोड़ की धनराशि

लोक निर्माण विभाग की बात करें तो, आचार संहिता के बाद से अबतक कुल 49 शासनादेश जारी हुए हैं। इनके जरिए स्वीकृत किए गए नए-पुराने कार्यों के लिए करीब 300 करोड़ की धनराशि जारी हुई है। शायद ही कोई जिला छूटा हो, जहां सड़कों को दुरुस्त करने से लेकर चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के काम तेजी से न चल रहे हों। अयोध्या में 21 मार्च को प्रवेश द्वार के लिए अंबेडकरनगर मार्ग पर 9 करोड़ और रायबरेली मार्ग पर 9 करोड़ के साथ ही दर्शननगर उपरिगामी सेतु के लिए 13 .48 करोड़ दिए गए हैं। लखनऊ में कानपुर मार्ग पर रेल उपरिगामी सेतु के लिए 19 .50 करोड़ और अर्जुनगंज में मरीमाता मंदिर के पास एलिवेटेड चार लेन फ्लाईओवर के लिए 44 .43 करोड़ दिए गए हैं। शासन धर्मार्थ मार्गों के चौड़ीकरण को भी प्राथमिकता दे रहा है। 20 मार्च के एक आदेश के जरिए 1246 मार्गों के निर्माण समेत करीब 1500 से अधिक मार्गों का काम पूरा करने लिए भारी-भरकम धनराशि शासन ने लोक निर्माण विभाग को भेजी है।

सबसे अहम मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण/नए उद्योग क्षेत्र प्रोत्साहन योजना के लिए यूपीडा को सर्वाधिक 957 करोड़ 33 लाख रुपये भेजे गए हैं। शखए अलावा बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे परियोजना को 30 करोड़ और पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को 66.27 करोड़ दिए गए हैं। साथ ही, उप्र स्टेट स्पिनिंग कं. लि. कानपुर की बंद इकाईयों की सुरक्षा, कर्मचारियों के वेतन आदि के लिए 2 करोड़ 13 लाख 32 हजार जारी हुए हैं। इंवेस्ट यूपी को स्वीकृत 30 करोड़ की धनराशि से पांचवी किश्त 5 करोड़ दी गई है, जल्द ही आखिरी किश्त भी जी जाएगी। शासन के शीर्ष अधिकारियों का कहना है कि सभी धनराशि मार्च में खर्च करना अनिवार्य है, इसलिए चुनावी व्यस्तता के बावजूद पूरी ताकत झोंकी जा रही है।

> केवल नई घोषणाएं और नीतिगत निर्णय नहीं हो रहे हैं, बाकी लक्ष्य शासन तेजी से पूरा करने में जुटा है। राजस्व विभाग में राहत-बचाव पर फोकस है, बजटीय कार्य हो रहे हैं। कलेक्ट्रेट से लेकर वेतन और प्रशासनिक कार्य प्राथमिकता में है। अफसरों के पास आने वाली आमजनता की समस्याएं भी प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश हैं।
>
> **पी गुरुप्रसाद, प्रमुख सचिव राजस्व**

मतदेय स्थलों पर गर्मी व लू से बचाव के होंगे इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगजनों को मतदान के लिए प्राथमिकता दी जाए: रिणवा

अमृत विचार: मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों (जिलाधिकारी) के निर्देश दिए कि तेज धूप और लू से बचने के लिए प्रत्येक मतदेय स्थल के सामने छाया की व्यवस्था हो, पर्याप्त संख्या में कुर्सी व दरी की व्यवस्था की जाए, जिससे मतदाता अपनी बारी आने तक छाया में इंतजार कर सकें। बुजुर्गों, महिलाओं जिनके साथ छोटे बच्चे हों और दिव्यांगजनों को मतदान हेतु प्राथमिकता दी जाए। हीट स्ट्रोक के बारे में मतदान कार्मिकों को जागरूक करने का निर्देश दिया।

श्री रिणवा ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों से इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने और अधिकाधिक संख्या में मतदेय स्थलों पर पहुँचकर मतदान करने के लिए मतदान दलों एवं मतदाताओं के मध्य भीषण गर्मी/लू/हीट वेव की सावधानियों एवं जागरुकता सुनिश्चित करने को कहा है। बताया कि मतदान दिवस 19 अप्रैल, 2024 से 1 जून, 2024 के दौरान भीषण गर्मी पड़ने की सम्भावना है। गर्मी से बचने के लिए पोलिंग पार्टी प्रस्थान एवं मतदान दिवसों पर पूर्ण सावधानी बरतें। इस दौरान सभी मतदान कार्मिक हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें। तेज धूप से बचाव हेतु टोपी, छाता एवं सर को ढ़कने के लिए सफेद सूती गमछा या अन्य कोई कपड़ा रखें। पानी की बोतल रखें, समय-समय पर आवश्यकतानुसार सादा जल, नींबू पानी या ओआरएस का प्रयोग करें।

मतदान के लिए जरूर लाएं पहचान पत्र

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपेक्षा की है कि मतदान के लिए मतदेय स्थल पर आते समय अपनी मतदाता पर्ची, फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र अथवा अन्य वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र अवश्य साथ में लाएं, जिससे मतदान की प्रक्रिया शीघ्रता से सम्पन्न हो सके। मतदान दिवस को तेज धूप निकलने से पहले ही मतदाता अधिक संख्या में मतदेय स्थलों पर पहुचकर मतदान करें। तेज धूप से बचने व सर को ढ़कने के लिए सूती गमछा या छाते का प्रयोग अवश्य करें।

1264 कारतूस, 87 बम बरामद

अमृत विचार। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आचार संहिता अनुपालन के दौरान अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 27,08,222 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 176 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 461 मामलों में कार्रवाई की गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने एवं अन्य मामलों में 06 एफआईआर दर्ज की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। सघन जॉच के लिए 508 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1746 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित किये गए हैं। पुलिस विभाग द्वारा 21 मार्च तक 2,85,143 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए गए। इसके अलावा आपराधिक व्यक्तियों के 281 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 3,482 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराए गए। इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 6,71,820 लोगों को पाबंद किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 1308 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 1264 कारतूस, 06 किग्रा विस्फोटक व 87 बम बरामद कर सीज किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 204 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 40 केन्द्रों को सीज किया गया। बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 21 मार्च तक कुल 7052 .48 लाख रुपए कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किया गया। 21 मार्च को जनपद प्रयागराज की हण्डिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 52 .19 लाख रुपये कीमत की 71 .50 ग्राम ड्रग पकड़ी गई। जनपद मथुरा की छाता विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 26 .32 लाख रुपये कीमत की 4500 ली मदिरा पकड़ी गई। प्रदेश स्तर पर 1904 उड़न दस्ते और प्रवर्तन एजेन्सियों के 732 दल 24 घंटे निगरानी के लिए क्रियाशील है।

लोकसभा प्रत्याशियों को ऑन लाइन नामाकंन करने की सुविधा : रिणवा

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव 2024 में प्रत्याशियों को ऑन लाइन नामाकंन करने की सुविधा दी गई है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वेबसाइट लिंक जारी किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि जो प्रत्याशी ऑनलाइन पद्धति से नामांकन करना चाहते हैं, वेबसाइट https://suvidha.eci.gov.in/login के माध्यम से नामांकन कर सकते हैं। लिंक पर जाकर नामांकन पत्र भरकर उसका प्रिन्ट निकालकर प्रारूप-1 में बताए गए स्थान पर नामांकन दाखिल करना होगा। इसी प्रकार शपथ पत्र भी ऑनलाइन भरकर, प्रिन्ट आउट को शपथ-पत्र के साथ रिटर्निंग ऑफीसर के पास जमा करना होगा। ऑनलाइन नामांकन भरने के बाद जमानत धनराशि को भी ऑनलाइन जमा करने की सुविधा है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा पूर्व से चली आ रही व्यवस्था के तहत नकद रुप से ट्रेजरी चालान के रूप में भी प्रत्याशी जमानत धनराशि जमा कर सकते हैं।

रोहिंग्याओं की घुसपैठ कराने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: यूपी एटीएस ने प्रदेश में घुसपैठ कराने के मुख्य आरोपी को तमिलनाडु से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर लिया है। एटीएस अफसरों के मुताबिक आरोपियों द्वारा घुसपैठ कराने में शामिल सात अन्य लोगों को विगत तीन महीने में गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसमें से तीन बांग्लादेश के हैं। गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी पर एटीएस ने 25 हजार का इनाम रखा हुआ था।

एटीएस अफसरों के मुताबिक रोहिंग्याओं की पहचान छिपाकर उनका फर्जी भारतीय दस्तावेज तैयार किया जा रहा था। घुसपैठियों के रुकने की और उनके खर्च की भी व्यवस्था गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी कफीलुद्दीन द्वारा की जा रही थी। एटीएस को जब इसकी भनक लगी तो टीम ने मिलकर इन तथ्यों को भौतिक और इलेक्ट्रानिक सर्विलांस द्वारा विकसित किया। पुष्टि हुई कि यूपी में ऐसा सिंडीकेट सक्रिय है जो घुसपैठ कराकर देश में राष्ट्रविरोधी गतिविधि करा रहा है और घुसपैठियों के पैर पसारने की पूरी व्यवस्थाएं कर रहा है। एटीएस ने अभियान चलाते हुए इस कार्य में लिप्त सात अन्य लोगों को विभिन्न तिथियों में गिरफ्तार किया। इसके बाद इन आरोपियों के खिलाफ जालसाजी से जुड़े गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराकर जेल भेज दिया गया।

गिरफ्तार आरोपी: अदिदुल रहमान, निवासी ढाका, तानिया मंडल, निवासी पिरोजपुर, इब्राहिम खान, निवासी बाग्लादेश, मो. अब्दून अव्वल, निवासी गोलपारा और नार्थ 24 परगना, प. बंगाल के निवासी अबु हुरैरा गाजी, शेख नजीबुल हक और अबू सालेह मंडल।

2017 से वेल्लूर में सक्रिय था कफीलुद्दीन

मुख्य आरोपी कफीलुद्दीन 2017 से वेल्लूर, तमिलनाडु मे रह रहा था। कफीलुद्दीन हाली शहर चिटगांव, बांग्लादेश का मूल निवासी है। तमिलनाडु में रहते हुए कफीलुद्दीन का परिचय शेख नजीबुल हक (पूर्व में गिरफ्तार) से हुआ था। शेख नजीबुल हक द्वारा उपलब्ध कराए गए धन से कफीलुद्दीन द्वारा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी रोहिंग्या नागरिकों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा था।

सीबीआई कोर्ट ने षड़यंत्र के आरोपी को सुनाई पांच वर्ष की सजा

अमृत विचार, लखनऊ : विशेष न्यायाधीश सीबीआई ने शुक्रवार को डीआरएम कार्यालय वाराणसी में तैनात रहे फिटर ग्रेड-1 को भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी पाते हुए पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 55 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है। सीबीआई ने 18 दिसंबर 2007 को आरोपी पीके दत्ता के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। आरोप थे कि जनवरी 2006 से जून 2007 के दौरान, तत्कालीन फिटर ग्रेड-1 ने अन्य आरोपी व्यक्तियों के साथ आपराधिक षड्यंत्र रचा एवं मैसर्स विनटेक इंजीनियरिंग व मैसर्स न्यू टेक एंटरप्राइजेज के नाम पर प्रस्तुत वाहन मरम्मत के फर्जी और जाली बिल धोखाधड़ी से तैयार कर स्वीकृत कराए। इस प्रकार, आरोपी ने कथित तौर पर रेलवे को 20 लाख 29 हजार की हानि हुई एवं आरोपी ने स्वयं को इसी अनुरूप लाभ पहुंचाया। जांचोपरांत 27 जनवरी 2009 को आरोप पत्र दायर किया गया। पीके दत्ता के विरुद्ध दिनांक 16 जनवरी 2012 को आरोप तय किए गए। एक फरार आरोपी के विरुद्ध मामले की फाइल दिनांक 18 जनवरी 2024 से अलग कर दी गई है। आरोपी पीके दत्ता को दोषी पाते हुए अदालत ने पांच वर्ष की सजा सुनाई है।

पराली अब समस्या नहीं आमदनी का जरिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य में आने वाले समय में होंगे 100 सीबीजी प्लांट

लखनऊ: फसल काटने के बाद किसान और पर्यावरण के लिए समस्या बनीं पराली अब आमदनी और ऊर्जा का जरिया बन रही है। यह संभव हो रहा है सीबीजी (कम्प्रेस्ड बायो गैस) प्लांट से। शासन का कहना है कि प्रदेश में दस सीबीजी प्लांट क्रियाशील हो चुके हैं। आने वाले समय में प्रदेश में इनकी संख्या बढ़कर सौ हो जाएगी। सरकार धान की पराली को बायो कंपोस्ट में बदलने के लिए 17 लाख किसानों को बायो डीकंपोजर भी उपलब्ध कराएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आने वाले समय में प्रदेश में सीबीजी प्लांट की वर्तमान संख्या दस को सौ के आंकड़े तक ले जाने की प्रतिबद्धता जता चुके हैं। उप्र राज्य जैव ऊर्जा नीति 2022 का जो ड्राफ्ट तैयार किया है, उसमें कृषि अपशिष्ट आधारित बायो सीएनजी, सीबीजी इकाइयों को कई तरह के प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। सरकार की मंशा हर जिले में सीबीजी प्लांट लगाने की है। इसी कड़ी में बीते दिनों गोरखपुर के धुरियापार में इंडियन ऑयल के सीबीजी प्लांट का शुभारंभ हो चुका है। सीबीजी प्लांट में पराली से ईंधन तैयार हो रहा है और ईंधन बनाने के लिए कच्चे माल के रूप में किसानों से उनकी पराली खरीदी जा रही है।

इस प्लांट में रोजाना 200 मीट्रिक टन पराली यानी कृषि अवशेष (धान का भूसा) 20 मीट्रिक टन प्रेसमड और 10 मीट्रिक टन मवेशियो के गोबर का उपयोग होगा।

बनता है 18 क्विंटल भूसा

उप्र पशुधन विकास परिषद के पूर्व जोनल प्रबंधक डा. बीके सिंह के मुताबिक प्रति एकड़ डंठल से करीब 18 क्विंटल भूसा बनता है। सीजन में भूसे का प्रति क्विंटल दाम करीब 400 रुपये माना जाए तो डंठल के रूप में 7200 रुपये का भूसा नष्ट हो जाता है। बाद में यही चारा संकट का कारण बनता है।

सपा प्रत्याशी मनोज सहित चार ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोस क्षेत्र नगीना में दो, मुरादाबाद और पीलीभीत में एक प्रत्याशी ने किया नामांकन

अमृत विचार : उप्र. के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण में 8 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 20 मार्च को अधिसूचना जारी होने के तीसरे दिन शुक्रवार को विभिन्न दलों के 4 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया।

पहले चरण के 8 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत शुक्रवार को नगीना-5 (अनु.जाति) लोकसभा सीट के लिए आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के चन्द्रशेखर और समाजवादी पार्टी के मनोज कुमार ने नामांकन किया।

इसी तरह मुरादाबाद-6 लोकसभा सीट के लिए सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के हर किशोर सिंह और पीलीभीत-26 लोकसभा सीट के लिए राष्ट्रीय समाज दल (आर) से संजय कुमार भारती ने नामांकन दाखिल किया।

इस प्रकार अब तक विभिन्न दलों के कुल 4 प्रत्याशियों द्वारा प्रथम चरण में नामांकन किया गया है। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 27 मार्च (बुधवार) निर्धारित है। 28 मार्च (बृहस्पतिवार) को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। प्रत्याशियों द्वारा 30 मार्च, (शनिवार) तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। प्रथम चरण में 19 अप्रैल (शुक्रवार) को मतदान होगा।

हताशा से तानाशाही पर उतरी मोदी सरकार

अमृत विचार, लखनऊ: प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा सरकार हार की हताशा में प्रतिपक्षी दलों से प्रतिशोध ले रही है। इंडिया गठबंधन दल की बुनियाद बनते ही भाजपा को इस बात का आभास हो गया था कि देश के संसाधनों की लूट और प्रजातंत्र को बचाने के लिए प्रतिपक्षी दलों का एक राष्ट्रव्यापी गठबंधन बना गया है। राय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा हर संभव कोशिश कर रहे हैं कि इस गठबंधन दल के लोगों को प्रताड़ित करके इंडिया गठबंधन में जाने से रोका जाये या ईडी, सीबीआई और आईटी के माध्यम से इन दलों के नेताओं का मनोबल तोड़ा जाये।उन्होंने कहा कि अरविन्द केजरीवाल को जेल भेजा जाना इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि जो इंडिया के गठबंधन दल में शामिल होगा और जो मोदी के आगे नहीं झुकेगा उसे जेल भेज दिया जायेगा।

कांग्रेस के एकाउंट फ्रीज करना लोकतंत्र की हत्या

अभय दुबे बोले, इलेक्टोरल बांड योजना आजाद भारत में चुनावी चंदे की सबसे भ्रष्ट योजना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने कहा है कि भाजपा गला घोटो राज करो की नीति पर चल रही है। सात साल पुराने आयकर के एक मामले में कांग्रेस के सारे बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया है। अब जब देश लोकसभा चुनाव के मुंहाने पर खड़ा है, मोदी सरकार की यह हरकत लोकतंत्र पर प्रहार है।

वह शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा दो जनवरी 2018 से अधिसूचित इलेक्टोरल बांड योजना आजाद भारत में चुनावी चंदे की सबसे भ्रष्ट योजना बन गई है। कांग्रेस पार्टी ने बार-बार कहा कि यह योजना भाजपा सिर्फ अपने फायदे के लिए और चुनावी चंदे में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए ला रही है।

प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे व अन्य। अमृत विचार

सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस योजना को खारिज करने के बाद कांग्रेस पार्टी का यह मत सत्य साबित हुआ। उन्होंने कहा कि यह योजना आने के बाद बहुत सारी फर्जी कंपनियों का पंजीकरण सिर्फ भाजपा को चुनावी चंदा देने के लिए कराया गया है। वर्ष 2018 के बाद कम से कम ऐसी 43 कंपनियां स्थापित हुई जिन्होंने कुछ ही महीनों के भीतर इलेक्टोरल बांड खरीदे। इनमें से कई ऐसी कंपनियां हैं जिन्होंने अपनी शेयर वैल्यू के कई गुना अधिक चंदा दिया है। क्विक सप्लाई चेन लिमिटेड की मालियत 130 करोड़ रुपये है, जबकि उसने 410 करोड़ रुपये चुनावी चंदा दिया है। ऐसे में सवाल उठता है कि फर्जी कंपनियों के खिलाफ अभियान छेड़ने का दावा करने वाली भाजपा क्या फर्जी कंपनियों के माध्यम से चुनावी चंदा लेती है? अभय दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि ''ना खाऊंगा ना खाने दूंगा, लेकिन इलेक्टोरल बांड घोटाले के बाद उनका यह जुमला दिखावटी साबित हुआ।

बांग्लादेश में नकली मुद्रा छापकर यूपी में सप्लाई

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी एटीएस ने बांग्लादेश में जाली नोट छपाकर यूपी के विभिन्न जिलों में सप्लाई करने वाले गिरोह के एक सदस्य को चंदौली से गिरफ्तार किया है। आरोपी मालदा पश्चिम बंगाल का निवासी है। एटीएस अफसरों के मुताबिक पूर्व में सुभाष मंडल निवासी जोयनपुर, मालदा, पश्चिमी बंगाल को एटीएस ने गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान पता चला कि उसका एक संगठित गिरोह है। गिरोह नकली भारतीय मुद्रा की तस्करी का कार्य करता है। उसका एक सहयोगी कंचन मंडल है जो कि प्रयागराज पुलिस में वांछित था। कंचन पर प्रयागराज पुलिस ने इनाम भी घोषित कर रखा था। सुभाष मंडल की निशानदेही पर ही एटीएस कंचन की तलाश कर रही थी। कंचन की गिरफ्तारी कर उसे थाना मांडा प्रयागराज में दाखिल कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

सपा ने घोसी से टिकट नहीं दिया, अपने बूते लड़ेंगे चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

- सपा के साथ गठबंधन में रही जनवादी पार्टी ने आठ सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार सपा प्रमुख पर लगाए गंभीर आरोप

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में रही जनवादी सोशलिस्ट पार्टी ने शुक्रवार को आठ सीट पर अपने लोकसभा उम्मीदवार उतार दिए हैं। इस घोषणा के साथ उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर गंभीर आरोप भी लगाए। जनवादी सोशलिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय चौहान का दावा है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें घोसी सीट से चुनाव की तैयारी करने के लिए कहा था। इतना ही नहीं विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा में भी कुछ अन्य सीटें भी देने का आश्वासन दिया था। लेकिन दो दिन पहले उन्होंने घोसी सीट पर प्रत्याशी घोषित कर दिया।

पार्टी नेताओं की शुक्रवार को लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में बैठक हुई। इसमें घोसी सीट पर खुद डॉक्टर संजय चौहान ने चुनाव लड़ने का एलान किया। इसी तरह मछलीशहर, गाजीपुर, बलिया, चंदौली, लालगंज, वाराणसी, भदोही में भी पार्टी के कार्यकर्ता मैदान में उतरेंगे।

चौहान बिरादरी को सम्मान नहीं देना चाहते: संजय

डॉ. चौहान ने आरोप लगाया कि सपा अध्यक्ष पीडीए की बात करते हैं, लेकिन चौहान बिरादरी को सम्मान नहीं देना चाहते हैं। उनका बर्ताव भी पिछड़ी जातियों के प्रति ठीक नहीं है। वह सिर्फ धनबल वालों को उम्मीदवार बना रहे हैं। संजय चौहान ने दावा किया कि राजीव राय घोसी के लिए एक कमजोर प्रत्याशी हैं और वहां पर चौहान समाज के लोग उनको वोट नहीं देने जा रहे हैं, जिनका तकरीबन साढ़े तीन लाख वोट है।

28 को अमरोहा व बिजनौर में चुनावी सभाएं संबोधित करेंगे जयंत

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह 2024 के लोकसभा चुनाव हेतु अपने चुनावी अभियान की शुरुआत 28 मार्च को अमरोहा लोकसभा क्षेत्र से करेंगे। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने शुक्रवार को बताया कि अमरोहा लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में 28 मार्च को जयंत चौधरी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे। उन्होंने बताया कि उसी दिन बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में हिन्दू इंटर कॉलेज मैदान चांदपुर बिजनौर में भी एनडीए प्रत्याशी चंदन सिंह चौहान के समर्थन में जनसभा संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि रालोद ने प्रदेश में अपने चुनावी अभियान की शुरुआत कर दी है। पार्टी ने अपनी प्रांतीय व सभी जिला, महानगर अध्यक्षों को एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में मजबूती से जुटने को कहा है।

12वां रोजा

शिया
सहरी : 4:35 बजे
इफ्तार : 6:31 बजे

सुन्नी
सहरी : 4:41 बजे
इफ्तार : 6:21 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

शहर में आज

- हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश का ओपन माइक काव्य सम्मेलन-3:00 बजे।
- ताड़ीखाना क्रॉसिंग के पास वंचित वर्ग के बच्चों के बीच रंगोत्सव -4:00 बजे।
- गोमती नगर में होली संगीत बैठकी होली खेलें रघुवीरा का आयोजन- 5:00 बजे।
- गोमतीनगर शीरोज कैफे में गीत एवं इंकलाबी तरानों का आयोजन-5:30 बजे।

एक नजर

गोमती पर चार लेन पुल निर्माण को मिले पांच करोड़

अमृत विचार, लखनऊ : निशातगंज बंधा रोड पर स्थित गोमती नदी पर चार लेन पुल निर्माण के लिए पांच करोड़ रुपये मिले हैं। कुल चार योजनाओं का आचार संहिता से पहले 16 मार्च को बजट जारी हुआ है। इससे चुनाव बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण निर्माण कराएगा। गोमती नदी पर सेतु निर्माण का पूर्व में शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। इसकी कुल लागत 41.86 करोड़ रुपये है। उसी समय शासन ने यह बजट मंजूर किया था। इसमें पहली किस्त के आचार संहिता से पहले पांच करोड़ रुपये जारी हुए हैं। इसी तरह कुल चार योजनाओं को आचार संहिता से पहले बजट जारी हुआ है। इसमें बिजनौर रोड पर नटवर डीह टीले का सुंदरीकरण 2.29 करोड़ रुपये से कराया जाना है। इसके लिए पहली किस्त में 1.14 करोड़ रुपये जारी हुए हैं। इसका सुंदरीकरण एलडीए कराएगा।

नर्स को प्रताड़ित करने के आरोपी एएनएस का तबादला

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू के पीडियाट्रिक आर्थोपेडिक्स विभाग में नर्स से छेड़छाड़ के आरोप में असिस्टेंट नर्सिंग ऑफिसर (एएनएस) का तबादला कर दिया गया है। आरोपित की वार्षिक वेतन वृद्धि भी रोक दी गई है। यह कार्रवाई जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर की गई है। दोबारा गलती करने पर बर्खास्तगी की चेतावनी दी गई है। पीडियाट्रिक आर्थोपेडिक्स विभाग में तैनात नर्सिंग ऑफिसर ने 26 जनवरी को विभागाध्यक्ष से लिखित शिकायत की थी।

प्रदूषण से 9 साल घट रही लोगों की उम्र

विश्व मौसम विज्ञान दिवस आज, वायु और भूमि में रासायनिक अपशिष्टों के बढ़ने से स्थितियां बिगड़ीं

जीशान कदीर, लखनऊ

प्रोफेसर नवीन

- यूनाइटेड नेशन और सेंट्रल प्रदूषण बोर्ड की रिपोर्ट से हुआ खुलासा, आ सकती हैं आपदाएं

अमृत विचार : प्रदूषण अपना असर मौसम और आम आम जिंदगी पर डाल रहा है। प्रदेश के लोगों की उम्र 9 साल तक घट रही है। यूनाइटेड नेशन और सेंट्रल प्रदूषण बोर्ड की रिपोर्ट में वायु और भूमि में बढ़े रासायनिक अपशिष्टों को इसका जिम्मेदार बताया गया है।

बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में स्कूल आफ अर्थ एण्ड इनवायरमेंट साइंस के डीन प्रोफेसर नवीन कुमार अरोरा बताते हैं कि इस वर्ष मौसम में सबसे अधिक बदलाव हुए हैं। यूनाइटेड नेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, धरती का तापमान बढ़कर डेढ़ डिग्री हो गया है। स्थिति ऐसी ही रही तो आपदाएं आ सकती हैं। एनर्जी और एग्रीकल्चर सेक्टर इसके लिए पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। सेंट्रल प्रदूषण बोर्ड का हवाला देते हुए कहते हैं कि एनर्जी सेक्टर में पेट्रोल, डीजल सहित अन्य क्षेत्रों के दखल से वायु प्रदूषण बढ़ा है। एग्रीकल्चर सेक्टर में खेती योग्य जमीन पर बढ़ती रासायनिक उवर्रकों की मात्रा ने तेजी से असर डाला है। ऐसे में दुनिया के प्रदूषित शहरों की सूची में यूपी के कई शहरों को भी लाकर खड़ा कर दिया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, पीएम 2.5 मानक पांच के बराबर वायु गुणवत्ता का स्तर आ जाए तो यूपी के लखनऊ और कानपुर में 9.7 साल, प्रयागराज में 8.8 साल लोगों की औसतन आयु बढ़ जाएगी।

लखनऊ की हवा बेहद खराब

लखनऊ व कानपुर की हवा बेहद खराब है। बरेली और प्रयागराज की हवा अपेक्षाकृत साफ है। वायु प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रभाव डाल रहा है। एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) प्रदूषण के प्रभाव को मापने का कार्य करता है।

इनसे सुधरेंगे हालात

● सोलर इनर्जी ● हाइड्रो एनर्जी ● विंड एनर्जी ● बायोलॉजिकल एनर्जी ● ग्रीन एनर्जी ● जैविक खाद ● जंगल

इन बीमारियों का खतरा

● हृदय रोग ● अस्थमा ● गुर्दे की विफलता

शहर	एक्यूआई	पीएम 2.5
लखनऊ	143	58
कानपुर	116	41
आगरा	95	33
प्रयागराज	65	18
मेरठ	102	36
बरेली	83	27
मथुरा	88	30
गाजियाबाद	150	75

प्रदूषण पर नहीं चेते तो होगी जल की त्रासदी

प्रो. नवीन का दावा है कि धरती का तापमान हाल वर्षों में बढ़कर डेढ़ डिग्री हो गया। प्रदूषण की स्थिति ऐसी ही रही तो तापमान बढ़कर 2 डिग्री हो जाएगा। मौसम में तेजी से बदलाव होंगे। सूखा या बारिश अथवा तूफान भी प्रकृति के संतुलन को बिगाड़ सकता है। ऐसे में पहाड़ों पर बर्फ पिघली तो नदियों का मीठा पानी समुद्र में पहुंचकर खारा हो जाएगा। इससे आमजन को जल की त्रासदी से भी गुजरना पड़ सकता है।

दो दिन बाद बारिश की संभावना

अमृत विचार, लखनऊ : मौसम विज्ञान विभाग की ओर से एक बार फिर बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वैज्ञानिक का अनुमान है कि गरज और चमक के साथ बारिश हो सकती है। शुक्रवार को सुबह से ही तेज धूप रही। दो दिनों से चल रही तेज हवाओं की रफ्तार में कमी रही। ऐसे में धूप की सख्ती दोपहर बाद देखने को मिली। तेज धूप से राहगीर बचते हुए नजर आए। उधर मौसम अनुसंधान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक ने एक बार फिर बारिश की संभावनाएं जताई है। वरिष्ठ वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, दो दिनों के बाद गरज और चमक के साथ बारिश हो सकती है। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी का असर मैदानी क्षेत्रों में देखने को मिल सकता है।

सख्ती : 20 लोगों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- थाना प्रभारियों ने आपराधिक इतिहास वाले लोगों की रिपोर्ट पुलिस आयुक्त को भेजी

अमृत विचार : आपराधिक इतिहास वाले 20 लोगों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे। इसके लिये संबंधित कोतवाली व थाना प्रभारी ने पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर को रिपोर्ट भेजी है। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिये लखनऊ पुलिस प्रयासरत है।

राजधानी पुलिस चुनावी तैयारियों को लेकर सक्रिय है। इसके चलते सभी थाना क्षेत्रों में अपराधियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने 190 लोगों के लाइसेंसी असलहा जमा कराये हैं। इनमें 20 लाइसेंसधारक आपराधिक इतिहास वाले मिले हैं। इनके लाइसेंस निरस्त करने की संबंधित इंस्पेक्टरों ने पुलिस आयुक्त को रिपोर्ट भेजी है।

गुरुवार को विभिन्न थाना क्षेत्र में 61 लोगों के खिलाफ शांतिभंग और 1026 के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई। 224 व्यक्तियों को धारा 116 के तहत पाबंद किया गया है। पुलिस ने मतदान केंद्रों के आसपास के संदिग्ध मकानों स्थानों को चिन्हित किया है। विभिन्न इलाकों में आठ बनरेबल गांव चिन्हित किए गए हैं।

गुरुग्राम के नेचर वैली रिसॉर्ट का मालिक गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने पकड़ा
- आरोप : 900 अभ्यर्थियों के समक्ष यहीं पढ़ा गया था पर्चा

अमृत विचार : सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। मेरठ से गुरुग्राम पहुंची 11 सदस्यीय टीम ने गुरुग्राम के नेचर वैली रिसॉर्ट के मालिक सतीश धनकड़ को गिरफ्तार कर लिया। इसी रिसोर्ट में 900 अभ्यर्थियों के समक्ष पेपर पढ़ा गया था। धनकड़ की पत्नी का कहना है कि पति ने रिसॉर्ट लीज पर दे रखा है। पुलिस लीज पर रिसोर्ट लेने वाले को गिरफ्तार करे, मेरे पति का कोई दोष नहीं है।

रिसॉर्ट मालिक सतीश की पत्नी सरोज का कहना है कि पति सामाजिक व्यक्ति हैं। वह डाना गांव के सरपंच रह चुके हैं। जिस मामले में उन्हें गिरफ्तार किया गया है, उससे उनका कोई लेना-देना नहीं है। उनका गुनाह इतना है कि वह कागजों में रिसॉर्ट के असली मालिक हैं। एसटीएफ उनको जानबूझ कर परेशान कर रही है।

इस मामले में अब तक 70 लाख रुपये का घोटाला बताया जा रहा है। घोटाले में चाय-पानी का 90 हजार रुपये का भुगतान ऑनलाइन हुआ है। उनके पति इस मामले में लिप्त हैं, ऐसा एक भी साक्ष्य एसटीएफ के पास नहीं है। एफआईआर में नाम होने के कारण उनको गिरफ्तार किया गया है। रिसॉर्ट की देखभाल व उसे चलाने का 11 माह का करार उनके मैनेजर आदित्य पांडेय के नाम पर है। करार का 9 माह पूरा भी हो चुका है। दो माह अब भी करार बाकी है। उनको अदालत पर पूरा भरोसा है। वह जांच में पूरा सहयोग कर रहे थे। जांच में जल्द ही उनकी संलिप्ता का खुलासा हो जाएगा। उधर, एसटीएफ की छानबीन में पता चला है कि पेपर लीक में शामिल अभ्यर्थियों से सात-सात लाख रुपये लिए गए थे। वहां पर एकत्रित होने वालों की संख्या 900 से बताई जा रही है। अभ्यर्थियों को पार्क में रोका जा रहा था। 16 की शाम तक सब चले गए थे।

एसटीएफ को छानबीन के दौरान यह भी पता चला है कि जिस रिसॉर्ट को संचालक ने चलाने के लिए केयर टेकर को दिया है, उसी के बगल में उसका खेत है। अपने रिसॉर्ट में वह खेत आते-जाते समय आता रहता है। जिस समय गिरफ्तारी हुई वह उस दौरान भी खेत में था। पुलिस उसे बुलाकर रिसॉर्ट लाई। वहां से गिरफ्तार कर उसे मेरठ ले गई। एसटीएफ की छानबीन में पता चला कि अभ्यर्थियों की भीड़ में संचालक सतीश धनकड की फोटो कैमरे में कैद है।

एजेंसी के सुपरवाइजर की सेवा खत्म

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

- केजीएमयू में कुत्ते द्वारा कटा हाथ लेकर घूमने के मामले में नर्सिंग स्टाफ, वार्ड ब्वाय का भी स्थानांतरण

अमृत विचार : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) परिसर में कुत्ते द्वारा कटा हाथ लेकर घूमने के मामले में दो सुरक्षा कर्मियों की सेवा पहले ही समाप्त की जा चुकी है। जांच के बाद कार्यदायी संस्था के माध्यम से तैनात एक स्टाफ नर्स एवं वार्ड ब्वाय का स्थानांतरण करने के साथ ही बीएमडब्ल्यू एजेंसी के सुपरवाइजर की सेवा समाप्त कर दी गई है।

केजीएमयू के शताब्दी फेस -टू परिसर में 15 मार्च को कुत्ते के मुंह में इंसान का कटा हाथ देखकर हड़कंप मच गया था। लोगों ने कुत्ते को भगा कर घटना की जानकारी संस्थान प्रशासन को दी थी। घटना की फोटो भी वायरल हुई थी। जांच में पता चला था कि कटा हाथ हरदोई के सुमित का था। आरी मशीन से उसका हाथ कट गया था। कटे हाथ के साथ मरीज को लेकर परिजन केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर आए थे। प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने मरीज की जांच कर बताया कि यह हाथ जोड़ा नहीं जा सकता। इसके बाद मरीज को अन्य इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर के प्रथम तल स्थित सर्जरी विभाग में भर्ती कर लिया गया। परिजन ने कटा हुआ हाथ स्ट्रेचर से बांध रखा था, वहां से हाथ गायब हो गया था। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि जांच में सामने आया कि दो गार्डों की लापरवाही सामने आने के बाद उनकी सेवा समाप्त कर दी गई है। समिति की संस्तुतियों पर आकस्मिक चिकित्सा कक्ष के बायो मेडिकल मैनेजमेंट कार्यों हेतु उत्तरदायी, दोषी तीन कर्मचारियों नर्सिंग स्टाफ एवं वार्ड ब्वाय के स्थानांतरण की कार्रवाई की गई है। बीएमडब्लू एजेंसी के सुपरवाइजर और स्टाफ नर्स को तत्काल सेवा से मुक्त कर दिया गया है।

परियोजनाओं के निर्माण में बिल्डरों को साबित करना होगा भूमि का स्वामित्व

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रेरा ने परियोजनाओं का निर्माण करने पर की अनिवार्यता

अमृत विचार : प्रदेश में परियोजनाओं का निर्माण करने पर बिल्डरों को भूमि का स्वामित्व साबित करना होगा। यदि भूमि अन्य व्यक्ति या संस्था की है तो ज्वाइंट डेवलपमेंट एग्रीमेंट देना होगा।

उप्र भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने यह अनिवार्यता की है। दरअसल, बिल्डरों द्वारा स्वामित्व या पंजीकृत ज्वाइंट डेवलपमेंट एग्रीमेंट प्रस्तुत न करने पर परियोजना के पंजीकरण में समस्या आती है। साथ ही आवंटियों के पक्ष में विक्रय-विलेख में भी परेशानी होती है। इसे देखते हुए रेरा ने आदेश दिया कि बिल्डर जिस भूमि पर परियोजना का विकास प्रस्तावित करते हैं तो रेरा में पंजीकरण कराने के लिए विधिक स्वामित्व देना आवश्यक होगा।

यदि परियोजना की भूमि पर किसी अन्य व्यक्ति की है तो ऐसे भू-स्वामी की लिखित सहमति प्राप्त की जाएगी और भू-स्वामी के साथ रजिस्टर्ड ज्वाइंट डेवलपमेंट एग्रीमेंट निष्पादित कर शपथ-पत्र के साथ दिया जाएगा। यदि उस पर कोई भार या देनदारी है तो बिल्डर शपथ-पत्र के माध्यम से उसकी स्पष्ट घोषणा करेगा। अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि आवंटियों के हितों की सुरक्षा के लिए यह आदेश जारी किया गया है।

60 किलो घी, 90 लीटर सरसों का तेल सीज

- खाद्य सुरक्षा की टीम ने मिलावट की आशंका पर भरे 31 नमूने

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : खाद्य सुरक्षा विभाग ने अभियान चलाकर सरोजनी नगर में 60 किलो घी व रायबरेली रोड पर 90 लीटर सरसों का तेल पकड़ा। मिलावट की आशंका पर सीज कर दिया। साथ ही 12 प्रतिष्ठानों से नमकीन, काजू, पाउडर, बेसन आदि के कुल 31 सैंपल लिए।

शुक्रवार को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी सिंह के नेतृत्व में टीम ने शहर व ग्रामीण इलाकों के प्रतिष्ठान, गोदाम व मंडियों में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने आनन्दी हेल्थ फूड ट्रेडिंग सरोजनी नगर से चार टिन (60 किग्रा) घी पकड़ा और मिलावट की आशंका पर सीज कर दिया। कीमत करीब 26 हजार रुपये बताई गई। दूसरी तरफ, गुड मार्निंग रिटेल रायबरेली रोड पर सरसों का तेल (कोपल ब्रांड) 6 टिन (90 लीटर) सीज किया। 9900 रुपये कीमत बताई गई। दोनों के एक-एक सैंपल भी लिए गए।

शहर के एक गोदाम में खाद्य पदार्थ की जांच करती खाद्य सुरक्षा एवं औषधीय विभाग की टीम। अमृत विचार

कई प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर लिए गए सैंपल

कनिष्का स्वीट्स गोमती नगर नमकीन सेव, काजू बर्फी, न्यू आशीर्वाद स्टोर गोमती नगर पापड़ (कार्न) व हल्दी पाउडर, शॉप किराना ई ट्रेडिंग प्रालि अग्रवाल वेयर हाउस भिठौली क्रासिंग बेसन, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पावडर, हल्दी पाउडर, ग्रेनरी होलसेल प्रालि नवीकोट नन्दना बीकेटी से नम कैप्टन कुक, रागगोल्ड पामोलिन रिफाइंड, मखाना, सरसों तेल (आरोहुल कोल्हू ब्रांड), रोहिनी स्वीट् अयोध्या रोड से खोया, रिलांइन्स रिटेल लि. अयोध्या रोड से बेसन, नमकीन, राईस ब्रान आयल, घी, सरसों का तेल, असफाक टी एंडी लस्सी कार्नर रामगंज हुसैनाबाद से छेना, गुलाब जामुन, खोवा, पप्पू स्वीट्स एंड नमकीन हिन्दनगर कानपुर रोड से पनीर, मौर्या ढाबा ट्रान्सपोर्ट नगर से खोवा, वृन्धवासिनी बेकर्स रायबरेली रोड नमकीन, इमामी एग्रोटेक मोहनलालगंज से रिफाइंड पामोलिन आयल, कच्ची घानी सरसों तेल, हल्दी पाउडर, विशाल मेगा मार्ट मोहनलालगंज से रेड चिली पाउडर (इमली ट्री ब्रांड) व अडानी विल्मर मोहनलालगंज से राग ब्रांड रिफाइंड पामोलिन आयल के एक-एक सैंपल लिए गए।

पंडित खेड़ा में बने मतदान केंद्र, सत्यापन भी कराएं

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की सुविधा के लिए सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने पंडित खेड़ा बेसिक विद्यालय को मतदान केंद्र बनाने के साथ मतदाता सूची का पुनरीक्षण सत्यापन कराने की मांग की है। विधायक ने जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार को पत्र लिखा। अनुरोध किया कि मतदान केंद्र अलीनगर सुनहरा प्राथमिक विद्यालय की दूरी चार किमी है। इस वजह से क्षेत्र के बुजुर्ग, महिलाएं व बीमार व्यक्ति मतदान से वंचित रह जाते हैं। मतदाताओं की सुविधा को देखते हुए पास के पंडित खेड़ा बेसिक विद्यालय को मतदान केंद्र बनाया जाए। साथ ही मतदाता सूची का सर्वे कराकर नाम भी जोड़े जाएं। इससे मतदाताओं को परेशानी नहीं होगी और 100 फीसद मतदान होगा।

बिना किरायानामा रखा किरायेदार तो खैर नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सभी कोतवाली और थाना प्रभारी अभियान चलाकर कराएंगे किरायेदारों का सत्यापन

अमृत विचार : बिना किरायानामा और थाना से सत्यापन कराये किरायेदार रखने वाले मकान मालिक पुलिस की कार्रवाई की जद में आ सकते हैं।

जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने मकान मालिकों से किराये पर कमरा उठाने से संबंधित कानूनी प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूरी करने की चेतावनी दी है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को दो माह अभियान चलाकर बिना सत्यापन के रह रहे किरायेदारों की डिटेल एकत्रित करने के निर्देश दिये हैं। राजधानी में पूर्व में कई ऐसे मामले में आये हैं, जिनमें मकानों में किराये पर रहने वाले आरोपी ही चोर- लुटेरे निकले हैं। ऐसे मामलों को संज्ञान लेकर जेसीपी ने जो मकान मालिक किराये पर कमरे व फ्लैट उठाते हैं, उनसे बिना किरायानामा व किरायेदार का सत्यापन कराये किसी अनजान को नहीं रखने की बात कही है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की तारीखें घोषित कर दी गई हैं। लखनऊ में 20 मई को मतदान होगा। आचार संहिता के दौरान बाहरी व्यक्तियों का आवागमन होने से शान्ति व्यवस्था भंग की आशंका रहती है।

इसलिये मकान मालिकों को अपने किरायेदारों का सत्यापन कराना आवश्यक है। कोई घटना होने पर पाया जाता है कि मकान मालिक ने किरायेदार का सत्यापन नहीं कराया है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। बताया पिछले किरायेदारों के सत्यापन की संख्या एक वर्ष में दो गुना हो गयी है, लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में होना बाकी है।

ऑनलाइन सत्यापन फार्म की सुविधा

किरायेदार का सत्यापन फार्म ऑनलाइन भरने की सुविधा उत्तर प्रदेश पुलिस की बेवसाइट व यूपी कॉर्प ऐप और लखनऊ पुलिस की बेवसाइट पर उपलब्ध है। इससे किरायेदारों का सत्यापन ऑनलाइन कराया जा सकता है। फार्म भरने में समस्या पर हेल्पलाइन नम्बरों- 9454405232, 7309979797 पर संपर्क कर सकते हैं।

मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में बनाए गए 14 नए बूथ, करें मतदान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी।

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों को बताए आचार संहिता के नियम

अमृत विचार : जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में 14 नए बूथ बनाए गए हैं। सभी राजनीतिक दल मतदान के लिए लोगों को जागरूक करें। ये बातें शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता पालन करने संबंधित बैठक में कहीं। कहा, वीआईपी, वीवीआईपी, जज, मेयर, सांसद, विधायक, अधिकारी आदि गणमान्य व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में जांच लें और गलती होने पर फौरन अवगत कराएं।

नामांकन की प्रक्रिया 26 अप्रैल से लेकर 3 मई तक चलेगी। 20 मई को मतदान होगा। जबकि 4 जून को मतगणना होगी। इसके अनुसार, जनपद की कैलेन्डर आफ एक्टिविटी भी बना रहे हैं। सभी आदर्श आचार संहिता से संबंधित जानकारी अभी से कर लें। कोई संशय या भ्रम होने पर निर्वाचन कार्यालय से संपर्क करें। निर्वाचन से संबंधित अनुमतियां प्राप्त करने के लिए सुविधा पोर्टल और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायतें दर्ज कराने के लिए सी विजिल पोर्टल की जानकारी दी। बैठक में सीडीओ अजय जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुभी सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर, सिट्री मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ के साथ सभी राजनीतिक दल के पदाधिकारी रहे।

ऑनलाइन आवेदन कर बनें मतदाता :

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची का सतत पुनरीक्षण चल रहा है। जिन लोगों के नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़े हैं वह ऑनलाइन फार्म 6 द्वारा आवेदन करें। 1 अप्रैल 2024 को एक स्प्लीमेंट्री वोटर जारी होगी। इसमें अभी की अवधि के आवेदन होंगे। इस अवधि के दौरान केवल फार्म 6 के द्वारा नाम जोड़ने और फार्म 8 के द्वारा शिफ्टिंग के ही आवेदन किए जाएंगे। संशोधन और नाम विलोपन के लिए आवेदन नहीं किया जा सकेगा।

पहचान पत्र के यह विकल्प : आधार कार्ड, मनरेगा जॉबकार्ड, बैंक व डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज व केंद्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसद, विधायक,व अन्य विकल्प।

पहचान पत्र न होने पर आधार, पैन से कर सकेंगे वोट

लोकसभा चुनाव व विधानसभा के उपचुनाव के लिए मतदाता पहचान पत्र न होने पर 12 विकल्प से मतदान कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन व 136 ददरौल, 173 लखनऊ पूर्व, 292 गैंसड़ी व 403 दुद्धी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के उप निर्वाचन के लिए मतदाता को फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। लेकिन, जो मतदाता मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर सकते तो वह वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में कोई एक दिखाकर मतदान कर सकते हैं।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा
गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

एक नजर

विश्व गौरया दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : कालीचरण महाविद्यालय में विज्ञान संकाय की ओर से विश्व गौरया दिवस पर कार्यक्रम हुआ। गौरेया संरक्षण पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें से अनुष्का, निधि और जतिन ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों द्वारा चिड़ियों के लिए बर्ड हाउस भी लगाए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. चन्द्र मोहन उपाध्याय समेत अन्य मौजूद रहे।

प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक भेजने के निर्देश

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट के छात्रों की आयोजित हुई प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक समय से भेजने के निर्देश दिए गये हैं। ताकि परिणाम जारी करने में कोई दिक्कत न आने पाये। यूपी बोर्ड ने छूटे हुए परीक्षार्थियों को प्रयोगात्मक परीक्षा में शामिल होने के मौका इसी मार्च महीने में दिया था। ऐसे में अब इन परीक्षार्थियों के अंक फीडिंग किए जाने का निर्देश जारी किया गया है। ऐसे में भी सभी जिला विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि सभी परीक्षार्थियों के अंकों का ब्योरा भेजा जाए।

दंड के नाम पर वेतन न रोकें, काम नहीं किया तो कटौती कीजिए

शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने बेसिक शिक्षा अधिकारियों को जारी किया आदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित विद्यालयों में शिक्षकों, कर्मचारियों व बाबुओं का वेतन अब दंड के नाम पर नहीं रोका जाएगा। यदि कोई बिना सूचना अनुपस्थित रहकर वेतन लेने का प्रयास करता है, तो सभी तथ्यों के साथ जांच कर वेतन में कटौती की जायेगी। उसका रिकॉर्ड सर्विस बुक पर दर्ज होगा।

इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को नियमावली का हवाला देते हुए आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक उ.प्र. सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 1999 तथा उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी वर्ग नियमावली 1973 में वेतन अवरूद्ध करना किसी प्रकार के दण्ड के रूप में नियम नहीं है।

कंचन वर्मा, शिक्षा महानिदेशक

▸▸ अभी तक कार्रवाई के नाम पर अधिकारी शिक्षकों व कर्मचारियों का रोक देते थे वेतन

ई-सेवा पुस्तिका पर दर्ज होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई : शिक्षा महानिदेशक ने बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आदेशित किया है कि शासनादेशों तथा नियमावलियों के आलोक में शिक्षक व शिक्षिका या कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही को ई-सेवा पुस्तिका पर भी दर्ज किया जाए। ऐसा न करने पर बीएसए जिम्मेदार होंगे।

भ्रष्टाचार पर प्रहार : विभागीय अधिकारियों के मुताबिक, जिलों में जब शिक्षक व कर्मचारियों पर किसी भी प्रकार से दंडात्मक कार्रवाई की जाती है तो उसके नाम पर सबसे पहले वेतन रोका जाता है। कोर्ट भी कई बार विभाग से जवाब तलब कर चुका है कि वेतन किस आधार पर रोका गया है। वेतन रोका जाता है फिर बहाल हो जाता है। अब डीजी के आदेश के बाद वेतन रोकने व बहाली के नाम पर होने वाले भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सकेगा।

नियम पर ध्यान नहीं दिया तो अधिकारी भी होंगे दंडित

महानिदेशक के आदेश के मुताबिक, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद वेतन अथवा वेतन वृद्धि रोकी जायेगी। ऐसी कार्यवाही अत्यन्त गम्भीर प्रकरण में ही की जायेगी। आदेश में कहा गया है कि शासन के कार्मिक विभाग की ओर से निलम्बन एवं अनुशासनात्मक प्रक्रिया के अधीन व निर्धारित प्रपत्रों पर ही कार्यवाही की जाये। अन्यथा कार्यवाही करने वाले अधिकारी के विरूद्ध भी नियम विरूद्ध कार्य करने की कार्यवाही की जायेगी। किसी तात्कालिक प्रकरण में जिलाधिकारी की अनुमति से कर्मचारी को प्रतीक्षा में रखा जा सकता है। इसका स्थायी अनुमोदन निदेशक बेसिक शिक्षा द्वारा तथ्यों के आधार पर अनुमोदित किया जायेगा।

महानिदेशक को वेतन अवरुद्ध करने की मिली शिकायत

महानिदेशक को इस बात की शिकायत मिली थी कि विभागीय कार्यक्रमों में अपेक्षित परिणाम प्राप्त न होने के कारण या फिर विभागीय आदेशों की अवहेलना के कारण शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई के नाम पर वेतन अवरूद्ध किया जाता है। ये नियमावली के मुताबिक गलत है। महानिदेशक अपने आदेश में कहा कि बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 के शासनादेश में स्पष्ट है कि "वेतन या वेतन वृद्धि रोकना अनुशासनात्मक कार्यवाही की प्रकिया से शामिल होता है। अत: जब तक स्थापित नियमों के अधीन औपचारिक आदेश जारी न हो, किसी भी कार्मिक का वेतन अथवा वेतन वृद्धि को रोकी नहीं जाएगी। अन्यथा यह दायित्व निर्धारण का विषय होगा।

सिन्धी अकादमी ने किया संगोष्ठी का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश सिन्धी अकादमी द्वारा आजादी के वीर सपूत अमर शहीद हेमू कालानी के 101वें जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को इन्दिरा भवन में प्रासंगिकता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भगवान झूलेलाल तथा अमर शहीद हेमूकालानी की प्रतिमा पर अकादमी निदेशक अभिषेक कुमार, प्रकाश गोधवानी, हरीश वाधवानी, दुनीचन्द, प्रो. जीके लालचन्दानी द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

लविवि में 17 विषयों का परीक्षाफल घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से 17 विषयों का परीक्षाफल घोषित किया गया। इसमें एमपीएड, एमएससी, एमए, बीएससी, एमएड, नेप, बीबीए आदि विषय शामिल हैं। लखनऊ विवि और सहयुक्त महाविद्यालयों से संबद्ध विषयों के परीक्षाफल वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं।

पीएचडी के छह विषयों का रिजल्ट जारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा सत्र 2023-24 के अंतर्गत छह विषयों का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि उपलब्ध सीटों के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों का सीट अलॉटमेंट जारी किया जा रहा है। लॉगिन आईडी का प्रयोग करके 23 मार्च 27 मार्च तक अपनी फीस जमा करा सकते हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

राष्ट्रपति भारत सरकार की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

क्रम सं.-01, ई-निविदा सूचना सं.: टेण्डर नं. "50-जीकेपी-एमडब्लूएस-2023-24-1" निविदा कार्य का विवरण: "ओवरहालिंग एंड टेस्टिंग ऑफ 6672 नंबर्स बीएमबीसी सिलिंडर इन मेकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 16,07,952/-, धरोहर राशि (रू.में): ₹ 32,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: 19-04-2024, 11:00 बजे, संविदा की अवधि: 12 माह। **क्रम सं.-02,** ई-निविदा सूचना सं.: टेण्डर नं. "57-जीकेपी-एमडब्लूएस-2023-24" निविदा कार्य का विवरण: "डिसमेंटलींग, क्लीनिंग, रिपेयरिंग एण्ड रिफिटिंग ऑफ बायो-डाइजेस्टर टैक्स एंड हायरिंग ऑफ 03 नंबर्स फोर्कलिफ्ट फॉर ट्रांसपोर्टेसन ऑफ बायो-टैंक्स एट मेकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर" अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 2,47,08,960/-, धरोहर राशि (रू.में): ₹ 2,73,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ शून्य, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: 22-04-2024, 11:00 बजे, संविदा की अवधि: 24 माह।

• उपरोक्त ई-निविदाओं का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट *https://www.ireps.gov.in* पर देखें।

उप मुख्य यांत्रिक इन्जी./कार्य, यांत्रिक मुजाधि/यॉंत्रिक-141 कारखाना, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

आवश्यकता है

ग्रामीण भारत महिला महाविद्यालय
हाशमी नगर मथुरा, बलरामपुर

प्राचार्य– 1 पद, कला संकाय के अन्तर्गत, भूगोल, उर्दू विषय के
प्रवक्ता – 1, 1 पद विज्ञान संकाय के अन्तर्गत भौतिक विज्ञान तथा गणित विषय के प्रवक्ता–1, 1 पद
योग्यता– यू.जी.सी. एवं विश्वविद्यालय की परिनियमावली के अनुसार तथा प्राचार्य पद हेतु शिक्षण कार्य अनुभव 15 वर्ष।

इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिन के अन्तर्गत अपने समस्त अंकपत्र, प्रमाणपत्र तथा अन्य आवश्यक प्रपत्रों की छायाप्रति महाविद्यालय कार्यालय में प्रेषित करें।

भवदीय– प्रबन्धक
तहरीम अमल– मो0: 9839637230

लविवि के कुलपति आलोक कुमार राय के साथ छात्र। अमृत विचार

कॉफी विद वीसी में कल्याण मंत्रों का जाप

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के डीन छात्र कल्याण की ओर से कॉफी विद वीसी के विवि के विभिन्न विभागों के अंतर्राष्ट्रीय छात्र शामिल हुए। विषयवार छात्रों द्वारा सूचनाएं साझा की गईं। आयोजित कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शिक्षा और प्रेरणा के महत्व पर अपने विचार साझा किये। उन्होंने विश्वविद्यालय और इसकी भविष्य की योजनाओं के बारे में अपना दृष्टिकोण भी बताया। विदेशी छात्रों के पूछे गए प्रश्नों का उत्तर भी दिया गया। इस अवसर पर उत्सवों, जीवन शैली, खान-पान की आदतों, व्यंजनों और विभिन्न सांस्कृतिक जीवन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। छात्रों को विभिन्न व्यावसायिक और सांस्कृतिक पारिस्थितिकी प्रणालियों में समायोजन के लिए कुछ जीवन शैली मंत्र और व्यावहारिक सलाह दी गई। दर्शनशास्त्र में पीएचडी कर रही एक महिला बौद्ध भिक्षु ने कल्याण मंत्रों का जाप किया और खुशहाल परिसर जीवन के लिए प्रार्थना की।

हाईकोर्ट के फैसले के बाद बैठकों का दौर

अपर मुख्य सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ सहित अन्य ने की बैठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने शुक्रवार को यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को असंवैधानिक करार दिया। कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि मदरसों में पढ़ रहे छात्रों को अन्य स्कूलों में दाखिला दिलाए। कोर्ट का फैसला आने के बाद शासन में बैठकों का दौर शुरू हो गया। बैठकों में उच्चाधिकारियों के बीच तमाम से सुझाव दिए गए। आगे क्या होगा, इसको लेकर मंथन किया गया।

हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद दोपहर बाद बैठकें शुरू हो गईं। अपर मुख्य सचिव अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ मोनिका गर्ग ने अधीनस्थों के साथ बैठक की।

▸▸ कई अन्य अधिकारी भी हुए शामिल, देर शाम तक चला सुझावों का दौर

इसमें विभागीय व्यवस्थाओं को लेकर सूचनाएं साझा हुईं। आगे क्या किया जाना है, इसको लेकर सुझाव भी लिये गए। देर तक चले मंथन में रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी मौजूद रहीं। अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ की निदेशक जे. रीभा ने भी बैठक की। इसमें ज्वाइंट डायरेक्टर एसएन पाण्डेय शामिल हुए। छात्रों के दाखिले से लेकर अन्य विषयों पर चर्चा की गई। देर तक चली बैठक में रजिस्ट्रार से जानकारियां भी ली गईं।

सदस्य बोले, हमें प्रधानमंत्री की नीतियों पर विश्वास : बोर्ड सदस्य कमर अली कहते हैं कि न्यायालय के निर्णय को वे लोग स्वीकार करते हैं। उन्हें प्रधानमंत्री की नीतियों पर विश्वास है। जल्द ही नए रूप व्यवस्थाओं को समायोजित किया जाएगा। सदस्य इमरान अहमद, तनवीर और असद हुसैन भी नई व्यवस्थाओं के पक्ष में दिखे। कहते हैं कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जल्द ही शिक्षण कार्य और नीतियों को मूर्त रूप देंगे।

दांव पर लगा डेढ़ लाख छात्रों का भविष्य

यूपी मदरसा बोर्ड में इस बार करीब डेढ़ लाख छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। इसमें मुंशी, मौलवी, आलिम, फाजिल और कामिल परीक्षार्थी सम्मलित हुए। एकल परीक्षा में सम्मलित छात्र भी थे। ऐसे में ईद के बाद आने वाले परिणामों को लेकर देर शाम तक संशय बरकरार रहा। मदरसा बोर्ड की रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी का कहना है कि उच्चाधिकारियों द्वारा लिए गए निर्णय के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

छात्र और शिक्षकों का क्या होगा

मौलाना सैफ अब्बास कहते हैं कि वे न्यायालय के फैसले का पूरी तरह से सम्मान करते हैं। बताते हैं कि मदरसा अधिनियम मौलवियों ने नहीं बल्कि शासन द्वारा बनाया गया है। मदरसों में लाखों की संख्या में पढ़ रहे छात्रों और शिक्षकों का क्या होगा, ये चिंता का नहीं, चिंतन का विषय है। सुझाव देते हुए कहते हैं कि जरूरत पड़े तो आगे न्यायालयों की शरण ली जा सकती है। उधर पुराने शहर में रहकर पढ़ने वाले छात्रों ने आने वाले परिणामों को लेकर चिंता जताई है।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

RAVI CHILDREN'S ACADEMY
Situation Vacant
Apply offline for the following posts....

S.No	Post	Qualification
1	Principal	Post Graduate with B.Ed., Min. 5 Years' Experience of teaching as P.G.T, Knowledge of Administration & Child pedagogy
2	Sport Teacher/ P.T.I	M.P.Ed., Achievement & Certificates in the field of Sport / Game at District/ State/ National level
3	Hindi/ Sanskrit (P.G.T)	Post Graduate with B.Ed. in relevant subject / Acharya (Sanskrit), C.T.E.T
4	Geography (P.G.T)	Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T
5	History (P.G.T)	Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T
6	Primary Teacher (Play Group)	Graduate & N.T.T.+ D.El.Ed.
7	Lab. Asst.	B.Sc.(Physics, Chemistry, Biology)
8	Office Asst. (Computer Operator)	B.Com with O- Level, Tally, Erp (Preference to Female Candidate)
9	Receptionist	Female (graduation with good communication skill in English)
10	Aaya	High School with interest in child care

Note: Apply offline with detailed resume and relevant supportive documents till **Friday, 5 April 2024**
Date of interview: **Sunday, 7 April 2024**
Address: Ravi Children's Academy, Near Dukh Haran Nath Temple, Patel Nagar, Gonda- 271001
Contact No – 9450944999

सार-संक्षेप

स्मार्ट प्रीपेड मीटर में चीन निर्मित उपकरण लगाने का विरोध

अमृत विचार, लखनऊ : बिजली उपभोक्ताओं के घर लगाने के लिए खरीदे जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अंदर चीन निर्मित कंपोनेंट (उपकरणों) के अनुमोदन का मामला तूल पकड़ने लगा है। चीनी उपकरण वाले स्मार्ट मीटर अनुमोदित करने वाली यूपी की बिजली कंपनियों ने मीटर निर्माता कंपनियों को पत्र लिखकर संशोधित गारंटेड टेक्निकल पार्टिकुलर (जीटीपी) मांगा है। विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने इस मुद्दे पर शुक्रवार को पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष कुमार गोयल से बात की। उनसे कहा कि भारत सरकार के स्पष्ट आदेश के बाद भी सीमा से सटे देशों से बिना अनुमति कोई उपकरण नहीं खरीदने का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। बिना अनुमति लिए ही बिजली कंपनियों ने चीन निर्मित उपकरणों के साथ स्मार्ट मीटर को अनुमोदित कर दिया है। नियमों के मुताबिक, मीटर के अंदर न्यूनतम 50 से 60 फीसदी उपकरण भारतीय होने चाहिए। उन्होंने बताया है कि यह मुद्दा उछलने के बाद बिजली कंपनियों ने निर्माता कंपनियों से सवाल-जवाब किया है तो कंपनियां यह कह रही हैं कि चीन निर्मित उपकरणों को शत प्रतिशत हटाने पर लागत प्रभावित होगी। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम को मीटर देने के लिए जिम्मेदार कंपनी ने संशोधित जीटीपी भेजकर नये सिरे से अनुमोदन मांगी है।

लविवि में आयोजित कार्यक्रम में शपथ लेते भूगर्भ वैज्ञानिक व अन्य। अमृत विचार

जल-संरक्षण पर जागरूकता की शपथ ली

अमृत विचार, लखनऊ : विश्व जल संरक्षण को लेकर लखनऊ विवि सहित अन्य विवि में विविध आयोजन किये गए। विशेषज्ञों ने जल संरक्षण के लिए जागरुक कर अपनी राय दी और छात्रों प्रस्तुतिकरण किया। छात्रों को जल संरक्षण की ओर कदम बढ़ाकर कुछ नया करने की शपथ भी दिलाई गई। भूगर्भ वैज्ञानिक प्रो. अजय मिश्र ने जल को स्वच्छ रखने के तरीके बताए। डॉ. शिखा सिंह ने शिक्षकों के माध्यम से छात्रों को शपथ दिलाई। डॉ. ओमेन्द्र कुमार यादव, छात्र, शिक्षक एवं शोधार्थी मौजूद रहे। ख्वाजा मोईनुद्दीन भाषा विवि में हुए कार्यक्रम में जल संरक्षण पर विशेषज्ञों ने राय प्रस्तुत की। बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि सहित अन्य विवि में भी आयोजन हुए।

एकेटीयू में स्थापित होंगे वेलनेस सेंटर

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने अपने संबद्ध संस्थानों को वेलनेस सेंटर स्थापित करने को कहा है। परिसर में स्थापित सेंटर छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक स्थिति को मजबूत करेगा। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि एआईसीटीई ने संस्थानों में छात्रों के लिए बेहतर माहौल प्रदान करने के लिए वेलनेस सेंटर स्थापित करने का निर्देश दिया है। साथ ही परिसर में हैपिनेस को बढ़ावा देने के प्रचार-प्रसार के लिए हैपिनेस रैंकिंग योर वन लाइफ एप पर घोषित किया जाएगा।

27वां महावीर पुरस्कार समारोह आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : भगवान महावीर फाउंडेशन की ओर से दिया जाने वाला महावीर पुरस्कार का 27वां समारोह हुआ। समारोह में राधा सुरभि गौसेवा ट्रस्ट को अहिंसा और शाकाहार व परोपकारी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक सुगलचंद जैन ने बताया कि मथुरा के राधाकुंड में इस गौ सेवा ट्रस्ट के प्रतिनिधि को 10 लाख रुपये, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह दिया गया। पुरस्कार के लिए देश भर से 383 नामांकन हुए थे। पुरस्कार विजेता चयन समिति में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएन वेंकटचलैया की अध्यक्षता में कई प्रमुख जूरी सदस्य रहे।

एलएलबी के छात्र की लखनऊ विवि में नो - एंट्री

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में एलएलबी के छात्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आरोप है कि एलएलबी के छात्र ने पूर्व में भी हंगामा किया था, जिसके चलते उसे विवि की प्रशासनिक कार्रवाई का सामना करना पड़ा था। फिलहाल कुलानुशासक ने आदेश पारित करते हुए छात्र की विवि में आवाजाही पर पूरी तरह से रोक लगा दी है।

लखनऊ विवि के एलएलबी ऑनर्स के छात्र हर्षित सिंह पर मारपीट और हंगामा किए जाने का आरोप है। कुलानुशासक प्रोफेसर राकेश द्विवेदी का कहना है कि चंदौली जनपद निवासी हर्षित सिंह ने वर्ष 2022 में 6 सितंबर को विवि में बवाल करते हुए मारपीट की थी। इसमें उसे प्रशासनिक कार्रवाई का सामना करना पड़ा था। उस समय हर्षित ने आगे से अनुशासन हीनता न करने का शपथ पत्र दिया लेकिन हर्षित द्वारा फिर नियमों का उल्लंघन किया गया। 13 जनवरी को सायंकाल परीक्षा समाप्ति के पश्चात एलएलबी के छात्र हर्षित द्वारा साथियों के साथ मिलकर मारपीट की गई। ऐसे में उसे छात्रत्व से निलंबित कर दिया।

1 अप्रैल से नए शैक्षिक सत्र की विभागीय तैयारी पूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित सरकारी विद्यालयों में एक अप्रैल से नया शैक्षिक सत्र शुरू हो जायेगा। इस बार बच्चों को स्कूल खुलते ही नई किताबे उलब्ध हो जायेंगी। शिक्षा महानिदशेक कंचन वर्मा के आदेश पर इस बार काफी पहले ही किताबों के छपने की प्रक्रिया को पूरा किया गया है। कई जनपदों में किताबें पहुंच चकी हैं, वहीं जहां नहीं पहुंची हैं वहां भेजने की प्रक्रिया जारी है।

इस संबंध में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश दिए गये हैं कि स्कूलों में वाहनों के द्वारा किताबों को पहुंचाने की प्रक्रिया पूरी की जाये ताकि 1 अप्रैल को शुरू होने वाले नये सत्र में बच्चों को किताबें दी जा सकें। बता दें कि शैक्षिक सत्र 2023-24 में सभी विद्यालयों में 1.92 करोड़ बच्चों की संख्या है। इसी आधार पर अभी बच्चों के लिए नये शैक्षिक सत्र 2024-25 में पंजीकृत होने वाले बच्चों के लिए किताबों की व्यवस्था की गई है।

न्यू एजुकेशन पॉलिसी पर रहेगा जोर

नये सत्र में विभाग की ये कोशिश है कि न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत भी विद्यालयों में बच्चों को शिक्षा प्रदान की जाये। इस संबंध में विद्यालयों को प्रशिक्षण दिए जाने का कार्य मार्च के महीने में ही डायट स्तर पर आयोजित ट्रेनिंग में पूरा कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि नये सत्र से अहम विषय जैसे गणित, विज्ञान, अंग्रेजी जैसे विषय में बच्चे पढ़ने में मजबूत हो सकें इस पर ध्यान दिया जायेगा।

चेक होंगे स्कूल के 19 पैरामीटर

वहीं शिक्षा महानिदेशक की ओर से जारी पूर्व में आदेश के मुताबिक विद्यालयों में सभी अधूरे पड़े कार्यों को 31 मार्च तक पूरा करना होगा। इसमें बाउंड्रीवाल से लेकर पेयजल व शौचालय की व्यवस्था को भी दुरुस्त करने का निर्देश है। कायाकल्प सहित 19 पैरामीटर पर विद्यालयों में कार्य कराये गये हैं। इन सभी कार्यों को भौतिक तौर पर अप्रैल माह के पहले सप्ताह में ही जांचा परखा जायेगा।

वीबा का पहला सम्मेलन आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स यूपी चैप्टर की महिला सदस्यों के व्यावसायिक संगठन वुमन इन बिजनस अलाइन्स (वीबा) का पहला सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में तय हुआ कि वीबा महिलाओं को उनके क्षेत्र में सशक्त बनाने और उनके उत्पादों की विपणन में सहायता प्रदान करने के लिए काम करेगा। वक्ताओं ने महिलाओं के उत्पादों व सेवाओं को प्रदर्शित करने के लिए नई व अधिक ऊर्जा देने के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की।

गोमतीनगर पीएचडी हाउस में हुए सम्मेलन की मुख्य अतिथि ललित कला अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने महिलाओं को संबोधित कर उनके उद्यमों में आने वाली समस्याओं को सरकार व वीबा की सामूहिक भागेदारी से निस्तारित करने की बात कही। बैठक में वीबा की अध्यक्ष कविता निगम, सह अध्यक्ष शिखा सिन्हा, पीएचडीसीसीआई यूपी चैप्टर के निदेशक अतुल श्रीवास्तव, फैशन डिजाइनर असमा हुसैन, हिना शिराज, सिम्मी शाह, रीना भार्गव आदि रहीं। यहां महिला उद्यमियों से संबंधित उत्पादों और सेवाओं को जिला से राज्य और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने पर चर्चा हुई।

सुभाष चौराहे पर केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन कर रहे आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को ले जाती पुलिस।

केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी के द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को परिवर्तन चौराहे पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा और ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

भाजपा कार्यालय घेरने जाते समय पुलिस बल ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम के पास बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक लिया। इस दौरान पुलिस और आप कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक भी हुई। पुलिस ने आचार संहिता का उल्लंघन करने को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। वहीं कुछ कार्यकर्ताओं को पकड़कर वैन में भरकर ईको गार्डन भेज दिया गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैं प्रदीप कुमार (Pradeep Kumar) अपने पुत्र मोहित कापड़ी के आर्मी नं. –4207909के, नि.–निकट गोरिल्ला मंदिर, न्यू कालोनी रई, पो.ओ. सिलथाम, पिथौरागढ़, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम प्रदीप कुमार कापड़ी है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में प्रदीप कुमार दर्ज किया जाये।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र राहुल कुमार व उसकी पत्नी सुनीता का चाल–चलन, आचरण व व्यवहार ठीक न होने के कारण उससे अपना सारा सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं और अपने पुत्र राहुल कुमार व उसकी पत्नी सुनीता को अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। **जगदीश प्रसाद गुप्ता पुत्र रामप्रसाद गुप्ता निवासी– ग्राम पूरे मोहम्मद नेवाज, पोस्ट भनौली, थाना कोतवाली व तहसील मुसाफिरखाना, जिला अमेठी, उ0प्र0**

सूचना

मैं रुक्मणि देवी (Rukmani Devi) अपने पुत्र मोहित कापड़ी के आर्मी नं. –4207909के, नि.–निकट गोरिल्ला मंदिर, न्यू कालोनी रई, पो.ओ. सिलथाम, पिथौरागढ़, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम रुक्मणि कापड़ी (Rukmani Kapri) दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में रुक्मणि देवी (Rukmani Devi) दर्ज किया जाये।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **मनोज कुमार यादव पुत्र विजय कुमार, निवासी– 549/213/1, बड़ा बरहा, थाना आलमबाग, लखनऊ** मैने अपने पुत्र सुमन यादव जोकि अपराधिक प्रवृत्ति का है एवं मेरे कहने–सुनने में नहीं है वह मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अमर्यादित व्यवहार करता रहता है, इसके कृत्यों से परेशान होकर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति के बेदखल करता हूँ। और भविष्य में उसके द्वारा किये गये कृत्यों के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होगा, मुझसे व मेरे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता व सरोकार न होगा।

सूचना

सूचित हो कि मेरे सैन्य सर्विस रिकार्ड में माता का नाम मुन्नी सिंह है व जन्मतिथि 01.07.1965 है जो गलत है इनका अन्य अभिलेखों में मुन्नी देवी व जन्मतिथि 01.01.1953 है जो सही है और पिता की जन्मतिथि 01.07.1958 है जबकि सही जन्मतिथि 01.01.1950 है। मेरे सैन्य अभिलेखों में यही दर्ज किया जाये। **प्रदीप कुमार सिंह पुत्र जगदीश सिंह, नि0 ग्रा0 सिसैया, पो0–पातुपुर, रानीपुर, बहराइच।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की गाटा संख्या 472 ग्राम मेला रायगंज तहसील सिरौलीगौसपुर बैनामा 1782/12 क्षेत्रफल 2496 वर्ग फुट मधुबाला पत्नी पवन कुमार का बैनामा खो गया है। जिस भाई को पता चले इस नंबर–9450191318 पर सूचित करें। **निवेदक– मधुबाला पत्नी पवन कुमार**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम SHEIKH AJAZ AHMAD से बदलकर AJAZ AHMAD रख लिया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाये। AJAZ AHMAD S/O: SHABAN ALI R/O: 89/26, SHUTUR KHANA, MAQBOOLGANJ, LUCKNOW

एक नजर

होली के बाद वंदे भारत का सफर होगा शुरू

अमृत विचार : लखनऊ और देहरादून के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री ने वर्चुअल किया था। होली के बाद यह ट्रेन नियमित रूप से सप्ताह में 6 दिन चलाई जाएगी। लखनऊ-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रियों का सफर में समय कम लगेगा। लखनऊ से देहरादून की दूरी तय करने में 8 घंटे 20 मिनट का समय लगेगा। वहीं अन्य ट्रेनें इस दूरी को तय करने में 11 से 12 घंटे का समय लगता है। लखनऊ-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन के लिए रेलवे ने समय सारिणी जारी कर दी है। इस ट्रेन में सीट बुकिंग खोल दी गई हैं। सोमवार को इस ट्रेन का संचालन नहीं किया जाएगा। लखनऊ जंक्शन-देहरादून भारत ट्रेन लखनऊ जंक्शन से सुबह 5 :15 बजे चलकर बरेली से सुबह 8 :35 बजे, मुरादाबाद से 9 :57 बजे व हरिद्वार से दोपहर 12 :15 बजे छूटकर देहरादून 1 :35 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन 22546 वंदे भारत एक्सप्रेस देहरादून से 26 मार्च से ही दोपहर 2 :25 बजे चलकर हरिद्वार से दोपहर 3 :31 बजे, मुरादाबाद से शाम 5 :45 बजे, बरेली से शाम 7 :05 बजे छूटकर लखनऊ जंक्शन रात 10 :40 बजे पहुंचेगी।

मज़दूरों के बच्चों संग खेली होली

अमृत विचार, लखनऊ : स्वयं सिद्धा वेलफ़ेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने मज़दूरों के बच्चों के साथ होली खेली और उन्हें उपहार में टी-शर्ट गुझिया, गुलाल और टॉफी दिए। संस्था की अध्यक्षता माया यादव ने कहा कि कोई भी उत्सव तब तक पूरा नहीं होता, जब तक हम इसे दूसरों के साथ साझा नहीं करते। कार्यक्रम ओमैक्स फांउडेशन ओमैक्स रेजीडेंसी में आयोजित हुआ।

सभी ट्रेनें फुल, अब रोडवेज का सहारा

होली पर घर पहुंचने के लिए बसों और ट्रेनों में जुटने लगी भीड़, शताब्दी छोड़कर सभी में लंबी वेटिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी, बिहार, दिल्ली, सहित अन्य प्रदेशों के लिए यात्रियों ने रवानगी शुरू कर दी है। ऐसे में यूपी-बिहार जाने वाली अधिकांश ट्रेनें फुल होकर चल रहीं हैं। इसी के चलते रेलवे यूपी-बिहार के लिए होली स्पेशल ट्रेनें भी चला रहा है। दिल्ली, देहरादून से आने और यहां से जाने वाली ट्रेनें फुल हो गई हैं। एक-दो ट्रेनों को छोड़ दें तो सभी में लंबी वेटिंग चल रही है। इसके चलते बसों में भीड़ बढ़नी शुरू हो गई है। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रोडवेज ने कई रूटों पर बसें बढ़ा दी हैं। ट्रेनों में सबसे ज्यादा दबाव लंबी दूरी की ट्रेन उपासना, राप्तीगंगा और जनता एक्सप्रेस में है, इनमें होली से पहले और होली के बाद लंबी वेटिंग चल रही है। दिल्ली ट्रेनें भी फुल होने लगी हैं। शताब्दी को छोड़कर बाकी सभी में वेटिंग चल रही है।

रोडवेज ने यात्रियों को भीड़ को देखते हुए कई रूटों पर बसें बढ़ानी शुरू कर दी हैं। महाप्रबंधक (संचालन) दीपक जैन ने बताया कि सबसे ज्यादा दबाव दिल्ली और चंडीगढ़ रूट पर होता है। इन रूटों पर यात्रियों की उपलब्धता के अनुसार बसें बढ़ाई जा रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कर्मचारियों की कमी से बसें खड़ी ना हों, इसके लिए विशेष प्रोत्साहन योजना निकाली गई है।

होली के त्योहार को लेकर चारबाग रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करती गंतव्य को जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़। अमृत विचार

एक फेरे के लिए चलाई गई नई दिल्ली-गोरखपुर जं. होली स्पेशल

अमृत विचार, लखनऊ : होली पर्व पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने एक और नई दिल्ली-गोरखपुर जं. होली स्पेशल ट्रेन संचालन करने का निर्णय लिया है।

उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक रेखा शर्मा ने बताया कि ट्रेन नंबर-04016 नई दिल्ली-गोरखपुर जं. होली स्पेशल 22 मार्च को नई दिल्ली से रात्रि 11 :45 बजे रवाना की गई। गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ अगले दिन यानी 23 मार्च को सुबह 8 :45 बजे बाराबंकी, गोंडा, बस्ती होते हुए गोरखपुर दोपहर 1 :30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 04015 गोरखपुर जं.-नई दिल्ली होली स्पेशल 23 मार्च को गोरखपुर जंक्शन से दोपहर 4 बजे प्रस्थान करेगी। लखनऊ रात्रि 8 :55 बजे नई दिल्ली अगले दिन सुबह 5 :30 बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन में वातानुकूलित 3 टियर-1 कोच, स्लीपर-3 कोच, सामान्य श्रेणी-18 कोच व एसएलआर-2 कोच कुल 24 कोच है।

वंदेभारत में उपलब्ध सीटें

देहरादून से हावड़ा जाने वाली ट्रेन के स्लीपर क्लास में 23 मार्च को 165, 27 मार्च को 65 और 30 को 83 की वेटिंग चल रही है। दून से वाराणसी जाने वाली जनता के स्लीपर क्लास में 21 को 98, 22 को 143 और 24 को 49 की वेटिंग चल रही है। गोरखपुर जाने वाली राप्तीगंगा की स्लीपर क्लास में 21 को 126 और 26 मार्च को 61 की वेटिंग चल रही है। देहरादून-लखनऊ के बीच 26 मार्च से वंदे भारत एक्सप्रेस चलेगी। इसकी ऑनलाइन टिकट बुकिंग शुरू हो गई है। देहरादून से लखनऊ और लखनऊ देहरादून आने वाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है, वहीं, वंदेभारत में 26 मार्च को छोड़कर बाकी आगे सभी दिनों में सीटें खाली चल रही हैं।

- ट्रेनों में सबसे ज्यादा दबाव लंबी दूरी की ट्रेन उपासना, राप्तीगंगा और जनता एक्सप्रेस में
- रोडवेज ने कई रूटों पर बसें बढ़ानी शुरू कीं

पद्मावत व अयोध्या एक्सप्रेस में लगेंगे स्लीपर कोच

यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा गाड़ियों में अस्थाई रूप से अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है। ट्रेन नंबर-14207 पद्मावत एक्सप्रेस 23 से 27 मार्च तक एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाया जाएगा। वापसी में ट्रेन नंबर 14208 पद्मावत एक्सप्रेस में 26 से 30 मार्च तक अतिरिक्त कोच लगाया जाएगा। इसी तरह से ट्रेन नंबर 14205 अयोध्या एक्सप्रेस 25 से 29 मार्च तक और ट्रेन नंबर 14206 अयोध्या एक्सप्रेस में 24 से 28 मार्च तक एक स्लीपर कोच लगाया जाएगा।

बस अड्डों से नॉनस्टॉप बस सेवा का संचालन शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- होली की भीड़ को देखते हुए रोडवेज ने उठाया कदम

अमृत विचार : होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए परिवहन निगम प्रशासन ने 22 मार्च को लखनऊ से 305 अतिरिक्त बसों की सेवाएं शुरू की हैं। ये लखनऊ के चारबाग, आलमबाग, कैसरबाग और अवध बस अड्डे से रवाना की गईं। होली स्पेशल बसें बस अड्डे से यात्री भर कर नॉन स्टाप एक जगह से दूसरी जगह को चल रही हैं। इससे छोटी दूरी के यात्रियों के सफर में समय कम लग रहा है। साथ ही इससे बसों के फेरे बढ़ रहे हैं, जिससे अधिक यात्रियों को इसका लाभ मिल रहा है। होली पर शुक्रवार से यात्रियों की भीड़ शुरू हो गई।

क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि 23 मार्च से 1 अप्रैल तक परिवहन निगम के अफसर-कर्मचारी और चालक-परिचालक अलर्ट पर रहेंगे। आठ-आठ घंटे की तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो यात्रियों की मदद के लिए मौजूद रहेंगे। राजधानी में आलमबागा, कैसरबाग, चारबाग और अवध बस स्टेशन से बड़ी संख्या में यात्री आवागमन करेंगे। इसे देखते हुए यात्री मित्र की तैनाती हर बस अड्डों पर है।

लखनऊ से दिल्ली, बनारस, गोरखपुर, झांसी, अलीगढ़, प्रयागराज, ऊंचाहार, अयोध्या, कानपुर, इटावा, बरेली, आजमगढ़, बलिया के बीच सर्वाधिक यात्री होने का दावा ऐसे में परिवहन निगम प्रशासन ने इन शहरों के बीच नॉन स्टाप बसों की सेवाएं संचालित करेगा। कैसरबाग बस अड्डे से गोंडा, बहराइच, बलरामपुर की बसें संचालित होंगी। दिल्ली, मुंबई और पंजाब की ट्रेनों से लखनऊ आकर इन शहरों के बीच बसों से घर तक जाने वाले यात्रियों को कैसरबाग बस अड्डे से बसें मिलेंगी।

इन नंबरों पर फोन कर ले सकते हैं जानकारी

- अवध बस अड्डा- 9532404231, 9451682423, 8887736791
- आलमबाग बस अड्डा- 8317013195, 9452970406, 9451249171
- कैसरबाग बस अड्डा- 9889137807, 9198257310, 9450024739,
- चारबाग बस अड्डा- 9450368626, 8318549907

कुर्मांचल नगर स्थित उत्तराखंड महापरिषद भवन के प्रेक्षागृह में अवध सांस्कृतिक उत्सव के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

कलाकारों ने मंच पर जीवंत की होली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उत्तराखण्ड महापरिषद भवन में अवध सांस्कृतिक उत्सव आयोजित

अमृत विचार : स्वर इंडिया एसोसिएशन के कलाकारों ने कुर्मांचल नगर स्थित उत्तराखण्ड महापरिषद भवन के मोहन सिंह बिष्ट प्रेक्षागृह में अवध सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया। होली और रामनवमी से पहले किया गया यह आयोजन लोकरंग में रंगा और राममय दिखाई दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के अध्यक्ष कर्नल हर्षवर्धन गुप्ता और सचिव हेम सिंह ने दीप प्रज्जवलन के साथ की और संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। निवेदिता बनर्जी की राम स्तुति ठुमक चलत रामचंद्र बाजत पैजनिया से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विधिवत शुरुआत हुई। अवधी लोक नृत्य बदरिया घेर आयी ननदी की प्रस्तुति में दर्शनीय रही।

देवी सरस्वती की स्तुति शिंजनी सरकार ने राग हिण्डोलम् पर भावमय नृत्य गतियों में पेश किया। अवधी गायन और लोकगीतों की छठा सुष्मित त्रिपाठी, स्वेच्छा वर्मा, अंजुली श्रीवास्तव, शुभांकी सिंह आदि ने सबपे चढ़ा भगवा रंग और होली गीत श्याम तेरी बंसी मेरा नाम रटते जैसे रसमय गीतों के माध्यम से होली की छटा बिखेरी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के क्रम में डांडिया लोक नृत्य के संग मिश्रित पहाड़ी नृत्यों की झलक कलाकारों ने हिमगिरि थानाये हेमलते जैसे गीतों पर दिखायी। प्रस्तुति की परिकल्पना एवं संगीत निर्देशन हेम सिंह का, नृत्य सहयोग और परिधान परिकल्पना स्वरूपा सिंह व हरितिमा पंत ने की।

मेट्रो स्टेशन पर गूंजे होली के लोकगीत

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ मेट्रो ने शुक्रवार को हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर 'अवध में होली' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत होली के लोकगीत से हुई, जिसमें मान्सी रघुवंशी ने गीत-संगीत से समां बांधा। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए क्रिश्चियन कॉलेज से हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ऋषि कुमार, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. पीसी सरकार, अध्यापिका एवं कवियत्री डॉ. सुधा मिश्रा ने रंगविमर्श किया, वहीं अवध में खेली जाने वाली होली पर विस्तार से चर्चा हुई।

गोमतीनगर स्थित संगीत भवन परिसर में आयोजित फागोत्सव में मौजूद हुरियारों का समूह।

फागोत्सव में हुरियारों ने मचाया धमाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लोक संस्कृति शोध संस्थान की ओर से फागोत्सव के तहत चल रही संगीत बैठकी के तीसरे दिन शुक्रवार को गोमतीनगर स्थित संगीत भवन परिसर में हुरियारों ने जमकर फाग गाया तथा एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। ओ रे भाई फागुन लगेचे बोने बोने जैसे बांग्ला होली गीतों के साथ अवधी, ब्रज व भोजपुरी के पारम्परिक गीतों से होली की बैठकी गुलजार हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत सौम्या गोयल ने कन्हैया संग चलो गुईयां आज खेलें होली से की। संगीत भवन की निदेशक निवेदिता भट्टाचार्य एवं अंतरा के निर्देशन में हुरियारों ने बांग्ला, ब्रज, अवधी और भोजपुरी फाग गीतों से माहौल को फागुनी बनाया। गीतकार सौरभ कमल ने पहुना होली तापै आयो जनकपुर मा सुनाया। कलाकारों में सौम्या गोयल, सोनिया धर्मपाल, शिल्पी साहू, सुमन मिश्रा, नेहा प्रजापति, स्नेहा, किंजल, नव्या दवे, संस्कृति, मिहिका गांगुली, अविका गांगुली, शीर्षा अग्रवाल, अम्या सिंह, आद्रिका मिश्रा, अथर्व श्रीवास्तव, अव्युक्ता, कर्णिका सिंह, अनिष्का सर्राफ, गुनाश्री आर, वानी सिन्हा, सीमा सर्राफ, विवान दवे, शिवान, सम्यक, शिनॉय आदि प्रमुख रहे। इस अवसर पर संस्कृतिकर्मी बाबू सिंह सिसौदिया, डॉ. एसके गोपाल आदि मौजूद रहे।

विशेष ट्रेनों से आसान होगी लौटने की राह

26 से 31 तक करीब 27 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा रेलवे प्रशासन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : होली पर घर आए लोगों ने वापसी की तैयारी भी शुरू कर दी है। वे ट्रेनों में सीटें खोज रहे हैं। इन यात्रियों को सुविधा देने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे ने होली के बाद 26 से 31 मार्च तक विशेष ट्रेनें संचालित करने की तैयारी की है। लखनऊ से चलने और गुजरने वाली करीब 27 जोड़ी विशेष ट्रेनें हैं, जो होली बाद वापसी करने वालों का सफर आसान करेंगी। इस सिलसिले में रेलवे प्रशासन ने ट्रेनों की तारीख के साथ खाली सीटों का ब्यौरा जारी किया है। लखनऊ से विशेष ट्रेनों से यात्री दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़, अमृतसर, छपरा, टनकपुर, लालकुआं, सिकंदराबाग, पुणे के बीच सफर आसानी से कर सकेंगे। विशेष ट्रेनों में खाली सीटों की बुकिंग शुरू हो गई।

पोत्तनूर से 29, मऊ से 2 अप्रैल को चलेगी ट्रेन

रेलवे मऊ-पोत्तनूर से विशेष ट्रेन चलायेगा। ट्रेन नंबर 06091 पोत्तनूर से 29 मार्च को शाम 4 .30 बजे चलकर तीसरे दिन ऐशबाग से दोपहर 1 .20 बजे पहुंचेगी। यहां से रवाना होकर मऊ रात 10 .30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 06092 मऊ से 26, 29 मार्च व दो अप्रैल मऊ से शाम 6 .30 बजे चलकर दूसरे दिन ऐशबाग से तड़के 4 .05 बजे पहुंचकर तीसरे दिन रात 11 बजे पोत्तनूर पहुंचेगी।

इन तारीखों में चलेंगी विशेष ट्रेनें, खाली हैं सीटें

- ट्रेन नंबर 05115 छपरा से दिल्ली 27 मार्च को
- ट्रेन नंबर 05053 गोरखपुर से दिल्ली 29 व 31 मार्च को
- ट्रेन नंबर 05097 टनकपुर से दौराई 27 व 29 मार्च को
- ट्रेन नंबर 05005 गोरखपुर से अमृतसर 27 मार्च को
- ट्रेन नंबर 05049 छपरा से अमृतसर 29 मार्च को
- ट्रेन नंबर 05012 गोमतीनगर से छपरा 27 मार्च को
- ट्रेन नंबर 05011 छपरा से गोमतीनगर 26-28 मार्च को
- ट्रेन नंबर 05045 लालकुआं से राजकोट 31 मार्च को
- ट्रेन नंबर 05193 छपरा से मुम्बई पनवेल 28 मार्च को
- ट्रेन नंबर 05051 छपरा से सिकंदराबाद 30 मार्च को
- ट्रेन नंबर 01124 गोरखपुर से मुंबई 30 मार्च को
- ट्रेन नंबर 04517 गोरखपुर से चंडीगढ़ 29 मार्च को
- ट्रेन नंबर 07220 गोमतीनगर से सिकंदराबाद 26 मार्च को
- ट्रेन नंबर 09196 मऊ से बडोदरा 31 मार्च को
- ट्रेन नंबर 05777 गोरखपुर से न्यू जलपाईगुड़ी
- ट्रेन नंबर 05977 गोरखपुर से डिब्रूगढ़ 26 मार्च को
- ट्रेन नंबर 08796 छपरा से दुर्ग 26 मार्च को

डायबिटीज और बीपी को नियंत्रित करती है पर्याप्त नींद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू में स्लीप समिट में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

अमृत विचार : जब नींद पूरी नहीं होगी तो शरीर को कई बीमारियां घेर सकती हैं। इस दौरान यदि किसी को डायबिटीज अथवा बीपी की शिकायत है तो उसे दवा भी असर नहीं करती। जिसके कारण दवा खाने के बाद भी डायबिटीज वा बीपी कंट्रोल नहीं होता।

यह जानकारी किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के प्रोस्थोडॉन्टिक्स, क्राउन और ब्रिजेस के एचओडी डॉक्टर पूरन चंद ने दी है। वह शताब्दी फेज टू स्थित सभागार में आयोजित दो दिवसीय स्लीप समिट-2024 के आखिरी दिन शुक्रवार को सम्बोधित कर रहे थे। डॉ. पूरन चंद ने बताया कि खर्राटे की बीमारी एक समस्या है, लेकिन यह खतरनाक है। इससे जान भी जा सकती है। इस बीमारी से बिना दवा के छुटकारा पाया जा सकता है। इसका इलाज दंत चिकित्सा विभाग में भी होता है। डॉ. पूरन चंद के मुताबिक, इस बीमारी पर शोध किया गया है। अब दांत के डॉक्टर भी इसका इलाज करते हैं। 500 से लेकर 5000 तक इस बीमारी के इलाज में खर्च हो सकता है।

सार-संक्षेप

उप्र आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में फूलों की होली खेलतीं महिला व्यापारी।

महिला व्यापारियों ने खेली फूलों की होली, गीतों पर थिरकीं

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में महिला व्यापारियों ने फूलों की होली खेली। रंगोली सजाई और गुलाल लगा बधाई दी। महिला अध्यक्ष अनिला अग्रवाल ने कहा कि होली का पर्व एक दूसरे की खुशियों में शामिल होने तथा गले मिलने का है। सुबह से ही व्यापार मंडल भवन में बड़ी संख्या में महिला कारोबारी उपस्थित रहीं। फूलों की उड़ती पंखुरियों के बीच महिलाएं जमकर थिरकीं। लोगों ने होली के गीतों पर नृत्य किया और फिल्मी गीतों को अपनी आवाज दी। इस दौरान मीनू सक्सेना, वर्तिका शुक्ला, मनोरमा मिश्रा, अंजलि मौर्य, ऋतु ठाकुर, रेणु अग्रवाल, रंजना अग्रवाल, कुमारी मुस्कान सक्सेना, प्रियम, रेनू सिंह, रजनी गुप्ता ,डॉ इंदु सुभाष सहित बड़ी संख्या में महिला व्यापारी शामिल रहीं।

इमरजेंसी में लगाई जाएगी विशेषज्ञ डॉक्टरों की ड्यूटी

अमृत विचार, लखनऊ : होली पर सभी सरकारी अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों की इमरजेंसी में विशेषज्ञ डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई जाएगी। पैरामेडिकल स्टाफ और कर्मचारियों को भी तैनात किया जाएगा। इमरजेंसी में जरूरी दवाओं का स्टॉक जुटा लें। इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को सभी अस्पतालों व मेडिकल संस्थानों के अधिकारियों को होली को लेकर विशेष सजगता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि होली में सड़क हादसे होते हैं। केमिकल युक्त रंग का भी लोग इस्तेमाल करते हैं। इससे त्वचा संबंधी समस्याएं होती हैं। तरह-तरह के पकवान खाने से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में मरीजों को अस्पतालों में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए इलाज की व्यवस्था को पुख्ता कर लें। त्योहार पर अस्पतालों में डॉक्टर-कर्मचारी बेवजह अवकाश न लें। घायल व दूसरे मरीजों को अस्पताल में शिफ्ट करने के लिए एम्बुलेंस सेवाएं सजग रहें। एम्बुलेंस में ही घायलों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जाए। एंबुलेंस सेवा प्रदाता कंपनी, ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि होली के दिन पहले व बाद तक, एम्बुलेंस सेवाओं को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश हैं। त्योहार के दौरान 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवाएं 24 घंटे निशुल्क उपलब्ध रहेंगी।

केजीएमयू के डॉ. श्रीकांत के ब्रिटिश नागरिक होने के मिले सुबूत

अमृत विचार, लखनऊ : किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में जिरियाट्रिक मेंटल हेल्थ विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीकांत श्रीवास्तव के ब्रिटिश नागरिक होने के सबूत जांच समिति को मिल गए हैं। इस मामले से जुड़े कागजात और तथ्य पूर्व आईपीएस और आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने जांच समिति को शुक्रवार को सौंपा है। बताया जा रहा है कि जांच समिति ने भी इन सबूतों को सही माना है। दरअसल, करीब चार महीने पूर्व आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने केजीएमयू के जिरियाट्रिक मेंटल हेल्थ विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीकांत श्रीवास्तव के खिलाफ शिकायत की थी। इस शिकायत में उन्होंने सवाल उठाया था कि आखिर ब्रिटिश नागरिक को केजीएमयू में कैसे नियुक्ति दे दी गई। जिसके बाद शासन के निर्देश पर केजीएमयू की डीन, एकेडमिक्स प्रो. अमिता जैन के अधीन एक पांच सदस्य जांच समिति बनाई गई थी।

त्योहार और बाजार | उपहार के बढ़ते ट्रेंड ने बदल डाली बाजार की तस्वीर, बरस रही लक्ष्मी

डिजिटल मनी से खरीदारी ने बाजार में भर दिया उल्लास का रंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रंग-गुलाल, पिचकारी के खरीदारों का लग रहा हुजूम
- करीब 1,400 से 1,500 करोड़ के कारोबार का अनुमान

अमृत विचार : रंगोत्सव को अब महज दो दिन शेष हैं। बाजारों में उल्लास चरम पर पहुंच चुका है। शहर के हर प्रमुख बाजार में भीड़ है। नए-नए गिफ्ट आइटम और एटीएम और डिजिटल मनी ने खरीदारी और आसान कर दी है। लंबा कैश लेकर साथ चलने की जरूरत नहीं। बस कार्ड डालिए या फिर यूपीआई कोड स्कैन करिए और हो गया भुगतान। बदलते ट्रेंड ने ग्राहकों का रुझान बाजारों की ओर और बढ़ा दिया है। पिचकारी, रंग, गुलाल, गुझिया, मिष्ठान, कचरी-पापड़, कपड़ा, पर्दे और चादर समेत घरों के तमाम सजावटी आइटम की दुकानों पर खरीदारों का हुजूम है। नतीजा बाजार पर लक्ष्मी बरस रही है। हर्बल गुलाल और रंगों से सभी मार्केट महक रहे हैं तो मेहमान नवाजी के लिए भी मिष्ठान दुकानों के काउंटर ग्राहकों से पटे पड़े हैं। लगभग 1,400 से 1,500 करोड़ रुपये के कारोबार की संभावना जताई जा रही है। राजधानी के इंदिरानगर, भूतनाथ, गोमतीनगर, पत्रकारपुरम, निरालानगर, अलीगंज, डंडहिया, आलमबाग, चौक, रकाबगंज, यहियागंज, नाका हिंडोला समेत शहर के सभी प्रमुख बाजारों में सड़कों पर दुकानें लग गई हैं।

बदलते ट्रेंड ने गिफ्ट आइटम की दुकानों पर ला दी है रौनक

एक समय था जब गुझिया के लिए खोवा मंडियों में भीड़ लगती थी और लोग असली-नकली की पहचान कर उसका टेस्ट लेने के बाद खरीदारी करते थे। उसके बाद महिलाएं गोठनी लेकर घरों में गुझिया और नमकीन तैयार करती थीं। लेकिन अब इसकी जगह रेडीमेड आइटम ने ले ली है। 600 से लेकर 50,000 रुपये प्रति किलो तक की गुझिया बाजार में उपलब्ध है। बास्केट, मिष्ठान, ड्राइ फ्रूट, गुझिया, रसगुल्ला आदि कई खानपान की चीजें गिफ्ट पैकिंग में मिल रही हैं। राजधानी समेत लखनऊ मंडल में करीब 350 करोड़ का कारोबार होली पर होने का अनुमान है।

छतों से कम हुई चिप्स व पापड़ सुखाने वाली पन्नियां

होली पर्व से करीब एक माह पहले से ही घरों में तैयारियां शुरू हो जाती हैं। अभी ज्यादा वक्त नहीं बीता है, जब छतों पर गृहणियों का हुजूम बाकायदा सुबह से घरों की छतों पर कचरी, पापड़ और चिप्स बनाकर प्लास्टिक की पन्नियों पर सुखाता नजर आता था। हर घर की महिलाएं अपनी क्षमतानुसार मेहमान नवाजी के लिए तरह-तरह के आइटम तैयार करती थीं। लेकिन अब ज्यादातर घरों में दुकानों से ही यह सभी चीजें खरीद कर लाई जाती हैं। होली के त्योहार पर 50 करोड़ से अधिक का व्यापार इन चीजों का होता है।

गोमतीनगर स्थित दुकान पर पिचकारी की खरीदारी करते बच्चे व अभिभावक।

कपड़ा, पर्दा और साज-सज्जा बाजार के भी बढ़े खरीदार

पर्दा, चादर, बेड शीट, कुशन कवर, सोफा और कुर्सी कवर के अतिरिक्त साज-सज्जा से जुड़ा व्यापार भी सौ करोड़ का व्यापार आसानी से कर लेगा। श्रीराम रोड स्थित कपड़ा कारोबारी प्रभू जालान और साड़ी, लहंगा व्यापारी उत्तम कपूर, अशोक मोतियानी की मानें तो होली और रमजान को लेकर खरीदार बाजार में हैं। चार सौ करोड़ का बिजनेस कपड़े से होने की उम्मीद है।

सोने-चांदी की बाल्टी-पिचकारी की भी चमक बरकरार

बाजार में तरह-तरह की पिचकारियों की बड़ी रेंज है। ऐसे में सर्राफा बाजार पीछे नहीं है। चौक सर्राफा कारोबारी आदीश जैन बताते हैं कि इस बार चांदी और सोने की पिचकारियों की बिक्री अच्छी रहेगी। 50 पीस आराम से बिक गए हैं। एक अन्य कारोबारी सिद्धार्थ जैन के मुताबिक बड़ी संख्या में सोने चांदी के पिचकारी और बाल्टी लेने वाले हैं। 4,000 से लेकर एक लाख रुपये कीमत की पिचकारियां हैं। वजन के हिसाब से इनकी कीमत तय की जाती है। नक्काशीदार ये पिचकारी पुराने घरानों और नई शादी वाले लोगों के घरों में सगुन के तौर पर दी जाती हैं।

रंगों और पिचकारी का बड़ा बाजार

रंगों और पिचकारी का एक बड़ा बाजार है। तरह-तरह की पिचकारियां और हर्बल रंग और गुलाल के चलन ने त्योहार की रौनक और बढ़ा दी है। दुकानों की कौन कहे सड़कों पर दुकानें सजी हैं। जिसमें पिचकारियों की तमाम वैरायटी लटक रही हैं। हालांकि बाल्टियों से होरियारों पर रंग उलीचने की परंपरा आज भी है। आकर्षक आइटम आपको दुकानों पर रुकने को मजबूर कर देंगे। यानी खरीदारी तय है। रंग कारोबारी शेखर गुप्ता और पिचकारी के व्यापारी बब्लू पाल बताते हैं कि रंग और पिचकारी के बाजार से करीब 500 करोड़ रुपये का व्यापार माना जा रहा है।

एक नजर

स्कूल से टैबलेट चुराने वाला गिरफ्तार, साथी फरार

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा इलाके के सरकारी स्कूल से टैबलेट चुराने वाले आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर हेमंत राघव ने बताया लोनहा प्राथमिक स्कूल के प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार कनौजिया की तहरीर पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। बताया था कि 16 मार्च को जेहटा निवासी मजदूर शिवा गौतम टैबलेट चुरा ले गया था। आरोपी को उसके घर से पकड़ा गया तो पूछताछ में जुर्म कबूल किया। बताया कि टैबलेट साथी को दे दिया था, जो फरार है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

तेज रफ्तार स्कूटी डिवाइडर से टकराई, दो गंभीर

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार स्कूटी डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में घायल दोनों सवारों को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। दुबग्गा इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा ने बताया आईआईएम रोड जॉगर्स पार्क चौराहा स्थित दुबग्गा की ओर जा रहे स्कूटी सवार युवक हादसे का शिकार हो गये। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। जहां युवकों की पहचान नहीं हो सकी। डॉक्टरों ने दोनों की हालत गंभीर बताई है।

दो बीघा फसल चराने का आरोप, पुलिस से शिकायत

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा के औरावां निवासी विजय कुमार सिंह ने आजाद विहार कॉलोनी निवासी व्यक्ति पर फसल मवेशियों से उसके खेत में खड़ी फसल चराने का आरोप लगा। थाने में शिकायती पत्र दिया। बताया कि आरोपी ने ढाई बीघा खेत में बोई गेहूं की फसल नष्ट करा दी, जिससे काफी नुकसान हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

दिल्ली के ईरानी गिरोह के दंपति समेत पांच लुटेरे गिरफ्तार

फर्जी पुलिसकर्मी बन महिलाओं व बुजुर्गों को बनाते थे निशाना, पांच लाख रुपये नकद बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : क्राइम ब्रांच के सहयोग से तालकटोरा पुलिस ने दिल्ली के ईरानी गिरोह के दंपति समेत पांच लुटेरों को गिरफ्तार किया है। लुटेरे सीबीआई या फिर पुलिसकर्मी बन महिलाओं और बुजुर्गों को अर्दब में लेने के साथ उनके आभूषण लेकर भाग जाते थे। हालांकि, पुलिस ने लुटेरों के पास एक कार और पांच लाख रुपये की ज्वैलरी बरामद की है।

रेकी कर वारदात को देते थे अंजाम–पूछताछ में लुटेरों ने बताया कि वह दिल्ली से आकर लखनऊ में कार में घूमकर जगहों की रेकी कर महिलाओं एंव बुजुर्गों को अपनी बातों में उलझा कर आभूषण जैसे पहले से तैयार कागज की पुडिया जिसमें कंकड़ पत्थर अथवा प्लास्टिक के कंगन आदि रखे रहते है। फिर उसको लोगो को बदलकर पकड़ा देते हैं और अक्सर यह बताते है कि घर जाकर ही खोलियेगा। जिसके बाद हम लोग भाग जाते है। इसके अलावा कभी कभी कागज की गड्डी बनाकर उसमें एक नोट ऊपर असली लगाकर लोगों से दिखाते हुए ठगी कर लेते है। एडीसीपी पश्चिम ने बताया कि गत दस मार्च को लुटेरों पीजीआई के तेलीबाग में बुजुर्ग से ठगी की थी। इसके अगले दिन अलीगंज के मामा चौराहे के पास खुद पुलिसकर्मी बता एक बुजुर्ग के आभूषण उतरवा लिया थे। वहीं, 14 मार्च को तालकटोरा के राजाजीपुरम क्षेत्र में वृद्धा को ठगी का शिकार बनाया था।

महंगे होटलों में ठहरते थे लुटेरे

एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव के मुताबिक, कई माह से दिल्ली के ईरानी गैंग टप्पेबाजी की वारदात को अंजाम दे रहा था। गैंग के सदस्य खानबदोशों की तरह वारदात को अंजाम देने के बाद शहर के महंगे होटलों में ठहरते थे। हालांकि, वारदात के बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस की संयुक्त टीमों ने गुरुवार देर रात आजमगढ़ जनपद के बरदह थानाक्षेत्र के गोपालपुर ठेकमा बजार निवासी राम अचल और उनकी पत्नी राधा को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने नई दिल्ली सुल्तानपुरी भरत कुमार, मजिया उर्फ शंकर और मंगोलपुरी के मनोज को धर दबोचा। लुटेरों के पास से चार लाख रुपये की ज्वैलरी और घटना में इस्तमोल की गई एक कार बरामद की गई है। लुटेरों पर आजमगढ़ के निजामबाद थाने के अलावा, अलीगंज, पीजीआई और तालकटोरा थाना में टप्पेबाजी का मामला दर्ज है।

बंद मकानों की रेकी कर करते थे वारदात

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने बंद मकानों में चोरी करने वाले एक गिरोह के छह सदस्यों को गुरुवार रात पकड़ लिया। अगले दिन पुलिस ने मामले का पर्दाफाश कर शातिरों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर अवस्थी के मुताबिक, शातिरों की पहचान बहराइच जनपद के कैसरगंज निवासी ओम प्रकाश, गुरुदीन निषाद, जियालाल, श्यामलाल, कृष्णा निषाद और नन्हू के रूप में हई है। गिरोह सरगना ओमप्रकाश पर चोरी के 35, गुरुदीन पर 10 और जियालाल पर 7 मामले हैं। पूछताछ में शातिरों ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि बुधवार रात सेक्टर 6 निवासी संदीप के निर्माणाधीन मकान से बाइक और खरगापुर निवासी अनिल सिंह के घर से इन्वर्टर की बैटरी चोरी की थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अनिल सिंह के मकान से चोरों का फुटेज मिल गया था। जिन्हें विभूतिखंड इलाके से गिरफ्तार किया है। शहर में दाखिल होने के बाद यह लोग झोपड़ी बनाकर रहते थे।

नकाबपोश ने दुकान से रुपये पार किये

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर के न्यू रहीमाबाद निवासी वेद प्रकाश यादव की शांति नगर में कानपुर रोड किनारे मेसर्स आरडी मार्बल की दुकान है। वेद प्रकाश ने बताया गुरुवार शाम दुकान पर बेटा रवि था। तभी पहुंचा नकाबपोश रवि से मार्बल खरीदने के लिये साथी का इंतजार करने की बात कह काउंटर के आसपास घूमने लगा। इस बीच दूसरा ग्राहक आने पर रवि उसे मार्बल दिखाने दुकान से बाहर चला गया। इस दौरान नकाबपोश युवक लाकर से 40 हजार रुपये निकाल कर फरार हो गया। रवि लौटा तो लाकर खुला देख घटना पता चली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले। लेकिन आरोपी की पहचान नहीं हो सकी। थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज आरोपी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

कार ने सिक्योरिटी गार्ड को कुचला, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सड़क दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

अमृत विचार : आशियाना थाना अंतर्गत किला चौराहे के समीप गुरुवार रात एक तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार सिक्योरिटी गार्ड छोटे लाल (50) को कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल सिक्योरिटी गार्ड को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां, उसकी मौत हो गई। इसके बाद बेटे ने कार चालक के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के मुताबिक, औरंगाबाद खालसा निवासी छोटे लाल सेक्टर-एल स्थित एक निजी स्कूल में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। गुरुवार रात करीब 8 बजे वह ड्यूटी जा रहे थे। तभी किला चौराहे की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि छोटे लाल उछल कर सड़क पर जा गिरे। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर मौजूद लोग उन्हें लोकबंधु अस्पताल पहुंचाने लगे, मगर बीच रास्ते उन्होंने दम तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिजन को घटना की जानकारी देते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। हालांकि, बेटे की लिखित शिकायत पर कार चालक पर एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

वहीं, दूसरी ओर सरोजनी नगर के शांति नगर में रहने वाले ज्ञान चंद्र (70) बीते 17 मार्च को एक सड़क हादसे में घायल हो गए थे। उनका इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा था, जहां शुक्रवार को उनकी मौत हो गई। उनके परिवार में पत्नी गीता व बेटा सौरभ है। ज्ञान चंद्र एक प्राइवेट कंपनी में सुपरवाइजर थे।

कार चढ़ा कर मारने का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : कृष्णानगर पुलिस ने शुक्रवार को कार चढ़ाकर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी तेलीबाग निवासी धीरज सिंह को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी विनय द्विवेदी ने बताया कि आरोपित ने गाली-गलौज के बाद कार चढ़ा कर जान से मारने का प्रयास किया था। कार बरामद कर जेल भेजा।

सपा कार्यकर्ता ने अधिवक्ता पर किया हमला

अमृत विचार, लखनऊ : सरोजनीनगर थानाक्षेत्र अंतर्गत अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास सपा कार्यकर्ता ने साथियों के संग एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। युवक ने सम्बन्धित थाने में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरि के मुताबिक, कृष्णानगर के लालाखेड़ा निवासी वकील अंकित कुमार यादव ने सपा कार्यकर्ता लल्लू यादव, शुभन यादव, अरूण यादव समेत दो अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि सपा कार्यकर्ता लल्लू यादव से उनका विवाद चल रहा है। सोमवार रात करीब साढ़े ग्यारह बजे वह अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास एक भोजनालय में खाना पहुंचे थे। वहां पहले से मौजूद लल्लू यादव साथियों के साथ मिलकर अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

महिला कारोबारी ने कर्मचारियों पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ परिचित ने ठेकेदार से हड़पे पांच लाख रुपये, प्राथमिकी

▸▸ दोनों ही मामलों की जांच में जुटी महानगर कोतवाली पुलिस

अमृत विचार : महानगर कोतवाली में एक महिला कारोबारी ने कर्मचारियों पर सैलून कब्जाने और किराए के 25 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं, एक ठेकेदार से परिचित पर पांच लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। दोनों ही मामलों की महानगर पुलिस जांच कर रही है।

गोमतीनगर के विभूतिखंड निवासी मनप्रीत भाटिया ने बताया कि पति राजेंद्र सिंह भाटिया ने महानगर के सेक्टर-सी में एक सैलून खोला था। आरोप है कि सैलून में मल्हौर निवासी एलिस क्रिस्टीना विंटर व उनकी बहन रीना क्रिस्टीना विंटर काम करती थीं। गत 16 जनवरी को पति राजेंद्र की सड़क दुर्घटना के चलते मौत हो गई थी। इसके कुछ दिन बाद मनप्रीत ने दोनों बहनों से सैलून बंद करने की बात कही। मगर आरोपी नहीं मानीं। इतना ही नहीं दोनों ने सैलून पर कब्जा कर लिया और किराये के 25 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़िता ने जब जांच की तो पता चला कि दोनों ने फर्जी एग्रीमेंट भी तैयार कर लिया, जिस पर उनके पति व देवरानी नवदीप के फर्जी हस्ताक्षर थे। वहीं, महानगर के रहीमनगर निवासी तेज कुमार कश्यप भारत पेट्रोलियम में ठेकेदार हैं। पीड़ित ने बताया कि परिचित अशोक गुप्ता ने अपना कर्ज उतारने के लिए तेज कुमार के जरिये 9.80 लाख लोन कराया था, जिसके बदले उसने हर महीने बैंक को किस्त भरने की बात कही थी। मगर आरोपी ने ऐसा नहीं किया। इतना ही उसने पीड़ित से मदद के नाम पर कई मदों में पांच लाख रुपये ले लिए। पीड़ित को जब किस्त नहीं भरने की बात पता चली तो उन्होंने विरोध जताया और रुपये वापस मांगे।

एयरपोर्ट वीआईपी तिराहे पर सड़क पर पार्क की गईं गाड़ियों के चलते लगा जाम। अमृत विचार

एयरपोर्ट तिराहा पर टैक्सियों के जमावड़े से राहगीर परेशान

संवाददाता, सरोजनीनगर

▸▸ जाम से परेशान स्थानीय लोगों ने थाने में लिखित शिकायत करने की बात कही

अमृत विचार : सरोजनीनगर में कानपुर रोड स्थित एयरपोर्ट वीआईपी तिराहे के पास ओला-उबर की टैक्सियों का जमावड़ा होने से राहगीरों को परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने थाने में लिखित शिकायत करने की बात कही है।

लोगों का कहना है कि टैक्सी चालक पार्किंग शुल्क बचाने के चक्कर में गाड़ियां कानपुर रोड स्थित अमौसी एयरपोर्ट वीआईपी तिराहे के आस पास रोड पर खड़ी रखते हैं। इससे राहगीरों के साथ दुर्घटना की आशंका रहती है। जाम के हालात भी बने रहते हैं। ऐसे ही हालात कानपुर रोड से चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट जाने वाली रोड पर भी रहते हैं। कहना है कि शिकायत करने पर डायल 112 पुलिस या ट्रैफिक सिपाही टैक्सियों को हटवा देते हैं, लेकिन कुछ देर बाद हालात पूर्ववत हो जाते हैं। कई बार चिल्ला के लोगों और टैक्सी चालकों के बीच विवाद भी हुआ है। थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरी ने शिकायत मिलने की बात से इनकार किया। कहा मामला संज्ञान में आया है, जांच कर कार्रवाई करेंगे।

बाइक सवार लुटेरों ने महिला सिपाही की चेन लूटी

अमृत विचार, लखनऊ : महानगर कोतवाली अंतर्गत निशातगंज बुध बाजार में बाइक सवार लुटेरों ने एक महिला सिपाही के गले से चेन लूट ली। महिला सिपाही ने पीछा किया तब तक लुटेरे फर्राटा भर घटनास्थल से भाग निकले। लुटेरों की तलाश में पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।प्रभारी निरीक्षक अलिखेश मिश्र के मुताबिक, रिजर्व पुलिस लाइन के क्वार्टर में रहने वाली सिपाही सुधा यूपी-112 में तैनात है। लिखित शिकायत में महिला सिपाही ने बताया कि गत 20 मार्च की दोपहर करीब 3 .40 बजे वह निशातगंज की बुध बाजार में पंचर जोड़ने वाले की दुकान पर खड़ी थी। इसी बीच एक लुटेरे ने पीछे से झपट्टा मार गले से चेन छीन ली। महिला सिपाही के शोर मचाने पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। उसके बाद महिला सिपाही लुटेरे की तरफ दौड़ी तब लुटेरे बाइक में फर्राटा भर घटनास्थल से भाग निकला। महिला सिपाही ने बताया कि जिस वक्त उनके साथ वारदात हुई तब वह सादे कपड़े में साप्ताहिक बाजार से खरीदारी करने आई थी।

सार-संक्षेप

मलिहाबाद थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक

अमृत विचार, मलिहाबाद : मलिहाबाद थाना परिसर में शुक्रवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें एसीपी वीरेन्द्र विक्रम ने लोगों से शांति और सद्भाव से होली और ईद का त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आम की मिठास के लिए मलिहाबाद का नाम देश ही नहीं विदेशों में भी प्रसिद्ध है। आम जैसी मिठास त्योहार पर भी कायम रखें। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने कहा कि अगर कोई उपद्रव करे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। जिससे उसके विरुध कार्यवाई की जा सकें। प्रधान, बीडीसी और संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

मन्दिर का ताला खुलवाने की पुलिस से गुहार

अमृत विचार, मलिहाबाद : रहीमाबाद गहदों मार्ग पर प्राचीन रामजानकी मन्दिर है। वहां पुजारी रामप्रसाद दास पूजा अर्चना करते हैं। आरोप है कि आसपास के दुकानदारों को गालियां देकर पुजारी ने मन्दिर के मेन गेट पर डाला डाल दिया। श्रद्धालुओं का आरोप है कि पुजारी ताला बंद कर कहीं चले गए हैं। फोन पर संपर्क करने पर नहीं आने की बात कहते हैं। ताला बंद होने से पूजा अर्चना नहीं हो पा रही है। श्रद्धालुओं ने रहीमाबाद थाने पर तहरीर देकर मन्दिर का गेट खुलवाने की मांग की है।

बख्शी का तालाब में नए क्रिकेट ग्राउंड का उद्घाटन

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : बख्शी का तालाब स्थित किसान पथ इंदौराबाग में क्रिकेट एकेडमी ऑफ पठान्स ने नए ग्राउंड का निर्माण कराया है। शुक्रवार को इस क्रिकेट ग्राउंड का उद्घाटन बख्शी का तालाब नगर पंचायत अध्यक्ष गनेश रावत, एकेडमी की निदेशक निधि रस्तोगी, सेंटर हेड शास्वत प्रसाद ने फीता काटकर किया। इसके बाद एकेडमी के खिलाड़ियों के बीच मैच भी खेला गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि पठान्स एकेडमी लखनऊ ही नहीं प्रदेश का गौरव है। यहां प्रशिक्षित खिलाड़ियों को आईपीएल जैसे आयोजनों में मौका मिलेगा। हर आईपीएल के बाद चार, पांच अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी उभर कर आते हैं। इनमें से कुछ छोटे शहरों और कस्बों के होते हैं।

त्योहार पर पुलिस ने लौटाई खोई मुस्कान

अमृत विचार, लखनऊ : होली पर अपने खोए हुए मोबाइल पाकर लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। डीसीपी पश्चिमी दुर्गेश कुमार ने बताया कि सर्विलांस टीम की मदद से पुलिस 101 मोबाइल फोन बरामद किए थे। इसके बाद पुलिस ने अथक प्रयास कर यह मोबाइल सीतापुर, हरदोई, फैजाबाद बाराबंकी, दिल्ली, सहित अन्य राज्यों से बरामद कर लोगों को लौटाए गए है। बरामद मोबाइल की कीमत करीब 20 लाख रुपए है। त्योहार के पहले महीनों से खोए मोबाइल फोन पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने पश्चिमी जोन की पुलिस की जमकर प्रशंसा भी की।

पॉलीथिन देने से मना करने पर दुकानदार को पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना में सरपोटगंज पुल स्थित पराग बूथ के बगल में जयकरन चाय-समोसा की दुकान चलाते हैं। जयकरन का आरोप है कि बीते 13 मार्च को फिरंगीखेड़ा निवासी राकेश व उसके तीन साथी उनकी दुकान पर पहुंचे थे। आरोपियों ने उनसे पन्नी मांगी थी, मना करने पर वे गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर आरोपियों ने जयकरन की पिटाई कर दी। पिटाई में उनका दायां कंधा टूट गया। पुलिस के मुताबिक एक नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

फर्जी फेसबुक आईडी से परिचितों को भेजे आपत्तिजनक मैसेज

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर थाने में एक महिला ने जालसाज के खिलाफ आईटी एक्ट की धारा में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक दीपक पाण्डेय के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि किसी ने उसके नाम पर से फेसबुक पर फर्जी आईडी बना परिचितों पास आपत्तिजनक मैसेज भेजे। जालसाज ने प्रोफाइल पर महिला की फोटो अपलोड की है। परिचितों के माध्यम से उसे इस बारे में जानकारी हुई। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि साइबर क्राइम सेल की मदद से जालसाज की लोकेशन ट्रेस की जा रही है।

प्लंबर और ई-रिक्शा चालक ने की खुदकुशी

अमृत विचार, लखनऊ : गुडंबा के सिहुआ में शुक्रवार को परिवार वालों से विवाद के बाद प्लंबर राशिद अली (23) ने फंदा लगा लिया। पुलिस ने बताया कि नशे का आदी था। गुरुवार रात नशे में घर पहुंचने पर भाई से विवाद हो गया था। राशिद अविवाहित है। उधर, अलीगंज के चांद गंज निवासी ई- रिक्शा चालक राजा सिंह (28) का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने बताया कि एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसको लेकर वह परेशान था। परिवार में पिता प्रताप, मां राधा व भाई कल्लू है।

प्लाट के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : विभूतिखंड पुलिस ने शुक्रवार को प्लाट के नाम पर ठगी करने वाले विकल्पखंड निवासी राम किशोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी पर रकम वापस मांगने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी थी। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

सड़क के किनारे मिला अज्ञात युवक का शव

अमृत विचार, काकोरी : पारा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह बुद्धेश्वर चौराहे के पास कूड़ा घर के समीप सड़क किनारे अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने शव की शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन नहीं हो सकी। पुलिस के मुताबिक युवक की उम्र लगभग (40) है। उसके शरीर पर आसमानी रंग की शर्ट व स्लेटी कलर की पैंट है। शव 72 घंटे के लिये मोर्च्युरी में रखवाया है।

20 दिनों में उपस्थित न होने पर कुर्क होगी प्रतीक की संपत्ति

अमृत विचार, लखनऊ : कार से दो लोगों को कुचलने के बाद फरार चालक प्रतीक जायसवाल 20 दिन के अंदर कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ तो चल अचल संपत्ति कुर्क कर ली जायेगी। महानगर पुलिस ने शुक्रवार को उनके घर के बाहर डुग्गी पीट कर ऐसी मुनादी कराई है। उसके खिलाफ कोर्ट ने वारंट जारी किया है। महानगर थाना अंतर्गत शालीमार गैलेंट अपार्टमेंट निवासी प्रतीक जायसवाल ने 11 मार्च को मिडलैंड अस्पताल के पास तेज रफ्तार एसयूवी से गोंडा निवासी धर्मेंद्र पाल (21) पंतनगर निवासी नरेंद्र त्रिवेदी (27) को रौंद दिया था, दोनों की मौत हो गई थी। पीड़ित परिजन की तहरीर पर पुलिस ने प्रतीक के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके बाद से आरोपी फरार है। कोर्ट ने आरोपी की गिरफ्तारी का वारंट जारी किया है। आदेश दिया है कि 20 दिन के अंदर आरोपी कोर्ट में हाजिर नहीं होता है तो उसकी चल अचल संपत्ति कुर्क कर ली जाये। इस संबंध में महानगर पुलिस ने उनके घर के बाहर पहुंचे डुग्गीपीट कर मुनादी कराई।

वेश बदल कर बाइकें चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: पीजीआई पुलिस ने राजधानी में वेशभूषा बदल रेकी के बाद बाइकें चोरी करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की हैं। गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी के लिये टीमें लगाई गई हैं।

इंस्पेक्टर पीजीआई ब्रजेश चंद्र तिवारी का कहना है कि आरोपी महिला की पहचान राधा के रूप में हुई है। मूलतः वह बंगाल बर्डर की रहने वाली है, वर्तमान में तेलीबाग के कुम्हारमंडी में किराये के मकान में रहती थी। पुलिस का कहना है कि महिला साधारण वेशभूषा में सड़कों के किनारे व कालोनियों में खड़ी बाइकों की रेकी करती थी। इसके बाद मास्टर चाभी लगा लॉक खोल पैदल ही ठिकाने पर ले जाती थी। रास्ते में किसी के पूछने पर पेट्रोल खत्म होने की बात कह टरका देती थी। इससे कोई उस पर शक भी नहीं करता था। चोरी के बाद महिला का काम खत्म हो जाता था। गैंग के अन्य सदस्य गाड़ी ठिकाने लगाते थे। पूछताछ में उसने छह बाइक चोरी करने का जुर्म कुबूल किया। गैंग के कुछ सदस्यों का नाम सामने आया है। जिनको गिरफ्तार करने टीमें लगाई गई हैं। गैंग के सदस्य गाड़ी काट कर कबाड़ी को बेच देते थे, जिसके बदले दस हजार रुपये मिलते थे।

टेंट हाउस से 5.72 लाख चोरी, कर्मी पर आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : गाजीपुर में गुरुवार रात टेंट हाउस से 5.72 लाख रुपये चोरी हो गए। टेंट हाउस मालिक ने कर्मचारी पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिव विहार कॉलोनी निवासी ऋत्विक जायसवाल टेंट हाउस चलाते हैं। बहराइच के कैसरगंज निवासी संदीप टेंट हाउस में काम करता था। गुरुवार शाम ऋत्विक दुकान से चले गए थे। रात में संदीप ने दुकान बंद कर चाभी अपने पास रखी थी। शुक्रवार सुबह उनका भाई शटर खोलकर अंदर पहुंचा तो गल्ला का ताला टूटा मिला। अंदर रखे 5.72 लाख रुपये गायब थे। संदीप को फोन मिलाया तो स्विच ऑफ था। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

महिला किराएदार पर चाकू से हमला, प्राथमिकी दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मामले की जांच में जुटी सरोजनीनगर पुलिस

अमृत विचार : सरोजनीनगर थाने में एक महिला ने मकान मालिक व उसके परिवारिक सदस्यों के खिलाफ तहरीर दी है। महिला का आरोप है कि समझौते का दबाव बनाते हुए मकान मालिक ने उसके कमरे में तोड़फोड़ की। फिर लात-घूंसों से उसकी पिटाई कर चाकू से हमला कर दिया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरि के मुताबिक, बदालीखेड़ा निवासी गीता देवी गत 15 फरवरी को एक मुकदमे की पैरवी के लिए हाईकोर्ट गई थीं। आरोप है कि शाम 5 बजे वह जब लौटीं तो देखा कि उनका मकान मालिक बबलू सिंह अपने साथी सूरज, तूफान, राजा, मकान मालिक का छोटा भाई सानू उनके घर का सामान बाहर फेंक रहा था। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए चाकू से हमला का दिया। गीता की चीख सुन परिचित सोनू मदद करने को दौड़ा तो आरोपियों ने उसकी लात-घूंसों से पीटा। इसके बाद उन्हें भी जमकर पीटा। पिटाई के कारण वह बेहोश हो गईं। इस पर आरोपी सोनी का फोन लूट कर भाग निकले। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

बेकाबू स्कॉर्पियो दूसरी पटरी पर पहुंची, दो कारों से टक्कर

अमृत विचार, लखनऊ : शहीद पथ पर तेज रफ्तार स्कार्पियो बेकाबू होकर दूसरी पटरी पर पहुंच गई। इससे सामने से आईं दो कारों से टकरा गई। हादसे में कार सवार एक घायल हो गया।हादसे से शहीद पथ पर करीब डेढ़ घंटे जाम की स्थिति रही। पुलिस के अनुसार शाम 4बजे कमता से लुलु मॉल की तरफ जा रही तेज रफ्तार स्कार्पियो सिनेपोलिस मॉल के पास शहीद पथ पर पहुंची थी। इसी दौरान बेकाबू होकर डिवाइडर पार कर दूसरी रोड पर पहुंच गयी। इससे दूसरी तरफ आ रही अमेज कार से टक्कर हो गयी। इसके साथ ही पीछे से आई 20 कार अमेज में टकरा गई। इंस्पेक्टर सुनील सिंह ने बताया हादसे में अमेज कार सवार एक युवक घायल हुआ है। पुलिस पहुंची तब तक सभी जा चुके थे। कार कब्जे में ली है। मामले में किसी ने तहरीर नहीं दी है।

सक्रियता जहरखुरानी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान शुरू

हर तरफ कड़ी नजर, जहरखुरान बचकर जाएंगे किधर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सीसीटीवी कैमरों की मदद से बरती जा रही सतर्कता

अमृत विचार : होली के अवसर पर यात्रियों को नशा देकर उनसे लूटपाठ करने वाले गिरोह की धरपकड़ करने के लिए राजधानी पुलिस ने विशेष अभियान शुरू कर दिया है। रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर गिरोह के शातिर सदस्यों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी कैमरों सतर्कता बरती जा रही है।

पश्चिम उत्तर प्रदेश तक फैला जाल–एडीसीपी मध्य मनीषा सिंह के मुताबिक, पूर्वी से लेकर पश्चिम उत्तर प्रदेश तक जहरखुरान गिरोह ने अपनी जड़ें फैला रखीं हैं। बताया कि त्योहार पर काफी संख्या में लोग ट्रेनों और परिवहन निगम की बस में यात्रा करते हैं। यही वजह है कि गिरोह के सदस्य सक्रिय हो जाते हैं। गिरोह बचने के लिए जीआरपी, आरपीएफ और पुलिस की संयुक्त टीमें यात्रियों को जागरूक कर रही है, होली में घर जाने वाले यात्रियों का सफर सुखदायक हो। गिरोह को चिन्हित करने के लिए पुलिस रेलवे स्टेशन और बस अड्डों के आसपास संदिग्ध लोगों पर नजर बनाए हुए है। इसके अलावा यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी रखी जा रही है।

सादे कपड़ों में तैनात हुई पुलिस–एडीसीपी ने बताया कि होली के अवसर पर ट्रेनों और परिवहन निगम की बसों में कुछ मनचले हुड़दंग मचाते हैं। इसको लेकर पुलिस कंट्रोल रूम पर शिकायतें मिलती रहती हैं। मनचलों पर नकेल कसने के लिए खासतौर पर सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों को रेलवे स्टेशन व बस अड्डों के बाहर तैनात किया गया है। वहीं, विभाग के आलाधिकारियों के निर्देश पर महिला पुलिसकर्मियों को भी लगाया गया है। टीम में शामिल लोग मनचले युवकों व संदिग्धों पर विशेष नजर रखे हुए हैं। पकड़े जाने पर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

बस अड्डों पर चेकिंग अभियान शुरू–होली पर अवैध शराब की ब्रिकी व तस्करी को रोकने के लिए पुलिस अर्लट मोड पर दिखाई दे रही। एहतियात के तौर बस अड्डों व रेलवे स्टेशन परिसर में पुलिस की मौजूदगी में विशेष चेकिंग अभी चलाया जा रहा है। बिहार में शराबबंदी के चलते छावनी व चंडीगढ़ से सस्ती शराब खरीदकर ट्रेनों व सरकारी बसों के माध्यम से तस्करी की जाती है।

> यात्रा के दौरान किसी अनजान शख्स से खाने या पीने की सामग्री ग्रहण न करें। वे ऐसे में नशा खिलाकर सामान को लूट सकते है। इसके लिए सर्तकता बेहद जरूरी है। पुलिस की संयुक्त टीमें लगातार यात्रियों को सचेत कर रही है।
>
> –रवीना त्यागी, डीसीपी मध्य

एक नजर

राज के खेल से मेगा ट्रेंड्स क्वार्टर फाइनल में

अमृत विचार, लखनऊ : राज यादव के खेल की बदौलत मेगा ट्रेंड्स ने नकवी स्पोर्टिंग को हरा कर प्रथम एमएल मिश्रा स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। पहले बल्लेबाजी करते हुए मेगा ट्रेंडस ने 40 ओवर में 6 विकेट खोकर 280 रन बनाए। राज यादव ने आतिशी पारी खेली और 32 गेंदों में 8 चौके 3 छक्के की सहायता से 60 रन बनाए। जवाब में नकवी स्पोर्टिंग की टीम 179 रन बना कर सिमट गई। टीम की ओर से राज और शशांक यादव ने 3-3 विकेट चटकाए।

कर्ण की वीरता की तस्वीर दिखा गया नाटक कर्ण गाथा

अमृत विचार, लखनऊ : भारतेन्दु नाट्य अकादमी के रंगमंडल ने शुक्रवार को कहानी कर्ण गाथा का मंचन किया। नाटक का मंचन अकादमी के थ्रस्ट थियेटर में किया गया। इस नाटक में विभिन्न घटनाओं के माध्यम से कर्ण की वीरता को उभारने की कोशिश की गई है। यह नाटक रवीन्द्रनाथ टैगोर के कर्ण - कुंती संवाद से प्रेरित है। मंच पर कर्ण की कहानी को मार्मिक रूप से दिखाया गया है। कर्ण किस तरह से पांडव रानी कुंती और सूर्यदेव से पैदा हुए और इसके साथ ही कर्ण के कानों में अमरता के कुण्डल और छाती पर अभेद्य कवच और उनकी वीरता को मंच पर बखूबी दिखाया गया।

टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को तैयार : अर्शिन कुलकर्णी

24 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी एलएसजी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मुझ पर किसी तरह का प्रेशर नहीं है। टीम में मौजूद दिग्गजों से सहारा मिलता है उनसे किसी तरह की प्रतियोगिता नहीं रहती। यह कहना है कि लखनऊ सुपर जायंट्स के स्टार खिलाड़ी अर्शिन कुलकर्णी का।

शुक्रवार को एक निजी होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने बताया कि आईपीएल को लेकर किसी तरह का दबाव नहीं है। टीम के कोच जस्टिन लैंगर को उन्होंने बेहद शानदार बताया। किसी भी तरह की कमी को दूर कराने के वह आसान तरीके बताते हैं। इससे खिलाड़ियों को फायदा मिलता है। महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में आतिशी बल्लेबाजी कर शतक जड़ने वाले अर्शिन ने बताया कि टीम अपना पहला 24 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलेगी। इसके लिए हम पूरी तरह से तैयार हैं।

अर्शिन कुलकर्णी

▸▸ बोले, बेहद खुश हूं कि आईपीएल में खेलने का सपना पूरा हो रहा है

अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के स्टार ओपनर अर्शिन कुलकर्णी से गेंदबाज कोच मॉर्ने मॉर्केल ने कम समय में ही उनकी गेंदबाजी में काफी सुधार कराया है। स्पीड के साथ गेंद के मूवमेंट पर उनकी सलाह बेहद कारगार साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि ओपनिंग या कोई और क्रम, टीम जहां भी उन्हें भेजेगी, वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को तैयार हैं। अर्शिन का मानना है कि घरेलू क्रिकेट में जितनी अच्छी तैयारी होगी, आईपीएल में किसी भी क्रिकेटर के लिए जगह बनाना उतना आसान है।

आईपीएल का एक्सपीरियंस अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रेशर हैंडल करने के अलावा, इतनी भीड़ में क्रिकेट खेलने का अनुभव भी सीखा जाता है। उन्होंने बताया, बेहद खुश हूं कि आईपीएल में खेलने का सपना पूरा हो रहा है। इस बार आईपीएल में खुद के चुने जाने की पूरी उम्मीद थी। जब आईपीएल में उनका नाम आया, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था।

टीम जयपुर रवाना

जयपुर में होने वाले अपने पहले मैच के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम शुक्रवार को रवाना हो गई। वहां पर टीम का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होना है।

अंकित, अरमान ने दिलाया सीएसडी सहारा को सेमीफाइनल का टिकट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अंकित को मिला मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार

अमृत विचार : अंकित यादव (105) और मोहम्मद अरमान (87) की तूफानी पारियों से सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी बीकेटी ने द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में इंडियन क्रिकेट क्लब को एकतरफा 6 विकेट से हराते हए सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया। गियर क्रिकेट ग्राउंड पर सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी बीकेटी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।

इंडियन क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 39.4 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 241 रन बनाए। टीम अच्छी शुरुआत नहीं कर सकी और शीर्ष चार बल्लेबाज केवल 50 रन के योग पर पवेलियन लौट गए। फिर अनुपम सिंह (47 रन, 17 गेंद, 7 चौके) व हिमांशु यादव (47 रन, 28 गेंद, 5 चौके और 2 छक्के) ने सर्वाधिक रन बनाए। अमन सिंह ने 48 गेंदों पर 3 चौके से 43 रन और आशीष यादव ने 30 रन की अहम पारी खेली। सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी से करन सिंह ने 47 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। शिवम को दो विकेट मिले।

जवाब में सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी बीकेटी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 28.1 ओवर में 4 विकेट पर 242 रन बनाते हुए मैच जीत लिया। टीम को शुरू में ही तब झटका लगा जब सलामी बल्लेबाज सलामी अर्जित वर्मा बिना खाता खोले आउट हो गए। उसके बाद अंकित यादव और मोहम्मद अरमान ने दूसरे विकेट के लिए शानदार 147 रन जोड़कर टीम को जीत दिलाई।

अंकित यादव ने 83 गेंद पर 13 चौके और दो छक्के से नाबाद 105 रन बनाते हुए शतक जड़ा। वहीं मोहम्मद अरमान ने 50 गेंदों पर 10 चौके व तीन छक्के की मदद से 78 रन की तेज पारी खेली। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी के अंकित यादव को मिला।

सार-संक्षेप

गोमतीनगर के एक मंदिर में होली का जश्न मनातीं नव अंशिका फाउंडेशन की सदस्य।

रंग रंगीली सहेली में बिखरा होली का आकर्षण

अमृत विचार, लखनऊ : नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से द ग्रेट शक्तिस्वरूपा उत्सव के तहत नव अंशिका महिला माह का आयोजन किया जा रहा। इस कड़ी में चौथे शुक्रवार 22 मार्च को गोमतीनगर स्थित रेल विहार के मंदिर परिसर में रंग-रंगीली सहेली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आगामी 29 मार्च को पुरुषों के क्षेत्र में नाम अर्जित करने वाली महिलाओं को नव अंशिका सर्वश्री सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। गोमतेश्वर महादेव मंदिर में हुए इस आयोजन की शुरुआत होली खेले मसाने में लोकगीत के माध्यम से महादेव को नमन किया गया। गायक मंडली में शामिल लाली, रेनू जोशी, नीशू, रेखा शर्मा, डॉ. शालिनी दत्त, प्रीति शर्मा, नीरा लोहानी, मंजु विष्ट, प्रतिमा मायर, सावित्री, देवी, नम्रता सिंह, पुष्पा वर्मा, रचना सिंह, प्रभा मायर, गरिमा श्रीवास्तव, अंशिका त्यागी, पूर्णिमा पांडे, लाली के दल ने विशेष रूप से होली खेले चारों भइया गीत सुनाया। इस मधुर गीतों पर बालिका मिष्ठी सिंह सहित अन्य ने उत्साह के साथ भाव नृत्य प्रस्तुत किया।

सीमांत मुख्यालय में नारकोटिक्स एवं नशीली दवाओं की तस्करी पर अंकुश लगाने के संबंध में आयोजित संगोष्ठी में शामिल एसएसबी के अधिकारी। अमृत विचार

मादक पदार्थों के तस्करों पर एसएसबी की नजर

अमृत विचार, लखनऊ : सशस्त्र सीमा बल के सीमांत मुख्यालय में नारकोटिक्स एवं नशीली दवाओं की तस्करी पर अंकुश लगाने के संबंध में संगोष्ठी हुई। महानिरीक्षक रत्न संजय की अध्यक्षता में हुई इस ऑनलाइन संगोष्ठी के मुख्य वक्ता स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के अधीक्षक सीएसके सिंह रहे। बैठक में बताया गया कि प्रतिबंधित दवाओं एवं मादक पदार्थों की तस्करी के लिए अपराधी क्या तरीके अपना रहे हैं। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि तस्करों पर लगातार निगरानी के लिए महात्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं। संगोष्ठी में हीरोइन, स्मैक, कोकीन जैसे नशीले पदार्थों की पहचान कैसे की जाये इस बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

रमजान को लेकर महदवी समाज की क्लास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : तालीम- ओ- तरबियत ट्रस्ट की ओर से महदवी समाज के शीर्षक से होने वाले दीनी क्लासेज में धर्मगुरुओं ने अपने - अपने सेन्टरों पर रोजे के फलसफे को बयान करते हुए बताया कि अल्लाह ने इसलिए रोजे को फर्ज किया कि अमीरों को गरीबों की भूख और प्यास का अहसास हो सके। मौलाना शाहिद जमाल ने छोटे इमामबाड़े में कहा कि हमको सही जिंदगी अगर सीखना है तो इमाम के दरवाजे पे आना होगा। जो हम को दीन और दुनिया का सलीका सिखा सकता है। मौलाना मोहम्मद अब्बास ने नायाब पैलेस में कहा कि रमजान की तालीम और तरबियत का फल तुम्हारी समाजी जिंदगी में दिखना चाहिए। तुम अपनी निजी जिंदगी से जब निकल कर समाज में आते हो तो सिर्फ अपने आप को नहीं देखना है बल्कि यह समझना है कि तुम इस समाज के जिस्म का एक हिस्सा हो अब तुम्हें दूसरे लोगों का खयाल रखना होगा। यही वजह है कि रास्ता चलते वक्त इंसान की आंख देखती है कदम बढ़ते हैं। समाज की भलाई में हम सब को हिस्सा लेना होगा और यही कुरान और अहलेबैत की तालीम है। क्लास के अंत में समाज और देश के विकास के लिए सामूहिक प्रार्थना कराई गई।

मो. सैफ के खेल से अखिल इंफ्रा बना विजेता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मो. सैफ (30 रन, 3 विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत अखिल इंफ्रा क्रिकेट क्लब ने सुबोध मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

जीसीआरजी मैदान पर शुक्रवार को खेले गए फाइनल में अखिल इंफ्रा ने एलडीए कोचिंग सेंटर को 16 रनों से हरा दिया। विजेता टीम के खिलाड़ियों को भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेट ज्ञानेंद्र पाण्डेय, जीसीआरजी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अभिषेक यादव और उप निदेशक मोहित यादव ने पुरस्कृत किया। एलडीएसीसी के शिवम पाण्डेय को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, पवन सिंह को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज घोषित किया गया।

जीसीआरजी मैदान पर खेले गए सुबोध मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जीतने वाली टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

भारत में दोबारा जन्म लेना चाहते थे हेमू कालाणी

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश सिन्धी अकादमी ने आजादी के लिए अपनी जान कुर्बान करने वाले वीर सपूत हेमू कालाणी के 101वें जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को इन्दिरा भवन स्थित अकादमी कार्यालय परिसर में उन्हें याद किया। इस मौके पर यहां हेमू कालाणी के आदर्शों की आधुनिक भारत में प्रासंगिकता विषयक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि शहीद हेमू ने दोबारा भारत में जन्म लेने की इच्छा जाहिर की थी। संगोष्ठी की शुरुआत में अकादमी निदेशक अभिषेक कुमार अखिल ने झूलेलाल और अमर शहीद हेमू कालाणी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। संगोष्ठी में प्रो. जीके लालचन्दानी, हरीश वाधवानी, प्रकाश गोधवानी, डॉ. कोमल असरानी दुनीचन्द, कनिका गुरुनानी और रंजीता सचदेवा ने अपने विचार व्यक्त किये। वक्ताओं ने कहा कि हेमू का जन्म अविभाजित भारत के सखर प्रान्त में 23 मार्च 1923 को हुआ था। जब वह किशोर अवस्था के थे तब उन्होंने अपने साथियों के साथ विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया और लोगों से स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने का आग्रह किया। 1942 में जब महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आन्दोलन चलाया तब वह उसमें सक्रिय हो गए। उन्हें यह गुप्त जानकारी मिली कि अंग्रेजी सेना की हथियारों से भरी रेलगाड़ी रोहड़ी शहर से होकर गुजरेगी। हेमू अपने साथियों के साथ रेल पटरी को अस्त व्यस्त करने की योजना बनाई। हेमू यह सब कार्य अत्यंत गुप्त तरीके से कर रहे थे पर फिर भी वहां पर तैनात पुलिस कर्मियों की नजर उन पर पड़ी और उन्होंने हेमू कालाणी को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई। उस कोर्ट ने हेमू से अपने साथियों के नाम और पता बताने का दबाव भी डाला पर हेमू ने वह प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया। 21 जनवरी 1943 को हेमू कालाणी को फांसी की सजा दी गई। फांसी से पहले हेमू कालाणी की आखिरी इच्छा पूछी गई तो उन्होंने भारत में फिर से जन्म लेने की इच्छा जाहिर की।

पेंशनरों की समस्याओं का निराकरण 27 को

अमृत विचार, लखनऊ : कर्मचारी भविष्य निधि संगठन दवारा चलाये जा रहे निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत 27 मार्च को कर्मचारी भविष्य निधि क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ द्वारा लखनऊ कार्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले सभी 6 जिलों (लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, हरदोई, एवं रायबरेली) में निजी, संगठित व असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों, कर्मचारियों एवं पेंशनरों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इन क्षेत्रों के जिला नोडल अधिकारी पेंशनरों, नियोक्तायों की समस्यायों को सुनकर तत्काल मौके पर ही उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। प्रत्येक माह की 27 तारीख को निधि आपके निकट 2.0 को डिस्ट्रिक्ट आउटरीच प्रोग्राम के तहत हर जिले में आयोजन किया जा रहा है। इसमें भविष्य निधि से सम्बंधित समस्यायों का जिले में ही निराकरण किया जाता है।

होली विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए होली सीज़न के दौरान रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	चलने के दिन	अवधि	ठहराव
01053	लोकमान्य तिलक(टर्मि.)	12:15	बनारस	16:05	बुधवार	27.03.24	प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य
01054	बनारस	20:30	लोकमान्य तिलक(टर्मि.)	23:55	गुरूवार	28.03.24 तक	
01123	लोकमान्य तिलक(टर्मि.)	12:15	गोरखपुर जं.	18:55	शुक्रवार	29.03.24 तक	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
01124	गोरखपुर जं.	21:15	लोकमान्य तिलक(टर्मि.)	07:25	शनिवार	30.03.24 तक	
01103	छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मि.)	22:35	गोरखपुर जं.	09:30	गुरूवार	28.03.24 तक	प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य
01104	गोरखपुर जं.	15:30	छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मि.)	00:40	शनिवार	30.03.24 तक	
05115	छपरा	17:45	आनन्द विहार (टर्मि.)	11:50	बुधवार	27.03.2024	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
05116	आनन्द विहार (टर्मि.)	14:45	छपरा	09:30	गुरूवार	28.03.24	
05023	गोरखपुर जं.	21:15	आनन्द विहार (टर्मि.)	13:15	रविवार	24.03.24 एवं 31.03.24	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
05024	आनन्द विहार (टर्मि.)	15:15	गोरखपुर जं.	07:30	सोमवार	25.03.24 एवं 01.04.24	
05097	टनकपुर जं.	18:25	दौरई जं.	13:40	सोम, बुध, शुक्र	29.03.24 तक	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
05098	दौरई जं.	16:05	टनकपुर जं.	09:35	शनि, मंगल, वीर	23.03.24 से 30.03.24	
05047	बनारस	19:20	आनन्द विहार (टर्मि.)	09:30	मंगलवार	26.03.2024	वाता. 3 टीयर एवं वाता. कुर्सीयान
05048	आनन्द विहार (टर्मि.)	18:15	बनारस	08:10	बुधवार	27.03.2024	
05053	गोरखपुर जं.	09:30	बांद्रा टर्मिनस	16:00	शुक्रवार	29.03.24	सामान्य
05054	बांद्रा टर्मिनस	21:45	गोरखपुर जं.	06:25	शनिवार	23.03.24 एवं 30.03.24	
05005	गोरखपुर जं.	14:40	अमृतसर	09:30	बुधवार	27.03.2024	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
05006	अमृतसर	12:45	गोरखपुर जं.	08:50	गुरूवार	28.03.24	
05049	छपरा	09:55	अमृतसर	09:30	शुक्रवार	29.03.24	वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
05050	अमृतसर	12:45	छपरा	14:00	शनिवार	23.03.24 एवं 30.03.24	
05012	गोमती नगर	14:00	छपरा	00:05	शनि सोम, बुध, गुरू	27.03.24 तक	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
05011	छपरा	05:45	गोमती नगर	16:00	रवि, मंगल, गुरू, शुक्र	28.03.24 तक	
05045	लालकुआं	13:10	राजकोट	18:10	रविवार	24.03.24 से 31.03.24	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
05046	राजकोट	22:30	लालकुआं	04:05	सोमवार	25.03.24 एवं 01.04.24	
05193	छपरा	15:20	पनवेल	20:30	गुरूवार	28.03.24	वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य
05194	पनवेल	21:40	छपरा	08:50	शुक्रवार	29.03.24	
09526	नाहरलगुन	10:00	हापा	00:30	शनिवार	23.03.2024	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
09195	वडोदरा	19:00	मऊ	20:45	शनिवार	23.03.24 एवं 30.03.24	प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
09196	मऊ	23:00	वडोदरा	00:45	रविवार	24.03.24 एवं 31.03.24	
04145	सूबेदार गंज	21:30	आनन्द विहार(टर्मि.)	08:00	तिथियों के अनुसार	23, 24, 26, 27, 28, 29 एवं 31.03.24	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
04146	आनन्द विहार(टर्मि.)	09:30	सूबेदार गंज	19:00	तिथियों के अनुसार	23 से 25, 27 से 30.03.24 एवं 01.04.24	
03435	मालदा टाउन	09:30	आनन्द विहार(टर्मि.)	14:10	सोमवार	25.03.24 से 01.04.24	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य
03436	आनन्द विहार(टर्मि.)	19:00	मालदा टाउन	23:30	मंगलवार	26.03.24 से 02.04.24	
08475	पुरी	04:50	हज़रत निज़ामुद्दीन	17:40	शुक्रवार	29.03.24	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य
08476	हज़रत निज़ामुद्दीन	23:35	पुरी	06:55	शनिवार	23.03.24 एवं 30.03.24	
08571	विशाखापत्तनम	08:20	हज़रत निज़ामुद्दीन	17:40	शनिवार	23.03.24 से 30.03.24	वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर (इकोनॉमी) एवं सामान्य
08572	हज़रत निज़ामुद्दीन	23:35	विशाखापत्तनम	13:30	रविवार	24.03.24 एवं 31.03.24	
04066	आनन्द विहार(टर्मि.)	23:00	पटना जं.	16:00	सोमवार, गुरूवार	28.03.24 तक	प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.
04065	पटना जं.	17:45	आनन्द विहार(टर्मि.)	11:20	मंगलवार, शुक्रवार	29.03.24 तक	
04062	दिल्ली जं.	08:50	बरौनी	06:30	रविवार	24.03.24 से 31.03.24	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
04061	बरौनी	08:00	दिल्ली जं.	07:35	सोमवार	25.03.24 से 01.04.24	
04518	चंडीगढ़	23:15	गोरखपुर	18:20	गुरूवार	28.03.24	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य
04517	गोरखपुर	22:05	चंडीगढ़	14:10	शुक्रवार	29.03.24	
04060	आनन्द विहार(टर्मि.)	10:30	जयनगर	15:15	मंगलवार, शुक्रवार	29.03.24 तक	शयनयान व सामान्य
04059	जयनगर	17:00	आनन्द विहार(टर्मि.)	19:55	बुधवार, शनिवार	23.03.24 से 30.03.24	
01664	आनन्द विहार(टर्मि.)	11:10	सहरसा जं.	11:20	सोमवार	25.03.2024	शयनयान व सामान्य
01663	सहरसा जं.	09:30	आनन्द विहार(टर्मि.)	13:55	बुधवार	27.03.2024	
04010	आनन्द विहार(टर्मि.)	23:45	जोगबनी	05:20	मंगलवार	26.03.2024	शयनयान व सामान्य
04009	जोगबनी	09:00	आनन्द विहार(टर्मि.)	16:05	गुरूवार	28.03.2024	
04068	दिल्ली जं.	19:30	दरभंगा	16:30	गुरूवार, शुक्रवार	29.03.24 तक	3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य
04067	दरभंगा	18:00	दिल्ली जं.	16:40	बुधवार, शनिवार	23.03.24 से 30.03.24	
04004	नई दिल्ली	00:10	सीतामढ़ी	22:00	गुरूवार, शुक्रवार	29.03.24 तक	3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य
04003	सीतामढ़ी	23:30	नई दिल्ली	01:30			

गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	चलने के दिन	अवधि	ठहराव
04033	नई दिल्ली	23:45	श. कै. तुषार महाजन	11:10	शुक्रवार	29.03.24	3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान
04034	श. कै. तुषार महाजन	20:55	नई दिल्ली	09:30	शनिवार	23.03.24 से 30.03.24	
04075	नई दिल्ली	23:45	श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा	11:10	बुधवार, रविवार	24.03.24 से 31.03.24	3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान
04076	श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा	20:55	नई दिल्ली	09:30	गुरूवार, सोमवार	25.03.24 से 01.04.24	
04080	दिल्ली जं.	19:30	वाराणसी	09:45	शनि, सोम, गुरू	30.03.24 तक	3 टियर इकोनॉमी, एवं शयनयान
04079	वाराणसी	18:20	दिल्ली जं.	08:50	रवि, मंगल, शुक्र	31.03.24 तक	
01654	श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा	23:35	वाराणसी	23:55	रविवार	24.03.24 से 31.03.24	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य
01653	वाराणसी	05:30	श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा	11:25	मंगलवार	26.03.24 से 02.04.24	
02371	हावड़ा	08:15	बनारस	21:45	शनिवार	23.03.2024	प्रथम वता,, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान व सामान्य
02372	बनारस	23:05	हावड़ा	12:20			
04064	दिल्ली जं.	13:20	टूण्डला	17:15	प्रतिदिन	24.03.24 तक	सामान्य
04063	टूण्डला	17:45	दिल्ली जं.	22:15			
04923	सहारनपुर	04:40	अम्बाला कैंट	06:45	प्रतिदिन	24.03.24 तक	सामान्य
04924	अम्बाला कैंट	20:22	सहारनपुर	22:30			
04051	दिल्ली जं.	10:00	पानीपत	12:10	प्रतिदिन	24.03.24 तक	सामान्य
04052	पानीपत	13:10	दिल्ली जं.	15:40			
04249	वाराणसी	06:25	लखनऊ	12:25	प्रतिदिन	24.03.24 तक	सामान्य
04250	लखनऊ	16:35	वाराणसी	22:35			
04048	नई दिल्ली	06:20	आगरा कैंट	11:15	प्रतिदिन	23.03.2024 से 28.03.2024	सामान्य
04047	आगरा कैंट	14:30	नई दिल्ली	18:45			
09003	मुंबई सेंट्रल	16:00	दिल्ली सराय रोहिल्ला	14:25	शुक्रवार	29.03.24	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
09004	दिल्ली सराय रोहिल्ला	17:25	मुंबई सेंट्रल	15:25	शनिवार	23.03.24 एवं 30.03.24	
04731	श्री गंगानगर	14:30	आगरा कैंट	04:05	बुधवार	27.03.24	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य
04732	आगरा कैंट	07:05	श्री गंगानगर	00:50	गुरूवार	28.03.24	
09603	उदयपुर सिटी	23:00	श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा	03:20	मंगलवार	26.03.24	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य
09604	श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा	10:50	उदयपुर सिटी	15:10	गुरूवार	28.03.24	
01432	गोरखपुर जं.	23:25	पुणे	06:25	शनिवार	23.03.2024	3 टियर वाता., एवं शयनयान
01084	गोरखपुर जं.	15:30	छत्रपति शिवाजी(टर्मि.)	00:40	रविवार	24.03.2024	3 टियर वाता., एवं शयनयान
04530	बठिण्डा जं.	20:50	वाराणसी	17:30	तिथि अनुसार	23.03.2024	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
04529	वाराणसी	20:40	बठिण्डा जं.	17:00	तिथि अनुसार	23.03.2024	
04535	कटिहार जं.	07:00	अम्बाला कैंट	11:15	तिथि अनुसार	23.03.2024	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
04538	चंडीगढ़	19:15	कटिहार जं.	23:45	तिथि अनुसार	23.03.2024	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
04537	कटिहार जं.	04:00	चंडीगढ़	09:40	तिथि अनुसार	25.03.2024	
04539	कटिहार जं.	04:00	अम्बाला कैंट	09:00	तिथि अनुसार	23.03.2024	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
04533	जयनगर	23:30	सरहिन्द	05:15	तिथि अनुसार	23.03.2024	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
04498	पलवल	21:30	मथुरा जं.	23:00	प्रतिदिन	23.03.2024 से 28.03.2024	सामान्य
04497	मथुरा जं.	23:20	पलवल	01:00	प्रतिदिन		
09457	साबरमती	08:00	छपरा जं.	16:00	शनिवार	23.03.2024	सामान्य
09458	छपरा जं.	20:00	अहमदाबाद	04:00	रविवार	24.03.2024	
01492	हज़रत निज़ामुद्दीन	22:10	पुणे	23:55	शनिवार	23.03.2024	प्रथम वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
04015	गोरखपुर जं.	16:00	नई दिल्ली	05:30	शनिवार	23.03.2024	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
04018	नई दिल्ली	20:15	गोरखपुर जं.	09:30	शनिवार	23.03.2024	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
04017	गोरखपुर जं.	12:00	नई दिल्ली	01:30	रविवार	24.03.2024	

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एक नजर

विदेश में नौकरी देने का झांसा देकर ठगी

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना में एक युवक ने प्लेसमेंट एजेंसी संचालकों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि जालसाजों ने विदेश में नौकरी देने का झांसा देकर ढाई लाख रुपये ऐंठ लिए है। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के मुताबिक, सेक्टर-जी निवासी मो. मुगले आजम ने खाड़ी देश में नौकरी करने के लिए बलरामपुर निवासी ताहिर से सम्पर्क किया था। जिसने वीजा, हवाई टिकट और मेडिकल टेस्ट कराने के बदले रुपयों की मांग की थी। मुगले आजम ने बताया कि बेटे मो. जुबेर, मो. जफर और दोस्त संदीप कुमार ने करीब ढाई लाख रुपये दिए थे। रुपये लेने के बाद ताहिर ने फोन उठाना बंद कर दिया। काफी प्रयास के बाद भी सम्पर्क नहीं हो सका। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं एफआईआर दर्ज कराई है।

जर्जर सड़क से होते हादसे बैठक में मरम्मत की मांग

अमृत विचार, लखनऊ: गोमती नगर जनकल्याण महासमिति की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक में कई प्रस्तावों पर सहमति बनी। साथ ही सेक्टर-1 की जर्जर सड़क से आयेदिन दुर्घटनाएं होने पर मरम्मत की मांग भी रखी गई। शुक्रवार को अध्यक्ष डॉक्टर बीएन सिंह ने अपने विराट खंड स्थित आवास पर पदाधिकारियों के साथ बैठक की। अवगत कराया कि नगर निगम द्वारा रामकी कंपनी जो अभी कूड़ा उठा रही है बाद में सफाई भी करेगी। विवेक खंड-2 की समिति को क्रियाशील करने के लिए नए पदाधिकारीयों को नामित किया जाए। इसके लिए कार्यकारी सचिवों को अधिकृत किया गया। पार्कों एवं अन्य स्थानों पर कब्जा का मुद्दा उठा। सुमित सिंह कार्यकारी सचिव और प्रचार सचिव, अशोक कुमार गुप्ता ने गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-1 की जर्जर सड़कों पर दुर्घटनाएं रोकने के लिए मरम्मत की मांग की। सचिव मोनिका कुमारी ने गरीब बच्चों को नि:शुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराने सराहना करते हुए स्वीकृति प्रदान की। महासचिव डॉ. राघवेंद्र शुक्ला, कार्यवाहक महासचिव कर्नल एएन पांडे, राकेश त्यागी आदि रहे।

रियल एस्टेट कंपनी के निदेशकों पर धोखाधड़ी करने का आरोप

मोहनलालगंज पुलिस ने दो नामजद लोगों पर दर्ज की एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **जयराम सिंह ने मोहनलालगंज-मौरांवा रोड पर सुयश बिल्डर के निदेशक सुधीर गुप्ता व अभय सिंह से बुक कराया था प्लॉट**

अमृत विचार : न्यूयार्क के यूनाइटेड नेशन सचिवालय में कार्यरत कर्नल ने रियल एस्टेट कंपनी के निदेशकों पर जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। मामले को संज्ञान में लेकर मोहनलालगंज पुलिस ने दो नामजद लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

महाराजगंज निवासी कर्नल अजय तिवारी न्यूयार्क के यूनाइटेड नेशन सचिवालय में कार्यरत है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि करीब 11 साल पूर्व पिता जयराम सिंह मोहनलालगंज-मौरांवा रोड पर सुयश बिल्डर के निदेशक सुधीर गुप्ता व अभय सिंह से एक प्लॉट बुक कराया था। पीड़ित का आरोप है कि जालसाजों ने पिता के नाम पर रजिस्ट्री कर दी थी लेकिन कब्जा नहीं दिया था। कब्जा मांगने पर जालसाज धमकाते थे। जिसके चलते अजय व उनके पिता काफी परेशान थे। सम्बन्धित थाने में शिकायत देने के बावजूद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस मुख्यालय में मदद की गुहार लगाई। आलाधिकारियों के आदेश पर मोहनलालगंज कोतवाली पुलिस ने कंपनी के निदेशकों पर सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

आरोपी गार्ड की मर्च्युरी से सेवा खत्म

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) की मर्च्युरी में परिजन से वसूली करने के आरोपी सुरक्षा गार्ड की सेवा समाप्त कर दी गई है। यह कार्रवाई केजीएमयू प्रशासन की ओर से गठित की गई जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर की गई है। आरोपी के सहयोगी साथी को जांच समिति ने क्लीन चिट दे दी है। इससे पीड़ित परिवार में नाराजगी है। परिजन का आरोप है कि इस मामले में उनका बयान दर्ज करना जरूरी किया गया।

यह था मामला

सुल्तानपुर में एक व्यक्ति 17 फरवरी को हादसे में घायल हो गया था। उसे अयोध्या के जिला अस्पताल से रेफर करा कर केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में लाया गया था। यहां डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के मुताबिक इस दौरान केजीएमयू के ही एक अवस्थी नाम के व्यक्ति ने कहा कि मृतक शराब पिए हुए था। यदि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में डॉक्टरों ने इसका जिक्र कर दिया तो बीमा का क्लेम नहीं मिलेगा। उसने कहा कि फार्मासिस्ट पंवार से उसकी पूरी सेटिंग है। घरवालों को डरा कर 10 हजार रुपये डॉक्टरों को देने की बात कह कर मांग की। पीड़ित परिवार से दो हजार रुपये तुरंत ले लिए। शेष रुपये ऑनलाइन भेजने को कहा। इसके बाद वह रुपयों के लिए लगातार कॉल कर रहा था। रुपये न देने की स्थिति में धमकी देने लगा। जिसकी कॉल रिकार्डिंग भी मौजूद है।

फॉलोअप

▸▸ **पीएम रिपोर्ट बदलवाने के नाम पर परिजनों से वसूली करने का मामला**

विवादों में रहा कर्मचारी

सूत्रों का कहना है कि जिस कर्मचारी को केजीएमयू प्रशासन बचाने का प्रयास कर रहा है, उसका पहले भी कई मामलों में नाम आ चुका है। ट्रांसफर होने के बावजूद करीब 10 साल से एक ही जगह पर तैनाती है। करीब चार महीने पहले एक शव से जेवर गायब होने का मामला आया था। इस मामले को भी दबा दिया गया।

फार्मासिस्ट को मिली क्लीन चिट

इस मामले में परिजन ने सीएम जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में केजीएमयू प्रशासन ने जांच समिति का गठन कर दिया। जांच समिति की ओर से प्रस्तुत की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि कथित अवस्थी नाम के आरोपी की पहचान सुरक्षा गार्ड राजेश अवस्थी के नाम से हुई है। ऑडियो में उसकी आवाज की पुष्टि होने पर उसे मर्च्युरी की सेवा से हटा दिया गया है। जांच में अन्य किसी का शामिल होना नहीं पाया गया। इस मामले में फार्मासिस्ट पीएस पंवार का भी नाम आया था, लेकिन जांच में पता चला कि घटना के दिन पीएस पंवार छुट्टी पर थे।

अल्ट्रासाउंड व अंदरूनी जांच कराने से रोजा नहीं टूटता है

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कार्यालय आयतुल्लाह अल उज़्मा सैय्यद सादिक़ हुसैनी शीराज़ी की ओर से जारी हेल्पलाइन पर रोजेदारों द्वारा रोजा, नमाज और अन्य धार्मिक समस्याओं के संदर्भ में पूछे जा रहे सवालों के जवाब मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी और अन्य उलेमा के पैनल की तरफ से दिए जा रहे है। रोजेदारों के लिए रोजाना सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक हेल्पलाइन खुली रहती है।

रोजेदार मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 पर संपर्क कर अपने सवालों के जवाब हासिल कर सकते हैं। महिलाओं के लिए हेल्पलाइन का नम्बर 6386897124 दिया गया है।

हेल्पलाइन से एक रोजेदार ने सवाल किया कि क्या रोज़ा रखने वाला व्यक्ति गले में दर्द के कारण ग़रारे कर सकता है? इस सवाल के जवाब में कहा गया कि रोजे में गरारे किए जा सकते हैं, लेकिन अगर पानी हलक से नीचे चला जाए तो रोजा टूट जाएगा। एक अन्य रोजेदार ने पूछा कि क्या रोजा रखने वाली महिला बीमारी के कारण अंदरूनी जांच या अल्ट्रासाउंड करा सकती है? इसके जवाब में बताया गया कि रोजा रखने वाली महिला की अंदरूनी जांच और अल्ट्रासाउंड कराने से रोजा नहीं टूटेगा।

गौतम बुद्ध व हैप्पीनेस पार्क निर्माण की रफ्तार धीमी

अमृत विचार, लखनऊ: गौतम बुद्ध पार्क व हैप्पीनेस पार्क का मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने निरीक्षण किया तो निर्माण की रफ्तार धीमी मिली। नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को मैन पावर बढ़ाकर अप्रैल अंत तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को मंडलायुक्त ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी के साथ अचानक गौतम बुद्ध पार्क व हैप्पीनेस पार्क निरीक्षण किया। कार्यों की गुणवत्ता व मानक देखे। निर्माणधीन कार्यों की रफ्तार धीमी मिली। अधिकारियों को निर्देश दिए कि अप्रैल अंत तक निर्माण पूरा करें। कार्य में तेजी लाने के लिए मैन पावर बढ़ाएं। पार्क में एक्टिविटी के कुछ और मूवमेंट सम्मलित कर लिया जाए। आकर्षण सजा-सज्जा के साथ म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट स्थापित करें। इसके बाद मंडलायुक्त ने वेस्ट मटेरियल से बने बच्चों के खेलते हुए विभिन्न आकृतियां जैसे कंचे, लट्टू, गिल्ली डंडा, रोलिंग टायर, फनी सेल्फी जोन का जायजा लिया।

कस्टडी में हत्या के मामले में पुलिसकर्मियों को सजा

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पुलिस कस्टडी में हत्या के मामले में आरोपी बक्शी का तालाब थाने के तत्कालीन सिपाही गुलाब चन्द्र, अनिल कुमार मिश्र, नरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल राम प्रसाद प्रेमी, उदय नारायण, सिपाही राम प्रभाव शुक्ला, अवध नाथ चौहान और मुल्लूराम को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष न्यायाधीश सोमप्रभा ने दोषी करार दिया। मामले के अन्य आरोपी अरशद अली और अब्दुल रहमान की मुकदमे की सुनवाई के दौरान मृत्यु हो गई थी।

कोर्ट ने सिपाही गुलाब चंद्र, राम प्रभाव शुक्ला और अवध नाथ चौहान को आजीवन कारावास तथा 29 हजार रुपये जुर्माना वहीं हेड कांस्टेबल राम प्रसाद प्रेमी, उदय नारायण, सिपाही अनिल कुमार मिश्र, नरेंद्र सिंह और मुल्लू राम को पांच-पांच साल की कैद और दो-दो हजार रुपये जुर्माने की सजा से दंडित किया। कोर्ट में सरकारी वकील नवीन त्रिपाठी ने बताया कि मामले की रिपोर्ट वादी विशंभर सिंह ने 24 अगस्त 2000 को बीकेटी थाने में दर्ज कराई थी। कहा गया था कि 23 अगस्त को आरोपी सिपाही राम प्रभाव शुक्ला, अवध नाथ चौहान, चन्द्र किरण राठौर और गुलाब चंद्र रामपुर बेहटा निवासी बाबू पासी के साथ आए और एक मुकदमे की जानकारी देते हुए वादी के छोटे भाई वीरेंद्र सिंह को अपने साथ ले गए और उसे आरोपी राम प्रभाव शुक्ला के सरकारी आवास पर रखा तथा आरोपियों ने वीरेंद्र को बुरी तरह से मार पीटा।

केजीएमयू में गठिया से पीड़ित बच्चों के लिए ओपीडी शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में गठिया रोग से पीड़ित बच्चों के लिए अलग से ओपीडी शुरू की गई है। यह ओपीडी प्रत्येक शनिवार को चलाई जाएगी। यह जानकारी केजीएमयू के क्लीनिकल इम्यूनोलॉजी और रुमेटोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. पुनीत कुमार ने शुक्रवार को दी है। वह विभाग के 19वें स्थापना दिवस पर ब्राउन हाल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर केजीएमयू की कुलपति प्रो सोनिया नित्यानंद ने विभाग में स्थापित टिस्सू कल्चर लैब को दोबारा संचालित करने के लिये कहा है। विभागाध्यक्ष डॉ. पुनीत कुमार ने बताया की यह उत्तर भारत का प्रथम व पूरे भारत में चेन्नई व हैदराबाद के बाद तीसरा विभाग है। प्रदेश में केवल एसजीपीजीआई के अलावा, यही एक विभाग गठिया जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिये काम कर रहा है। इस विभाग में लगभग 50 हजार मरीज प्रति वर्ष देखे जाते हैं। जिसमें दिन प्रतिदिन बच्चों की संख्या बढ़ती जा रही है। एसजीपीजीआई की डॉ. अमिता अग्रवाल करीब 34 साल से इस विषय पर काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि दक्षिण पूर्व एशिया में बच्चों को होनी वाली गठिया पश्चिमी देशों से भिन्न है। इन बीमारियों की पहचान जल्द ही करके उचित इलाज की जरूरत होती है।

यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

(1) रेल गाड़ी के डिब्बों एवं इंजन पर गोबर, कीचड़ और पत्थर आदि न फेंके। आपके ऐसा करने से चालक/गार्ड व यात्री गम्भीर रूप से घायल हो सकते हैं। ऐसा करना कानूनन अपराध है।
(2) स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छता बनाये रखें।
(3) रेलवे ट्रैक एवं इसके आस-पास भीड़ एकत्रित न करें, यह खतरनाक हो सकता है।
(4) रेल यात्रा के दौरान कोई भी ज्वलनशील अथवा विस्फोटक वस्तु को साथ लेकर यात्रा न करें। यह भारतीय रेल अधिनियम के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है।
(5) गाड़ी की छत एवं पायदान पर यात्रा न करें, यह जानलेवा एवं दण्डनीय है।
(6) स्टेशन पर एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिये पैदल उपरिगामी पुल का प्रयोग करें।

पूर्वोत्तर रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
मुजाधि/संरक्षा-03
nerailwaygkp nerailwaygkp nerailwaygkp
@n.e.railwaygkp www.ner.indianrailways.gov.in @nerailwaygkp

सार-संक्षेप

दिव्यांग महिलाओं संग खेली फूल की होली

अमृत विचार, लखनऊ: ईश वेल्फेयर फाउंडेशन टीम द्वारा पॉल मर्सी होम वृंदावन कालोनी में होली पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अटल फाउंडेशन की संस्थापिका नम्रता पाठक रही। जिनके द्वारा पॉल मर्सी होम की दिव्यांग महिलाओं एवं लड़कियों को कुर्ती भेंट की गई साथ में फूलों की होली खेल कर इनको गुझिया, मीठा, पिज्जा खिलाई गई। इस अवसर पर ईश वेल्फेयर के जितेन्द्र सिंह और पत्नी सरिता सिंह और सहयोग प्रदान करने वाली ज्योति खरे, आरती कपूर, जीएस विरदी, मनोज कुमार वर्मा, नूतन वर्मा, भारती सिंह, अनु अवस्थी सहित टीम के बहुत सारे समाजसेवी गण उपस्थित रहे।

भागवत कथा में खेली फूलों की होली

अमृत विचार, लखनऊ: मानस गार्डन कॉलोनी में 16 मार्च से चल रही कथा में शुक्रवार को फूलों की होली खेली गई। शनिवार को हवन-पूजन और भंडारे के साथ कथा का समापन होगा। श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा व्यास शिवांक ने प्रभु कृष्ण की हजारों शादियों का प्रसंग, सुदामा प्रसंग और परीक्षित मोक्ष आदि की कथा सुनाई। सुदामा चरित्र व राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा सुनकर श्रद्धालु भक्ति सरिता में डूब गए। समापन के मुख्य यजमान शिव नारायण जायसवाल व उर्मिला देवी ने व्यासपीठ एवं भागवत पुराण की आरती पूजन किया। डॉ. ज्योति, डॉ. विजित, पार्थ, सृजय, उपभोक्ता फोरम के जज अमरजीत त्रिपाठी, एडीजे चंद्रमोहन चतुर्वेदी, विक्रम सिंह, अशोक पांडेय, आलोक सक्सेना, अवनीश तिवारी, सुभाष चंद्र, अजय वर्मा, टीएन चौबे, डॉ. राजेश सिंह, गोविंद पांडेय, सुधा मिश्रा, श्वेता सिंह, बबिता चतुर्वेदी, डॉ. विभा सिंह, गरिमा सिंह, प्रेमा श्रीवास्तव, प्रियम्बदा पांडेय, अर्चना सिंह, उर्वशी चतुर्वेदी, डॉ. केएल मिश्र, रवींद्र प्रजापति, एचएस मिश्र, एसके वाजपेयी, ललित कुमार, केके सिंह, एसबी सिंह, घनश्याम तिवारी, राजेंद्र गुप्ता, एनएस चौहान, विजय शंकर सिंह, केके शर्मा, हर्ष उपाध्याय, दीपक यादव और कुंवरजी श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

सपा की राज्य कार्यकारिणी में राजपाल यादव प्रदेश सचिव बने

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की स्वीकृति से राजपाल यादव पुत्र निवासी आगरा को शुक्रवार को पार्टी उप्र. की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है। एजाज सिद्दीकी निवासी चित्रकूट को समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव द्वारा लोहिया वाहिनी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है।

विधायक अभय सिंह को मिली वाई श्रेणी की सुरक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : गोसाईगंज सीट से सपा विधायक अभय सिंह को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। उनकी सुरक्षा में सीआरपीएफ कमांडो तैनात किए जाएंगे। अभय ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ को वोट दिया था। वाई श्रेणी की सुरक्षा दिए जाने को लेकर सियासी गलियारों में तमाम कयास लग रहे हैं।

अत्याचार बर्दाश्त नहीं: चंद्रशेखर

अमृत विचार, लखनऊ : 1947 में भारत माता विखंडित हुई। पाकिस्तान का निर्माण जिस उद्देश्य से हुआ, वह पूरा नहीं हो सका। उन्होंने कहा पश्चिम बंगाल जल रहा है, हैदराबाद में पाकिस्तानी झंडा फहराया जाता है, हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं। गौवंश की हत्या हो रही है। अब यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह जानकारी अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने शुक्रवार को सदर स्थित एक होटल में महासभा पदाधिकारियों की बैठक में कहीं। बैठक में लखनऊ जिला अध्यक्ष विशाल कनौजिया, धनंजय सिंह, मनोज कुमार, अरविंद नाथ गुप्ता, किशन उपस्थित रहे।

आरएलबी में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए एक महीने बाद की मिल रही तारीख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजाजीपुरम स्थित रानी लक्ष्मीबाई (आरएलबी) अस्पताल में मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए परेशान होना पड़ रहा है। मरीजों का कहना है कि जांच में भी एक महीने से ऊपर की तारीख दी जा रही है। इससे कई मरीज निजी अस्पताल में जाकर ऑपरेशन करवाने के लिए मजबूर हैं।

आरएलबी अस्पताल में नेत्र रोग विभाग की ओपीडी में रोजाना 200 से अधिक मरीज पहुंचते हैं। इनमें ज्यादातर मरीजों को मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने की सलाह दी जाती है। नेत्र रोग विभाग में पुराने शहर के रहने वाले एक मरीज ने मार्च के प्रथम सप्ताह में आंखों की जांच करवाई। डॉ. कृष्ण प्रताप ने मरीज को देखकर जांच आदि कराई। डॉक्टर ने उसे मोतियाबिंद बताते हुए ऑपरेशन की सलाह दी। फिर उसे दोबारा कुछ दिन बाद अस्पताल बुलाया गया। तय तिथि पर पहुंचने के बाद फिर डॉक्टरों ने ऑपरेशन नहीं किया। बल्कि मरीज को अप्रैल के आखिरी में ऑपरेशन कराने की बात कहते हुए चलता कर दिया। मरीज को किसी और प्रकार की कोई समस्या नहीं है। ऐसे ही दूसरे मरीजों को भी एक माह बाद मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए तारीख दी जा रही हैं।

> अस्पताल में लेंस मुहैया नहीं थे। इमरजेंसी में दूसरे मद के बजट से लेंस मंगवाए हैं। डॉक्टर एक दिन में करीब 20 ऑपरेशन करते हैं। उसी हिसाब से मरीजों को ऑपरेशन के लिए आगे की तारीख दी जा रही है। एक से डेढ़ माह की वेटिंग क्यों है, इसके बारे में जानकारी जुटाएंगे और समय कम कराएंगे।
> -डॉ. एसएस व्यास, सीएमएस आरएलबी अस्पताल

कायस्थ प्रत्याशियों को टिकट न मिलने पर जताई नाराजगी

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में कायस्थ समाज के प्रत्याशियों को टिकट न मिलने पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने नाराजगी जताई है। महासभा के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष संतोष निगम ने शुक्रवार को साथियों के साथ पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। संतोष ने कहा वर्तमान में लोकसभा और चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। किसी भी दल ने हमारे समाज के व्यक्तियों को टिकट नहीं दिया है, ये बहुत ही चिंता का विषय है। उन्होंने कहा जो भी राजनीतिक दल हमारे समाज के व्यक्तियों को टिकट देगा हमारा समाज, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उस राजनीतिक दल को तन, मन व धन से सपोर्ट और वोट करेगा।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

हुसैनाबाद ट्रस्ट के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे कल्बे जवाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **मौलाना कल्बे जवाद ने ट्रस्ट पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए दी प्रदर्शन की चेतावनी**

अमृत विचार : मजलिस-ए-उलेमा-ए-हिंद के महासचिव और प्रमुख शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने हुसैनाबाद ट्रस्ट पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। इस सम्बन्ध में 17 रमजान को दरगाह हजरत अब्बास में अंजुमनों की बैठक बुलाई गई है. इसी बैठक में आगे की रणनीति तय की जायेगी।

मौलाना कल्बे जवाद ने कहा कि जब अंजुमनों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए बड़े इमामबाड़े में तालाबंदी कर दी थी, उस समय हाईकोर्ट के आदेश पर ताला खोला गया था, लेकिन एक बार फिर हमें इसी तरह का विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। मौलाना ने कहा कि ट्रस्ट प्रबंधन द्वारा हुसैनाबाद ट्रस्ट की आमदनी का कोई हिसाब-किताब पेश नहीं किया जाता है, जिससे मालूम होता है कि हुसैनाबाद ट्रस्ट को लावारिस समझ लिया गया है।

मौलाना ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हिसाब-किताब पेश नहीं किया गया तो जल्द ही विरोध शुरू होगा। मौलाना ने शाही खानदान के लोगों से अपील की है कि उन्हें अपने बुजुर्गों की संपत्तियों की हिफाजत और हुसैनाबाद ट्रस्ट की आमदनी में पारदर्शिता की मांग के लिए आगे आना चाहिए।

प्रसूताओं को भोजन का संकट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जिले के सरकारी अस्पतालों में प्रसूताओं और गर्भवतियों को मिलने वाले नाश्ते और भोजन पर संकट मड़राने लगा है। इसकी वजह यह है कि जिस कंपनी को भोजन का जिम्मा मिला है, उसका टेंडर खत्म हो चुका है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभी तक नया टेंडर नहीं कराया जा सका है। ऐसे में कई अस्पतालों में भोजन पहुंचना बंद हो गया है। प्रसूता व गर्भवतियों के परिजन घर से खाना लाने को मजबूर हैं। अफसरों का कहना है कि टेंडर की प्रक्रिया आचार संहिता के बाद पूरी कराई जाएगी।

सीएमओ के अधीन 19 अस्पताल संचालित हैं, जहां भर्ती गर्भवती महिलाओं व प्रसूताओं को जननी सुरक्षा योजना के तहत मुफ्त खाना-नाश्ता दिए जाने का नियम है। एनएचएम से प्रति गर्भवती-प्रसूता की डाइट के लिए रोजाना करीब 100 रुपये दिए जाते हैं। इसमें दो वक्त के खाने के साथ नाश्ता दिया जाता है। स्वास्थ्य विभाग हर साल खाने का टेंडर निकालता है। यह टेंडर फरवरी के आखिर में समाप्त हो चुका है। ऐसे में कई अस्पतालों में खाना मिलना बंद हो चुका है।

> टेंडर खत्म हो चुका है, लेकिन पुरानी कंपनी ही भोजन दे रही है। नया टेंडर आचार संहिता हटने के बाद किया जाएगा, तब तक पुरानी कंपनी ही भोजन मुहैया कराती रहेगी। यदि किसी अस्पताल में भोजन नहीं पहुंच रहा है तो व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी।
> -डॉ. मनोज अग्रवाल, सीएमओ

मनोनयन पत्र वितरण कर व्यापारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने नई कमेटी के प्रमुख पदाधिकारियों को शुक्रवार मनोनयन पत्र वितरित किए। राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने ईमानदारी और लगन के साथ व्यापारी हित में काम करने की अपील की।

उन्होंने बताया कि इस बार कमेटी में सभी बाने के व्यापारी संगठन में शामिल किया गया है। महानगर अध्यक्ष सुरेश छबलानी चिकन व्यवसायी अमीनाबाद परिक्षेत्र का नेतृत्व कर रहे हैं। लखनऊ संसदीय क्षेत्र के पांच विधानसभा क्षेत्रों से पांच महामंत्री बनाए गए हैं। लखनऊ मध्य क्षेत्र से प्रिंटिंग व्यवसायी अनुज गौतम, पूर्वी से साइकिल एवं जिम संचालक राजीव अरोड़ा, उत्तर क्षेत्र से कपड़ा व्यवसायी राजीव कक्कड़, पश्चिम से आयुर्वेदिक जड़ी बूटी व्यापारी दीपेश गुप्ता और कैंट से शू व्यवसाय से जुड़े हरीश मलानी को शामिल किया गया है। कोषाध्यक्ष राममोहन अग्रवाल बनाए गए हैं। लखनऊ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कपड़ा व्यवसायी पदम जैन, दवा व्यवसायी संदीप अग्रवाल, रमेश शुक्ला, मोहम्मद सालिम, छावनी आदर्श अग्रवाल, कंप्यूटर एवं कोरियर व्यवसायी रमेश सिंह, पांडे गंज क्षेत्र से राजेश गुप्ता, अलीगंज क्षेत्र से महेश चंद्र राठौर को बनाया गया है।

इसी तरह उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी आदर्श अग्रवाल, शिशिर सिंह, अरविंद मित्तल, फुरकान कुरैशी, मुकेश कुमार नाग, विजय अग्रवाल, अमरनाथ चौधरी, राजीव अग्रवाल, नितिन श्याम अग्रवाल, डॉ शाश्वत विद्याधर दी गई है।

संगठन मंत्री जय मिगलानी, सुनीत साहू, आरके मिश्रा, विमल गर्ग, मनोज कुमार, राजीव रतन सिंह, मोहम्मद नसीम और मंत्री आलोक ऐरन, ललित शर्मा, वीरपाल सिंह, झब्लू गुप्ता, किशोर वर्मा, मुनीष गुप्ता और रमेश मिश्रा को बनाया गया है। प्रचार मंत्री लाल बहादुर, छोटेलाल, रामस्वरूप, मीडिया प्रभारी संजय निधि अग्रवाल बनाए गए। समारोह में संगठन मंत्री जावेद बेग, प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री युवा आकाश गौतम, प्रदेश कार्य समिति सदस्य वेद रतन श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष अश्वन वर्मा, महानगर इकाई की महिला अध्यक्ष कजरा निगम, महामंत्री बीनू मिश्रा उपस्थित रहीं।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के मनोनयन पत्र वितरण समारोह में संगठन प्रमुख के साथ नई टीम। अमृत विचार

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
SUN LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited MACLEODS Canixa
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

जेल में आजम खां से अखिलेश यादव ने की 83 मिनट गुप्त चर्चा

सीतापुर जेल से बाहर आते ही भाजपा सरकार पर निशाना साधा, कहा- यूपी में सबसे ज्यादा पेपर लीक भाजपा सरकार में

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को जिला जेल में बंद पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां से मुलाकात की। जेल के अंदर 1 घंटे 23 मिनट तक चली मुलाकात के बाद अखिलेश यादव जेल से बाहर आये और भाजपा सरकार पर निशाना साधा। आजम से मुलाकात के दौरान जेल के अंदर सपा राष्ट्रीय सचिव अनूप गुप्ता व रामपुर के जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। दोनों के बीच चली मुलाकात में लोकसभा चुनाव के समीकरण सहित रामपुर की अहम सीट पर प्रत्याशी चयन को लेकर भी गहन चर्चा होने की बात सामने आई है।

जेल से बाहर निकलते ही अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि झूठे मुकदमों का भाजपा वर्ल्ड ही नहीं, बल्कि ब्रह्मांड रिकॉड बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड ने भाजपा की बैंड बजा दी है, जिससे बचने के लिए विपक्षी पार्टी के मुख्यमंत्रियों को परेशान किया जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा चुनाव तक कुछ भी कर सकती है इसलिए चुनाव तक भाजपा से बचकर रहना होगा।

आजम से अखिलेश यादव की यह मुलाकात रामपुर सीट के लिए अहम मानी जा रही है। सुबह करीब 12 बजे अखिलेश यादव का काफिला जिला जेल पर रुका। अखिलेश की गाड़ी जेल परिसर के गेट पर रुकी। अखिलेश यादव ने केजरीवाल की गिरफ्तारी की तरफ इशारा करते हुए कहा कि क्या भाजपा के लोगों को चुनावी बॉण्ड का फायदा नहीं मिला? घबराहट में अपना मुद्दा बदलने का यह जो तरीका है उसमें भाजपा कामयाब नहीं होगी। जनता लोकसभा चुनाव में इनको सबक सिखाएगी। अखिलेश यादव ने कहा, क्या देश यह स्वीकार करेगा कि झूठे मुकदमे चला कर लोगों को जेल भेज दें? लेकिन अंत में सच्चाई की ही जीत होती है। उन्होंने विभिन्न आरोपों में सजायाफ्ता आजम खां, उनकी पत्नी तजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला को अलग-अलग जेलों में रखे जाने को सरकार की अमानवीय गतिविधि करार दिया। पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) ही राजग (भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) एनडीए को हराएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में विभिन्न भर्तियों के सबसे ज्यादा पेपर लीक हुए हैं। भाजपा की प्रदेश सरकार ने 60 लाख बच्चों का भविष्य छीना है। उन्हें और उनके माता-पिता को मिला लें तो एक करोड़ 80 लाख वोट होते हैं। अगर हम उसे 80 (उत्तर प्रदेश में लोकसभा सीटों की संख्या) से भाग देते हैं तो हर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के सवा दो लाख वोट कम हुए हैं।

जेल में बंद आजम खां से मुलाकात के बाद बाहर आते अखिलेश यादव। अमृत विचार

केजरीवाल की गिरफ्तारी से लोकतंत्र कमजोर

जेल के बाहर मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा घबराई हुई है। केवल दिल्ली के मुख्यमंत्री को जेल भेजने से और खबरों को नियंत्रित करने से लोकतंत्र में उनकी (भाजपा की) जीत नहीं होने वाली है। यह लोग लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। लोकतंत्र में जो आवाज उठाना चाहते हैं, सरकार उनकी आवाज दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि अन्याय की कोई उम्र नहीं होती है। जुल्म जितना भी हो आखिरकार न्याय की ही जीत होगी।

एक नजर

बिहुरा के निकट मिट्टी लदा डंपर छात्रा पर पलटा, मौत

फतेहपुर, बाराबंकी। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बेलहरा नगर पंचायत के मोहरी वार्ड के रहने वाले राम सजीवन की पुत्री दीक्षा वर्मा (21) सांई पीजी कॉलेज में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। शुक्रवार को घर से कॉलेज जाने के लिए साइकिल से निकली थी। फतेहपुर बेलहरा मार्ग पर बिहुरा चौराहे के निकट बेलहरा की तरफ से मिट्टी लाद कर आ रहा डंपर छात्रा के ऊपर ही पलट गया। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों व राहगीरों ने छात्रा के डंपर के नीचे दबे होने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर हटाने के लिए दो जेसीबी का प्रबंध किया। करीब एक घंटे कड़ी मशक्कत के बाद डंपर को जेसीबी से सीधाकर छात्रा के शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। दुर्घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।

रामलला के दर्शन करना सौभाग्य : उर्वशी रौतेला

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : अयोध्या आना और रामलला के दर्शन करना हर सनातनी का सौभाग्य है। मुझे भी आज ये सौभाग्य प्राप्त हुआ है। रामनगरी का दिव्य स्वरूप संपूर्ण विश्व में फैल गया है। ये बातें शुक्रवार को प्रख्यात अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने कहीं। उन्होंने रामलला के दरबार में श्रद्धा निवेदित करते हुए दोनों हाथ जोड़कर रामलला से आशीर्वाद मांगा। दर्शन के बाद अभिभूत अभिनेत्री ने कहा कि एक फिल्म की शूटिंग के दौरान वह अयोध्या में हैं। शीघ्र ही शूटिंग पूरी होगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न मठ-मंदिरों के दर्शन करने की भी परम अभिलाषा है। दर्शन के दौरान उनके साथ फिल्म से जुड़े लोग भी मौजूद रहे।

न्यायमूर्ति ने किया पौधरोपण

जनपद न्यायालय में पौधरोपण करते प्रशासनिक न्यायमूर्ति। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: प्रशासनिक न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह का जिला न्यायालय में आगमन हुआ। उन्होंने न्यायालय परिसर आदि का निरीक्षण किया गया तथा जनपद न्यायालय स्थित पार्क में पौधरोपण भी किया। इसके बाद जिला बार के पदाधिकारी व कार्यकारिणी तथा वरिष्ठ अधिवक्ताओं से वार्ता की। इसके बाद न्यायमूर्ति द्वारा जनपद न्यायालय में बन रही नव निर्मित भवन का भी निरीक्षण किया गया व कोर्ट कैम्पस को देखा। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश दिनेश चन्द, प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय दुर्ग नरायन सिंह, पीठासीन अधिकारी एसपी शर्मा, जिला बार के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, महामंत्री शाहीन अख्तर आदि उपस्थित रहे।

इरफान सोलंकी पर तीसरी बार टला फैसला

कानपुर। सपा विधायक इरफान सोलंकी के जाजमऊ के आगजनी कांड मामले में गुरुवार को एक बार फिर फैसला टल गया। एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने मामले में अगली तिथि 28 मार्च निर्धारित की है। अभियोजन व बचाव पक्ष की ओर से बहस बीते एक मार्च को पूरी हो गई थी। कोर्ट ने फैसले की तिथि 14 मार्च निर्धारित की थी। 14 को मो. शरीफ व शौकत के जमानत बंधपत्र दाखिल न होने के कारण 19 मार्च की तिथि निर्धारित की गई। 19 मार्च को न्यायाधीश के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई नहीं हो पाई थी। जिसके बाद 22 मार्च की तारीख तय हुई थी। डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आगजनी कांड मामले में शुक्रवार को आने वाला फैसला एक बार फिर से टल गया। सात नवंबर 2022 को नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लग गई थी। मामले में सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ व शौकत अली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

18 माह में बन जाएगा राम जन्मभूमि परिसर

सर्किट हाउस में बैठक करते एलएंडटी के इंजीनियर। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : निर्माणाधीन राम मंदिर के प्रथम तल, द्वितीय तल, शिखर, परकोटा, शेषावतार मंदिर, सप्त ऋषि मंदिर व तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र 18 महीने में पूरा हो जाएगा। यह जानकारी राम मंदिर निर्माण समिति की शुक्रवार को हुई बैठक में सामने आई। बैठक में चल रहे कार्यों पर चर्चा की गई। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने की। बैठक के बाद राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि रामनवमी में करीब 30 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंचेंगे।

1 वर्षीय बच्ची के दुष्कर्मी को आजीवन कारावास की सजा

बहराइच, अमृत विचार: विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पॉक्सो संत प्रताप सिंह और विशेष लोक अभियोजक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नानपारा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक वर्षीय बालिका के साथ 17 फरवरी 2024 को आरोपी ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के निबियाशाह मोहम्मदपुर गांव निवासी 55 वर्षीय भोंदू पुत्र कलीमुन ने बालिका के साथ दुष्कर्म किया था। जिसमें पुलिस की ओर घटना के दूसरे दिन ही चार्जशीट दाखिल किया गया था। शुक्रवार को न्यायालय पर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट वरुण मोहित निगम ने मामले की सुनवाई की। पत्थर विपक्ष के मामलों की सुनवाई स्पेशल जज ने की। इसके बाद पाक्सो कोर्ट के न्यायाधीश वरुण मोहित निगम ने अधेड़ आरोपी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जज ने लैंगिग अपराध के मामले में एक लाख 28 हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना की राशि जमा न करने दोष सिद्ध आरोपी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

होली पर यात्री होल्डिंग एरिया का गठन कर रहा रेलवे

नई दिल्ली, अमृत विचार। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने शुक्रवार को प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में एक बैठक की। इसमें होली के मद्देनजर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ की सुविधाजनक निकासी के लिए किए जा रहे इंतजामों की समीक्षा की। इस दौरान उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कहा कि इस वर्ष रेलवे ने 75 जोड़ी रेलगाड़ियों के 354 फेरे अधिसूचित किए हैं जो पिछले वर्ष की तुलना में 179 अधिक हैं। इन 354 फेरों में 243 पूर्व जबकि 111 अन्य दिशाओं में जाने वाली ट्रेनों के हैं। इसके अलावा, 282 फेरे आरक्षित और 72 अनारक्षित हैं। मांग को पूरा करने के लिए होली पर्व के दौरान मौजूदा रेलगाड़ियों के 39 रेकों के 842 कोच ट्रिप पहले ही बढ़ाए जा चुके है। इससे लगभग 5,00,000 अतिरिक्त बर्थों की व्यवस्था हुई है। सर्कुलेटिंग एरिया में भीड़ को रोकने के लिए अजमेरी गेट नई दिल्ली (कवर एरिया करीब 4500 वर्ग फीट) और आनंद विहार टर्मिनल (2500 वर्ग फीट) रेलवे स्टेशनों पर यात्री होल्डिंग एरिया का गठन किया गया है। प्लेटफार्मों पर भीड़ को कम करने के लिए प्रस्थान प्रतीक्षा क्षेत्र, कवर टेंट, लाइटिंग, पंखे, वॉटर बूथ, पोर्टेबल टॉयलेट ब्लॉक, फूड स्टॉल, पीए सिस्टम, बुकिंग काउंटर आदि की सुविधाएं हैं। उन्होंने कहा कि त्योहार की अवधि के दौरान ट्रेनों की पूछताछ और घोषणा प्रणाली की निगरानी की जा रही है। सभी स्पेशल ट्रेनों की स्थिति पर पीआरएस. प्रणाली को अपडेट किया गया है। ये जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

तैयारी

▸▸ उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने त्योहारों पर इंतजामों की समीक्षा की

कई स्पेशल ट्रेनें चलाईं जा रहीं

उन्होंने बताया कि होली के दौरान आनंद विहार टर्मिनल से पटना, गया, लखनऊ, कामाख्या, श्री माता वैष्णो देवी कटरा, नई दिल्ली से वाराणसी और बरौनी, बठिंडा-वाराणसी, श्री माता वैष्णो देवी कटरा-वाराणसी-लखनऊ, हजरत निज़ामुद्दीन-लखनऊ-पुणे, सहारनपुर-अंबाला-चंडीगढ़, नई दिल्ली-गोरखपुर होली स्पेशल रेलगाड़ियों के अलावा एमईएमयू स्पेशल रेलगाड़ियां चलाई जा रही है।

होली पर 30 लाख अतिरिक्त सीटें मुहैया करा रहा रेलवे: वैष्णव

संवाददाता, नई दिल्ली

अमृत विचार। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि इस त्योहार के सीजन में रेल यात्रियों के लिए ट्रेनों में लगभग 30 लाख अतिरिक्त सीटें उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके लिए 571 होली ट्रेनों सहित 1,098 अतिरिक्त विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए उचित व्यवस्था की गई है। 24 घंटे इसकी मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

होली के दौरान भारी भीड़ होने की उम्मीद है। आम तौर पर जनता की आवाजाही होली से 4 दिन पहले शुरू होती है और होली के 4-5 दिन बाद तक चलती है। भारतीय रेल हर साल अपेक्षित भीड़ को कम करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से होली विशेष ट्रेनों की योजना बनाती है। पिछले वर्ष के दौरान 321 ट्रेन सेवाओं की तुलना में इस वर्ष होली के दौरान 571 होली विशेष ट्रेन चलाई जा रही हैं, यानी 78 फसदी की वृद्धि हुई है। होली की व्यस्त अवधि के दौरान, पिछले वर्ष के दौरान 720 विशेष ट्रेनों की तुलना में इस वर्ष 1,098 विशेष ट्रेनें पहले से ही चला जा रही हैं, यानी 52 फीसदी की वृद्धि हुई है।

होली की भीड़ को कम करने के लिए लगभग 30 लाख यात्रियों की अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध कराई गई है। अंतिम समय की भीड़ या यात्रा करने वाले यात्रियों को पूरा करने के लिए मुंबई, सूरत, अहमदाबाद, दिल्ली, पटना आदि जैसे प्रमुख शहरों से अतिरिक्त 11 अनारक्षित रैक की योजना बनाई जा गई है।

वर्ग पहेली-18

बाएं से दाएं

1. अमित होने की अवस्था या भाव, असीमता, अनंतता।
4.1. खड़ की लगातार ध्वनि होना 2. सूखे पत्तों के आपस में टकराने की ध्वनि।
5. मालगाड़ी का डिब्बा।
7.1. पुदीने की जाति का एक पौधा 2. उक्त पौधे की पत्तियों का सत्व जो औषधि बनाने के काम आता है।
8.1. स्रोत, पानी का चश्मा या सोता 2. यथार्थ, वास्तविक, वाकई 3. नेत्र, नयन, आंख।
9. डांटने की क्रिया, घुड़कना।

ऊपर से नीचे

1.1. नीचा, झुका हुआ, नत 2. गिरा हुआ, पतित, अधोगत 3. अस्त होता हुआ 4. नम्र, विनीत।
2.1. झड़ने की क्रिया या भाव 2. झड़ने या झाड़ने से गिरी हुई चीज़।
3. वह बर्तन जिससे खेत का पानी बाहर उलीचते हैं या बाहर का पानी खेत में भरते हैं, ओलचा।
4. गले में पहनने का आभूषण, हंसुली।
6.1. अनर्गल प्रलाप, बकवास 2. बदतमीज़ी, अशोभन बातें 3. अप्रासंगिक, क्रमहीन।
7.1. आच्छादित करने की क्रिया 2. ढक्कन 3. आवरण 4. तलवार की म्यान 5. परदा 6. दरवाज़ा।



वर्ग पहेली -17 का हल

	1 औ				2 वा	णी
	ष			3 लु		
	धा		4 अ	भा	षि	5 त
	6 ल	च	क	ना		द
7 पे	य		ड़			बी
टि				8 रो	ल	र
9 का	दं	बि	नी			

सुडोकू -97

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		9				6		
5					9		1	
7		8		4				2
		3	6		8		4	
		7				8		
	2		5		3			
4				1				8
	3		2				5	
		6				9		

सुडोकू -96 का हल

9	1	4	6	2	8	5	7	3
3	2	6	9	7	5	4	8	1
8	7	5	1	3	4	9	2	6
6	9	7	8	4	1	2	3	5
4	8	2	5	6	3	7	1	9
1	5	3	2	9	7	6	4	8
7	6	8	3	5	2	1	9	4
5	4	1	7	8	9	3	6	2
2	3	9	4	1	6	8	5	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 07.17 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी पूर्ण रात्रि।

मेष — आज धन के लेन-देन को लेकर थोड़ा विवाद हो सकता है। प्रेम संबंधों को लेकर धैर्य और संयम का परिचय देंगे। नया काम शुरू करने के लिए दिन शुभ है। कार्यक्षेत्र के सहकर्मी आपसे काफी खुश रहेंगे। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

वृष — आज घर की आंतरिक सज्जा में सुधार करने की योजना बनाएंगे। साझेदारी के व्यवसाय में आपसी समझदारी की आवश्यकता है। अत्यधिक विचारों के कारण थोड़े भ्रमित हो सकते हैं। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को बॉस से परेशानी हो सकती है।

मिथुन — आज किसी रिश्तेदार से शुभ समाचार मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रेम भरे व्यवहार से आह्लादित रहेंगे। अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। आप परोपकार को काफी महत्व देंगे। नए व्यवसाय की योजना बना सकते हैं।

कर्क — आज अपना काम निकलवाने के लिए आप स्वार्थी भी हो सकते हैं। दोस्तों के साथ आपकी समस्याओं को साझा करेंगे। लोन से जुड़ा हुआ काम अटक सकता है। कोई नजदीकी व्यक्ति आपको धोखा दे सकता है। इसीलिये सावधान रहना चाहिए।

सिंह — आज बॉस आपके प्रदर्शन से बहुत खुश होगा और आपको शाबाशी दे सकते हैं। सरकारी कारणों से रुके हुए कार्यों में गति आएगी। आपको सामाजिक कार्यों से काफी यश प्राप्त होगा। बैंकिंग से जुड़े अटके काम आसानी से बन जाएंगे।

कन्या — आज अपने उत्तरदायित्व के प्रति निष्ठावान रहें। अनावश्यक कारणों से आपको घर से बाहर जाना पड़ सकता है। अधिकारियों से बहसबाजी न करें। महंगी वस्तुओं की खरीदारी से आपके बजट पर असर पड़ने की संभावना है।

तुला — आज आपको उत्तम कार्यों के लिए पुरस्कार भी दिया जा सकता है। अपनी कमियों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करें। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में बड़ी सफलता मिल सकती है। व्यवसाय में ग्राहक आपसे काफी खुश रहेंगे।

वृश्चिक — आज सभी कार्यों को सावधानी पूर्वक करने का प्रयास करें। संपत्ति के क्रय-विक्रय को लेकर थोड़े संशय में रहेंगे। जल्दबाजी के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। भविष्य को लेकर योजना बनाने के लिए समय उत्तम है।

धनु — आज आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। दोस्तों के साथ मौज मस्ती भरा समय बिताएंगे। आप कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। संतान पक्ष से आपको सहयोग मिलेगा। बुद्धि और विवेक से निर्णय लेंगे।

मकर — आज संतान के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। विवाहेतर संबंधों से बचने का प्रयास करें। दूसरों की बातों में न आएं। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। आपको किसी पर भी पूर्ण भरोसा नहीं करना चाहिए। कानूनी पचड़ों में फंस सकते हैं।

कुंभ — आज कारोबार में शानदार वृद्धि से आपका मनोबल बढ़ेगा। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। सांयकाल पुराने मित्रों के साथ ग्रुप चर्चा कर सकते हैं। साहित्य और कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है।

मीन — आज आपसी संबंधों को खट्टा न होने दें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दूसरों की समस्याओं में स्वयं को न उलझाएं। पैरों में थकावट जैसी अनुभूति हो सकती है। ऑफिस के कार्यों में अपनी दक्षता का परिचय देंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
शान — सुबह : 09.52
अनाड़ी — रात : 07.00

SONY MAX
पीकू — सुबह : 10.48
आंख मिचौली — रात : 07.00

SONY PIX
इट — सुबह : 09.28
टर्मिनेटर 3 — रात : 09.00

ZEE CINEMA
अतीत — सुबह : 09.15
करन अर्जुन — रात : 08.20

colors CINEPLEX
ताली — दोपहर : 12.00
फिर हेरा फेरी — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात : 07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी दौड़ा-दौड़ा डॉक्टर के क्लीनिक में पहुंचा और घबराए स्वर में बोला-डॉक्टर साहब ! प्लीज मेरी जान बचा लीजिए।
डॉक्टर- क्या हुआ?
आदमी-मेरे मुंह में छिपकली घुस गई है।
डॉक्टर हैरान होकर बोला- क्या? जब छिपकली तुम्हारे मुंह में घुस रही थी तब तुमने मुंह बंद क्यों नहीं किया?
आदमी-दरअसल, मैंने सोचा कि पहले जो कॉकरोच मेरे मुंह में घुसा था, उसे पकड़कर वह वापस आ जाएगी।

लड़की- तू इतना अच्छा है, फिर तेरी कोई गर्लफ्रेंड क्यों नहीं?
लड़का-तू बन जा
लड़की-नहीं, तू तो मेरा बेस्ट फ्रेंड है।
लड़का- बस इसलिए नहीं है।

यो नोद्धतं कुरुते जातु वेषं न पौरुषेणापि विकत्थतेऽन्यान्।
न मूर्च्छितः कटुकान्याह किञ्चित् प्रियंसदा तं कुरुते जनो हि॥

जो व्यक्ति शैतानों जैसा वेश नहीं बनाता, वीर होने पर भी अपनी वीरता की बड़ाई नहीं करता, क्रोध से विचलित होने पर भी कड़वा नहीं बोलता, उससे सभी प्रेम करते हैं।

संपादकीय

तरक्की और असमानता

भारत दुनिया में सर्वाधिक तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वहीं अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार के बीच बढ़ती आर्थिक असमानता चिंता बढ़ाती है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि अगले वित्त वर्ष के लिए भारत का परिदृश्य सकारात्मक दिख रहा है। निवेश में बढ़ोतरी और महंगाई में कमी अर्थव्यवस्था को रफ्तार दे सकते हैं। जनवरी 2025 से ब्लूमबर्ग बांड सूचकांक में भारतीय सरकारी बांड को शामिल करने से विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। खपत में लगातार बढ़ोतरी के बीच मजबूत निवेश गतिविधि वृद्धि को गति दे रही है। मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न एजेंसियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर आठ प्रतिशत के करीब रहने की बात कही है। आरबीआई के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार लगातार चौथे सप्ताह 6.40 अरब डॉलर बढ़कर 642.50 अरब डॉलर हो गया। एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 10.47 अरब डॉलर की उच्च वृद्धि के साथ 636.95 अरब डॉलर हो गया था। अक्टूबर 2021 में विदेशी मुद्राभंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। दूसरी ओर भारत में 2000 के दशक की शुरुआत से आर्थिक असमानता लगातार बढ़ रही है।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022-23 में देश की सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी की आय में हिस्सेदारी बढ़कर 22.6 प्रतिशत हो गई है। वहीं संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी बढ़कर 40.10 प्रतिशत हो गई है। भारत में आमदनी और संपदा में असमानता 1922-2023ः अरबपति राज का उदय शीर्षक वाली रिपोर्ट कहती है कि 2014-15 और 2022-23 के बीच शीर्ष स्तर की असमानता में वृद्धि विशेष रूप से धन के केंद्रित होने से पता चलती है। भारतीय आबादी के शीर्ष 10 प्रतिशत लोगों के पास कुल राष्ट्रीय संपत्ति का 77 प्रतिशत हिस्सा है। 2017 में उत्पन्न संपत्ति का 73 प्रतिशत सबसे अमीर एक प्रतिशत के पास चला गया। भारत में 119 अरबपति हैं। उनकी संख्या 2000 में केवल 9 से बढ़कर 2017 में 101 हो गई। 2018 और 2022 के बीच भारत में हर दिन 70 नए करोड़पति पैदा होने का अनुमान है। एक दशक में अरबपतियों की संपत्ति लगभग 10 गुना बढ़ गई। जाहिर सी बात है कि सबसे अमीर बहुत तेज गति से अमीर हो रहे हैं, जबकि गरीब अभी भी न्यूनतम वेतन अर्जित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जो लगातार कम निवेश से पीड़ित हैं। ये बढ़ती दूरियां और बढ़ती असमानताएं महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक प्रभावित करती हैं। चिंताजनक है कि एक ऐसे समाज में आर्थिक असमानता बढ़ रही है, जो पहले से ही जाति, धर्म, क्षेत्र और लिंग के आधार पर विभाजित है।

प्रचंड की नई सरकार और स्मगलिंग के किस्से

चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

याद रहे दिसंबर 2022 में, प्रचंड की सरकार बनने के तुरंत बाद नेपाल में इस खबर से सनसनी फैल गई थी कि गाड़ियों के ब्रेक और ई-सिगरेट की शक्ल में सोने की एक बहुत बड़ी खेप ऊपरी सांठगांठ के बल पर काठमांडू हवाई अड्डे से साफ निकाल ली गई, लेकिन अड्डे से बाहर निकलने के थोड़ी ही देर बाद सड़क पर वह स्थानीय पुलिस की पकड़ में आ गई।

इसमें कोई शक नहीं कि नेपाली राजनीति में पिछले कुछ समय से जारी हलचलें सिर्फ इस या उस नेता या सरकार के सामने मौजूद समस्याओं का नहीं, नेपाली लोकतंत्र पर मंडरा रहे एक बड़े संकट का संकेत दे रही हैं। अभी तक ऐसा माना जाता था कि नेपाली राजनेताओं ने थोड़ा ही पहले लोकतांत्रिक राजनीति में प्रवेश लिया है। लिहाजा सत्ता के लालच में वे अवसरवादी उछलकूद करते रहते हैं। यह भी कि नेपाली लोकतंत्र में पुरानी पंचायती व्यवस्था की स्मृतियां मौजूद हैं। लिहाजा बार-बार सरकारें बदलना वहां के लिए उतनी बड़ी समस्या नहीं है, जितनी बाहर बैठे लोगों को लगती है, लेकिन शीर्ष नेताओं और अफसरों का सोने की स्मगलिंग से जुड़ा होना कुछ अलग ही बात है।

नेपाली राजनीति में एक अर्से से तीसरे नंबर की ताकत होने के बावजूद सवा साल में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले पुष्प कमल दहल प्रचंड की सत्ता पर फिलहाल कोई खतरा नहीं लगता, लेकिन गद्दी पर उनका वक्त अच्छा गुजरने के भी कोई आसार नहीं हैं।

नवंबर 2022 में हुए आम चुनाव के बाद से यह दूसरा मौका है जब उन्होंने नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (यूएमएल) के सहयोग से सरकार बनाई है। इसके पहले बतौर प्रधानमंत्री अपने इस कार्यकाल की शुरुआत उन्होंने इसी गठबंधन के साथ की थी, लेकिन वह सरकार कुल तीन महीने ही चली। फिर साल भर प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ सरकार चलाई और अभी कड़वाहट के साथ दोनों अलग हुए। ज्यादा बड़ी बात यह है कि नई सरकार बनने के तीसरे-चौथे दिन ही मौजूदा सत्तारूढ़ गठबंधन के दोनों मुख्य दलों नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) और सीपीएन (यूएमएल) के दो बड़े नेता लगभग एक क्विंटल सोने की स्मगलिंग में देश की मुख्य खुफिया संस्था सीआईबी द्वारा धर लिए गए हैं। सीआईबी के पास इस बात का सबूत है कि सीपीएन (माओवादी) के उपाध्यक्ष कृष्ण बहादुर महरा और उनके बेटे राहुल ने स्मगलरों के एक चीनी गैंग से फोन पर 256 बार बात की थी। इस पार्टी के युवा नेता और पूर्व उपराष्ट्रपति नंद बहादुर पुन के बेटे दीपेश पुन इस मामले में पहले से ही अंदर हैं, जबकि नेपाल के पूर्व पुलिस प्रमुख और यूएमएल नेता सर्बेंद्र खनाल का नंबर महरा के साथ आया है।

याद रहे दिसंबर 2022 में, प्रचंड की सरकार बनने के तुरंत बाद नेपाल में इस खबर से सनसनी फैल गई थी कि गाड़ियों के ब्रेक और ई-सिगरेट की शक्ल में सोने की एक बहुत बड़ी खेप ऊपरी सांठगांठ के बल पर काठमांडू हवाई अड्डे से साफ निकाल ली गई, लेकिन अड्डे से बाहर निकलने के थोड़ी ही देर बाद सड़क पर वह स्थानीय पुलिस की पकड़ में आ गई। फिर मामले को दबाने और जांच के नाम पर लीपापोती करने की खबरें बाहर आने लगीं और यूएमएल का जैसे ही माओवादियों से गठबंधन टूटा, उसने संसद में इसको बड़ा मुद्दा बना दिया। कुछ मामूली जांच-पड़ताल के बाद बवाल बढ़ता गया तो नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन में चल रही प्रचंड सरकार ने मामले की जांच पूर्व चीफ जस्टिस दिली राज आचार्य के नेतृत्व में गठित आयोग को सौंपी जिसने न केवल कई हाई प्रोफाइल लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ करने की अनुशंसा की, बल्कि साथ में इस आशय की बहुत तीखी टिप्पणी भी की कि सरकार की ओर से धुंध पैदा करने और दोषियों को बचाने के प्रयास किए गए हैं। देखना है कि माओवादी और यूएमएल नेताओं की गिरफ्तारी से नई-नवेली सरकार की साख कितनी बहाल हो पाती है।

इसमें कोई शक नहीं कि नेपाली राजनीति में पिछले कुछ समय से जारी हलचलें सिर्फ इस या उस नेता या सरकार के सामने मौजूद समस्याओं का नहीं, नेपाली लोकतंत्र पर मंडरा रहे एक बड़े संकट का संकेत दे रही हैं। अभी तक ऐसा माना जाता था कि नेपाली राजनेताओं ने थोड़ा ही पहले लोकतांत्रिक राजनीति में प्रवेश लिया है लिहाजा सत्ता के लालच में वे अवसरवादी उछलकूद करते रहते हैं। यह भी कि नेपाली लोकतंत्र में पुरानी पंचायती व्यवस्था की स्मृतियां मौजूद हैं। लिहाजा बार-बार सरकारें बदलना वहां के लिए उतनी बड़ी समस्या नहीं है, जितनी बाहर बैठे लोगों को लगती है, लेकिन शीर्ष नेताओं और अफसरों का सोने की स्मगलिंग से जुड़ा होना कुछ अलग ही बात है। राजतंत्र की वापसी के लिए प्रयासरत शक्तियों को इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमले का एक नैतिक हथियार मिल गया है। नवंबर-दिसंबर 2023 में राजधानी काठमांडू समेत नेपाल के कई शहरों में राजतंत्र और हिंदू राष्ट्र की वापसी के लिए छोटे-बड़े प्रदर्शन हुए थे और पूरे नेपाल में इस मुद्दे पर एक यात्रा भी निकाली गई थी। 2008 में नेपाल से राजतंत्र के खात्मे और गणतंत्र की घोषणा के बाद से लोकतंत्र के प्रति अरुचि जताने वाले कई आयोजन हुए हैं, लेकिन पहला ही मौका था जब देश में नीचे तक फैले कर्ज संकट से इसको जोड़ दिए जाने के चलते आम जनता में इसे मजाक का विषय नहीं समझा गया। मामले का दूसरा पहलू प्रतिनिधित्व से जुड़ा है। राजतंत्र समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी पहली बार अपने चौदह सांसद चुनवाने में सफल रही है। इससे भी बड़ी बात यह कि नेपाल में लोकतंत्र की प्रतीक समझी जाने वाली नेपाली कांग्रेस के आयोजनों में भी 'हिंदू राष्ट्र' का आकर्षण दिखने लगा है। उसके कुछ बड़े नेताओं ने भी ऐसे बयान दिए हैं।

चीन के लंबे हाथ-पुष्प कमल दहाल 'प्रचंड' की यह खासियत मानी जाती रही है कि किसी पार्टी के साथ अपने गठबंधन से बाहर आते समय वे आगे के लिए गुंजाइश बचाकर रखते हैं। कटु भाषा का इस्तेमाल नहीं करते, ताकि आगे दोबारा-तिबारा उससे मिलना पड़े तो नेताओं और कार्यकर्ताओं के मन पर ज्यादा बोझ न रहे, लेकिन इस बार नेपाली कांग्रेस और खासकर उसके शीर्ष नेता शेर बहादुर देउबा के लिए उन्होंने 'भ्रष्ट' और 'दक्षिणपंथी' जैसे शब्द बोले। अजीब बात यह कि इसका कोई तात्कालिक कारण भी नहीं था।

सरकार में शामिल नेपाली कांग्रेस के मंत्री चीन के साथ नेपाल के कूटनीतिक संबंधों को सहज नहीं होने देते थे और अमेरिकी सहायता से जुड़े कार्यक्रमों के प्रति अतिरिक्त संवेदनशीलता दिखाते थे, लेकिन वे सत्तापक्ष के ज्यादा बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करते थे तो यह उनका हक था। ऐसा कहा जा रहा है कि चीनी दूतावास ने अगर यूएमएल का रवैया बदलने को लेकर अतिरिक्त सक्रियता न दिखाई होती तो प्रचंड को नेपाली कांग्रेस का दबाव काफी लंबे समय तक बर्दाश्त करते रहने में भी कोई समस्या नहीं होती, लेकिन यूएमएल नेता और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने जब यह पेशकश की कि उनकी पार्टी सरकार में ज्यादा महत्वपूर्ण विभागों की मांग किए बगैर पूरे कार्यकाल के लिए प्रचंड को समर्थक देने को तैयार है, तब उनकी ओर से यह बयान जारी किया गया कि कांग्रेसी दबाव के चलते ही बतौर प्रधानमंत्री वे अब तक कुछ नहीं कर पाए हैं। बचे हुए साढ़े तीन सालों में भी प्रचंड की सरकार नेपाल के लिए कुछ कर पाती है या सोने की स्मगलिंग जैसे मामलों में सफाई देते हुए और राजतंत्र-हिंदू राष्ट्र वाली लहर का मुकाबला करते ही प्रधानमंत्री पद पर उनका बाकी समय गुजरता है, यह देखने की बात है।

एनसीपी (यूएमएल) के सारे नेता अभी काफी जिम्मेदारी वाले बयान दे रहे हैं, लेकिन बतौर प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का पिछला कार्यकाल न केवल नेपाली लोकतंत्र के लिए, बल्कि भारत के लिए भी किसी दुःस्वप्न जैसा ही था। अभी उनकी नरमी शायद नेपाली राजनीति में अपना अलगाव घटाने के लिए है, लेकिन कुछ भूमिका इसमें चीनी दबाव की भी हो सकती है, जो भी हो प्रचंड के लिए आगे एक चुनौती भारत के सामने यह साबित करने की रहेगी कि अपने देश में वे चीन की छत्रछाया वाली गठबंधन सरकार नहीं चला रहे हैं।

प्रसंगवश

भगत सिंह और शादमान चौक

बलिदान दिवस

लाहौर (पाकिस्तान) में शादमान चौक वह जगह है, जहां 23 मार्च, 1931 को लाहौर जेल में राजगुरु, सुखदेव और भगत सिंह को फांसी पर लटका दिया गया था। पहले यह लाहौर जेल का हिस्सा था जिसे तोड़कर यहां बड़ा ट्रैफिक चैराहा बना दिया गया, जो अब काफी भीड़ भरा इलाका है। विगत कुछ वर्षों से पाकिस्तान में शहीदे आजम भगत सिंह को याद करने की मुहिम चलाई जा रही है जिसके अगुआ वहां संचालित किए जा रहे भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के अध्यक्ष इम्तियाज रशीद कुरैशी एडवोकेट हैं, जो लाहौर के शादमान चौक को 'भगत सिंह चौक' बनाने के लिए निरंतर संघर्षरत हैं।

फाउंडेशन के लोग यहां भगत सिंह के फांसी दिवस पर इकट्ठे होकर शहीदे आजम की तस्वीरें हाथ में थामकर 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा बुलंद करते हुए आजादी के उस संघर्ष का स्मरण करते हैं जिसके लिए इन क्रांतिकारियों ने अपनी कुर्बानियां दीं। धर्म की बुनियाद पर बने और अपनी धरती के इतिहास से पूरी तरह विमुख पाकिस्तान में भगत सिंह जैसे विचारवान और धर्मनिरपेक्ष क्रांतिकारी शहीद को याद करना सचमुच काबिले तारीफ है। यह इस दृष्टि से भी प्रशंसनीय है कि जिस नवसृजित देश ने प्रारंभ से ही अपने जमीनी इतिहास को पूरी तरह विस्मृत कर दिया हो, वहां लाहौर की धरती पर लड़े गए स्वाधीनता के एक महासंग्रामी को उसके शहादत स्थल पर याद करना किसी तरह कम जोखिम भरा नहीं है। यह पाकिस्तान की सरजमीं पर धारा के विरुद्ध तैरने सरीखा है। इम्तियाज रशीद कुरैशी और उनके साथियों की यह कोशिशें कई वर्षों से जारी हैं जिसकी सूचनाएं हमारे मुल्क में आने पर भगत सिंह को प्यार करने वाले लोग प्रसन्न होते हैं, जो स्वाभाविक भी है। बावजूद इसके हम चाहते हैं कि भगत सिंह की याद उनकी संपूर्ण वैचारिक चेतना और पक्षधरता के साथ हो, जो सचमुच कठिन कवायद है।

सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

हमारे देश में ही भगत सिंह के अनेक नामलेवा उन्हें ब्रिटिश पुलिस अधिकारी साण्डर्स को मारने तथा संसद में बम फेंकने वाले बहादुर नौजवान के रूप में स्मरण करते हुए उनके 'इंकलाब जिंदाबाद' के नारे को इस तरह रेखांकित करते हैं गोया उनकी क्रांति का अर्थ बस मुट्ठियां बांधकर नारे लगाने, जयकारे करने या उनके बुतों पर फूल-मालाएं चढ़ाने तक महदूद हो। भगत सिंह कैसा समाज चाहते थे, उनके इंकलाब का अर्थ क्या था, उनके भीतर समाजवाद की समझ कैसी थी, धर्म और सांप्रदायिकता के मुद्दे पर वे किस वैज्ञानिक तर्क से सोचते थे, जहां भाषा भी उनके लिए एक बेहद जरूरी मसला था। उनके समय में देश में अछूत समस्या पर उनका क्रांतिकारी दृष्टिकोण हमारे लिए बहुत मायने रखता है। यहां तक कि भगत सिंह अपने चिंतन में नास्तिकता तक पहुंचकर बराबरी पर आधारित वैज्ञानिक समाजवाद की अत्यंत दृढ़ता से वकालत करते हैं। दुखःद है कि भगत सिंह को याद करते-करते हमने उनकी जन्मशती आने तक उनके सिर पर धर्म की पगड़ी भी पहना दी। यह भगत सिंह के प्रति बड़ा अन्याय है। यह क्रांतिकारियों की शहादत को जाति और धर्म के खाने में विभाजित करने का सोचा-समझा घिनौना षड्यंत्र है। हमने बार-बार कहा है कि धर्म आधारित राजनीति के पक्षधर कितनी ही कोशिशें कर लें, लेकिन पंजाब के उस साढ़े तेईस वर्ष के क्रांतिकारी नौजवान का सिर इतना बड़ा हो गया है कि उसके ऊपर कोई पगड़ी फिट नहीं हो सकती। मैंने बार-बार कहा है कि पाकिस्तान में भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के लोग भगत सिंह की पगड़ी वाली तस्वीर का इस्तेमाल न करें।

पाकिस्तान में भगत सिंह पर चलाई जा रही मुहिम इस अर्थ में रंग लाई कि लाहौर की न्याय पालिका ने शादमान चौक का नाम बदलने का आदेश पारित कर दिया, लेकिन सरकार और व्यवस्था के हुक्मरान हैं कि वे इस आदेश का निष्पादन नहीं कर रहे। ऐसे में भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के सदस्य न्यायालय की अवमानना का मुद्दा लेकर फिर वे अदालत जा धमके जिस पर अदालत ने फिर से व्यवस्थापकों को आदेश का अनुपालन न करने के मसले पर नोटिस जारी कर दिए। हम उम्मीद करते हैं कि शीघ्र इस मुद्दे को सुलझा लिया जाएगा और शादमान चौक का नामकरण शहीदे आजम भगत सिंह के नाम पर हो सकेगा। यह भगत सिंह को चाहने वालों की बड़ी जीत होगी।

बड़े संकट के मुहाने पर खड़ी है धरती

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

हाल के कुछ दशकों में एयर कंडीशनर या हीटर जैसे संसाधनों के अप्रत्याशित रूप से बढ़ते उपयोग ने ग्लोबल वार्मिंग को गति दी है।

संयुक्त राष्ट्र ने अभी यह चिंता जाहिर की है कि हमारी धरती एक बड़े संकट के मुहाने पर खड़ी है। विश्व मौसम विज्ञान संस्थान की ताजा रिपोर्ट के अनुसार धरती का बीता वर्ष अब तक का सबसे गर्म वर्ष रहा है। ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री नीचे रखने की तमाम कोशिशों के बावजूद मार्च 2023 से फरवरी 2024 के बारह महीनों में वैश्विक तापमान ने 1.5 डिग्री की सीमा को लांघ दिया।

रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र ग्रीन हाउस गैसों, भूमि और पानी के तापमान ग्लेशियरों और समुद्री बर्फ पिघलने में हुई अप्रत्याशित वृद्धि का हवाला दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतारेस ने चेतावनी दी है कि हमारा ग्रह खत्म होने के कगार पर है। यह रिपोर्ट पढ़कर कुछ सालों पहले की गई महान वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंस की भविष्यवाणी की याद आती है। हॉकिंस के अनुसार इस पृथ्वी पर अब मनुष्य का कोई अस्तित्व नहीं है। वह इस ग्रह पर दस लाख साल बिता चुका है। उनके अनुमान के अनुसार पृथ्वी की उम्र अब महज दो सौ से पांच सौ साल ही बच रही है। या तो सूरज का ताप इसे निगल जाएगा या कोई धूमकेतु आकर इससे टकराएगा। अगर मनुष्य की प्रजाति को एक और दस लाख साल जीवित बचे रहना है तो उसे पृथ्वी छोड़कर किसी और ग्रह या उपग्रह की शरण लेनी होगी।

संयुक्त राष्ट्र या हॉकिंस की चेतावनी को हल्के में लेने की भूल नहीं की जा सकती। पृथ्वी का मौसम और यहां पर जीवन की परिस्थितियां जिस तेज रफ्तार से बदल रही है, उन्हें देखते हुए इस आसन्न संकट को हम खुद भी महसूस कर सकते हैं। छोटे-छोटे स्वार्थों के लिए लगातार पृथ्वी का दोहन, प्रकृति के साथ अनाचार और नदियों के साथ दुर्व्यवहार हो रहा है। विकास के नाम पर वृक्षों की बेरहम हत्या की जा रही है। ईंट और कंक्रीट के निरंतर उगते जंगलों के कारण खेती की जमीन सिकुड़ रही है। पर्यावरण में आ रहे बदलावों के कारण जानवरों और पक्षियों की कई-कई प्रजातियां या तो विलुप्त हुई हैं या विलुप्ति के कगार पर हैं। धरती के बढ़ते तापमान की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और समुद्र की सतह लगातार ऊपर उठ रही है। ज्यादा से ज्यादा भौतिक सुविधाएं हासिल कर लेने की जल्दबाजी में वे तमाम चीजें हम नष्ट कर रहे हैं, जो जीवन की बुनियादी जरूरतें हैं। आज हमारी प्रकृति और पर्यावरण विकास की हमारी अंधी दौड़ की कीमत चुका रहे हैं। कल यह कीमत हम और हमारी आने वाली पीढ़ियां चुकाएंगी।

यह सोचने का वक्त है कि अपनी मूर्खताओं से अगर पृथ्वी पर जीवन की परिस्थितियों को हमने नष्ट कर दिया तो हमारा अगला ठिकाना कहां होगा? हॉकिंस ने किन ग्रहों या उपग्रहों की बात सोची होगी? अब तक की वैज्ञानिक प्रगति के आलोक में फिलहाल भागने के दो ही विकल्प हमारे सामने दिखते हैं-चांद और मंगल। इन दोनों पर पानी, मिट्टी, हवा और जीवनानुकूल परिस्थितियों के मसले अभी हल नहीं हुए हैं। वहां थोड़ा-बहुत पानी मिल भी जाए तो क्या वह पृथ्वी के अरबों लोगों की जरूरतों के लिए पर्याप्त होगा? वहां हवा तो होगी, लेकिन उस हवा का घनत्व क्या होगा? क्या असंख्य लोगों की सांसों से दूषित होने के बाद हवा की रिसायकलिंग कर उसे फिर से जीवनदायिनी बनाने वाले पेड़-पौधे वहां मौजूद हैं? वहां की चट्टानी सतह पर खेती कैसे होगी?

चांद और मंगल के बेहद कम गुरुत्वाकर्षण में हवा में असहाय उड़ते रहना कुछ दिनों के लिए तो रोमांचक लग सकता है, लेकिन ऐसा जीवन किसी को रास नहीं आने वाला। विज्ञान इनमें से कुछ मसलों के हल देर-सबेर खोज भी ले तो पृथ्वी के अरबों लोगों की ढोकर वहां कैसे ले जाएगा कोई? विस्थापन की इस प्रक्रिया में हजारों साल लगेंगे। अब यह तो नहीं हो सकता कि दुनिया के मुट्ठी भर साधन संपन्न लोग चांद या मंगल पर जाकर अपनी बस्तियां बसा लें और पृथ्वी के बाकी लोगों को प्रलय के रहमोकरम पर छोड़ दिया जाए।

हाल के कुछ दशकों में एयरकंडीशनर या हीटर जैसे संसाधनों के अप्रत्याशित रूप से बढ़ते उपयोग ने ग्लोबल वार्मिंग को गति दी है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले इन यंत्रों का उपयोग बहुत आवश्यक होने पर ही करें। हमारी ये छोटी-छोटी कोशिशें मिलकर हमारी पृथ्वी की उम्र थोड़ी लंबी अवश्य करेंगी। अगर दुनियाभर की सरकारों और हमारे तमाम प्रयासों के बावजूद पृथ्वी अपनी उम्र पूरी कर ही चुकी है और निकट भविष्य में सूरज इसे निगल जाने वाला है या कोई धूमकेतु आकर इससे टकरा ही जाने वाला है। तब भी हमारे पास अभी जितना वक्त है उसे पृथ्वी और उसकी सभी संतानों के बीच अपना प्यार और संवेदनाएं बांटकर सार्थक और मूल्यवान बनाने का विकल्प तो हमारे पास बचा ही हुआ है।

सोशल फोरम

ब्रह्मांड के नियम

अधिकांश धार्मिक कर्मकांड ईश्वरीय सत्ता की कृपा और उसके अनुग्रह के लक्ष्य से किए जाते हैं। उनमें ईश्वर की परिकल्पना एक मनुष्य सरीखी होती है, जो खुश होकर कृपा करता है और नाखुश होकर दंड देता है। सभी कर्मकांड प्रतीकात्मक हैं, जो कालांतर में अंधविश्वास में परिणत होने की प्रवृत्ति रखते हैं।

कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

अंतरिक्ष विज्ञान और क्वांटम भौतिकी की अद्यतन खोजों के अनुसार ज्ञात ब्रह्मांड के महत्तम और सूक्ष्मतम में नियमबद्धता है। क्वांटम भौतिकी परमाणु में इलेक्ट्रॉन की तरंगनुमा गतिशीलता तक पहुंचकर रुक गई है। यह वह बिंदु है, जहां निरीक्षक इलेक्ट्रॉन को जिस स्थिर स्थिति (कण के रूप) में देखता है, वह निरीक्षण का क्षण बीतते-बीतते बदल जाती है तो एक साथ उसका आकार और उसकी गति का बोध नहीं हो पाता। वह कण है या तरंग? दोनों, क्योंकि वह ऊर्जा के खंड की तरह काम करता है। बिग बैंग वाले स्टीफन हॉकिंग ने साफ कहा था कि जो भी है, नियमबद्ध है, किसी परम चेतना से संचालित नहीं है जिसे निर्णय लेने और नियम बदलने की छूट हो। इस नियमबद्धता को ही कोई ईश्वर का नाम देना चाहे तो कोई दिक्कत नहीं। आइंस्टाइन तो इस नियमबद्धता को ही ईश्वर का पर्याय तक बताने लगे थे। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि वे अन्य अधिकांश वैज्ञानिकों की तरह न तो नास्तिक हैं, न धार्मिक विश्वास के अर्थ में आस्थावान।

वे अपने को अज्ञेयवादी कहना ज्यादा उचित समझते थे। उनका दृढ़ मत था कि ईश्वर का मनुष्य के जीवन व्यापार से कोई लेना-देना नहीं है। न ही आइंस्टाइन परलोक या पुनर्जन्म को मानते थे। वे काफी हद तक ईश्वर संबंधी स्पीनोजा के विचारों से सहमत थे जिनके अनुसार ईश्वर समस्त प्राकृतिक और भौतिक नियमों का कुल योग है जिसमें भौतिक पदार्थ और विचार दोनों समाहित हैं। किंतु वह न तो कोई व्यक्तिगत सत्ता है, न ही सृष्टिकर्ता, जो भी हो, एक ऐसे मानवीय ईश्वर के लिए फिलहाल कोई गुंजाइश नहीं, जो स्वायत्त निर्णय लेकर ब्रह्मांड के नियमों को बदल सके, जो किसी से खुश होकर उसे पुरस्कृत और किसी से नाखुश होकर उसे दंडित कर सके, जो आ पड़े उसे भोगना ही है। चाहे रोकर भोगें, चाहे हंसकर।

-फेसबुक वॉल से

लोहिया की समाजवादी धारा का स्मरण

भारतीय समाजवादी आंदोलन के वैचारिक नायक डॉ. राममनोहर लोहिया की 114 वीं जयंती ऐसे समय में हैं जब देश में आम चुनाव शुरू हो गए हैं। सत्ताधारी दल जहां चार सौ के आंकड़े को पाने की घोषणा कर रहा है, वहीं विपक्षी दल संविधान/लोकतंत्र बचाने के लिए जनता से अपील कर रहे हैं। ऐसे में लोहिया की वैचारिक और राजनैतिक यात्रा का स्मरण करना बेहद प्रासंगिक है। देश की स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस की एकतरफा जीत के बाद प्रधानमंत्री बने पंडित जवाहर लाल नेहरू की नीतियों को लेकर लोहिया सड़क से संसद तक विरोध दर्ज कराते थे। कांग्रेस सरकार की अनेक योजनाओं का उन्होंने तथ्य और तर्क दोनों आधार पर विरोध किया। आम चुनाव में लोहिया ने जनता को आंदोलित करने के लिए जवाहर लाल नेहरू के संसदीय क्षेत्र फूलपुर से चुनाव लड़कर जनहित के अनेक मुद्दों पर जनता को जागरूक करते हुए लोकतंत्र में विपक्ष के महत्व को बताया।

मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

लोहिया ने सप्त क्रांति, दाम बांधों सहित अर्थ नीति, भाषा नीति को जनता के बीच विमर्श का केंद्र बनाकर लोकतंत्र को सशक्त किया। अहिंसात्मक और सत्याग्रही सिविल नाफरमानी को लोहिया भारत के लिए जरूरी लोकतांत्रिक साधन मानते थे। उन्होंने राजनीति में पांच सुधारों क्रमशः अनुशासन दंड, निर्वाचन सावधानी, ओहदेदार की आंतरिक मर्यादा, साथियों और निर्वाचकों का जनमत, कमेटी की सदस्यता या ओहदे से अलगाव पर जोर दिया। इसी क्रम में समाजवादी सदस्यों को लोहिया ने साहित्य, जानकारी एवं ज्ञानवृद्धि की भूख पर जोर देने का आग्रह किया। लोकतंत्र में राजनैतिक कार्यकर्ताओं को अरमान, कर्म, अनुशासन और संगठन पर जोर लोहिया की प्राथमिकता में शामिल था। लोहिया भारत के इकलौते मौलिक चिंतक थे, जो वैचारिक और हाशिये के समाज दोनों में लोकप्रिय थे जिसका कारण वैश्विक एवं स्थानीय मुद्दों की लड़ाई लड़ने की उनकी जिजीविषा थी। सोशलिस्टों की सदन में संख्या कम होने के बाद भी वे नेहरू नीति कांग्रेस सरकार को सदन में ही घेर लेते थे। लोहिया की पार्टी के सदस्य राम सेवक यादव, कमांडर अर्जुन सिंह भदौरिया, मधू लिमये, महाराज सिंह भारती की बहस ने संसदीय परंपरा को जनकेंद्रित बनाने में सहयोग किया। लोहिया की धारा से निकले समाजवादी नेताओं ने उत्तर भारत से लेकर तटीय प्रदेशों तक अपनी नेतृत्व क्षमता से सत्ता के केंद्र में बने रहे।

यूपी बिहार में लोहिया की धारा से निकले समाजवादी दलों ने जातीय जनगणना और पीडीए का जो मुद्दा उठाया है उसकी आधारशिला साठ के दशक में सोशलिस्टों ने ही रखी थी। पिछड़े पांवे सौ में साठ का नारा लोहिया के दौर में ही मुखर हुआ था। आरक्षण और प्रतिनिधित्व की समस्या के समाधान के लिए वंचित समूहों को राजनीति की मुख्य धारा में लाने के प्रबल पैरोकार लोहिया ही थे। आज जब लोकसभा चुनाव सर पर हैं, ऐसे में मतदाताओं को उनका अधिकार एवं कर्तव्य बताते हुए मुद्दा आधारित राजनीति करने वाले दलों को समर्थन देना ही लोहिया को सच्ची श्रद्धांजलि होगा। राजनीति में सक्रिय नेताओं और कार्यकर्ताओं को अध्ययन, जमीनी संघर्ष से उपजे अनुभव के आधार पर जनता के बीच संवाद करना चाहिए। यही लोहियावादियों की धारा रही है। लोहिया का जीवनदर्शन यह संदेश देता है कि निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की संख्या कम होने के बाद भी पूर्ण बहुमत की सरकार पर भी दबाव बनाया जा सकता है और उसे जनहित में कार्य करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

पानी की हर बूंद कीमती

इस पृथ्वी पर मनुष्य, पशु-पक्षी व पेड़-पौधों के जीवन व अस्तित्व के लिए तमाम महत्वपूर्ण जरूरतों में से जल सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्व है। जल के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।

वर्तमान में पूरी दुनिया जल संकट से जूझ रही है। जल को लेकर भारत की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। दुनिया की लगभग 17 फीसदी आबादी वाले देश भारत के पास दुनिया के जल का मात्र चार फीसदी हिस्सा ही है। देश में शहरों के साथ-साथ अब गांवों में भी जल संकट लगातार गहराता जा रहा है।



डीपी यादव
लोक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, लखनऊ

हाल ही में जारी नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भारत के कई शहर गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत वर्ष में जहां 2020 तक 10 करोड़ से भी अधिक लोग गंभीर जल संकट का सामना कर रहे थे तो वहीं दूसरी तरफ वर्ष 2030 तक लगभग 40 फीसदी लोगों के लिए जल उपलब्ध नहीं होगा, जो कि एक बहुत ही गंभीर और चिंताजनक बात है। जल प्रदूषण के कारण जल गुणवत्ता के मामले में भी भारत की स्थिति चिंताजनक है। विश्व जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों की सूची में 120 वें स्थान पर है। इसको हम इस प्रकार भी कह और समझ सकते हैं कि दुनिया में 122 देशों में से 119 देश भारत से अच्छा और शुद्ध जल पी रहे हैं। ये सभी आंकड़े भारत में जल की भयावह स्थिति को बताने के लिए पर्याप्त हैं।

जल की बदहाल स्थिति बताती है कि जल प्रबंधन को लेकर अगर भारत वर्ष सावधान और गंभीर नहीं हुआ तो भविष्य में इसके गंभीर व भयावह परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। जल की गंभीर समस्या को देखते हुए भारत की सरकार को चाहिए कि इस समस्या के समाधान के लिए एक वृहद रूपरेखा और कार्य योजना बनाए जिससे भविष्य में देश को जल संकट से न जूझना पड़े, क्योंकि जल है तो जीवन है। रहीम ने अपने दोहे के माध्यम से बहुत पहले ही कह दिया था कि-रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून। पानी गए न ऊबरे मोती, मानुष, चून।।

नायला बिखेर रहीं कौमी एकता के रंग

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : रंगों के पर्व होली का आगाज हो चुका है। इन दिनों सरोवर नगरी नैनीताल में भी महिलाएं इको फ्रेंडली, हर्बल रंग बनाने में जुटी हुई हैं।

खास बात ये है कि इस बीच मुस्लिम समुदाय की नायला खान भी कौमी एकता के रंग बिखेर रही हैं। वह होली के लिए हर्बल रंग तैयार कर रही हैं। उन्होंने एक किलो रंग बनाने के बाद अपनी दोस्त से रंग बनाने की विधि साझा की। इसके बाद दोनों ने मिलकर करीब 10 किलो रंग तैयार किया। अब इन महिलाओं ने करीब 100 किलो से ज्यादा रंग तैयार कर लिया है। इसकी मांग नैनीताल ही नहीं बल्कि हल्द्वानी, दिल्ली, चंडीगढ़, मुंबई समेत कई अन्य महानगरों में हो रही है। रंगों के त्योहार होली में नैनीताल में मुस्लिम परिवार ने सर्वधर्म एकता की अनूठी मिसाल पेश की है।

हर्बल रंग बनातीं नायला खान।

विकसित भारत का निर्माण मोदी के ही नेतृत्व में संभव

सीएम धामी ने रैमजे परिसर में सभा कर टम्टा के पक्ष में मांगा समर्थन, प्रदेश अध्यक्ष भट्ट, मंत्री आर्या व चुफाल ने भी किया संबोधित

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। जिसके लिए वह समर्पण से काम कर रहे हैं। पीएम मोदी के इस यज्ञ में आहुति देकर उत्तराखंड भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकें। इसके लिए इन लोकसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों को रिकार्ड मतों से जिताकर केंद्र में भेजना सभी की जिम्मेदारी है।

यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रैमजे इंटर कालेज के परिसर में भाजपा प्रत्याशी अजय टम्टा के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कही। सीएम धामी ने कहा कि देश में वर्ष 2014 में मोदी सरकार के आने के बाद देश के अनेक ऐसे ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370, राम मंदिर निर्माण, समान नागरिक कानून समेत अनेक ऐतिहासिक कार्य कर देश को नई दिशा देने का काम किया। धामी ने आज भारत की गिनती विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था वाले देशों में हो रही है और आने वाले पांच सालों में भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री धामी का उत्तराखंड से विशेष लगाव रहा है। विगत वर्ष पीएम मोदी ने उत्तराखंड के आदि कैलाश, पार्वतीकुंड, जागेश्वर, पिथौरागढ़ जैसे सीमांत क्षेत्रों का दौरा ही नहीं किया। बल्कि मानसखंड के अंतर्गत आने वाले इन क्षेत्रों के विकास के लिए कोई कोर कसर भी नहीं छोड़ी। अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ में मेडिकल कालेज, टनकपुर बागेश्वर रेल लाइन, पिथौरागढ़ समेत चंपावत, मुनस्यारी को हवाई सेवाओं से जोड़ने, वाइब्रेंट बिलेज, स्वदेश दर्शन जैसे अनेकों कार्य केंद्र के सहयोग से ही प्रगति कर पाए हैं। प्रदेश सरकार उपलिब्धयां गिनाते हुए सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड में लागू समान नागरिक संहिता देश के लिए नजीर बन गई। नकल विरोधी कानून लाकर युवाओं के भविष्य को सुरक्षित किया तो लैंड जेहाद के तहत प्रदेश में हजारों एकड़ जमीन से अतिक्रमण हटाने में सफलता प्राप्त की है। दंगा विरोधी कानून भी लागू किया गया है। सभा को प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, बिशन सिंह चुफाल और पार्टी प्रत्याशी अजय टम्टा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, विधायक मोहन सिंह मेहरा, प्रमोद नैनवाल, महेश जीना, पार्वती दास, फकीर राम, संगठन के अजेय कुमार, शिव सिंह, प्रदीप बिष्ट, दीपक मेहरा, वीरेंद्र वाल्दिया, सुरेश जोशी, कैलाश शर्मा सहित सैंकड़ों लोग और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रैली की शक्ल में पहुंचे सभा स्थल: अजय टम्टा के समर्थन में होने वाली सभा तक सीएम धामी व पार्टी के वरिष्ठ नेता शिखर तिराहे से रैमजे परिसर तक रैली की शक्ल में पहुंचे। चारों जिलों से आए कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

सभा स्थल में कार्यकर्ताओं से हाथ मिलाते सीएम धामी। ● अमृत विचार

पाक में घटी हिंदुओं की संख्या : खन्ना

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश सरकार में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान में 14 फीसदी हिंदू थे। लेकिन अब दो फीसदी ही रह गए हैं। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को बहुत पहले लागू किया जाना चाहिए था, इसमें देर हुई है। वित्त मंत्री सिविल लाइन क्षेत्र में भाजपा के चुनाव कार्यालय में पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आह्वान है कि हर बूथ पर 370 वोट होंगे, जो पंडित दीनदयाल के लिए श्रद्धांजलि के रूप में अर्पित होंगे। चुनाव आयोग की ओर से लांच एप का इस्तेमाल करें जिनका भी वोट न मिल रह हो, पर्ची न मिल पा रही हो, उनका वोट अवश्य ढूंढकर निकाल कर दें।

3 छात्रों को रौंदकर नाले में जा घुसी बस

संवाददाता, घाटमपुर (कानपुर)

अमृत विचार : कानपुर-हमीरपुर हाईवे पर पतारा कस्बे में शुक्रवार की सुबह घर से राजकीय पॉलीटेक्निक जाने के लिए साइकिल से निकले तीन छात्रों को रोडवज बस ने कुचल दिया, तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस सड़क किनारे नाले में जा घुसी। बस चालक और कंडक्टर भाग निकले। हादसे से गुस्साए लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया, जो पुलिस और प्रशासनिक अफसरों के पहुंचने पर छह घंटे बाद खुला।

घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के नंदना चौकी क्षेत्र में पड़ने वाले कुंवरपुर गांव के अंकुश प्रजापति, दीपक तिवारी और मनीष सविता हमीरपुर जनपद के सुमेरपुर स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक के छात्र थे। तीनों रोजाना साइकिल से पतारा स्टेशन तक आते थे और फिर ट्रेन पकड़कर सुमेरपुर जाते थे। शुक्रवार सुबह करीब सात बजे तीनों साइकिल से पतारा पहुंचकर जैसे ही स्टेशन रोड पर मुड़े, तभी कानपुर की ओर से आई तेज रफ्तार हमीरपुर डिपो की बस ने तीनों को टक्कर मार दी और बगल के नाले में जा घुसी। तीनों छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे से घबराए बस के यात्री उतरकर निकल गए। हादसे की सूचना कस्बे में फैलते ही भीड़ एकत्र हो गई और हाईवे पर जाम लगा दिया। गुस्साए लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। एडीएम और एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने मौके पर पहुंचकर आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने 10-10 लाख का मुआवजा और सरकारी सुविधाओं का लाभ दिए जाने का वादा किया, जिसके बाद दोपहर जाम खुल सका।

हादसे के बाद नाले में घुसी रोडवेज बस।

● **राजकीय पॉलीटेक्निक जा रहे थे साइकिल सवार तीनों छात्र**

पूर्णागिरि धाम क्षेत्र में बनाई जा रही रुद्राक्ष वाटिका

देवेन्द्र चन्द देवा, टनकपुर

अमृत विचार : चम्पावत वन विभाग के अथक प्रयासों से धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र मां पूर्णागिरि धाम क्षेत्र में रुद्राक्ष वाटिका लगाए जाने का कार्य इस समय जोर शोर से चल रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत में यह पहला अवसर है जब इस तरह के रुद्राक्ष की वाटिका तैयार की जा रही है। फिलहाल चम्पावत वन विभाग पूर्णागिरि मार्ग के बाटनागाड़ से ठुलीगाड़ यानि 2 किलोमीटर के दायरे में मार्ग के दोनों ओर में रुद्राक्ष के 600 पौधे लगाकर प्लांटेशन लगा रहा है। जिस क्षेत्र में रुद्राक्ष का प्लांटेशन हो रहा है उसके करीब ही बह रही शारदा नदी के काकड़ घाट का भी अपना महत्वपूर्ण स्थान है। इस स्थान पर पवित्र जनेऊ संस्कार कार्यक्रम भी किया जाता है।कमोवेश पड़ोसी देश नेपाल में रुद्राक्ष का उत्पादन अधिक संख्या में होता है। रुद्राक्ष को भगवान शिव से जोड़ा जाता है, मान्यता है कि भगवान शिव के नेत्र की जल धारा से रुद्राक्ष की उत्पत्ति हुई थी। आध्यात्मिक और धर्म से भी रुद्राक्ष को जोड़ा जाता है। मान्यता है कि रुद्राक्ष पाठ पूजा में ही नहीं बल्कि इसके पहनने से कई रोगों का भी निवारण होता है। वन विभाग द्वारा रुद्राक्ष के 500 पौधे ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन से निशुल्क मंगाए गए हैं।

पूर्णागिरि मार्ग में रुद्राक्ष के पौधे रोपते वन विभाग कर्मचारी। ● अमृत विचार

मां पूर्णागिरि धाम क्षेत्र के बाटनागाड़ से ठुलीगाड़ तक में रुद्राक्ष प्लांटेशन के लिए पूर्व में विभागीय हेड क्वार्टर को लिखा गया था जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद यहां इस स्थान पर रुद्राक्ष के पौधे रोपित किया जा रहे हैं। होली से पहले ही यह कार्य पूर्ण हो जाएगा। पूर्णागिरि मार्ग के दोनों और रुद्राक्ष के पौधे लगाने का उद्देश्य यह भी है कि मां पूर्णागिरि धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष पौधे के बारे में भी बेहतर जानकारी हो और वह इसके प्रति जागरूक भी हो। **–आरसी कांडपाल,** डीएफओ, चम्पावत

विकास एवं बुनियादी सुविधाओं के मामले में देश के सबसे उन्नत शहर बेंगलुरु के वासी इन दिनों पेयजल की किल्लत से जूझ रहे हैं। सरकार की ओर से पानी के टैंकरों से पेयजल की आपूर्ति जरूर की जा रही है लेकिन वह नाकाफी साबित हो रही है।

पूर्व मंत्री अमरमणि की याचिका खारिज

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपहरण के मामले में यूपी के पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी को कोई राहत न देते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी।

मामले के अनुसार 6 दिसंबर 2001 को धर्मराज मद्धेशिया नाम के व्यक्ति द्वारा कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध आईपीसी की विभिन्न धाराओं और उत्तर प्रदेश गैंगस्टर और असामाजिक गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1986 की धारा 3 (1) के तहत पुलिस स्टेशन कोतवाली, बस्ती में प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसके बेटे राहुल मद्धेशिया का स्कूल जाते समय अपहरण कर लिया गया था। हालांकि याची की ओर से बचाव के तर्क दिए गए लेकिन कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि 'गिरोह' द्वारा किया गया एक भी अपराध गैंगस्टर लगाने के लिए पर्याप्त है। अतः याचिका खारिज कर दी गई। यह आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते पारित किया है। मालूम हो कि बुधवार को फैसला सुरक्षित करते हुए कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि वर्तमान मामले में याची ने अपना आपराधिक इतिहास का उल्लेख नहीं किया है, जबकि उसका एक लंबा आपराधिक इतिहास है। इसके अलावा कोर्ट ने पूर्व में पारित अपने आदेश में ट्रायल कोर्ट को पूरी आर्डर शीट एक सील बंद लिफाफे में भेजने का निर्देश दिया था। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में ट्रायल कोर्ट द्वारा भेजी गई 17 दिसंबर 2022 से 29 फरवरी 2024 तक चलने वाले पूरे मामले की आर्डर शीट को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया, साथ ही सरकारी अधिवक्ता ने प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली बस्ती द्वारा याची के खिलाफ 36 आपराधिक मुकदमों की सूची प्रस्तुत की। याचिका में स्पेशल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है। याची का कहना है कि वह मूल केस अपहरण मामले में जमानत पर है। मूल केस के आधार पर गैंगस्टर एक्ट के मामले में स्पेशल कोर्ट ने गलत तरीके से एनबीडब्ल्यू जारी किया है।

▸▸ **बस्ती थाने में दर्ज हुआ था अपहरण का मामला**

14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया जावेद

हत्यारोपी जावेद को कोर्ट में पेश करने ले जाती पुलिस।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : दो सगे भाइयों की हत्या में शामिल दूसरे आरोपी जावेद का पुलिस ने शुक्रवार को मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जल्द ही पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। हत्यारोपी जावेद पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र की बाबा कॉलोनी नई बस्ती निवासी ठेकेदार विनोद कुमार के बेटे आयुष और आहान उर्फ हन्नू की 19 मार्च को उनके घर में गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। उनके घर के पास ही हेयर कटिंग की दुकान चलाने वाले थाना अलापुर क्षेत्र के कस्बा सखानू निवासी साजिद और जावेद ने घटना को अंजाम दिया था। जिसके बाद दोनों हत्यारोपी बाइक से भाग गए थे। पुलिस ने शेखूपुर क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान साजिद को मार गिराया था जबकि जावेद फरार हो गया था। वह पहले अपनी ससुराल सहसवान, दिल्ली फिर गुरुवार तड़के लखीमपुर जाने के लिए बरेली पहुंचा था। पुलिस ने उसे बरेली के थाना बारादरी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली उझानी ले जाकर तकरीबन चार घंटे पूछताछ की। जावेद ने साजिद को मानसिक बीमार बताया था लेकिन अभी पुलिस हत्या का कारण स्पष्ट नहीं कर सकी है। अभी तक की जांच में पुलिस साजिद के मानसिक बीमार और बच्चों से नफरत की वजह से हत्या की बात कह रही है। शुक्रवार सुबह पुलिस ने आरोपी जावेद का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया। फिर कोर्ट में पेश किया। जहां से जावेद को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इस बीच पुलिस जांच करके साक्ष्य जुटाएगी। इसके अलावा जल्द ही उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ होगी और उसके बयानों की भी जांच कराई जाएगी। कोर्ट ने अगली 4 अप्रैल की तारीख मुकर्रर की है।

▸▸ **जल्द ही पुलिस रिमांड पर लेकर करेगी पूछताछ**

बेरोजगार युवाओं का फायदा उठाने वालों पर सख्ती जरूरी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नौकरी देने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजकल देश में फर्जी जनशक्ति सलाहकार एजेंसियां और फर्जी भर्ती एजेंसियां तेजी से बढ़ रही हैं, जिनका मुख्य अवैध उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को सरकारी क्षेत्र के साथ-साथ विदेश में रोजगार का लालच देना है।

युवा ऐसे मामलों में छिपे हुए एजेंडो को जाने बिना आकर्षक नौकरियों के प्रलोभनों के शिकार हो रहे हैं और अपने परिवारों द्वारा रखी गई संपत्तियों को बेचकर या उच्च ब्याज दर पर वित्तीय संस्थानों से ऋण प्राप्त करके भी भारी रकम का भुगतान कर रहे हैं। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान की एकल पीठ ने हिमांशु कनौजिया की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। याचिका के अनुसार याची ने शिकायतकर्ता को नौकरी दिलाने का वादा कर एक लाख 60 हजार रुपए अपने बैंक खाते में और लगभग 4 लाख रुपए नगद लिए और बाद में एक नियुक्ति पत्र दिया जो कि फर्जी पाया गया। याची के विरुद्ध आईपीसी की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत थाना कोतवाली जौनपुर में मुकदमा दर्ज किया गया। कोर्ट ने मुख्य रूप से अपने आदेश में कहा कि कुछ मामलों में कंसलटेंसी एजेंसियां पीड़ितों से ली गई रकम लेकर रातों-रात गायब हो जाती हैं और कुछ मामलों में वे पीड़ितों को फर्जी नियुक्ति पत्र जारी करते हैं, जिन्हें उनके साथ हुई धोखाधड़ी के बारे में बाद में पता चलता है। इस तरह से पीड़िता का पूरा भविष्य खतरे में पड़ जाएगा और स्थिति से उबरकर जीवन में सामान्य स्थिति बहाल करना आसान नहीं है। युवाओं द्वारा रोजगार के लिए की जाने वाली इस अखत प्रयास का कुछ वर्गों/व्यक्तियों द्वारा फायदा उठाया जा रहा है। ऐसी स्थिति में इन सफेद पोश अपराधों से शक्ति से निपटा जाना चाहिए। अंत में कोर्ट ने निबंधन (अनुपालन) को इस आदेश की प्रति अपर मुख्य सचिव (गृह) के साथ-साथ पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

▸▸ **नौकरी के नाम धोखाधड़ी पर कोर्ट ने की तल्ख टिप्पणी**

रिश्वत मांगने के आरोपी इंस्पेक्टर को मिली सशर्त जमानत

प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रिश्वत मांगने के आरोपी इंस्पेक्टर को यह देखते हुए की जमानत की स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं करेगा और मामले के शीघ्र निपटारे में सहयोग करेगा उसे सशर्त जमानत दे दी। उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ ने वली मोहम्मद निरीक्षक (अपराध) शाखा की याचिका को निस्तारित करते हुए पारित किया। दरअसल याची पर 7 हजार रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया गया था। याची के विरुद्ध पुलिस स्टेशन सिविल लाइन, मुरादाबाद में प्राथमिक की दर्ज की गई थी। याची के अधिवक्ता का तर्क था कि याची को मामले में झूठा फंसाया गया है। याची एक मामले में जांच अधिकारी था, लेकिन 23 सितंबर 2023 को अपराध शाखा, मुरादाबाद से पुलिस लाइन, मुरादाबाद में स्थानांतरित कर दिया गया। इसके बाद वह कार्य मुक्त हो गया। 27 सितंबर 2023 को याची ने पुलिस लाइन, मुरादाबाद में ज्वाइन कर लिया था। बाद में उक्त मामले की जांच एक अन्य जांच अधिकारी दुर्गा सिंह को सौंप दी गई। याची के लिए शिकायतकर्ता से रिश्वत मांगने का कोई अवसर नहीं था। स्थानांतरित होने के बाद शिकायतकर्ता ने याची को 12 मिस्ड कॉल किए थे। इसके बाद याची ने यह जानने के लिए शिकायतकर्ता को फोन किया कि उसने मिस्ड कॉल क्यों किए। साथ ही अधिवक्ता द्वारा इस बात पर जोर दिया गया कि प्राथमिकी में रिश्वत की कथित मांग की तारीख और समय का खुलासा नहीं किया गया है। याची 5 अक्टूबर 2023 से जेल में बंद है। अंत में कोर्ट ने साक्ष्य के आधार पर विचार करते हुए याची को सशर्त जमानत दे दी।

दो पैन कार्ड मामले में नहीं हो सकी गवाही

रामपुर, अमृत विचार : अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में शुक्रवार को गवाह कोर्ट पहुंचे, लेकिन बचाव पक्ष की ओर से स्थगन प्रार्थना आ जाने के कारण मामले की सुनवाई टल गई। अब इस मामले में 27 मार्च को सुनवाई होगी।

अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ दो पैन कार्ड होने के आरोप में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। दोनों जन्म प्रमाण पत्र मामले में सजा काट रहे हैं। दो पैनकार्ड मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल की कोर्ट में चल रही है। शुक्रवार को गवाह प्रवीण कटियार कोर्ट पहुंचे, लेकिन बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने स्थगन प्रार्थना पत्र दिया।

केजरीवाल की गिरफ्तारी जायज : ओपी राजभर

बलिया : राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने भ्रष्टाचार के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को जायज ठहराते हुए शुक्रवार को कहा कि जांच में दोषी पाए जाने पर ही केजरीवाल के विरुद्ध कार्रवाई हुई है। राजभर ने जिले के रसड़ा में अपनी पार्टी के कार्यालय पर संवाददाताओं से बातचीत में केजरीवाल की गिरफ्तारी को सही ठहराते हुए कहा कि सत्ता में रहकर सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है। जांच में दोषी पाए जाने पर ही केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई हो रही है।

पुणे, बेंगलुरु के बजाय कोलकाता के गुलाब के पौधे की मांग अधिक, आबरा का डाबरा, डबल डिलाइट, ग्रैंडीफ्लोरा आदि प्रजातियां आती हैं पसंद

कोलकाता का गुलाब बिखेर रहा हल्द्वानी में अपनी खुशबू

ललित पांडे, हल्द्वानी

अमृत विचार: शहर में बिकने के लिए कई जगहों से गुलाब के पौधे आते हैं लेकिन लोगों को सिर्फ कोलकाता का गुलाब भाता है। कोलकाता के गुलाब का पौधा कई प्रजातियों व रंगों में बिकता है।

फल-फूल पौध विक्रेताओं ने बताया कि शहर में पुणे, बंगलुरू और कोलकाता से गुलाब के पौधे आते हैं लेकिन इसके जानकार व शौकीन सिर्फ कोलकाता के गुलाब की मांग करते हैं। बरेली रोड में गोल्डन ग्रीन नर्सरी चलाने वाले शिव कुमार बताते हैं कि पुणे व बंगलुरू की तुलना में कोलकाता के गुलाब की ग्राफ्टिंग तकनीक में अंतर होता है। पुणे व बेंगलुरु के पौधे हॉलैंड (डच रोज) प्रजाति के होते हैं। पुणे की मिट्टी चिकनी, जबकि कोलकाता की काली मिट्टी होती है, जो यहां के परिवेश के मुताबिक ही है, जिससे वहां के गुलाब का पौधा यहां आसानी से पनप जाता है। काली मिट्टी में नमी बनी रहती है, इसलिए पौधा जल्दी खराब नहीं होता है।

लोगों के दिलों में बसता है डच रोज : गुलाब के शौकीन डीएस मेहरा ने बताते हैं कि डच रोज (हाइब्रिड) सबसे महंगा बिकता है। इसकी पंखुड़ी मोटी व कली जैसा बना रहता है। यह 15-20 दिन तक सूखता भी नहीं है, इसलिए प्यार के दिवस वैलेंटाइन डे पर इसकी बहुत ज्यादा मांग रहती है।

अक्टूबर से मार्च तक लगता है गुलाब : गुलाब के पौधे अक्टूबर से मार्च तक लगाए जाते हैं, जिसमें वर्मी कंपोस्ट, नीम खली और बोन मील आदि का इस्तेमाल किया जाता है।

हल्द्वानी देवलचौड़ स्थित बीएस नेगी के निवास पर खिला कोलकाता का गुलाब। ● अमृत विचार

कई प्रजातियों और रंगों में उपलब्ध है गुलाब

गुलाब का पौधा कई प्रजातियों और रंगों में मिलता है, जिसमें आबरा का डाबरा प्रजाति का गुलाब शहर के लोगों को सबसे ज्यादा भाता है। आबरा का डाबरा गुलाब में स्ट्राइप होती है और दो कलर के इस गुलाब के फूल छोटे होते हैं। डबल डिलाइट (टाइगर रोज), मिनिएचर रोज, गोल्ड मेडल रोज (ग्रैंडीफ्लोरा) आदि प्रजातियां भी लोगों को खूब पसंद आती हैं। इसके अलावा पीला, लाल, मैरून, सफेद, कलर मिक्स आदि रंगों में गुलाब मिलता है। गुलाब के पौधों की कीमत 60 रुपये से लेकर 250 रुपये तक है।

गुलाब का शौकीन हूं। एचटी (हाइब्रिड) गुलाब ज्यादा लगाता हूं। यह टिकाऊ और महंगा बिकता है। **– डीएस मेहरा,** फतेहपुर

पौधों के बीच रहना पसंद करता हूं। गुलाब को खासतौर से पसंद करता हूं, इसकी कई प्रजाति के पौधे मेरे पास हैं। **– बीएस नेगी,** देवलचौड़

चेन छीनने वाला लुटेरा मुठभेड़ में गिरफ्तार

गाजियाबाद : दिल्ली और गाजियाबाद में चेन छीनने के कई मामलों में वांछित एक लुटेरे को पुलिस ने गुरुवार रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ करने पर उसने अपनी पहचान उत्तर-पूर्वी दिल्ली की नंदनगरी कॉलोनी के निवासी राजू के रूप में बताई है। अपर पुलिस आयुक्त (साहिबाबाद) रजनीश कुमार उपाध्याय ने शुक्रवार को बताया कि चेन छीनने की घटना करीब एक पखवाड़े पहले हुई थी। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया। उसके पास से वारदात में इस्तेमाल हथियार बरामद कर लिया गया है।

क्या होता है चैलेंज वोट

- मतदान के दौरान मतदान केंद्र पर पोलिंग एजेंट की आपत्ति के बाद चुनाव आयोग 2 रूपए फीस लेकर यह फैसला करता है कि मतदाता असली है या फिर फर्जी। सच और झूठ का फैसला बूथ पर ही तत्काल पीठासीन अधिकारी पोलिंग एजेंट व मतदाता की सुनवाई के बाद करते हैं। यह स्थिति तब उत्पन्न होती है जब मतदान अभिकर्ता मतदान करने आए व्यक्ति पर यह आरोप लगता है कि संबंधित मतदाता फर्जी है। जब मतदाता और अभिकर्ता दोनों अपनी बात पर अड़ जाते हैं। तब ऐसी स्थिति में चैलेंज वोट का सहारा लिया जाता है। ऐसे विवाद की स्थिति में चुनाव आयोग के नियमों में प्रावधान है कि पोलिंग एजेंट पीठासीन अधिकारी के पास दो रुपए आक्षेप राशि के साथ आपत्ति दर्ज कराएगा। इस आधार पर वह वोटर के दावे को चुनौती देगा। यदि यह साबित हो जाता है कि मतदाता असली है। तभी संबंधित मतदाता को मतदान का अवसर दिया जाता है। इसके बाद मतदान अभिकर्ता द्वारा जमा की गई दो रुपए चैलेंज फीस आयोग जब्त कर ली जाती है। और उसकी आपत्ति खारिज कर दी जाती है।

अहम होंगी महिलाओं के लिए चल रहीं योजनाएं

त्योहारी सिलेंडर, रिफाइंड, चना, रक्षाबंधन में मुफ्त परिवहन व लखपति दीदी के भरोसे भाजपा

पदमाकर पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार : लाडली योजना की तरह ही उप्र. में भाजपा ''मिशन शक्ति'' (महिला सशक्तिकरण) प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई), बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) आदि योजनाएं भाजपा के मिशन 80 में सहायक बनेंगी। सुरक्षा व्यवस्था हो या प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का मामला, सात करोड़ 15 लाख महिला मतदाताओं वाले प्रदेश में महिलाओं के लिए फायदेमंद योजनाओं को नजर अंदाज करना विपक्षी दलों को भारी पड़ सकता है।

गत वर्ष मध्य प्रदेश में संपन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत में महिलाओं की खासी भूमिका निभाई थी, तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी चुनाव परिणाम में लाडली योजना के साकारात्मक प्रभाव को मान चुके हैं। उसी तरह उप्र. में आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी कई तरह की योजनाएं केन्द्र सरकार के अलावा योगी सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं का भी असर लोकसभा चुनाव के परिणामों में मिलने के आसाद दिख रहे हैं। रक्षा बंधन में मुफ्त बस सेवा, हर माह मुफ्त में मिलने वाला राशन, त्यौहार पर मिलने वाले रिफाइंड ,चना व नमक से अधिकांश महिलाएं लाभान्वित हो रहीं हैं। साथ ही बेटियों का जन्म, शिक्षा और विवाह तक के लिए योजनाएं प्रदेश में चल रहीं हैं।

कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति के चलते महिलाएं अब बिना भय के जीवनयापन कर पा रही हैं। राज्य की महिला श्रम बल में भागीदारी दर 32.10 प्रतिशत पहुंच चुकी है।

इतना ही नहीं, प्रदेश में रोजगार के लिए जो योजनाएं शुरू की गईं, उसमें महिलाओं को बराबर का भागीदार बनाया जा रहा है। मुद्रा योजना अंर्तगत ग्रामीण क्षेत्रों में, गरीब परिवारों से भी महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रही है। राज्य में 80 हजार राशन दुकानों में महिला स्वयं सहायता समूहों को वरियता दी गई है। बलात्कार जैसे संगीन अपराधों की त्वरित सुनवाई के लिए राज्य सरकार ने 218 फास्ट ट्रैक कोर्ट्स स्थापित किए हैं।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में सहायता राशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार कर दी गई है। मुख्यमंत्री सामूहिक योजना अंतर्गत निर्धन परिवारों की बेटियों की शादी के लिए 51 हजार रूपये प्रति जोड़े पर खर्च किया जा रहा है। हर निराश्रित महिला को एक हजार रुपए हर माह पेंशन मिल रही है। प्रदेश में तमाम योजनाएं सचालित हो रही हैं, किसी न किसी से महिलाएं जुड़ रहीं हैं। राज्य में 8.37 लाख स्वयं सहायता समूहों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की एक करोड़ से अधिक महिलाओं को जोड़ा चुका है। बैंकिंग कॉरस्पॉन्डेंट सखी योजना से सभी 57 हजार ग्राम पंचायतों को जोड़ा जा रहा है।

मतदाताओं को रिझाने को महिला प्रकोष्ठ सक्रिय

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य का कहना है कि महिला मतदाताओं को पक्ष में मतदान करने के लिए भाजपा मोर्चा के विभिन्न संगठनों द्वारा घर-घर संपर्क अभियान के साथ ही लाभार्थियों से संवाद स्थापित किया जा रहा है। साथ ही विशेष रणनीति तैयार की गई है, जिस पर होली बाद अमल शुरू हो जायेगी। भाजपा की महिला मोर्चा की लखनऊ अध्यक्ष सीता नेगी ने बताया कि लखपति दीदी, नारी सशक्तिकरण, आदि तमाम योजनाएं हैं जिनसे महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं, उन्हें भाजपा से बहुत उम्मीदें हैं, इसलिए खुद भी भाजपा के लिए आगे आ रहीं हैं। महिलाओं की राजनीतिक में बढ़ती रुचि से साफ संकेत हैं कि महिलाएं निर्णायक वोट बैंक के तौर पर उभर रही हैं।

पिंक पन्ना

मेरा पहला वोट

मतदान सभी को करना चाहिए। क्योंकि यह अवसर 5 वर्ष में एक बार ही आता है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों और सरकार के कामकाज को देखते हुए ही मतदान करना चाहिए। पहली बार मतदान करने जा रही हूं, इसको लेकर काफी खुशी है। महिला सुरक्षा को मजबूती प्रदान करने, रोजगार देने वाले तथा शिक्षा व समानता का अवसर प्रदान करने वाले को ही मतदान करूंगी।

रश्मि गौतम पुत्री अमिरका
विधानसभा क्षेत्र सदर बहराइच।

वोटर लिस्ट में नाम शामिल होने पर काफी रोमांचित हूं। पहला वोट देकर देश की सबसे बड़ी पंचायत के लिए अपना नुमाइंदा चुनेंगे। मजबूत लोकतंत्र के लिए पहला वोट करूंगा। हम ऐसा सांसद चुनेंगे जो पढ़ा लिखा होने के साथ देश व समाज के बारे में सोचता हो। जिले में रोजगार के अवसर प्रदान कर बेरोजगार को दूर करने वाला हमारा सांसद होगा।

आयुष शुक्ल, छात्र बीकाम द्वितीय वर्ष
विवेकनगर, सुलतानपुर।

राजा दिनेश से परामर्श लेते थे अटल

आरपी सिंह, प्रतापगढ़

राजा दिनेश।

स्व. अटल बिहारी बाजपेयी

- मंत्री के रूप में बेल्हा को विदेश में दिलाई थी पहचान
- राजा दिनेश के अलावा किसी को नहीं मिली केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह

अमृत विचार : जनपद में कालाकांकर राजघराने के राजा दिनेश सिंह का नाम आज भी गर्व से लिया जाता है। उन्होंने विदेश मंत्री के रूप में बेल्हा को विदेश में पहचान दिलाई थी। यही नहीं उनसे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी ने विदेश नीति का परामर्श लिया था। प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से सर्वाधिक चार बार निवार्चित होने का रिकार्ड भी राजा दिनेश सिंह के नाम है।

राजा दिनेश सिंह ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के सलाहकार के तौर पर राजनीतिक पारी शुरू की थी। चार बार सांसद निर्वाचित हुए दिनेश सिंह को विदेश,उद्योग जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली। नरसिम्हाराव की सरकार तक में केंद्रीय मंत्री रहे। फिर भी सियासी करियर उतार चढ़ाव भरा रहा। वर्ष 1977 में जब जनता पार्टी की सरकार बनी और अटल बिहारी वाजपेयी विदेशमंत्री बने तो शपथ लेने के बाद वह राजा दिनेश सिंह के पास गए और विदेश नीति के बारे में परामर्श लिया। यूं तो राजा दिनेश नेहरू और गांधी परिवार के खास थे, लेकिन दौर ऐसा भी रहा जब उन्होंने इंदिरा गांधी का साथ छोड़ दिया था।

अतीत के झरोखे से

हालांकि दिनेश सिंह की पुत्री राजकुमारी रत्ना सिंह तीन बार सांसद निर्वाचित हुईंलेकिन उन्हें मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिल सकी। 1962 और 1980 के चुनाव में राजा अजीत प्रताप सिंह सांसद चुने गए,लेकिन मंत्रिमंडल में शामिल होने का अवसर नहीं मिला।

चूड़ी-बिंदी और साड़ी से छुए थे महिलाओं के मन के तार

अभिषेक द्विवेदी, कन्नौज।

अतीत के झरोखे से

- कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से पहली महिला सांसद बनने का गौरव किया था हासिल
- महिलाओं में काफी लोकप्रिय थीं शीला दीक्षित, जिले में कांग्रेस को किया था मजबूत

अमृत विचार : कभी महिलाओं को घर की दहलीज पार कर वोट डालने की इजाजत नहीं थी। मतदान करने के लिए परिवार के मुखिया की सहमति जरूरी होती थी। यह वजह थी कि उस दौर में महिलाओं का वोट प्रतिशत कम होता था। शीला दीक्षित पहली प्रत्याशी थीं, जिनके लिए महिलाओं ने घर की दहलीज को लांघा और मतदान केंद्र तक जाकर वोट की चोट की। शायद यही वजह रही कि उनकी भारी मतों से जीत हुई और कन्नौज सीट से पहली महिला सांसद बनने का गौरव हासिल किया।

बात 1984 के लोकसभा चुनाव की है। कांग्रेस ने उन्नाव जनपद की रहने वालीं शीला दीक्षित को कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतार दिया। उन्होंने पुराने कांग्रेसी नेताओं से संपर्क किया और उनके घर जाकर महिलाओं से संवाद स्थापित किया। पहली बार किसी ने घर के अंदर दस्तक दी और महिलाओं की मन की बात सुनी। जल्द ही वह महिलाओं में लोकप्रिय हो गईं। वह जिस गांव में जातीं तो वहां महिलाओं से जरूर बात करतीं। वरना अब तक तो प्रत्याशी परिवार के मुखिया से ही वोट मांगकर दरवाजे से ही चले जाते थे। उन्होंने महिलाओं को साड़ी, चूड़ी, बिंदी बांटकर एक नई परंपरा का आगाज किया। हालांकि, उस समय चुनाव आयोग द्वारा किसी भी प्रकार का प्रतिबंध नहीं था। चूड़ी, साड़ी और बिंदी पर कांग्रेस का चुनाव-चिन्ह हाथ का पंजा छपा रहता था। इस चुनाव में महिलाओं का वोट प्रतिशत भी बढ़ा और शीला दीक्षित भारी मतों से जीतीं।

इनसेट—

कन्नौज में बहाई थी विकास की गंगा

शीला दीक्षित 1984 से 1989 तक सांसद रहीं। इस दौरान उन्होंने कन्नौज में विकास की गंगा बहाई। कन्नौज से हरदोई जाने के लिए महादेवी घाट पर पुल का निर्माण कराया तो इत्र उद्योग को तकनीकी रूप से विकसित करने के लिए केंद्र सरकार के सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के अधीन सुरस एवं सुगंध विकास केंद्र (एफएफडीसी) की स्थापना कराई। जिले में लाख-बहोसी पक्षी विहार बनवाया तो कई ग्राम पंचायतों में सामुदायिक विकास केंद्रों का निर्माण अपनी सांसद निधि से कराया था।

> सांसद शीला दीक्षित असाधारण व्यक्तित्व की धनी थीं। जिले में महिलाओं का वोट प्रतिशत बढ़ाने में उनका अप्रतिम योगदान था और उन्होंने कांग्रेस संगठन को भी मजबूत किया था। भले ही कन्नौज जिला 1997 में घोषित किया गया हो, लेकिन उसके विकास की आधारशिला उन्होंने ही रखी थी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रहते हुए भी कभी कन्नौज और यहां के लोगों को विस्मृत नहीं किया था।
>
> **-संतोष चतुर्वेदी एडवोकेट, पूर्व विधायक (कांग्रेस)**

गोंडा की सियासी पिच पर कभी विजेता नहीं रही बसपा

अरुण कुमार मिश्र

- 2024 के भंवर में फंसी बसपा को नहीं मिल रहे खेवनहार

गोंडा, अमृत विचार : कभी अपने चरम पर रही बसपा गोंडा संसदीय सीट को फतह नहीं कर सकी। बसपा अपने कैडर वोट के बलबूते दूसरे का खेल बिगाड़ती रही, लेकिन स्वयं के उम्मीदवार को जीत का सेहरा नहीं पहना सकी। एक बार बसपा उम्मीदवार दूसरे पायदान पर तो पहुंची, लेकिन अधिकांश बार उसका उम्मीदवार वह तीसरे व चौथे स्थान पर ही सिमट कर रह गया।

संसदीय इतिहास में गोंडा का सफरनामा बहुत ही रोचक रहा। कांग्रेस, बीएलडी, सपा, भाजपा को जीत का मौका मिला और गोंडा की रहनुमाई करने का अवसर भी लेकिन चार बार प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं मायावती की पार्टी का कोई भी उम्मीदवार जीत कर संसद की ड्योढ़ी तक नहीं पहुंच पाया, जबकि बसपा का वोट प्रतिशत काफी बेहतर रहा लेकिन कैडर वोट व कुछ मुस्लिम वोट के अतिरिक्त अन्य वोट बसपा को बहुत कम ही मिले। यही कारण है के 1999 में बसपा ने अयोध्या नरेश पांडेय को चुनाव लड़ाया लेकिन वह जीत नहीं सके। 2004 में बसपा ने अपना प्रत्याशी बदला और संतराम तिवारी को मैदान में उतारा लेकिन वह भी चुनाव में जीत नहीं पाए। 2004 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतने वाले कीर्तिवर्धन सिंह बसपा में शामिल हो गए और 2009 में वह बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े। कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव तो नहीं जीते पर लेकिन दूसरे स्थान पर रहे।

इसके बाद वह 2014 में भाजपा में शामिल हो गए। 2014 में पार्टी ने बसपा के कद्दावर नेता रहे अकबर अहमद डंपी को चुनाव लड़ाया। अकबर अहमद डंपी चुनाव में तीसरे स्थान पर खिसक गए। इस चुनाव में कीर्तिवर्धन सिंह भाजपा से चुनाव जीत गए और सपा उम्मीदवार रहीं नंदिता शुक्ला दूसरे स्थान पर रहीं। अकबर अहमद डंपी को एक लाख से अधिक मत प्राप्त हुए थे। 2019 में गोंडा सीट सपा और बसपा के गठबंधन में हो गई और यहां से सपा के उम्मीदवार विनोद कुमार सिंह उर्फ पंडित सिंह मैदान में थे। लेकिन गठबंधन का भी लाभ नहीं मिला और गोंडा की सीट पर पुनः कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव जीत गए।

> 2019 में बसपा ने गठबंधन के कारण अपना प्रत्याशी नहीं उतारा था लेकिन 2024 में भी बसपा ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। बसपा का एक मजबूत कैडर वोट आज भी है। लेकिन किसी उम्मीदवार के न होने से कैडर मतदाता उदास जरूर हैं। इतना ही नहीं गोंडा से अभी तक किसी ऐसे व्यक्ति का नाम भी चर्चा में नहीं आया जिसने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की हो। इसलिए बसपा के वोटर भी खामोश हैं और पार्टी के नेता भी सक्रिय नहीं दिख रहे हैं। बसपा को अब पार्टी की मुखिया के निर्णय का इंतजार है। वह अपना प्रत्याशी उतारेगी या फिर अन्य दलों को वॉक आउट दे देगी।

गठबंधन में भी सपा को ट्रांसफर नहीं हो पाया था कैडर वोट

राजनीति के जानकार एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के प्रोफेसर शैलेंद्र नाथ मिश्र कहते हैं कि बसपा एक कैडर पार्टी है। उसके मतदाता सपा, कांग्रेस में नहीं जाएंगे। कैडर वोट के भाजपा में जाने की अधिक उम्मीद है। वह कहते हैं कि कांग्रेस से ही टूट कर बसपा, सपा व अन्य दलों का उदय हुआ है।(भाजपा को छोड़कर)। बसपा ने अपने बूते पर पार्टी खड़ी की और कांशीराम से लेकर मायावती ने अपना एक कैडर बनाया। जब सवाल किया गया कि कांग्रेस, सपा भी दलित का मुद्दा उठाती है तो मिश्र ने कहा कि 2019 में बसपा व सपा का गठबंधन हुआ था। सपा का वोट बसपा को ट्रांसफर हुआ था लेकिन बसपा का वोट सपा में नहीं गया। अब बात अलग जाने की है तो केवल भाजपा है जिसके प्रति मायावती का नरम रुख है। यदि बसपा अपना प्रत्याशी खड़ा करती है तो कैडर वोट उनके साथ जाएगा अन्यथा भाजपा की ओर जा सकता है।

ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगा सकती है बसपा

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

रणनीति

- भाजपा और सपा ने घोषित कर दिए हैं उम्मीदवार
- सपा उम्मीदवार का टिकट बदलने के लग रहे कयास
- जिलाध्यक्ष बोले, जातिगत समीकरण का रखना पड़ता ध्यान

अमृत विचार : बुंदेलखंड में हार का सूखा खत्म करने के लिए बसपा नेतृत्व सधी हुई चाल चल रहा है। वैसे तो बांदा- चित्रकूट सीट पर सपा ने शिव शंकर सिंह पटेल और भाजपा ने आरके पटेल को उम्मीदवार बनाया है। सपा में उम्मीदवार बदले जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। ऐसे में अब यह माना जा रहा है कि अगर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी ने बांदा-चित्रकूट सीट

पर चेहरे नहीं बदले तो बहुजन समाज पार्टी का प्रत्याशी सवर्ण होगा। वह भी ब्राह्मण जाति से। इन सबके बीच भाजपा में भी बगावत के आसार लग रहे हैं। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र सपा के सिंबल पर चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। भैरों प्रसाद मिश्र 2014 में भाजपा से सांसद बने थे। तब उनके सामने बसपा से आरके सिंह पटेल उम्मीदवार थे। बाद में आरके पटेल भाजपा में आए और मानिकपुर से विधायक बने। 2019 में आरके पटेल ने लोकसभा का चुनाव भाजपा से लड़ा और जीता था। टिकट कटने से भैरों प्रसाद मिश्र नाराज उसी समय हो गए थे, लेकिन उन्हें उम्मीद थी कि पार्टी इस बार टिकट देगी पर आरके पटेल को ही टिकट मिल गया।

ऐसे में अब चर्चा है कि भैरों प्रसाद सपा नेतृत्व के संपर्क में हैं और सपा शिव शंकर सिंह पटेल को हटाकर भैरों को टिकट दे सकती है। टिकट कटने की टीस भैरो प्रसाद को आज भी है और वे इस बात को स्वीकारते भी हैं। इस संबंध में जब उनसे सवाल किया गया तो उनका कहना था कि राजनीति में सभी विकल्प खुले रहते हैं। और सपा सबसे मजबूत विकल्प है। भैरों की बगावत चर्चाओं पर बसपा भी नजर रखे हुए है। भैरों अगर बागी होकर सपा के टिकट पर उतरते हैं तो बसपा अपनी रणनीति में पुनः बदलाव करेगी अन्यथा पार्टी किसी ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगाने को तैयार बैठी है। भैरों प्रसाद एक बार बसपा के टिकट पर भी लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं तब उन्हें लगभग 33 हजार वोट से हार का सामना करना पड़ा था।

बसपा जिलाध्यक्ष शिवबाबू एडवोकेट कहते हैं कि जिले में कोई भी राजनीतिक दल चाहे जो भी कहे पर अंततः वह जातिगत आधार पर टिकट वितरण करता है। जिले की राजनीति में जाति के दखल से कोई इन्कार नहीं कर सकता। उन्होंने बताया कि भाजपा और सपा ने अपने उम्मीदवार तय तो कर दिए हैं पर अभी भी ऊहापोह की स्थिति है। रोज नई बात सामने आती है।

इसी वजह से बसपा अपने प्रत्याशी सामने नहीं ला रही। हालांकि सब कुछ तय है। जब उनसे पूछा गया कि किस किस नेता ने प्रत्याशिता की है, शिवबाबू बोले, बसपा में अन्य दलों से ज्यादा अनुशासन है। ऐसे में वह नाम नहीं बता सकते। बोले, हां इतना जरूर है कि सपा और भाजपा के प्रत्याशियों के नामों में बदलाव न हुआ तो हम ब्राह्मण प्रत्याशी उतारेंगे। उन्होंने कहा कि बांदा-चित्रकूट सीट के लिए कुल पांच प्रत्याशियों के नाम आलाकमान के पास भेजे गए हैं। इनमें बांदा और चित्रकूट से दो-दो नाम ब्राह्मण समाज के और बांदा से ही एक नाम कुशवाहा समाज का है। बड़ी बड़ी बातें चाहे जो कोई करे पर सभी पार्टियां जातीय समीकरण देखकर ही अपना प्रत्याशी तय करती हैं

रंगई, अंशू और श्याम समेत सात लोग ब्रेल लिपि बैलेट से डालेंगे वोट

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

जिले में 21 हजार से अधिक हैं विभिन्न श्रेणियों के दिव्यांग मतदाता

लोकसभा चुनाव

- देहरादून से लाई जाएगी ब्रेल लिपि बैलेट शीट
- ब्रेल लिपि का ज्ञान रखने वाले सात मतदाता किए गए चिह्नित

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में इस बार सात मतदाता ऐसे हैं जो ब्रेल लिपि बैलेट से अपने सांसद का चुनाव करेंगे। यह मतदाता पूरी तरह से दृष्टिबाधित हैं। वैसे दृष्टिबाधित मतदाताओं की संख्या 3 हजार 936 है लेकिन इनमें से सात वह मतदाता हैं जो ब्रेल लिपि की मदद से पढ़-लिख सकते हैं। ऐसे में इनसे वोट डलवाने के लिए उत्तराखंड के देहरादून स्थित राजकीय प्रेस से ब्रेल लिपि बैलेट शीट मंगवाई जाएगी। पीठासीन अधिकारियों का बाकायदा इसका प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। वहीं शेष दृष्टिबाधित मतदाताओं को उनके परिवार के किसी एक सदस्य के साथ सहायक के रूप में लेकर जाकर वोट डाला जाएगा। हालांकि इसके लिए भी बूथ पर एक फार्म भरवाया जाएगा।

भारत निर्वाचन आयोग की मंशा है कि लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो। इसके लिए बूथों पर मतदाताओं को तरह की सुविधाएं दी जा रही हैं। लेकिन आयोग की व्यवस्थाओं के बाद भी बड़ी तादाद में दिव्यांग मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते हैं, खासकर, दृष्टिबाधित मतदाता। लिहाजा, निर्वाचन आयोग ने दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा के लिहाज से बूथों में ब्रेल लिपि बैलेटशीट का इंतजाम किया जा रहा है। इस बैलेट शीट में दलों के चुनाव चिह्न, प्रत्याशी का नाम आदि की पूरी जानकारी होगी। इसके बाद दृष्टिबाधित मतदाता आसानी प्रत्याशी एवं उसके चुनाव चिह्न की पहचान कर मत देंगे। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप जिले में ऐसे सात दृष्टिबाधित मतदाता चिह्नित किये गये हैं, इनमें कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के श्यामजी पुत्र कीढ़ी लाल, रामनगर के धनन्जय पुत्र विजय कुमार व नितेश पुत्र रामनरेश, बाराबंकी क्षेत्र से छोटेलाल पुत्र शिवराज व अंशू पुत्र रामानंद, जैदपुर क्षेत्र से मनोज पुत्र श्रीपाल और हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से रंगई लाल पुत्र जगप्रसाद शामिल हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि जिले में करीब 21 हजार से अधिक दिव्यांग मतदाता हैं। इनमें से सात ऐसे दृष्टिबाधित मतदाताओं को चिह्नित किया गया है। जो ब्रेल लिपि से पढ़ने- लिखने का ज्ञात रखते हैं। इनके लिए ब्रेललिपि बैलेट शीट मंगवाई जाएगी, जिस पर दृष्टिबाधित मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

पुरुष और महिला दिव्यांग मतदाताओं की संख्या

विधानसभा क्षेत्र	पुरुष	महिला	कुल
266 कुर्सी	2487	1205	3642
267 रामनगर	2251	1359	3610
268 बाराबंकी	2178	1022	3200
269 जैदपुर	2460	109	3559
270 दरियाबाद	2942	1533	4475
272 हैदरगढ़	2005	1101	3106
कुल दिव्यांग वोटर	**14323**	**7318**	**21642**

नोट : जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए दिव्यांगों के इन आंकड़ों में दृष्टिबाधित, हाथ व पैर से दिव्यांग, बोलने व सुनने में अक्षम के साथ मानसिक मंदित आदि श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। इनमें केवल दृष्टिबाधितों की कुल संख्या 3936 हैं। इनमें से सात दृष्टिहीन वोटर ब्रेल लिपि का ज्ञान रखते हैं।

क्या होती है ब्रेल लिपि

विश्व में ब्रेल लिपि को नेत्रहीनों को पढ़ने और लिखने के व्यवहार में लाया जाता है। इस पद्धति का आविष्कार 1821 में एक नेत्रहीन फ्रांसीसी लेखक लुई ब्रेल ने किया था। यह अलग-अलग अक्षरों, संख्याओं और विराम चिन्हों को दर्शाते हैं। किसी टाइपराइटर की तरह ही ब्रेल लिपि को भी एक मशीन जिसे 'ब्रेलराइटर' कहते हैं, के माध्यम से लिखा जा सकता है।

एनडीए में शामिल हो सकतीं हैं पल्लवी पटेल

अमृत विचार, राज्य ब्यूरो : इंडिया गठबंधन को प्रदेश में बड़ा झटका लग सकता है। सपा के अखिलेश यादव द्वारा 2024 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन न होने की घोषणा के बाद, अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल ने एनडीए के पाले में जाने के कयासों को हवा दे दी है। राजधानी में अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि अगर एनडीए से ऑफर आया तो हम विचार करेंगे। क्योंकि हमे राजनीति करनी है, भविष्य को लेकर निर्णय करेंगे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन अंतर्गत तीन सीटों पर प्रत्याशी उतारने का एलान किया था। जिसके लिए गठबंधन के नेताओं से पूर्व में चर्चा भी चुकी थी। बावजूद सपा प्रमुख ने गठबंधन खत्म होने की बात कही है उसका स्वागत है। इसके बाद इंडिया गठबंधन की कांग्रेस को निर्णय करना है, अपना दल कमेरावादी इंडिया गठबंधन का हिस्सा रहेगा या नहीं।

भाजपा की चौथी सूची में तमिलनाडु व पुडुचेरी के उम्मीदवार घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनावों के लिए शुक्रवार को 16 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी कर दी। इसमें तमिलनाडु के 15 और पुडुचेरी के उम्मीदवार का नाम शामिल है। पार्टी की ओर से जारी इस सूची के मुताबिक चेन्नई उत्तर से आर सी पॉल कनगराज, तिरूवल्लूर से पॉन वी बालागणपति, तिरवन्नमलाई से ए अश्वथामन, नामक्कल से के पी रामलिंगम, त्रिपुर से ए पी मुरुगनांदम, पोलाची से के वसंतराजन, करूर से वी वी सेंथिलनाथन, चिदंबरम से श्रीमती पी कार्तियायनी, नागपत्तिनम से एस जी रमेश,तंजावुर से एम मुरुगानंदम, शिवगंगा से देवनाथन यादव, मदुरै से राम श्रीनिवासन, विरूद्धनगर से राधिका शरतकुमार और टेनकासी से बी जॉन पांडियान को उम्मीदवार बनाया गया है। पुडुचेरी की एकमात्र लोकसभा सीट से भाजपा ने ए नमाशिवायम को पार्टी ने टिकट दिया है।

इससे पहले गुरुवार को भाजपा ने पूर्व राज्यपाल तिमिलसाई सौन्दर्यराजन, पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन सहित राज्य से नौ उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। इस प्रकार तमिलनाडु के लिए भाजपा ने अब तक 24 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। राज्य की 39 लोकसभा सीटों पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। भाजपा ने दो मार्च को 195 लोकसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। इसके बाद, भाजपा ने 13 मार्च को 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची और 21 मार्च को नौ उम्मीदवारों की सूची जारी की थी।

दिग्गजों की सियासत दांव पर, टिकट से बचेगी साख

- वैभव शुक्ला, पीलीभीत

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर तराई की सियासत इन दिनों दिग्गजों की धड़कनें बढ़ा रही है। पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर टिकट को लेकर भाजपा हो या फिर विपक्षी समाजवादी पार्टी। दोनों में ही प्रत्याशी तय करने में गहन मंथन हो रहा है। भाजपा सांसद मेनका गांधी और वरुण गांधी की इस हाई प्रोफाइल इस सीट पर सभी की नजर है। ऐसे कई दावेदार हैं जिनका सियासी सफर दांव पर लगा है। कोई दिल्ली में डेरा डाले है तो कोई अन्य विकल्प तलाशने में जुट गया है।

पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर सर्वाधिक दावेदार भारतीय जनता पार्टी में हैं। इनमें से कई ऐसे हैं, जिन्होंने नगर निकाय चुनाव 2023 संपन्न होने के साथ ही अपनी तैयारी शुरू कर दी थी। समाजवादी पार्टी की सरकार में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री रहे हेमराज वर्मा भाजपा भी टिकट के प्रबल दावेदारों में हैं। उन्होंने 2007 में बसपा से सदर विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ा, लेकिन जीत नहीं सके। 2012 में सपा के टिकट पर बरखेड़ा विधानसभा सीट से जीते। इसके बाद उन्हें राज्यमंत्री भी बनाया गया। 2017 और 2022 का विधानसभा चुनाव सपा से ही बरखेड़ा सीट से लड़ा, लेकिन दोनों में हार मिली। 2019 में लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के टिकट पर लड़ा। उस वक्त 4,48,922 वोट मिले थे। भाजपा के वरुण गांधी ने जीत दर्ज की थी। हाजी रियाज अहमद के निधन के बाद तराई क्षेत्र में सपा के मजबूत लीडरों में उन्हीं की गिनती थी। मगर अब वह भाजपाई हैं और टिकट की दावेदारी कर रहे हैं।

दूसरा नाम है किशनलाल राजपूत का। वह 2017 में भाजपा से बरखेड़ा सीट से विधायक बने। 2022 उनकी जगह स्वामी प्रवक्तानंद को भाजपा ने टिकट दे दिया। अब वह लोकसभा चुनाव में भाजपा से टिकट की मांग कर रहे हैं। उत्तराखंड के पूर्व सांसद बलराज पासी ने भी पीलीभीत -बहेड़ी लोकसभा सीट पर दावेदारी की है। वह नैनीताल सीट से 1991-96 तक सांसद रहे थे। वर्तमान में वह राज्य बीज एवं जैविक उत्पाद प्रमाणीकरण संस्था उत्तराखंड के अध्यक्ष हैं। वह अपनी सियासत को रफ्तार देने के लिए करीब एक साल से जनपद में सक्रिय हैं। भाजपा के ही पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पीसीयू के सभापति सुरेश गंगवार भी दावेदार हैं।

- निकाय चुनाव के दौरान भाजपा में शामिल हुए थे पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा
- भाजपा के पूर्व विधायक किशनलाल का तय होगा सियासी सफर
- नैनीताल-बहेड़ी से सांसद रहे बलराज पासी ने भी बढ़ाई है सक्रियता
- पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू के सामने बड़ी चुनौती

हेमराज वर्मा

किशनलाल राजपूत

फूलबाबू

... जा सकते हैं सपा में

भाजपा से टिकट पाने के लिए दावेदारों की लंबी फेहरिस्त पर विपक्षी दलों की भी नजर है। एक दावेदार के बारे में चर्चा है कि वह सपा आलाकमान के भी सपर्क में हैं। भाजपा से टिकट नहीं मिला तो साइकिल की सवारी कर सकते हैं।

लगातार तीन चुनाव हारे फूलबाबू का सियासी कद तय होगा

इसी तरह से सपा से टिकट की दौड़ में पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार समेत कई चेहरे हैं। जिनके सियासी सफर का भविष्य लोकसभा चुनाव में तय होगा। बसपा से टिकट पाने में कामयाब हुए पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां फूलबाबू भी सियासी तलवार की धार पर खड़े हैं। वह बीसलपुर विधानसभा सीट पर 1996, 2002, 2007 में हुए तीनों चुनाव में लगातार विधायक बने। मगर इसके बाद 2012, 2017, 2022 के चुनाव में हार की हैट्रिक भी बनाई। इसके अलावा तीन बार लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमा चुके हैं। ऐसे में टिकट मिलने के बाद उनकी चुनौती और बढ़ गई है।

चुनाव कमाल का...

- 1998 देश में 12वें लोकसभा चुनाव का गवाह बना। इस चुनाव में भाजपा को 182 सीटें मिली, जबकि कांग्रेस के खाते में 141 सीटें आईं। सीपीएम ने 32 सीटें जीती और सीपाआई के खाते में सिर्फ नौ सीटें आई। समता पार्टी को 12, जनता दल को 6 और बसपा को 5 लोकसभा सीटें मिली। क्षेत्रीय पार्टियों ने 150 लोकसभा सीटें जीतीं।
- 1998 में भाजपा ने शिवसेना, अकाली दल, समता पार्टी, एआईएडीएमके और बिजू जनता दल के सहयोग से सरकार बनाई और अटल बिहार वाजपेयी फिर से प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठे, लेकिन इस बार अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार 13 महीने में ही गिर गई।
- 1999 के आम चुनाव में कांग्रेस और सिमटी। इस चुनाव में विदेशी सोनिया बनाम स्वदेशी वाजपेयी का माहौल बनाया गया। भाजपा को सबसे ज्यादा 182 सीटें मिली और वाजपेयी केंद्र में सरकार बनाने में कामयाब रहे, जबकि कांग्रेस के खाते में सिर्फ 114 सीटें आई थीं। सीपीआई ने चुनाव में 33 सीटें जीतीं।
- 1999 में यह पहली बार था जब अटल बिहारी वाजपेयी की अगुवाई में केंद्र में किसी गैर-कांग्रेसी सरकार ने पांच साल का कार्यकाल पूरा किया।
- 2004 के 14वें लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का 'इंडिया शाइनिंग' का नारा असफल रहा और कांग्रेस सत्ता में लौटी। इस चुनाव में कांग्रेस को 145 सीटें मिलीं। जबकि भाजपा के खाते में 138 सीटें आई। सीपीएम के खाते में 43 सीटें गई और सीपीआई 10 सीटें जीतने में कामयाब रही।

चुनावी तीर

राजनीति का स्तर इस तरह से गिराना न तो प्रधानमंत्री को शोभा देता है और न ही उनकी सरकार को। सभी राजनीतिक दलों और उनके नेताओं पर दबाव बनाने के लिए ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। केजरीवाल को निशाना बनाया जा रहा है और यह असंवैधानिक है। ऐसी शर्मनाक घटना इतिहास में पहली बार देखी जा रही है।

- प्रियंका गांधी वाड्रा, राष्ट्रीय महासचिव, कांग्रेस

कांग्रेस को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए भाजपा जिस तरह से परेशान कर रही है यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। यह निंदनीय है। भाजपा की मानसिकता मनुवादी है। भाजपा चाहती है कि असमानता कायम रहे, जाति व्यवस्था और मजबूत हो, बेरोजगारी बढ़नी चाहिए, किसानों की समस्याएं हल नहीं होनी चाहिए। विपक्षी दलों के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं ताकि चुनाव लड़ने के लिए पैसा न रहे।

- सिद्धरमैया, मुख्यमंत्री, कर्नाटक

भाजपा के 30 स्टार प्रचारक करेंगे 300 से ज्यादा रैली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रधानमंत्री समेत केंद्रीय नेतृत्व व मुख्यमंत्री की सभाओं पर ज्यादा फोकस, प्रचारकों में सिर्फ हेमा फिल्मी स्टार
- राज्य में रैलियों से लेकर धुआंधार प्रचार की जिम्मेदारी तय, भाजपा की 'त्रिमूर्ति' संभालेगी चुनाव की बागडोर

अमृत विचार। भाजपा ने प्रदेश में सभी 80 सीटों पर जीत के लिए तीन सौ रैलियां करने की योजना बनाई है। रैलियों से लेकर धुआंधार प्रचार किस स्टार प्रचारक का कब और कहां होगा, इसका रुटचार्ट और प्रबंधन की जिम्मेदारी भाजपा की 'त्रिमूर्ति'' संभालेगी। अलग-अलग मोर्चों पर नेताओं की जिम्मेदारी तय की गई है।

भाजपा की राज्य चुनाव संचालन समिति की प्रदेश मुख्यालय में शुक्रवार को हुई बैठक में तीन अलग-अलग मंत्रियों को इसकी कमान सौंपी गई है। रैलियों के दौरान किसकी जिम्मेदारी रहेगी, कौन अतिरिक्त जिम्मेदारी संभालेगा, इसके साथ चुनाव प्रबंधन किसके हाथ में रहेगा, इसको लेकर कार्य बांटे गए। इसके अनुसार जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के पास चुनावी रैलियों की जिम्मेदारी होगी, तो कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद व्यवस्था पर नजर रखेंगे, जबकि जेपीएस राठौर बाकी चुनाव प्रबंधन को देखेंगे। संचालन समिति की देखरेख में भाजपा 300 से ज्यादा चुनावी रैलियां करेगी।

राज्य चुनाव संचालन समिति ने प्रदेश में 30 स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम तय करने का कार्य भी लगभग पूरा कर लिया है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व धर्मेंद्र प्रधान शामिल हैं।

प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक समेत मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के अलावा मुख्तार अब्बास नकवी, स्मृति ईरानी, डॉ दिनेश शर्मा, संजीव बाल्यान, जसवंत सैनी, हेमा मालिनी, अशोक कटारिया, सुरेंद्र नागर, जनरल वीके सिंह, बीएल वर्मा, राजवीर सिंह 'राजू भईया', एसपी सिंह बघेल, साध्वी निरंजना ज्योति, कांता कदम, रजनीकांत माहेश्वरी, मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र कश्यप, जेपीएस राठौर, भोला सिंह शामिल हैं।

होली बाद गाढ़ा होगा मोदी-योगी व जयंत की रैली का रंग

प्रदेश में भाजपा समेत सभी राजनीतिक दलों का चुनावी रंग होली के बाद देखने लायक होगा। सबसे पहले रैलियों की शुरूआत पश्चिमी उप्र. के जाटलैंड से होगी। पहले चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद,रामपुर और पीलीभीत में कड़ा मुकाबला है। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सबसे ज्यादा मांग है। संगठन इसे अनसुना भी नहीं कर रहा है। बीते विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसान बिल को लेकर इन इलाकों में जबरदस्त आक्रोश था, तब योगी ने ही कमान संभाली और विरोध में लोकदल और सपा के गठबंधन के बावजूद रिकार्ड सीटों पर विजय मिली। इस बार माहौल बेहतर है, चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने और लोकदल से गठबंधन के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की मांग भी खूब हो रही है। रालोद प्रमुख जयंत चौधरी की टीम भाजपा के साथ कहीं सयुंक्त तो कहीं अकेले रैली व रोड शो करेगी।

राहुल-अखिलेश संभालेंगे इंडिया का मोर्चा

इंडिया गठबंधन से राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव और शिवपाल यादव मुख्य कमान संभालेंगे। बसपा प्रमुख मायावती भी कुछ सीटों पर प्रचार करने जा सकती है। कांग्रेस की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका गांधी समेत आईएनडीआईए गठबंधन के कई नेताओं की चुनावी रैलियां होंगी।

बसपा की सोशल इंजीनियरिंग विपक्ष के लिए बन रही चुनौती

- चुनाव डेस्क ,लखनऊ

अमृत विचार। साल 2006 में सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूले से प्रदेश में पूर्ण बहुमत की बसपा सरकार बनाने वाली मायावती की चुप्पी से राजनैतिक दलों में बेचैनी बनी हुई है। यह बेचैनी बसपा द्वारा अब तक प्रत्याशियों की अधिकारिक सूची न घोषित होने से बनी हुई है। एनडीए और इंडिया गठबंधन की राजनीति में बसपा के प्रत्याशियों की ट्रंप का इक्का सरीखे स्थिति बन गई है, माना जा रहा है कि बसपा के प्रत्याशी तीसरा मोर्चा भले ही न बन सकें, मगर स्थानीय स्तर पर मतों की बड़ी सेंधमारी कर संभावित परिणाम प्रभावित कर सकते हैं।

लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है, देश में सबसे ज्यादा लोकसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश में भाजपा व सपा ने अधिकांश सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, शेष सीटों पर होली बाद घोषित किये जाने की बात कही जा रही है। मगर, बसपा साइलेंट मोड में बनी हुई है, लोकसभा चुनाव को लेकर मायावती की चुप्पी के सियासी गलियारों में तरह- तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। अबतक घोषित हो चुके प्रत्याशियों को देखते हुए सोशल इंजीनियरिंग का दोबारा फार्मूला दोहराने की चर्चाएं शुरू हो गईं हैं। अकबरपुर, रनिया, उन्नाव, आयोध्या, धरोहरा व पश्चिम उप्र. में आधा दर्जन ब्राम्हण प्रत्याशियों से जहां एनडीए गठबंधन (भाजपा) के प्रत्याशियों के लिए कठिनाई पैदा हो चुकी है वहीं दलित और मुस्लिम प्रत्याशियों के घोषित होने से इंडिया गठबंधन(सपा) के प्रत्याशियों की धड़कने बढ़ रहीं हैं।

सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय में बसपा अव्वल

बसपा के एमएलसी व लखनऊ मंडल प्रभारी भीमराव आंबेडकर का कहना है कि कोई भाजपा की बी टीम कहता है तो कोई इंडिया गठबंधन का हितैषी होने का प्रमाण देता है। मगर वास्तव मे सर्व समाज को प्रतिनिधित्व देने का पहली बार मायावती ने काम किया था। साल 2006 में सबसे ज्यादा ब्राम्हण विधायक, मुस्लिम व दलित विधायकों के साथ सरकार बनाई गई थी। जिसे जनता आज भी दोहराना चाह रही हैं। फिलहाल, बसपा द्वारा प्रदेश के 18 मंडलों में सात सवर्ण(पांच ब्राम्हण), पांच मुस्लिम, तीन दलित, एक जाट व दो ओबीसी प्रभारी बनाए गए हैं। स्पष्ट है कि बसपा का प्रत्याशी जनता से जुड़ा होगा।

विपक्ष को झटका देने को दिया पल्लवी को प्रस्ताव

सपा के साथ अपना दल कमेरावादी के समझौता तोड़ने की शुक्रवार को घोषणा होते ही, बसपा द्वारा अपना दल की पल्लवी पटेल को समर्थन का आश्वासन और हाथी चुनाव चिन्ह पर प्रत्याशी उतारने का ऑफर देने की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि पार्टी के भीम राव आंबेडकर ने चर्चाओं की पुष्टि नहीं की है। उनका कहना है कि ऑफर देने का विषय बसपा सुप्रीमो के स्तर का है, अभी तक किसी प्रकार की अधिकारिक जानकारी पार्टी की ओर से नही दी गई है। मालूम हो कि अपना दल की कृष्णा पटेल ने गुरुवार को इंडिया गठबंधन के तहत प्रयागराज की फूलपुर, मिर्जापुर व कौशांबी सीट पर प्रत्याशी उतारने का एलान कर दिया था। जिसके बाद सपा के अखिलेश यादव ने 2024 में गठबंधन की बात से इंकार कर दिया था।

रामपुर लोकसभा सीट का सीतापुर जेल कनेक्शन, बदल सकता है समीकरण

- सुहेल जैदी, रामपुर

- सपा-कांग्रेस गठबंधन से नेताओं का बदला सियासी मिजाज
- मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने का लाभ लेते रहे हैं पूर्व मंत्री आजम खां

अमृत विचार : रामपुर लोकसभा सीट का सीतापुर जेल कनेक्शन रामपुर के सियासी समीकरण बदलने की ताकत रखता है। क्योंकि, सपा-कांग्रेस गठबंधन होने के बाद से नेताओं का सियासी मिजाज बदल गया है। शोला बयां मोहम्मद आजम खां रामपुर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने का लाभ लेते रहे हैं। हालांकि, भाजपा हाईकमान ने लोकसभा उप चुनाव 2023 में जीते घनश्याम सिंह लोधी को सबसे पहले टिकट देकर अपने पत्ते खोल दिए हैं। आजादी के बाद वर्ष 1952 में हुआ पहला लोकसभा चुनाव देश के पहले शिक्षा मंत्री अबुल कलाम आजाद ने लड़ा था। इसके बाद रामपुर लोकसभा सीट को लेकर चर्चाओं में रहता है।

नूरमहल कभी कांग्रेस की धुरी हुआ करता था। लेकिन, समय के साथ बदलाव आता गया और सियासी बिसात के राजनैतिक मोहरे आजम खां के साथ होते गए। कभी रामपुर का चुनाव इस तर्ज पर होता था बड़ा वोट मिक्की मियां (लोकसभा) और छोटा वोट आजम खां (विधानसभा) को जाता था। लेकिन, पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने वर्ष 1996 में लोकसभा चुनाव अपने दमखम पर लड़ा और भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र शर्मा को करारी शिकस्त देते हुए यह सीट छीनकर कांग्रेस की झोली में डाल दी। लेकिन,वर्ष 1998 में पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने रामपुर लोकसभा जीत ली और बेगम नूरबानों को करीब साढ़े हजार वोटों से शिकस्त दे दी। इसके बाद वर्ष 1999 में हुए लोकसभा चुनाव में बेगम नूरबानो ने एक बार फिर जीत दर्ज की। वर्ष 2004 में सपा की साइकिल पर सवार होकर फिल्म अभिनेत्री रामपुर आईं और लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंच गईं। लेकिन, वर्ष 2014 में हुए चुनाव में मुरादाबाद के डॉ. नेपाल सिंह ने भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज कर ली। इसके बाद वर्ष 2019 में पूर्व मंत्री आजम खां ने लोकसभा चुनाव जीतकर संसद का रुख किया। वर्ष 2022 में आजम खां द्वारा लोकसभा सीट से त्याग पत्र देने के बाद हुए लोकसभा उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी ने आसानी से चुनाव जीत लिया। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के टिकट के लिए कई दावेदार थे लेकिन, पार्टी हाईकमान ने घनश्याम सिंह लोधी पर ही दांव लगाया है। जबकि, सपा के जिलाध्यक्ष अजय सागर का कहना है कि लोकसभा टिकट मामले में अंतिम निर्णय पूर्व मंत्री आजम खां को लेना है। पूर्व सांसद बेगम नूरबानो भी वर्ष 2024 का चुनाव लड़ने की पूरी तैयारी में थीं और उन्होंने ऐलान कर दिया था कि वह चुनाव लड़ेंगी। नूरमहल को करीब 20 से 25 प्रतिशत हिन्दू वोट के अलावा दलित और सिखों को वोट मिलता है। आजम खां पुरानी रवायत को बरकरार रखते हुए बेगम नूरबानो को गठबंधन प्रत्याशी बनाते हैं तो रामपुर का चुनाव काफी दिलचस्प हो सकता है। हालांकि, यह मुश्किल है क्योंकि आजम खां का नवाबों से पंगा किसी से छिपा नहीं है। लेकिन, राजनीति में सबकुछ संभव है। कांग्रेस हाईकमान यदि गठबंधन में रामपुर सीट पर बेगम नूरबानो को चुनाव लड़ाती है तब भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी की राह मुश्किल हो सकती है।

पूर्व सांसद बेगम नूरबानो

पूर्व मंत्री आजम खां

घनश्याम सिंह लोधी

अखिलेश की 'प्रेशर-पॉलिटिक्स' में बिखरे सहयोगी

- अजय दयाल, लखनऊ

- गठबंधन से पहले प्रत्याशी घोषित कर कांग्रेस पर बनाया था दबाव
- सहयोगी दलों को रोकने में भी आजमा रहे यही दांव, गुटबंदी हो रही हावी

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में सत्तासीन दल भारतीय जनता पार्टी को ललकारने की तैयारी कर रही समाजवादी पार्टी अपनों को ही साथ लेकर चलने के संघर्ष में हलकान है। मुख्य विपक्षी होने के नाते समाजवादी पार्टी पर भाजपा की विचारधारा के साथ न चलने वाले 'वोटबैंक' की नजर तो है लेकिन एक के बाद एक सहयोगी दलों के बिखराव से संदेश साकारात्मक नहीं जा रहा। हकीकत तो यह है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव की 'प्रेशर-पॉलिटिक्स' के चक्कर में सहयोगी नहीं फंस रहे।

अभी बदल भी सकते हैं टिकट

सूत्र बता रहे हैं कि सपा में टिकटों के बंटवारे पर अभी आम सहमति नहीं है। संभावना है कि अखिलेश टिकटों में अभी और बदलाव कर सकते हैं। ताजा बदलाव सपा प्रमुख ने दिल्ली से सटी गाजियाबाद सीट पर महेंद्र नागर की जगह राहुल अवाना को अपना उम्मीदवार बना दिया। वहीं इससे पहले भी बदायूं सीट से अखिलेश यादव के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव को टिकट मिला था लेकिन फिर उनका टिकट काटकर चाचा शिवपाल को टिकट दिया गया। फिर बदलाव के संकेत मिल रहे हैं।

हाल-फिलहाल की बात की जाए तो गठबंधन को लेकर कांग्रेस के ठंडे रवैये के मद्देनजर अखिलेश ने सीटों पर समझौता होने का इंतजार किए बगैर ही पार्टी प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी थी। इस सूची में 16 नाम थे और इससे पहले अखिलेश ने कांग्रेस को 11 सीटें देने की पेशकश भी की थी। हालांकि कांग्रेस के खाते में आईं 17 सीटों पर भी अभी तक उम्मीदवार नहीं उतारे हैं। इस बीच सपा निरन्तर प्रत्याशी घोषित कर कांग्रेस में तेजी लाने को उकसा रही है। उधर, सपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन हो जाने के बावजूद तालमेल नजर नहीं आ रहा और इधर सपा भी अपने सहयोगियों को कांग्रेस के चक्कर में नजरंदाज कर रही। ऐसे में सहयोगी बिखर रहे हैं। शुक्रवार को ही इस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय चौहान ने घोषणा की कि वह अपने बूते उप्र की 27 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। देखा जाए तो उप्र. विस. चुनाव 2022 के बाद यह पांचवीं पार्टी है, जिससे अखिलेश का नाता टूटा है। इससे पहले महान दल, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल, अपना दल कमेरावादी के साथ गठबंधन टूट चुका है।

भाजपा को जिताने के लिहाज से टिकट दे रही सपा

जनवादी पार्टी सोशलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय चौहान ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में सपा को भाजपा की बी टीम बताते हुआ कहा कि सब सीट पर टिकट भाजपा को ही जिताने के लिहाज से बांटे जा रहे हैं। संजय सिंह चौहान इस बार घोसी से लोकसभा का चुनाव अपने सिंबल पर लड़ेंगे। संजय का आरोप है कि वह घोसी से ही सपा के सिंबल पर चुनाव लड़ना चाहते थे, अखिलेश यादव उनको आश्वासन भी देते रहे लेकिन टिकट देने के समय उन्होंने राजीव राय को टिकट दे दिया। वहीं शुक्रवार को सपा से टिकट मिलने की उम्मीद न पूरी होने के बाद आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने भी नगीना से पर्चा भर दिया है।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	72,831.94	22,096.75
बढ़त	190.75	84.80
प्रतिशत में	0.26	0.39

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शनिवार, 23 मार्च 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

2025 में भारत का परिदृश्य सकारात्मक होगा

वित्त मंत्रालय ने निजी निवेश में बढ़ोतरी के चलते आर्थिक समीक्षा में जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि निजी निवेश में बढ़ोतरी और मुद्रास्फीति में गिरावट के साथ अगले वित्त वर्ष 2025 के लिए भारत का परिदृश्य सकारात्मक दिख रहा है। वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में यह भी कहा गया कि जनवरी, 2025 से ब्लूमबर्ग बॉन्ड सूचकांक में भारतीय सरकारी बॉन्ड को शामिल करने से विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। इसमें कहा गया कि खपत में लगातार बढ़ोतरी के बीच मजबूत निवेश गतिविधि वृद्धि को गति दे रही है।

आर्थिक मामलों के विभाग की तरफ से जारी समीक्षा के फरवरी संस्करण में कहा गया कि सार्वजनिक निवेश पर लगातार ध्यान देने से निजी निवेश में बढ़ोतरी हो रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि अनुमान को 7.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया है। भारत ने लगातार तीन तिमाहियों में आठ प्रतिशत से ऊपर की वृद्धि हासिल की है।

मंत्रालय ने कहा कि विभिन्न एजेंसियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक वृद्धि आठ प्रतिशत के करीब रहने की बात कही है। समीक्षा में कहा गया कि कुल मिलाकर, भारत को वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत सकारात्मक रहने की उम्मीद है। इसमें कहा गया कि टियर-2 और टियर-3 शहरों में आवासीय संपत्तियों की बढ़ती मांग निर्माण गतिविधियों के लिए अच्छा संकेत है।

आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल ने वर्ष 2024 25 के लिए बजट को दी मंजूरी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल ने शुक्रवार को वैश्विक वित्तीय बाजार की अस्थिरता से उत्पन्न चुनौतियों सहित घरेलू आर्थिक स्थिति और परिदृश्य की समीक्षा की। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि निदेशक मंडल ने लेखा वर्ष 2024-25 के लिए बजट को भी मंजूरी दी। आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 607वीं बैठक गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में नागपुर में संपन्न हुई। आरबीआई ने कहा-निदेशक मंडल ने भू-राजनीतिक विकास और वैश्विक वित्तीय बाजार की अस्थिरता से उत्पन्न चुनौतियों सहित वैश्विक और घरेलू आर्थिक स्थिति और परिदृश्य की समीक्षा की। इसके अलावा, निदेशक मंडल ने आरबीआई की गतिविधियों पर भी चर्चा की। इनमें चालू लेखा वर्ष 2023-24 के दौरान डिजिटल भुगतान, उपभोक्ता शिक्षा और जागरूकता में हुई प्रगति शामिल है। बैठक में केंद्रीय निदेशक मंडल के निदेशक सतीश के मराठे, रेवती अय्यर, सचिन चतुर्वेदी, वेणु श्रीनिवासन और रवींद्र एच ढोलकिया शामिल हुए।

ई-कॉमर्स मंचों पर भी छा गया आम चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- **विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित माल ऑनलाइन सबसे ज्यादा देखा जा रहा**

भारत में आम चुनाव-2024 के करीब आते-आते राजनीतिक उत्साह ई-कॉमर्स क्षेत्र में भी व्याप्त हो गया है। ई-कॉमर्स मंचों पर विभिन्न राजनीतिक दलों से संबंधित माल सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। ये ऑनलाइन मंच चुनाव से संबंधित सभी उत्पाद जैसे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'कमल' से लेकर पुरानी समुद्री घड़ियों पर आम आदमी पार्टी (आप) का चुनाव चिह्न झाड़ू और कांग्रेस के प्रसिद्ध दुपट्टे आदि पेश करते हैं। बस, किसी ई-कॉमर्स वेबसाइट पर किसी भी राजनीतिक दल का नाम दर्ज करें, और झंडे से लेकर पेंडेंट (गले में पहना जाने वाला) और पेन तक विविध प्रकार के सामान पेज पर आ जाएंगे।

एक ई-कॉमर्स मंच की एक प्रतिनिधि ने कहा कि यह प्रवृत्ति शुरू में 2019 के चुनावों के दौरान उभरी जब ई-कॉमर्स मंच प्रचार माल और सहायक उपकरण के लिए पसंदीदा गंतव्य बन गए। उन्होंने कहा-जब सब कुछ ऑनलाइन बेचा जाता है, तो यह क्यों नहीं। ...और विक्रेता ही इसे हमारे मंच पर डालते हैं और ई-कॉमर्स वेबसाइटों को बस यह जांचना है कि यह नियमों का पालन करता है कि नहीं।

विशेष रूप से, कुछ राजनीतिक दलों ने स्वयं अपनी-अपनी वेबसाइटों पर ऐसे माल बेचने में सक्रियता दिखाई है। उदाहरण के लिए, 'नमो' मर्चेंडाइज वेबसाइट 'मोदी का परिवार', 'फिर एक बार, मोदी सरकार', 'मोदी की गारंटी', और 'मोदी है तो मुमकिन है' जैसे नारों से सजी टी-शर्ट, मग, लोटा, नोटबुक, बिल्ला, रिस्टबैंड (कलाई पर बांधा जाने वाला), चाभी का छल्ला, स्टिकर, चुम्बक, टोपी और कलम आदि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का दावा करती है। इस प्रवृत्ति पर समाचार एजेंसी द्वारा अमेजन इंडिया और फ्लिपकार्ट से प्रतिक्रिया मांगने का प्रयास किया गया लेकिन दोनों मंचों से प्रतिक्रिया नहीं मिली। हालांकि, ई-कॉमर्स मंच पर इन सामानों के आपूर्तिकर्ताओं में से एक ने खुलासा किया कि लोकसभा चुनावों में ऐसी वस्तुओं की ऑनलाइन बिक्री में वृद्धि देखी गई। वहीं आपूर्तिकर्ता ने कहा कि पहले, हमारी आपूर्ति दुकानों को होती थी, लेकिन ऑनलाइन खुदरा मंचों की ओर झुकाव को देखते हुए हमें इसे अपनाना ही ठीक लगा।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	75,500
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,800
गिन्नी (प्रति नग)	50,500-50,700
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	66,050
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,900
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	75,000
चांदी तैयार	75,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	66,000
सोना जेवरात गिन्नी	65,000
चांदी पक्की	715 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	66,200
चांदी आभूषण	74,500।

रुपया गिरावट के साथ सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंचा

मुंबई। प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने तथा एशियाई मुद्राओं के कमजोर होने के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 48 पैसे की भारी गिरावट के साथ 83.61 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निम्न स्तर पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशी निकासी के कारण भी रुपये की धारणा प्रभावित हुई। मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 83.28 प्रति डॉलर पर कमजोर खुला तथा डॉलर के मुकाबले 48 पैसे लुढ़ककर 83.61 प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुआ।

सोने के भाव में 875 और चांदी में 760 रुपये की आई गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 875 रुपये की गिरावट के साथ 66,575 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 760 रुपये की गिरावट के साथ 76,990 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 77,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा-दिल्ली के बाजारों में सोने का हाजिर भाव (24 कैरेट) 66,575 रुपये प्रति 10 ग्राम पर चल था, जो पिछले बंद भाव से 875 रुपये की गिरावट दर्शाता है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,167 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 35 डॉलर की गिरावट है।

नीति आयोग ने कृषि क्षेत्र में जल के बेहतर प्रबंधन पर दिया जोर

नई दिल्ली। नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक टन कृषि फसल पैदा करने के लिए कई विकासशील देशों के मुकाबले 2-3 गुना अधिक पानी का उपयोग करता है। उन्होंने कहा कि कई विकसित और विकासशील देशों ने कृषि क्षेत्र में बेहतर जल प्रबंधन पर जोर दिया है। धानुका एग्रीटेक लिमिटेड द्वारा विश्व जल दिवस 2024 के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कृषि क्षेत्र में जल के बेहतर प्रबंधन पर जोर दिया। कहा कि बढ़ती जनसंख्या और आय वृद्धि के कारण भोजन और पानी की मांग बढ़ रही है।

रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के दूरसंचार क्षेत्र में अद्वितीय योगदान के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश डी अंबानी को वॉयस एंड डेटा द्वारा प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही वर्ष 2023 के लिए रिलायंस जियो इन्फोकॉम के अध्यक्ष मैथ्यू ओमन को 'पाथब्रेकर ऑफ द ईयर अवार्ड' से नवाजा गया। देश में 5जी के तेज रोलआउट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए ओमन को यह अवार्ड मिला। मुकेश अंबानी की लीडरशिप की प्रशंसा करते हुए ओमन ने कहा कि वॉयस और डेटा द्वारा मुकेश धीरूभाई अंबानी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिए जाने से हम सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उनकी लीडरशिप में कंपनी ने दूरसंचार, खुदरा, मीडिया और खेल क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन किया है। आज की डिजिटल दुनिया में भारत की भूमिका क्रांतिकारी होगी।

राष्ट्रीय

परामर्श प्रक्रिया के लिए दिशा-निर्देश तय करेंगे

सभी राज्यों के लिए उच्चतम न्यायालय ने संबंधित मामले में दायर याचिका पर की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह सभी राज्यों में लोकायुक्तों की नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्रियों, संबंधित उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों तथा नेता प्रतिपक्षों द्वारा अनुसरण की जाने वाली परामर्श प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देश तय करेगा।

शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश में लोकायुक्त की नियुक्ति को इस आधार पर चुनौती देने वाली याचिका पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया कि इस मामले में नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) से परामर्श नहीं किया गया था। इस मुद्दे के देशव्यापी प्रभाव के मद्देनजर प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ ने कहा कि कुछ प्रक्रियागत तौर-तरीके तय करने होंगे। पीठ ने कहा-देशव्यापी प्रभाव को ध्यान में रखते हुए इस न्यायालय के लिए ऐसे मामलों में प्रभावी परामर्श के लिए दिशा-निर्देश निर्धारित करना उचित होगा। न्यायालय ने कहा कि इसका देशव्यापी प्रभाव है कि लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए राज्य द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया क्या होनी चाहिए। इसने कहा-यद्यपि कानून में यह प्रावधान है कि नेता प्रतिपक्ष भी एक सदस्य होगा, लेकिन फिर भी परामर्श प्रक्रिया के तौर-तरीके तय करने होंगे और आपको उस व्यक्ति (नेता प्रतिपक्ष) को कम से कम नामों पर विचार विमर्श के लिए एक अवसर देना ही होगा। शीर्ष अदालत नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) कांग्रेस के उमंग सिंघार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

मप्र में लोकायुक्त की नियुक्ति मामला

कपिल सिब्बल ने नियुक्ति को मजाक बताया



सिंघार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इसे प्रक्रिया का 'पूरी तरह से मजाक' बताया, क्योंकि इसके लिए कोई परामर्श नहीं किया गया था। राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श किया गया और पूरी फाइल नेता प्रतिपक्ष को भेज दी गई। सिंघार ने मध्य प्रदेश लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1981 का हवाला देते हुए कहा था कि लोकायुक्त की नियुक्ति नेता प्रतिपक्ष और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से की जाती है। उन्होंने कहा था, इसलिए, संबंधित अधिनियम की धारा-तीन के अनुसार, नियुक्ति करने से पहले राज्य सरकार, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के बीच उचित परामर्श किया जाना आवश्यक था।

ए. राजा व अन्य के खिलाफ अपील पर सुनवाई करेगी कोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2जी स्पेक्ट्रम आवंटन घोटाले के मामले में पूर्व दूरसंचार मंत्री ए. राजा और अन्य को बरी किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई की अपील को शुक्रवार को विचारार्थ स्वीकार कर लिया। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने कहा कि उपलब्ध सामग्री और विभिन्न पक्षों के वकीलों की दलीलों के आधार पर सीबीआई ने प्रथम दृष्टया एक मामला बनाया है और सभी साक्ष्यों के गहन अध्ययन की तथा अपीलों पर विस्तार से सुनवाई की जरूरत है। न्यायाधीश ने कहा, अपील की अनुमति दी जाती है। अपील को मई में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। 'अपील की अनुमति' अदालत द्वारा किसी पक्ष को किसी फैसले के खिलाफ किसी उच्च अदालत में अपील करने के लिए दी गई औपचारिक मंजूरी है।

डमी विद्यार्थियों के नामांकन के दोषी 20 विद्यालयों की मान्यताएं रद

नई दिल्ली, एजेंसी

- **केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने की कार्रवाई**
- **असंबद्ध विद्यालयों में से पांच दिल्ली व तीन उत्तर प्रदेश में**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने डमी छात्रों और अयोग्य उम्मीदवारों को दाखिला देने के आरोप में 20 विद्यालयों की मान्यता रद कर दी है, जिनमें पांच दिल्ली के विद्यालय शामिल हैं। यह जानकारी बोर्ड के सचिव हिमांशु गुप्ता ने शुक्रवार को दी।

बोर्ड ने तीन विद्यालयों के ग्रेड का स्तर भी कम कर दिया है। गुप्ता ने कहा-यह पता लगाने के लिए कि क्या सीबीएसई स्कूल संबद्धता और परीक्षा उपनियमों में निहित प्रावधानों और मानदंडों के अनुसार चल रहे हैं, देशभर के सीबीएसई विद्यालयों में किए गए एक औचक निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ स्कूल डमी विद्यार्थियों और अयोग्य उम्मीदवारों को अपने यहां दाखिले के लिए विभिन्न प्रकार के कदाचार कर रहे थे और रिकॉर्ड को दुरुस्त नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि गहन जांच के बाद 20 विद्यालयों की मान्यता रद्द करने और तीन का ग्रेड कम करने का निर्णय लिया गया है। असंबद्ध विद्यालयों में से पांच दिल्ली में, तीन उत्तर प्रदेश में, दो-दो केरल, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में तथा एक-एक जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, असम और मध्य प्रदेश में हैं। 'डाउनग्रेड' किए गए विद्यालयों में दिल्ली, पंजाब और असम के विद्यालय शामिल हैं।

द्रमुक नेता पोनमुडी को राज्यपाल रवि ने मंत्री पद की दिलाई शपथ

चेन्नई। उच्चतम न्यायालय की कड़ी टिप्पणी के एक दिन बाद द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता के. पोनमुडी को तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने शुक्रवार को मंत्री पद की शपथ दिलाई। पोनमुडी ने 19 दिसंबर 2023 को आय से अधिक संपत्ति रखने के मामले में मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा दोषी करार दिये जाने पर मंत्री पद गंवा दिया था। इसके तीन महीने बाद वह फिर से तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री बनाये गए हैं। राजभवन में एक सामारोह में रवि ने मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन तथा उदयनिधि स्टालिन और मा सुब्रमण्यन सहित अन्य मंत्रियों की मौजूदगी में पोनमुडी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पोनमुडी को उच्च शिक्षा विभाग दिया गया है,जो संक्षिप्त अवधि के लिए पिछड़ा वर्ग मंत्री आर एस राजाकनप्पन के पास था।

एक नजर

चेन्नई में विस्फोट से एक किशोर की मौत

चेन्नई। 12वीं कक्षा के 17 वर्षीय एक छात्र की अपने आवास पर कुछ रसायनों के साथ प्रयोग करने के दौरान हुए विस्फोट में मौत हो गई। पुलिस ने बताया-छात्र कोलाथुर पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत आने वाले एक निजी स्कूल में पढ़ता था। अपनी पढ़ाई संबंधी रुचि के चलते यह प्रयोग किया था, लेकिन उसमें विस्फोट हो गया। पुलिस के द्वारा बृहस्पतिवार को जारी की गई एक विज्ञप्ति में बताया गया कि इस घटना के बाद विशेषज्ञ छात्र द्वारा इस्तेमाल किए गए रासायनिक पदार्थ की जांच कर रहे हैं। इसमें कहा गया-ऐसा प्रतीत होता है कि पीड़ित ने अपनी शैक्षणिक रुचि के चलते अपने घर पर लापरवाही के साथ कुछ प्रयोग किए थे।

भाजपा नेता ने किया संदेशखालि का दौरा

कोलकाता। उत्तरी 24 परगना जिले के हिंसा प्रभावित संदेशखालि का दौरा करने के बाद वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व आईपीएस अधिकारी भारती घोष ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में पूर्ण अराजकता है। इस दौरे के दौरान घोष ने 25 से अधिक महिलाओं से बातचीत की जिन्होंने तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के गुर्गों द्वारा कई वर्ष तक किये गये शारीरिक उत्पीड़न की कहानी बयां की। शेख फिलहाल जेल में बंद है।

प्रधानमंत्री मोदी की वजह से फिर टल गई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक

नई दिल्ली, अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय दिल्ली से बाहर हैं, जिसकी वजह से उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के उम्मीदवारों पर अंतिम फैसला नहीं हो सका। अनुमान है कि रविवार को भूटान से लौटने के बाद मोदी की उपस्थिति में चुनाव समिति की बैठक होगी, जिसमें लगभग सभी नाम घोषित कर दिए जाएंगे। शुक्रवार को तमिलनाडु के 14 व पुद्दुचेरी के एक उम्मीदवार की एक सूची और जारी की गई है। भाजपा मुख्यालय में शुक्रवार को दिनभर पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई केंद्रीय मंत्री एवं विभिन्न राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों, मुख्यमंत्री व टिकट दावेदारों से विचार-विमर्श चलता रहा। उत्तर प्रदेश की 24 सीटों को लेकर भाजपा सूत्रों से पता चला है कि प्रधानमंत्री के आने के बाद ही इन सीटों के उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी।

केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन

नई दिल्ली, एजेंसी

- **पुलिस ने प्रदर्शन के मद्देनजर भाजपा मुख्यालय और ईडी कार्यालय जाने वाले मार्गों को कर दिया बंद**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने के खिलाफ शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी समेत देशभर में आम आदमी पार्टी (आप) और अन्य राजनीतिक दलों ने प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आप के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ प्रदर्शन किया। आईटीओ पर प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने इस क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए प्रदर्शनकारियों को वहां से जाने के लिए कहा। इसके बाद पुलिस ने कैबिनेट मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज को हिरासत में ले लिया। आईटीओ के पास ही भाजपा और आप के मुख्यालय हैं। पुलिस ने प्रदर्शन के मद्देनजर भाजपा मुख्यालय और ईडी कार्यालय जाने वाले मार्गों को बंद कर दिया। इससे आईटीओ चौराहे, राजघाट तथा विकास मार्ग पर बड़े स्तर पर यातायात अवरुद्ध हुआ।

हिमाचल में भाजपा के पक्ष में मतदान करने वाले तीन विधायकों ने दिया इस्तीफा

शिमला। हिमाचल प्रदेश में हालिया राज्यसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने वाले तीन निर्दलीय विधायकों ने शुक्रवार को विधानसभा सचिव को अपना इस्तीफा सौंप दिया। निर्दलीय विधायकों में से एक ने संवाददाताओं से कहा कि वे भाजपा में शामिल होंगे और पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। तीन निर्दलीय विधायकों आशीष शर्मा (हमीरपुर निर्वाचन क्षेत्र), होशियार सिंह (देहरा) और के एल ठाकुर (नालागढ़) ने शुक्रवार को शिमला में नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर से मुलाकात की और उसके बाद अपना इस्तीफा सौंप दिया। होशियार सिंह ने संवाददाताओं से कहा-हमने अपना इस्तीफा सौंप दिया है। हम भाजपा में शामिल होंगे और पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे।

गिरफ्तारी से पहले अब तक पांच मुख्यमंत्री दे चुके हैं इस्तीफा

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- **अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे पर बड़ा सवाल**

अमृत विचार: शराब घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफा को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। इस देश में अब तक विभिन्न आरोपों के तहत पांच मुख्य मंत्री गिरफ्तारी से पहले राज्यपाल को इस्तीफा दे चुके हैं। मगर आम आदमी पार्टी ने कहा है कि केजरीवाल जेल से सरकार चलाएंगे।

कानूनविदों ने अपनी अलग-अलग राय व्यक्त करते हुए कहा है कि अभी तक जितने भी नेता गिरफ्तार हुए हैं, उनसे इस्तीफा लेने की एक परंपरा है। मगर बहुत कुछ निर्भर करता है कि संबंधित अदालत और उप राज्यपाल क्या फैसला लेते हैं।

भाजपा नेता उमा भारती सन 2003 में मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री बनी थीं। गैर जमानती वारंट के मामले पर धारवाड़ (कर्नाटक) जिले की एसपी डी रूपा उनको गिरफ्तार करने भोपाल पहुंच गई थी। जिसके चलते उमा भारती को भी 23 अगस्त 2004 में इस्तीफा देना पड़ा था।

झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ रक्षा जमीन में घोटाला करने का आरोप था। जांच के दौरान उन्हें समन भेजा गया और उन्होंने गिरफ्तारी से पहले 31 जनवरी 2024 को राज्यपाल को इस्तीफा दे दिया था।

चर्चित चारा घोटाला के आरोप में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव को भी जेल जाना पड़ा था। जेल जाने से पहले 25 जुलाई 1997 को उन्होंने अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

तमिलनाडु की तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता के ऊपर बेनामी संपत्ति और आय से अधिक संपत्ति का आरोप लगा था उन्होंने भी अपनी गिरफ्तारी से पहले 5 दिसंबर 1996 को मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया था।

उल्लेखनीय है कि सन 2011-12 में भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन छेड़कर अरविंद केजरीवाल ने केंद्र और दिल्ली में कांग्रेस की सरकार को घेरा था। कॉमनवेल्थ खेल आयोजन समिति के प्रमुख सुरेश कलमाडी को भी जेल जाना पड़ा था। मगर अब शराब घोटाला एवं मनी लांड्रिंग के आरोप में केजरीवाल गिरफ्तार हो चुके हैं। केजरीवाल इस्तीफा देंगे या नहीं? इस सवाल पर सर्वोच्च न्यायालय एवं दिल्ली उच्च न्यायालय के वकीलों की भी एक राय नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता विराग गुप्ता कहते हैं कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अरविंद केजरीवाल जेल से दिल्ली की सरकार चला सकते हैं और समय-समय पर अपनी कैबिनेट एवं अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दे सकते हैं। लेकिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की इजाजत उन्हें न्यायालय से लेनी पड़ेगी। वहीं दूसरी तरफ सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता जितेंद्र सिंह कहते हैं कि अभी तक संविधान की शपथ लेने वालों को यह छूट नहीं मिली है कि यदि किसी मामले में वे गिरफ्तार होते हैं तो उन्हें पद पर बने रहने दिया जाए।

सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता एसक्यू काजिम का स्पष्ट मत है कि संविधान में ऐसी व्यवस्था है कि किसी भी जन प्रतिनिधि को तब तक अपने पद पर बने रहना चाहिए जब तक उसे आरोपित मामले में दोषी करार नहीं दिया जाता है।

दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता संजीव वशिष्ट कहते हैं कि न्यायालय में विचाराधीन किसी भी अभियुक्त को यह छूट नहीं मिली है कि उसे गिरफ्तार किया गया हो और उसे अपने सरकारी पद पर बने रहने दिया गया हो। वशिष्ठ ने जन प्रतिनिधि कानून का भी जिक्र किया है। जिसके तहत नैतिकता के आधार पर किसी भी नेता को अदालत से बरी होने तक अपने पद से त्यागपत्र दे देना चाहिए।

बालाजी की याचिका पर 28 को फैसला सुनाएगी अदालत

चेन्नई। चेन्नई की एक सत्र अदालत द्वारा धन शोधन मामले में आरोपमुक्त करने से संबंधित द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की याचिका पर 28 मार्च को फैसला सुनाया जाएगा।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'नकदी के बदले नौकरी' घोटाले में 14 जून 2023 को सेंथिल बालाजी को गिरफ्तार किया था। यह घोटाला पूर्ववर्ती अन्नाद्रमुक सरकार के दौरान का है जब वह परिवहन मंत्री थे। प्रधान सत्र न्यायाधीश एस अल्ली ने शुक्रवार को 28 मार्च के लिए आदेश सुरक्षित रख लिया है।

ओपनिंग सेरेमनी में दिखी भारत की धमक

चेन्नई, एजेंसी। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग आईपीएल के 17वें संस्करण के उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड कलाकारों से लेकर बेहतरीन लेजर शो का प्रदर्शन किया गया। चेपॉक क्रिकेट स्टेडियम में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ से लेकर सोनू निगम, एआर रहमान और मोहित चौहान जैसे बड़े कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति पेश की। लेजर शो में विक्रम लैंडर को देखकर फैंस पूरी तरह से अचंभित हो गए। इस लेजर शो में दिखाया गया कि कैसे लैंडर ने साउथ पोल पर लैंड किया था। आईपीएल के ओपनिंग सेरेमनी के दौरान भारत ने पूरी दुनिया को अपनी ताकत का एहसास कराया। चंद्रयान और विक्रम लैंडर के साथ भारत की राजधानी इंडिया गेट का भी लेज शो दिखाया गया। इस दौरान इंडिया गेट पर अशोक चक्रन ने दर्शकों का मन मोह दिया। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में करीब 40 मिनट चली सेरेमनी की शुरुआत अक्षय कुमार ने परफॉर्म कर की। उनके बाद टाइगर श्रॉफ ने जय जय शिव शंकर गाने पर डांस किया। सोनू के बाद एआर रहमान ने मां तुझे सलाम और नीती मोहन ने बरसो रे मेघा गाया। आखिर में 'जय हो' गाने के साथ एआर रहमान ने सेरेमनी का समापन किया।

चेपॉक पर आरसीबी के खिलाफ सीएसके का दबदबा कायम

दुबे-जडेजा की पारी से सीएसके ने आरसीबी को 6 विकेट से हराया, सीएसके की ओर से मुस्तफिजुर रहमान ने झटके 4 विकेट

चेन्नई, एजेंसी

गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के शुरूआती मैच में छह विकेट से जीत हासिल कर यहां चेपॉक स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) पर अपना दबदबा जारी रखा। पहले सीएसके के गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान (29 रन देकर चार विकेट) ने अपनी 'वैरिएशन' से चार विकेट झटककर आरसीबी को मुश्किल में डाल दिया था। लेकिन अनुज रावत (48 रन) और दिनेश कार्तिक (नाबाद 38 रन) के बीच छठे विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी से आरसीबी छह विकेट पर 173 रन का स्कोर बनाने में सफल रही। पर उसके गेंदबाज अपनी गलतियों से सीएसके को दबाव में लाने के बावजूद जीत दर्ज करने से नहीं रोक सके। सीएसके ने 18.4 ओवर में चार विकेट पर 176 रन बनाकर अपने नये कप्तान रूतुराज गायकवाड़ को जीत से शुरूआत करायी।

शिवम दूबे (28 गेंद में नाबाद 34 रन) और रविंद्र जडेजा (17 गेंद में नाबाद 25 रन) पांचवें विकेट के लिए नाबाद 66 रन जोड़कर सीएसके को जीत तक ले गये। गायकवाड़ (15 रन) ने रचिन रविंद्र (15 गेंद में 37 रन) के साथ अच्छी शुरूआत की लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल सके। पर रचिन रविंद्र ने आईपीएल में पदार्पण में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी पारी के दौरान तीन चौके और तीन छक्के जमाये। गायकवाड़ (15 गेंद, तीन चौके) यश दयाल की गेंद पर आउट हुए। रचिन रविंद्र को कर्ण शर्मा ने अपना शिकार बनाया। अजिंक्य रहाणे ने दो छक्के से 19 गेंद में 27 रन और डेरिल मिचेल ने भी दो छक्के से 18 गेंद में 22 रन बनाये। ये दोनों कैमरन ग्रीन के शिकार हुए। इससे पहले आरसीबी ने मुस्तफिजुर के झटकों से उबरते हुए अनुज रावत (25 गेंद) और कार्तिक की मदद से सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। अनुज रावत (25 गेंद) ने तुषार देशपांडे के खिलाफ 25 रन जड़े और अनुभवी क्रिकेटर कार्तिक (नाबाद 38) के साथ मिलकर सिर्फ 57 गेंद में पर छठे विकेट के लिए 95 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभायी। शुरू में सतर्क होकर खेल रहे रावत ने देशपांडे पर तीन छक्के और एक चौके जड़कर पारी का रुख बदल दिया जिससे आरसीबी ने अपने आखिरी छह ओवर में 83 रन बनाये। कप्तान फाफ डुप्लेसी ने 35 रन की पारी खेली। रावत ने अपनी पारी के दौरान चार चौके और तीन छक्के लगाये। इससे पहले मुस्तफिजुर ने अपने पहले दो ओवरों में चार विकेट लेकर आरसीबी का स्कोर पांच विकेट पर 78 रन कर उसे दबाव में ला दिया था। पारी में पहले मुस्तफिजुर ने दबदबा बनाया, लेकिन उसके बाद रावत ने सूझ समझ वाली पारी खेली। अगर माथिशा पाथिराना सीएसके में शामिल होने के लिए फिट होते तो शायद मुस्तफिजुर को अंतिम एकादश में जगह नहीं मिलती। डुप्लेसी को रोकने के लिए लगाये गये मुस्तफिजुर ने पावरप्ले में पिच की मदद से दो विकेट चटकाये। मुस्तफिजुर ने डुप्लेसी के बाद रजत पाटीदार को आउट किया। दीपक चाहर ने फिर ग्लेन मैक्सवेल को भी खाता भी नहीं खोलने दिया।

15-20 रन और बनाने चाहिए थे : आरसीबी कप्तान

चेन्नई, एजेंसी। आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के शुरूआती मैच में गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से मिली छह विकेट की हार के बाद कहा कि उनकी टीम ने पहले छह ओवर में काफी विकेट गंवा दिये। डुप्लेसी ने मैच खत्म होने के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में कहा, ''आपको पहले छह ओवर में तेजी से रन जुटाने होते हैं। सीएसके अपने स्पिनरों से दबाव बनाती है। हमने पहले छह ओवर में काफी ज्यादा विकेट गंवा दिये।'' उन्होंने कहा, ''हम ऐसी पिच पर 15-20 रन कम रह गये जो इतनी खराब नहीं थी जैसे हम खेले थे।''

शिवम दुबे

स्कोर बोर्ड

चैलेंजर्स बेंगलुरु		चेन्नई सुपर किंग्स	
कोहली का जडेजा बो मुस्तफिजुर	21	ऋतुराज का ग्रीन बो यश	15
डुप्लेसी का जडेजा बो मुस्तफिजुर	35	रचिन का पाटीदार बो कर्ण	37
रजत का धोनी बो मुस्तफिजुर	00	रहाणे का मैक्सवेल बो ग्रीन	27
मैक्सवेल का धोनी बो चाहर	00	मिचेल का पाटीदार बो ग्रीन	22
कैमरन ग्रीन बो मुस्तफिजुर	18	शिवम दुबे नाबाद	34
अनुज रावत रन आउट	48	रवींद्र जाडेजा नाबाद	25
दिनेश कार्तिक नाबाद	38	**अतिरिक्त** : 16 रन	
अतिरिक्त : 13		**कुल** : 18.4 ओवर में 176 रन	
कुल : 20 ओवर में छह विकेट पर 173 रन		**विकेट पतन** : 1-38, 2-71, 3-99, 4-110	
विकेट पतन : 1-41,2-41, 3-42, 4-77, 5-78, 6-173		**गेंदबाजी** :	
गेंदबाजी :		मोहम्मद सिराज 4-0-38-0	
दीपक चाहर 4-0-37-1		यश दयाल 3-0-28-1	
तुषार देशपांडे 4-0-47-0		अल्जारी जोसेफ 3.4-0-38-0	
महीश तीक्ष्णा 4-0-36-0		कर्ण शर्मा 2-0-24-1	
मुस्तफिजुर रहमान 4-0-29-4		मयंक डागर 2-0-6-0	
रविंद्र जडेजा 4-0-21-0		कैमरून ग्रीन 3-0-27-2	
		ग्लेन मैक्सवेल 1-0-7-0	

खेल डायरी

साथियान ने पहला डब्ल्यूटीटी फीडर खिताब जीता

नयी दिल्ली। भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान ज्ञानशेखरन डब्ल्यूटीटी फीडर सीरिज टूर्नामेंट में पुरूष एकल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने लेबनान के बैरूत में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने डब्ल्यूटीटी फीडर बैरूत 2024 के आखिरी दिन भारत के ही मानव ठक्कर को 3-1 (6-11, 11-7, 11-7, 11-4) से हराया। इससे पहले उन्होंने भारत के ही हरमीत देसाई को 15-13, 6-11, 11-8, 13-11 से मात दी थी।

मियामी ओपनः कालिनिना ने वोज्नियाकी को हराया

मियामी गार्डन्स। यूक्रेन की 32वीं वरीयता प्राप्त अन्हेलिना कालिनिना ने हार की कगार पर पहुंचकर शानदार वापसी करते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलीन वोज्नियाकी को 5-7, 7-5, 6-4 से हराकर मियामी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। आस्ट्रेलियाई ओपन 2018 चैम्पियन वोज्नियाकी ने दो साल बाद इसी टूर्नामेंट में टेनिस को अलविदा कह दिया था। वह इस महीने इंडियन वेल्स क्वार्टर फाइनल में पहुंची लेकिन दाहिने पैर में चोट के कारण शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक के खिलाफ मुकाबला दूसरे सेट में छोड़ना पड़ा।

फ्लिंटाफ टी20 विश्व कप के लिए बैकरूम स्टाफ में

लंदन। पूर्व आल राउंडर एंड्रयू फ्लिंटाफ को टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड के बैकरूम स्टाफ में शामिल किया गया। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट के प्रबंध निदेशक रॉब इस पूर्व आल राउंडर को टीम के मुख्य कोच की संभावित उम्मीदवारी के संकेत के रूप में देखते हैं। फ्लिंटाफ 'द हंड्रेड' के इस सत्र में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के कोच होंगे और टी20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड की पाकिस्तान के खिलाफ चार मैचों की टी20 श्रृंखला के दौरान भी टीम के साथ होंगे। की ने 'टेलीग्राफ' से कहा, ''मुझे लगता है कि वह एक शानदार मुख्य कोच होंगे।''

लंबे समय तक बल्लेबाजी और हर दिन बेहतर होना चाहता हूं : ऋषभ

चंडीगढ़, एजेंसी

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत करीब 15 महीने बाद शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेलने के लिए तैयार हैं लेकिन दिल्ली कैपिटल्स का यह कप्तान इससे पहले भावनाओं के गुबार से गुजर रहा है। दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद पंत मैदान पर उतरने के लिए तैयार हैं जिसके लिए वह उत्साहित भी हैं लेकिन थोड़ी घबराहट महसूस कर रहे हैं। उन्होंने टीम के सत्र के पहले मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''घबराया हुआ हूं, उत्साहित हूं, नर्वस हूं, ऐसा सब महसूस कर रहा हूं लेकिन साथ ही खुश भी हूं कि पेशेवर क्रिकेट में वापस खेल रहा हूं। मैं कल अपने पहले मैच में खेलने के लिए उत्साहित हूं।'' पंत जानते हैं कि पुरानी लय में आने में उन्हें समय लगेगा लेकिन वह एक बार में एक मैच पर ही ध्यान लगाना चाहते हैं। उन्होंने विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स के सत्र पूर्व शिविर के बारे में बात करते हुए कहा, ''हर बार जब भी मैं मैदान पर उतर रहा हूं तो यह बहुत अलग महसूस हो रहा है। मुझे लगता है कि बतौर बल्लेबाज जितना हो सके, उतने लंबे समय तक बल्लेबाजी करनी चाहिए। यह बेहतर भी है क्योंकि मैं जितना ज्यादा देर तक बल्लेबाजी करूंगा, शॉट लगाने के लिए उतनी ही बेहतर स्थिति में रहूंगा। मैं करीब डेढ़ साल से नहीं खेला हूं लेकिन 'मसल मेमरी' (अभ्यास से हासिल की गयी मांसपेशियों की गतिविधियां) तो बरकरार है।'' पंत ने कहा, ''मैं बचपन से ही खेल रहा हूं इसलिये यह इतनी आसानी से नहीं जाती है। इसलिये जितना मैं ज्यदा अभ्यास करूंगा, बतौर क्रिकेटर खुद को उतना ही बेहतर मौका प्रदान करूंगा।'' वह ज्यादा आगे के बारे में नहीं सोचना चाहते।

बोले पंत

श्रीलंका को समेटने के बाद बांग्लादेशी पारी लड़खड़ाई

सिलहट। खालिद अहमद और नाहिद राणा की घातक गेंदबाजी के दम पर बांग्लादेश ने शुक्रवार पहले टेस्ट मैच के पहले दिन श्रीलंका को पहली पारी में 280 रन पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट गंवा कर लड़खड़ा गई है। बांग्लादेश की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और श्रीलंका ने जाकिर हसन नौ रन, कप्तान नजमुल शान्तो पांच रन और मोमिनुल हक पांच रन के विकेट झटक लिये है। दिन का खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश ने पहली पारी में 32 रन पर तीन विकेट गंवा दिये और वह श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे लड़खड़ा गई है। महमुदुल हसन जॉय नाबाद नौ रन, तैजुल इस्लाम बिना खाता खोले क्रीज पर थे। इससे पहले बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

मनु पाल ने भारत को दिलाया कांस्य पदक

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- 15वीं एशियन लॉन बॉल्स प्रतिस्पर्धा में जीता मेडल
- मनु ने पूरी दुनिया में कन्नौज का नाम किया रोशन

अमृत विचार : इत्रनगरी की बेटी ने भारत को कांस्य पदक दिलाकर पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन किया है। 15वीं एशियन लॉन बॉल्स प्रतिस्पर्धा में मनु पाल से कांस्य जीतकर मान बढ़ाया है। नगर के मोहल्ला भैनपुरा निवासी लान बाल्स खिलाड़ी मनु पाल ने अंडर 25 आयुवर्ग में 15वीं एशियन लान बाल्स चैंपियनशिप थाईलैंड में सहभागिता की। इसका आयोजन तीन से दस मार्च तक थाईलैंड के पटाया में किया गया। इस चैंपियनशिप में 13 एशियाई देश इंडिया, श्रीलंका, मकाउ, फिलीपींस, थाईलैंड, हांगकांग, चीन, सिंगापुर, जापान, कोरिया, ईरान, ब्रूनेई, दारुस्सलाम ने प्रतिभाग किया। मनु को वुमेन फोर्स में कांस्य पदक मिला है। इस सफलता की जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई, तो ख़ुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने पिता रामनारायन पाल व मां हरिप्यारी देवी को बधाई दी। कांस्य पदक जीतने के बाद मनु पाल दूरभाष पर बताया कि आगे भी देश का नाम इसी प्रकार सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा।

बॉलीवुड हलचल

अमित सियाल बोले- रणदीप के साथ मिलकर घिसे हैं बर्तन



मुंबई, एजेंसी। मिर्जापुर और महारानी जैसी वेब सीरीज में अपनी दमदार अदाकारी का लोहा मनवा चुके एक्टर अमित सियाल जल्द ही फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' में नजर आएंगे। फिल्म में उन्होंने विनायक दामोदर सावरकर (रणदीप हुड्डा द्वारा अभिनीत) के छोटे भाई, नारायण दामोदर का किरदार निभाया है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने रणदीप हुड्डा से अपनी दोस्ती के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि रणदीप से उनकी दोस्ती तकरीबन 29 साल पुरानी है। दोस्त कम, हम भाई ज्यादा हैं। सालों पहले हम ऑस्ट्रेलिया में एक साथ थे। एक ही घर में रहते थे। वहां साथ में टैक्सियां चलाते थे। इतना ही नहीं, हमने वहां होटल में एक साथ बर्तन भी घिसे हैं। वेटर की जॉब करते थे। रणदीप की तारीफ करने हुए कहा कि रियल लाइफ में मैं उनसे केवल एक साल बड़ा हूं। लेकिन स्वाभाविक तौर पर वे मुझसे बड़े हैं। रणदीप बहुत ही मैच्योर व्यक्ति हैं। बतौर एक्टर भी उनका अनुभव मुझसे ज्यादा है। स्क्रीन पर हमारा ये पुराना बॉन्ड देखने को मिलेगा। स्क्रीन पर दोनों भाई की केमिस्ट्री दिखाने में ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी।

अब राजनीति में भी चार चांद लगाएंगी उर्वशी रौतेला!

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड की स्टाइल आइकन उर्वशी रौतेला ने लोकसभा चुनाव 2024 की चर्चा के बीच हिंट दिया है कि वह भी चुनाव लड़ सकती हैं। उर्वशी ने कहा है कि उन्हें टिकट मिला है। हालांकि किस सीट से मिला है ये उन्होंने नहीं बताया है और ये भी नहीं बताया कि वह इलेक्शन लड़ रही हैं या नहीं। इस खबर से उर्वशी के फैंस काफी खुश हैं। उर्वशी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वह खुद इस बात के बारे में बताती नजर आ रही हैं। वह कह रही हैं, "टिकट मिली है मुझे लेकिन मुझे तय करना है कि मैं ये करने वाली हूं या नहीं। मैं इसका हिस्सा बनना चाहती हूं या नहीं? आप लोग मुझे कमेंट सेक्शन में राय दें कि क्या मुझे राजनीति में शामिल होना चाहिए या नहीं।" दरअसल उर्वशी से राजनीति में उनकी दिलचस्पी के बारे में पूछा गया था, जिसके जवाब में उन्होंने टिकट मिलने की बात कही है। उर्वशी के राजनीति ज्वाइन करने की बात से हर कोई हैरान है। आपको बता दें कि उर्वशी रौतेला से पहले बॉलीवुड क्वीन कंगना रनौत ने भी हिंट दिया था। कुछ समय पहले कंगना से एक इवेंट में राजनीति ज्वाइन करने को लेकर सवाल किया गया था। जिसके जवाब में उन्होंने कहा था, "मुझे यह घोषणा करने का अधिकार नहीं है कि मुझे चुनाव लड़ना चाहिए या नहीं।" ये कहकर वह हंसने लगीं। उन्होंने आगे कहा, "मुझे कभी भी एक जागरूक व्यक्ति बनने से रोका नहीं जा सका। जितना लोग तथाकथित सीट से भी नहीं कर सकते, मैंने इस देश के लिए उससे भी ज्यादा किया है। मैंने वास्तव में फिल्म सेट से राजनीतिक दलों के साथ लड़ाई की है। मुझे दूर नहीं रखा जा सकता। मैं अपने देश के लिए जो करना चाहती हूं उसे करने के लिए मुझे जगह नहीं मिलती। लेकिन, अगर मैं राजनीति में आना चाहती हूं, तो शायद मुझे लगता है कि यह सही समय है।"

आदित्य से रिश्तों को लेकर रानी मुखर्जी ने किया खुलासा

मुंबई, एजेंसी। रानी मुखर्जी ने हाल ही में खुलासा किया कि आदित्य चोपड़ा के बारे में उन्हें सबसे अच्छी बात क्या लगी थी। उन्होंने कहा कि दो लोगों के बीच में प्यार से ज्यादा सम्मान जरूरी होता है। रानी मुखर्जी ने 'सही कारणों' से शादी करने को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि वे कई ऐसी महिलाओं को जानती हैं, जो अपनी पूरी लाइफ में भयानक रिश्तों को झेलती हैं। रानी मुखर्जी, आदित्य की ईमानदारी और उनकी लीडरशिप क्वालिटी से अट्रैक्ट हुई थीं। रानी बोलीं- मुझे लगता है कि वो वास्तव में एक अच्छे इंसान हैं। सच कहूं तो मेरे लिए ये काफी था। मैं अपने माता-पिता के साथ एक घर में पली-बढी हूं, और मैंने उनके रिश्ते को बहुत महत्व दिया है। मेरी लाइफ में, आसपास अच्छे लोगों का होना बहुत जरूरी है, क्योंकि मुझे लोगों का सम्मान करना पसंद है। आदित्य के बारे में कहूं तो वो एक बहुत ही दयालु इंसान, एक अच्छे इंसान और अपनी टीम के लिए एक महान नेता हैं। रानी ने आगे कहा- आदित्य अपनी नैतिकता और निर्णय के मामले में बहुत निष्पक्ष हैं। एक समय के बाद आप प्यार से बाहर हो सकते हैं, लेकिन एक-दूसरे के लिए सम्मान होना बहुत जरूरी होता है। वो कभी नहीं खोना चाहिए। मेरे लिए ये बहुत जरूरी है। अगर मैं किसी के करीब रहना चाहती हूं तो मुझे उनका सम्मान करना ही होगा। मैंने दुनिया को बहुत करीब से देखा है, मैंने फिल्म इंडस्ट्री में कई वर्षों तक काम किया है। इसलिए, अगर मुझे इस इंडस्ट्री से किसी व्यक्ति का चुनाव करना था, तो वो व्यक्ति आदित्य के अलावा और कोई नहीं हो सकता था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

गाजा में तत्काल युद्धविराम को लेकर यूएन में पेश अमेरिकी प्रस्ताव पर रूस-चीन ने किया वीटो

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी। गाजा में तत्काल युद्धविराम, नागरिकों की सुरक्षा और भुखमरी का सामना कर रहे 20 लाख से अधिक फिलिस्तीनी लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए अमेरिका ने फिर से संयुक्त राष्ट्र मसौदा प्रस्ताव पेश किया। लेकिन मसौदा प्रस्ताव पर रूस और चीन ने पर वीटो कर दिया।

पंद्रह सदस्यीय सुरक्षा परिषद में 11 सदस्यों ने पक्ष में मतदान किया, जबकि तीन ने विरोध में वोट किया और एक सदस्य अनुपस्थित रहा। मतदान से पहले, रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने कहा कि रूस तत्काल संघर्ष विराम का समर्थन करता है, लेकिन उन्होंने प्रस्ताव की भाषा पर सवाल उठाया। उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को गुमराह करने का आरोप लगाया। इससे पहले, अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा था कि उन्हें उम्मीद हैं कि एक नए मसौदा प्रस्ताव को 15 सदस्यीय परिषद द्वारा शुक्रवार को मंजूरी दे दी जाएगी। बता दें, सुरक्षा परिषद में गाजा में बिगड़ती मानवीय स्थिति पर पहले भी दो प्रस्ताव चुके हैं, लेकिन किसी में भी संघर्ष विराम का आह्वान नहीं किया गया था। रूस और चीन ने अक्टूबर के अंत में भी अमेरिकी प्रस्ताव वीटो किया था। गौरतबल है कि, इजराइल-हमास के बीच जंग जारी है। अब तक लगभग 32 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

क्या है दिल्ली शराब घोटाला... जिसमें आप के कई नेता पहुंचे जेल

शराब घोटाले का खुलासा 8 जुलाई 2022 को दिल्ली के तत्कालीन मुख्य सचिव नरेश कुमार की रिपोर्ट से हुआ था। इस रिपोर्ट में उन्होंने मनीष सिसोदिया समेत आम आदमी पार्टी के कई बड़े नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए गए। दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने सीबीआई जांच की सिफारिश की. इसके बाद सीबीआई ने 17 अगस्त 2022 को केस दर्ज किया। इसमें पैसों की हेराफेरी का आरोप भी लगा, इसलिए मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के लिए ईडी ने भी केस दर्ज कर लिया। रिपोर्ट में मनीष सिसोदिया पर गलत तरीके से शराब नीति तैयार करने का आरोप लगाया था।

136 करोड़ रु. की लाइसेंस फीस माफ की गई थी द. भारत के शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने के लिए

2,873 करोड़ का घाटा

शराब घोटाले में अब तक 6 चार्जशीट दाखिल हो चुकी हैं। इस घोटाले में गिरफ्तार होने वाले केजरीवाल 32वें आरोपी हैं। ईडी का दावा है कि शराब नीति से 2,873 करोड़ रु. का घाटा हुआ। आरोप है कि दक्षिण भारत के शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने के लिए 136 करोड़ रु. की लाइसेंस फीस माफ की गई थी। इसके एवज में 100 करोड़ रु. लिए गए। ईडी का दावा है कि इसमें बीआरएस नेता कविता भी शामिल थीं।

आप के 17 नेता जेल जा चुके

संजय सिंह : दिनेश अरोड़ा की गवाही पर अक्टूबर 23 में ईडी ने गिरफ्तार किया। संजय सिंह के जरिए ही अरोड़ा की मुलाकात मनीष सिसौदिया से हुई थी। मनीष सिसोदिया : डिप्टी सीएम थे। 26 फरवरी 23 को सीबीआई ने गिरफ्तार किया। कथित शराब नीति का मसौदा तैयार करने और सबूत मिटाने का आरोप। सत्येंद्र जैन : स्वास्थ्य मंत्री थे। मई 22 में कथित हवाला में गिरफ्तार हुए। शराब नीति में भी पूछताछ। इनके अलावा, अमानतुल्ला खान, सोमनाथ भारती, संदीप कुमार, नरेश यादव, दिनेश मोहनिया, जगदीप सिंह, सुरिंदर, प्रकाश जरवाल समेत 14 और आप नेता जेल जा चुके।

2014 से अब तक ईडी के 95% केस विपक्षी नेताओं के खिलाफ

2014 से सितंबर 22 के बीच 121 बड़े नेता ईडी के राडार पर आए। इनमें 115 विपक्ष के। इनमें 24 कांग्रेस, 19 तृणमूल, 11 एनसीपी, 8 शिवसेना, 6 डीएमके, 6 बीजद, 5 राजद, 5 बसपा, 5 सपा, 5 टीडीपी, 3 आप, 3 आईएनएलडी, 3 वाईएसआरसीपी, 2 सीपीएल, 2 एनसी, 2 पीडीपी, 2 आईएनडी और 1 मनसे आदि का है। यूपीएकाल (2004 से 2014) में ईडी ने सिर्फ 26 नेताओं की जांच की थी। इनमें 14 विपक्षी थे।

मॉस्को में आतंकी हमला, 40 की मौत, सौ से ज्यादा घायल

मॉस्को, एजेंसी

रूस की राजधानी मॉस्को के पास क्रोकस हॉल में भीड़ पर आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पांच बंदूकधारियों ने एक साथ लोगों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें 40 लोगों की मौत हुई है, जबकि सौ से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

हमले के बाद स्वाट टीम ने मोर्चा संभाल लिया है। पुलिस की टीमें लोगों को निकालने और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में जुटी हुई हैं। घटनास्थल पर सर्च ऑपरेशन किया जा रहा है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया है कि आतंकियों ने सैकड़ों लोगों को बंधक भी बना लिया है। हालांकि, अभी तक बंधकों की स्थिति सफा नहीं हुई है। इस कारण सुरक्षा बल अंदर प्रवेश नहीं कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सुरक्षा बलों की वर्दी में पांच बंदूकधारी क्रोकस हॉल में घुस गए और अंदर मौजूद लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जिससे कई मौतें हुई हैं और कई लोग घायल हुए हैं। बता दें, हमले के बाद इमारत में विस्फोट हो गया और भीषण आग लग गई। बता दें, घटना का वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें इमारत के ऊपर काले धुएं का बड़ा गुबार उठता दिख रहा है।

एक नजर

अग्निकुल का ऑर्बिटल रॉकेट 'अग्निबाण' की लॉन्चिंग स्थगित

चेन्नई। स्टार्टअप कंपनी अग्निकुल कॉसमॉस ने तकनीकी समस्या के कारण पहले राकेट की लॉन्चिंग को स्थगित कर दिया है। कंपनी ने गुरुवार को स्थगित किए जाने की जानकारी दी। मिशन अग्निबाण एसओआरटीईडी' (सब आर्बिटल टेक्नोलाजी डिमान्स्ट्रेटर) को 22 मार्च को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में इसरो परिसर में स्थित अग्निकुल के प्राइवेट लांच पैड से लांच करने की योजना थी। प्रेस सूचना ब्यूरो की ओर से बताया गया है कि लांच की नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी। इस राकेट में दुनिया का पहला 3डी-प्रिंटेड सेमी-क्रायोजेनिक राकेट इंजन है। हैदराबाद की स्काईरूट एयरोस्पेस 2022 में अपने पहले राकेट विक्रम-एस की लॉन्चिंग की थी।

150 मिसाइल व ड्रोन से रूस का यूक्रेन पर सबसे बड़ा हवाई हमला

कीव। रूस ने शुक्रवार को यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया है। उसने यूक्रेन के जपोरीजिया स्थित विशाल बांध को निशाना बनाने के लिए 150 मिसाइल और ड्रोन का इस्तेमाल किया। हालांकि, बांध टूटा नहीं है, लेकिन इसके चलते यूक्रेन के लाखों लोग बिजली के बिना अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए। इस हमले में कम से कम पांच लोगों की जान गई है। रूस ने जपोरीजिया के सबसे बड़े बांध डिनिप्रो एचईएस को निशाना बनाया है। पश्चिमी देशों से और वायु सुरक्षा प्रणाली की सुविधा की मांग करने वाले यूक्रेन ने कहा कि रूसी हमले से सात रीजन में ब्लैकआउट जैसी स्थिति हो गई। बता दें पुतिन के पांचवीं बार राष्ट्रपति बनने के बाद यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए है। इससे एक दिन पहले रूस ने कीव पर 31 मिसाईलों से हमला किया था।

मोदी को भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान, गर्मजोशी से हुआ स्वागत

दस हजार करोड़ से भूटान की मदद करेगा भारत, रेल संपर्क बढ़ाने पर सहमति

थिंपू (भूटान), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त करने वाले पहले विदेशी राष्ट्राध्यक्ष बन गए हैं। भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया।

प्रधानमंत्री मोदी दो दिन के भूटान दौरे पर हैं। शुक्रवार को वो राजधानी थिंपू के ताशिचो द्जोंग पैलेस पहुंचे। यहां उनका औपचारिक रूप से स्वागत किया गया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पीएम मोदी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए प्रधानमंत्री टोबगे को धन्यवाद दिया। बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि, पर्यावरण और वानिकी तथा पर्यटन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने पर सहमति बनाई।

द्विपक्षीय वार्ता में मोदी ने घोषणा की कि भारत अगले पांच वर्षों में भूटान को दस हजार करोड़ रुपये की सहायता प्रदान करेगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और भूटान के बीच दीर्घकालिक और अनूठे संबंध हैं। टोबगे ने मोदी से कहा, स्वागत है मेरे बड़े भाई। भूटान के राजा द्वारा 'सर्वोच्च नागरिक सम्मान' से सम्मानित करने के बाद पीएम मोदी ने कहा, आज एक भारतीय के नाते मेरे जीवन का बहुत बड़ा दिन है, आपने मुझे भूटान के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया है। हर पुरस्कार अपने आप में विशेष होता ही है लेकिन जब किसी अन्य देश से पुरस्कार मिलता है तो यह महसूस होता है कि हम दोनों देश सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

मदद को बढ़ाए हाथ

भूटान के प्रधानमंत्री ने कहा, पीएम मोदी को वे अपना बड़ा भाई कहते हैं। उन्होंने हमारी 13वीं पंचवर्षीय योजना के लिए अपना समर्थन और भारत सरकार की तरफ से सहायता की पेशकश की है। उन्होंने कहा भारत के लोगों के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहते हैं।

भारतीय मूल के लोगों से मिले प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री ने थिंफू में भारतीय मूल के लोगों से भी मुलाकात की। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद भारतीय मूल के लोगों ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री से मिलकर बेहद खुशी हुई। पीएम मोदी से मिलने का मौका देने के लिए हम भारतीय दूतावास के शुक्रगुजार हैं।

पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोप में महिला को उम्रकैद

लाहौर। इस्लाम की पवित्र किताब के पन्ने जलाने के मामले में एक पाकिस्तानी महिला को आजीवन कारावास की सजा हुई है। पाकिस्तान के ईशनिंदा कानूनों के तहत, धर्म या धार्मिक शख्सियतों का अपमान करने का दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को मौत तक की सजा दी जा सकती है। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक ईशनिंदा के लिए मौत की सजा नहीं दी है, केवल आरोप से दंगे भड़क सकते हैं।

सरकारी अभियोजक मोहजिब अवैस ने कहा कि महिला आसिया बीबी को 2021 में ईशनिंदा के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। दरअसल, निवासियों ने दावा किया था कि आरोपित महिला ने कुरान के पन्ने जलाकर उसका अपमान किया। अवैस ने कहा कि न्यायाधीश ने बुधवार को पूर्वी शहर लाहौर में फैसले की घोषणा की। हालांकि, बीबी ने अपने मुकदमे के दौरान आरोप से इनकार किया था। इसी नाम की एक ईसाई महिला को पाकिस्तान में मौत की सजा पर आठ साल बिताने के बाद 2019 में ईशनिंदा से बरी कर दिया गया था। रिहाई के बाद इस्लामी चरमपंथियों से मिल रही धमकियों से बचने के लिए वह कनाडा चली गईं।

श्री रामलला रथ यात्रा के लिए तैयार की गई कार पर बनाया अयोध्या राममंदिर का दृश्य।

अमेरिका: 48 राज्यों में निकाली जाएगी श्री रामलला रथयात्रा

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के शिकागो से सोमवार को श्री रामलला रथयात्रा शुरू हो रही है। यह यात्रा अगले 60 दिनों में आठ हजार से भी अधिक मील की दूरी तय करते हुए 48 राज्यों के 851 मंदिरों के चक्कर लगाएगी।

रथयात्रा का आयोजन करने वाले विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका के महासचिव अमिताभ मित्तल ने बताया कि टोयोटा सिएना वैन के ऊपर बने रथ में भगवान राम, देवी सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियां होंगी। उनके साथ अयोध्या के राममंदिर से विशेष प्रसाद और प्राण प्रतिष्ठा पूजित अक्षत का कलश ले जाया जाएगा। रथयात्रा 25 मार्च को अमेरिका के शिकागो से शुरू होगी और करीबन आठ हजार मील की दूरी तय करेगी। यात्रा के दौरान अमेरिका के 851 मंदिरों और कनाडा के 150 मंदिरों का दौरा किया जाएगा।

कनाडा में होने वाली रथ यात्रा का आयोजन विश्व हिंदू परिषद ऑफ कनाडा ने किया है। हिंदू मंदिर सशक्तिकरण परिषद (एचएमईसी) की तेजल शाह ने कहा, "इस रथ यात्रा का उद्देश्य लोगों को हिंदू धर्म के बारे में जागरूक करना, शिक्षित करना और सशक्त बनाना है। यह यात्रा सभी हिंदुओं को एकजुट होने का मौका दे रही है। उन्होंने आगे कहा, आने वाली पीढ़ी के लिए जागरुकता बढ़ाने और दुनिया भर में हिंदू धर्म का एकजुट होना बहुत जरूरी है।

नई सरकार बनने के बाद होगी एफटीए पर बातचीत

नई दिल्ली। नई सरकार के गठन के बाद ही भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि व्यापार समझौते के कानूनी पहलुओं का आकलन किया जा रहा है और भले ही लगभग सभी मुद्दों को सुलझा लिया जाए, लेकिन नई सरकार बनने तक समझौते का एलान नहीं किया जाएगा।

भारत और ब्रिटेन के बीच लंबित मुद्दों पर आखिरी दौर की बातचीत इसी महीने खत्म हुई है, लेकिन दोनों पक्षों के बीच कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर वर्चुअल बातचीत चल रही है। विवादास्पद मुद्दों को सुलझाने के लिए पिछले दो महीनों में तेजी से बातचीत की गई है।

बर्फ से ढकीं सड़कें...

दार्जिलिंग : पश्चिम बंगाल के सबसे ऊंचे हिमालयी स्थल दार्जिलिंग के संदकफू क्षेत्र में शुक्रवार को भारी बर्फबारी हुई। जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़के बर्फ से ढक गई हैं। पहाड़ी क्षेत्र में बर्फबारी से स्थानीय लोगों में काफी उत्साह और नई ऊर्जा मिली है। संदाकफू और टाइगर हिल में कभी-कभी बर्फबारी होती है। जिले में दो दिन से लगातार बर्फ गिर रही है। बता दें, कई वर्षों बाद यहां बर्फबारी हुई है।

दिल्ली के संगम विहार में युवक की हत्या के आरोप में नौ किशोर गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। दक्षिण दिल्ली के संगम विहार इलाके में 20 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने नौ किशोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, इनमें से कुछ किशोर हत्या समेत कई मामलों में पहले से संलिप्त हैं। पुलिस ने कहा- घटना की सूचना 21 मार्च को मिली थी, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची तो शादाब घायल स्थिति में सड़क किनारे पड़ा मिला। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शादाब के शरीर पर चाकू से वार के कई घाव थे। पुलिस अधिकारी ने कहा, शुक्रवार को आरोपियों को पकड़ लिया गया और उनके पास से चार चाकू और एक देशी पिस्तौल बरामद की गई। इनमें से कुछ की पहले भी जघन्य मामलों में संलिप्तता रही है। किशोरों ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले शराब पीने के दौरान मृतक से विवाद हो गया था, उसे सबक सिखाने की साजिश रची और उस पर चाकू एवं डंडों से हमला किया।

श्रीलंका ने चीन के तीन प्रोजेक्ट भारत को सौंपे

कोलंबो, एजेंसी

- भारत को मिली कूटनीतिक कामयाबी, प्रोजेक्ट छिनने से तिलमिलाया चीन

श्रीलंका में भारत को कूटनीतिक कामयाबी मिली है। श्रीलंका ने नैनातिवु, डेल्फ्ट (नेदुनथीवु) और अनालाईतिवु द्वीपों पर हाइब्रिड रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट के निर्माण का जिम्मा चीन को हटाकर भारत को सौंपा दिया है।

इन सुविधाओं की क्षमता 2,230 किलोवाट है। इसके लिए भारत सरकार कर्ज के बजाय श्रीलंका को करीब 90 करोड़ रुपये की सब्सिडी देगी। इस कदम से चीन चिढ़ गया है। श्रीलंका के अधिकारी ने मीडिया को बातया है कि, इसी कारण वह श्रीलंका के लोगों को दी जा रही मदद रोकने में लगा है। श्रीलंका पर दबाव बनाने के लिए चाइना फाउंडेशन फॉर रूरल डेवलपमेंट (सीएफआरडी) के स्माइलिंग चिल्ड्रेन फूड पैकेज प्रोजेक्ट में मदद कम कर दी गई है। इस कार्यक्रम के तहत रोज 142 स्कूलों में दस हजार छात्रों को सूखा राशन पहुंच रहा था। अधिकारियों का कहना है कि, इसे जल्द बंद किया जा सकता है। इसके अलावा फैक्सियन चैरिटी प्रोजेक्ट के तहत करीब एक करोड़ रुपये के सूखे राशन के पांच हजार पैकेट भी बंद कर दिए हैं। ये पैकेट धार्मिक स्थलों के माध्यम से जाफना, वावुनिया, मुल्लातिवु, किलिनोच्ची और मन्नार जिलों में जरूरतमंद परिवारों को सीधे पहुंचाए जा रहे थे।

प्रोजेक्टों से भड़का चीन

भंडारनायके सेंटर फॉर इंटरनेशनल स्टडीज के उप निदेशक और श्रीलंका वायु सेना अकादमी के विजिटिंग लेक्चरर जॉर्ज आईएच कुक ने मीडिया को बताया कि घटनाक्रम चीन के साथ श्रीलंका के संबंधों में तनाव बढ़ाएगा। वहीं कोलंबो विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर उमेश मोरामुदाली ने कहा, चीन पहले ही जासूसी जहाजों पर प्रतिबंध लगाने के श्रीलंका के फैसले से खफा है। रक्षा विशेषज्ञ इंडिका परेरा ने कहा कि अब चीन श्रीलंका में भारतीय परियोजनाओं का विरोध करने वाले समूहों को भड़का सकता है। उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनियों को ठेका देने में पारदर्शिता की कमी से ये दिक्कत और बढ़ सकती है।

'पुष्पक' का परीक्षण, विमान ने की सफल लैंडिंग: इसरो

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को आरएलवी एलईएक्स-02 लैंडिंग प्रयोग के माध्यम से पुनः प्रयोज्य प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

दरअसल इसरो की रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक (लॉन्च व्हीकल को दोबारा इस्तेमाल करने की तकनीक) का परीक्षण सफल रहा है। कर्नाटक के चित्रदुर्ग स्थित एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में शुक्रवार को इसरो का रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल 'पुष्पक' सफलतापूर्वक ऑटोमैटिक तरीके से रनवे पर लैंड हुआ। 'पुष्पक' विमान के सफल लैंडिंग पर इसरो ने बयान जारी कर बताया कि इससे पहले भी दो बार रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग हो चुकी है। बीते साल इसरो ने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के परीक्षण के दौरान आरएलवी को वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से करीब साढ़े चार किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। परीक्षण के दौरान आरएलवी ने सफलतापूर्वक रनवे पर लैंड किया। आरएलवी ने ब्रेक पैराशूट, लैंडिंग गियर ब्रेक और नोज व्हील स्टीयरिंग सिस्टम की मदद से सफल लैंडिंग की। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग से इसरो द्वारा विकसित की गई तकनीक जैसे नेवीगेशन, कंट्रोल सिस्टम, लैंडिंग गियर और डिक्लेयरेशन सिस्टम की सफलता पर भी मुहर लग गई है।

विज्ञान बृहस्पति के तूफानी मौसम पैटर्न के बारे में हबल स्पेस टेलीस्कोप से मिली नई जानकारी

बृहस्पति ग्रह पर पृथ्वी से भी बड़े उठते हैं तूफान

नैनीताल, कार्यालय

अमृत विचार : बृहस्पति में पृथ्वी से भी बड़े तूफान उठते हैं। अंतरिक्ष दूरबीन हबल ने बृहस्पति के तूफानों की नई तस्वीरों का खुलासा किया है। जिनमें चक्रवात और एंटीसाइक्लोन शामिल हैं। बृहस्पति के तूफानी मौसम पैटर्न के बारे में नई जानकारी मिली है।

वैज्ञानिकों के अनुसार एंटीसाइक्लोन लगभग हर दो साल में ग्रेट रेड स्पॉट के आगे से गुजरता है। बृहस्पति हमारे सौरमण्डल का सबसे बड़ा ग्रह है। यह गैस का ग्रह है। पृथ्वी जैसी इसकी कोई सतह नही है। हबल स्पेस टेलीस्कोप से मिली तस्वीरें बताती हैं कि बृहस्पति गैस के साथ तेजी से घूम रहा है और बृहस्पति के तूफानी मौसम पैटर्न के बारे में सटीक पता चलता है। बृहस्पति का मौसम तीव्र यानी तेजी से आगे बढ़ता है। यहां भयानक चक्रवात उठते हैं, जबकि छोटे छोटे तूफान अक्सर उठते रहते हैं। बृहस्पति का वातावरण हजारों किलोमीटर गहरा और घना होने के कारण तूफान के रूप में मौसम बनता है। बृहस्पति के मशहूर ग्रेट रेड स्पॉट है। यह सबसे बड़ा तूफान है, जो संभवतः लाखों वर्षों से सक्रिय है। इसके साथ ही एक छोटा तूफान भी है। जिसे रेड स्पॉट जूनियर कहते हैं, जो एक छोटा एंटीसाइक्लोन है जो लगभग हर दो साल में ग्रेट रेड स्पॉट से आगे निकल जाता है। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार बृहस्पति की दुनिया अत्यधिक गतिशील है। इसका गहरा वातावरण लगातार चक्रवातों, विंड शीयर और अन्य हिंसक तूफानों से जूझ रहा है। नासा ने हबल स्पेस टेलीस्कोप द्वारा ली गई बृहस्पति ग्रह की नई तस्वीरें जारी कीं।



बृहस्पति के बदलते मौसम की तस्वीरें।

दूरबीन करती है ग्रहों के मौसम की निगरानी

नासा की अंतरिक्ष दूरबीन हबल हर साल सौरमण्डल के सभी बड़े ग्रहों पर नजर रखता है और हर साल सभी ग्रहों के मौसम की जानकारी जुटाता है। इन ग्रहों में बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेपच्यून शामिल हैं। इन ग्रहों में आने वाले तूफानों में कुछ वर्षों के अंतराल में मामूली परिवर्तन आते रहता है। गैसीय ग्रहों की तुलना में ठोस चट्टानी ग्रहों के मौसम में कहीं अधिक अंतर है।

अमेरिका आने वाले भारतीय छात्र बरतें सतर्कता: इंदिरा नूई

वाशिंगटन, एजेंसी

- पेप्सिको की पूर्व सीईओ ने भारतीयों से की अपील, ड्रग्स व अन्य नशे से दूर रहें युवा

पेप्सिको की पूर्व सीईओ इंदिरा नूई ने अमेरिका में रह रहे या अमेरिका जाने की तैयारी कर रहे भारतीय छात्रों को सलाह दी है। उन्होंने कहा कि, अमेरिका में बहुत ध्यान से रहें और स्थानीय कानूनों का पालन करें। साथ ही नूई ने अपील की कि भारतीय युवा अमेरिका आकर ड्रग्स या किसी भी नशे से दूर रहें।

बता दें, हाल के समय में अमेरिका में भारतीय छात्रों के साथ अनहोनी की कई घटनाएं हुई हैं। यही वजह है कि इंदिरा नूई ने भारतीय छात्रों को अलर्ट रहने की सलाह दी है। इंदिरा नूई को वैश्विक स्तर पर कॉरपोरेट जगत की ताकतवर और प्रभावशाली शख्सियत के तौर पर जाना जाता है। नूई ने एक 10 मिनट के वीडियो संदेश जारी किया है, नूई ने कहा कि 'इस वीडियो को रिकॉर्ड करने का मकसद ये है कि मैं आप सभी युवाओं से, जो अमेरिका आना चाहते हैं या पहले से ही यहां रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, उनसे बात करना चाहती थी। आजकल भारतीय छात्रों के साथ अनहोनी होने की कई घटनाएं सामने आई हैं। लेकिन ये आपके हाथ में है कि आप खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। नूई ने कहा कि 'कानून का पालन करें और रात में अकेले सुनसान जगहों पर न जाएं। ड्रग्स या किसी भी तरह के नशे के सेवन से बचें क्योंकि यही सब चीजें आपदा लेकर आती हैं।' पेप्सिको की पूर्व सीईओ ने भारतीय छात्रों को सलाह दी कि वह अमेरिका में अपनी यूनिवर्सिटी और कोर्स को बहुत सावधानी से चुनें।